दैनिक
# लोकमित्र
सच्चाई की जंग

वर्ष : 30 | अंक :103
प्रतापगढ़ | बुधवार , 14 फरवरी-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़,लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित
R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन
प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# दिल्ली कूच कर रहे किसानों पर आंसू गैस के गोले

## प्रदर्शनकारी किसानों ने पुलिस पर किया पथराव, शम्भू बॉर्डर पर स्थिति तनावपूर्ण

### हरियाण-पंजाब बार्डर पूरी तरह सील, दिल्ली कूच पर अड़े किसान, पुलिस ने लिया ड्रोन का सहारा




**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा ने फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी के लिए कानून बनाने सहित अपनी मांगों को स्वीकार करने के लिए केंद्र पर दबाव बनाने के लिए दिल्ली की ओर मार्च करना शुरू किया।

200 से अधिक किसान यूनियनों के दिल्ली की ओर जाने की उम्मीद थी, जबकि पुलिस ने %चलो दिल्ली% मार्च को रोकने के लिए सभी सीमाओं को सील कर दिया, कंक्रीट के अवरोधक, बैरिकेड और कंटीले तार लगा दिए। पंजाब-हरियाणा शंभू सीमा पर प्रदर्शनकारी किसानों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी।

एसपी झज्जर अर्पित जैन ने बताया कि यहां 11 कंपनियां तैनात हैं। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि यहां कानून-व्यवस्था की कोई स्थिति न हो और नागरिकों को आने-जाने में कोई परेशानी न हो। फिलहाल, टिकरी बॉर्डर (दिल्ली के साथ) की ओर कोई मार्च नहीं है, लेकिन स्थिति गतिशील है और हम विभिन्न स्रोतों का उपयोग करके इसकी निगरानी कर रहे हैं। दिल्ली-नोएडा-दिल्ली (डीएनडी) रोड पर नोएडा से दिल्ली की ओर भारी वाहनों का आवागमन है, क्योंकि प्रदर्शनकारी किसानों को राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश करने से रोकने के लिए दिल्ली की सीमाओं पर कड़ी सुरक्षा और बैरिकेडिंग की गई है।इस बीच, दिल्ली सरकार ने किसानों के दिल्ली के अंदर आने की स्थिति में बवाना स्टेडियम को अस्थायी जेल में बदलने के केंद्र के अनुरोध को खारिज कर दिया।

आप मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि किसानों की मांगें वास्तविक हैं और प्रत्येक नागरिक शांतिपूर्ण विरोध करने का हकदार है। मार्च शुरू होने के दो घंटे बाद जब प्रदर्शनकारी शंभू सीमा पर पहुंचे तो हरियाणा पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले दागने शुरू कर दिए।

पंजाब और हरियाणा की सीमा शंभू सीमा पर प्रतिरोध का सामना करते हुए, किसान मजदूर मोर्चा के समन्वयक सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि अब विरोध को आगे बढ़ाने की बारी हरियाणा के किसानों की है। पंधेर ने एक वीडियो संदेश में कहा कि प्रदर्शनकारी अधिकारियों के साथ कोई टकराव नहीं चाहते हैं।

### जब विपक्ष कमजोर होता है तो देश में तानाशाहों का जन्म होता है-राकेश टिकैत

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** किसानों के प्रदर्शन के बीच किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि जब देश का विपक्ष कमजोर होता है तो देश में तानाशाहों का जन्म होता है। सब राजनीतिक पार्टीयां एक हैं। सत्ता वाले भी और विपक्ष वाले भी। उन्होंने कहा कि ये अपनी सरकार बचाएं... जब देश का राजा ही ये कह रहा है कि हम 400 सीट जीतेंगे तो फिर देश में चुनाव की जरूरत कहां रह गई?... आप इसी चुनाव का नवीकरण कर लीजिए। आप क्यों देश को पागल बना रहे हैं?राकेश टिकैत ने कहा कि देश में बड़ी पूंजीवाद कंपनिया हैं... उन्होंने एक राजनीतिक पार्टी बना ली है और इस देश पर कब्जा कर लिया है। ऐसे में दिक्कते आएंगी ही... अगर उनके(किसान) साथ कोई अन्याय हुआ।



उन्होंने कहा कि सरकार ने उनके लिए कोई दिक्कत पैदा की तो ना वो किसान हमसे ज्यादा दूर हैं और ना दिल्ली हमसे ज्यादा दूर है।

## किसान आंदोलन में डीवाई चंद्रचूड़ की एंट्री

### सीजेआई बोले- जाम में फंसे तो मुझे बताएं



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** एमएसपी कानून समेत करीब 12 सूत्रीय मांगों को लिए किसान संगठन दिल्ली की ओर कूच कर चुके हैं। दिल्ली चलो नारे के साथ हजारों किसान ने संसद घेराव का ऐलान किया है। कई जगह भीषण जाम लग चुका है। सुप्रीम कोर्ट में भी इस मुद्दो को उठाया गया। बॉर एसोसिएशन की तरफ से सुप्रीम कोर्ट को चिट्ठी लिखी गई थी। जिसका संज्ञान चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया ने लिया है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि जाम में फंसे हो तो मुझे बताएं। कई वकीलों के केस कोर्ट में लगे हुए हैं। जाम के चलते कई वकील सुप्रीम कोर्ट नहीं पहुंच पाएं। किसान आंदोलन के मद्देनजर परेशानी का जिक्र सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से किया गया। दिल्ली कूच के मार्च के बाद कई किलोमीटर तक रेंगता हुआ ट्रैफिक देखने को मिल रहा है। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ आदिश सी अग्रवाल ने मंगलवार को दिल्ली की ओर मार्च कर रहे प्रदर्शनकारी किसानों के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करने के लिए भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखा है। अग्रवाल ने कहा कि नाकेबंदी के कारण यह संभावना है कि सुप्रीम कोर्ट, दिल्ली उच्च न्यायालय, विभिन्न आयोगों, न्यायाधिकरणों और जिला अदालतों के वकीलों को अदालती कार्यवाही में भाग लेने में बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने सीजेआई से आग्रह किया कि जब तक दिल्ली की सीमाओं पर जनता की मुक्त आवाजाही के लिए बाधाएं दूर नहीं हो जातीं, तब तक ÷किसी भी मामले में गैर-उपस्थिति के कारण प्रतिकूल आदेश÷ पारित न करें। दिल्ली और हरियाणा पुलिस ने धारा 144 लागू कर दी है और किसानों के प्रदर्शन को रोकने के लिए सीमाओं को कंक्रीट ब्लॉकों, कंटीले तारों आदि से मजबूत कर दिया है। प्रदर्शनकारी किसानों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने हरियाणा-पंजाब शंभू सीमा पर आंसू गैस ड्रोन का इस्तेमाल किया।

# किसानों पर गोलों की बौछार, ये कैसा अमृतकाल

## अखिलेश-ममता का भाजपा सरकार पर बड़ा वार



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कर्ि सान आंदोलन को लेकर भाजपा सरकार पर नर्ि शाना साधा है। उन्होंने कहा कि किसानों के मार्च को रोकने के लिए आंसूगैस का इस्तेमाल, और (सीमाओं पर) कीलें और बैरिकेड्स लगाना, सब कुछ किया जा रहा है। (केंद्र) सरकार किसानों की आवाज दबाना चाहती है। ये (केंद्र) के वही लोग हैं जिन्होंने किसानों की आय दोगुनी करने, फसल दर और एमएसपी लागू करने का वादा किया था। इससे अलावा उन्होंने अपने एक्स पोस्ट में कहा कि भाजपा राज में ये है भला कैसा अमृतकाल। किसानों पर आँसू गैस के गोलों की बौछार। धिक्कार! धिक्कार!! धिक्कार!!!पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हरियाणा में प्रदर्शनकारी किसानों पर आंसू गैस के गोले दागने की निंदा करते हुए इसे कृषकों पर 'भाजपा का बर्बर हमला' करार दिया। बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, ÷ जब अपने मौलिक अधिकारों के लिए लड़ने पर किसानों पर आंसू गैस के गोलों से हमला किया जाएगा तो हमारा देश कैसे तरक्की कर सकता है? मैं भाजपा द्वारा हमारे किसानों पर बर्बर हमले की कड़ी निंदा करती हूं।÷ उन्होंने कहा, ÷उनके विरोध को दबाने के बजाय, भाजपा को अपने बढ़े हुए अहंकार, सत्ता की भूख की महत्वाकांक्षाओं और निष्े प्रभावी शासन को कम करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जिसने हमारे देश को नुकसान पहुंचाया है।

### मोदी हाउस पर खालिस्तानी झंडा लगाओ...

#### आतंकी पन्नू ने जारी किया वीडियो, कहा- किसानों को आज तक कुछ नहीं मिला



किसानों के दिल्ली कूच के ऐलान की आड़ में मोस्ट वांटेड टेररिस्ट गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक वार फिर भड़काऊ विडियो जारी किया है। विडियो का संज्ञान लेते हुए दिल्ली, हरियाणा, पंजाव पुलिस के साथ ही सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हैं। अंदेशा है कि किसान आंदोलन की आड़ लेकर देश विरोधी तत्व माहौल खराव करने की कोशिश करेंगे। पुलिस को शरारती तत्वों के साथ खासकर सीएए-एनआरसी प्रोटेस्ट के दौरान सक्रिय रहे संदिग्धों पर शिकंजा कसने को कहा गया है। प्रतिबंधित आतंकी संगठन एसएफजे चीफ गुरपतवंत सिंह पन्नू ने विडियो में 13 फरवरी को देश विरोध तत्वों को दिल्ली फतह करने के साथ ही आपत्तिजनक बातें कहीं हैं। वहीं, खुफिया रिपोर्ट के मुताविक 10 से 15 हजार किसान अपने 1000 ट्रैक्टर के साथ दिल्ली की तरफ कूच करने की बात कही गई।

लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति को देखते हुए पुलिस के आला अफसरों ने हर थाना एरिया में पांच से छह टायर किलर तैयार रखने को कहा है। पन्नू ने वीडियो जारी कर आंदोलन कर रहे किसानों को उकसाया। पन्नू ने कहा कि किसान दिल्ली चलो नहीं बल्कि दिल्ली को फतेह करो। मोदी हाउस पर खालिस्तानी झंडा लगाओ।

## प्रदर्शन के बीच राहुल गांधी ने किसानों को दी कांग्रेस की पहली गारंटी

### एमएसपी को लेकर किया बड़ा ऐलान




**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के साथ मिलकर मंगलवार को एक उल्लेखनीय घोषणा की। उन्होंने घोषणा की कि अगर आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन सत्ता में आता है तो इंडिया ब्लॉक विभिन्न फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी सुनिश्चित करने वाला एक कानून लाएगा। गौरतलब है कि देशभर के किसानों की यह लंबे समय से लंबित मांग है। राहुल ने अपने एक्स पोस्ट में कहा कि किसान भाइयों आज ऐतिहासिक दिन है! कांग्रेस ने हर किसान को फसल पर स्वामीनाथन कमीशन के अनुसार स्स्ककी कानूनी गारंटी देने का फैसला लिया है।

कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि यह कदम 15 करोड़ किसान परिवारों की समृद्धि सुनिश्चित कर उनका जीवन बदल देगा। न्याय के पथ पर यह कांग्रेस की पहली गारंटी है।राहुल ने कहा कि आज किसान दिल्ली की ओर कूच कर रहे हैं. उन्हें रोका जा रहा है, उन पर आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं...वे क्या कह रहे हैं? वे सिर्फ अपने परिश्रम का फल मांग रहे हैं। बीजेपी सरकार ने एमएस स्वामीनाथन के लिए भारत रत्न की घोषणा की...लेकिन वे एमएस स्वामीनाथन की कही बात को लागू करने के लिए तैयार नहीं हैं। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया कि किसानों को वास्तव में एमएसपी का कानूनी अधिकार दिया जाना चाहिए।

लेकिन भाजपा सरकार ऐसा नहीं कर रही है...जब भारत सरकार सत्ता में आएगी, तो हम भारत के किसानों को एमएसपी की गारंटी देने वाला (कानून) देंगे। स्वामीनाथन रिपोर्ट में जो कहा गया है, उसे हम पूरा करेंगे।

# प्रधानमंत्री ने शुरू की पीएम सूर्यघर: मुफ्त बिजली योजना

## एक करोड़ घरों को मिलेगी 300 यूनिट मुफ्त बिजली



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को घोषणा की कि उनकी सरकार 'पीएम सूर्य घर÷ मुफ्त बिजली योजना' शुरू कर रही है। इसका लक्ष्य प्रतिमाह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करके एक करोड़ घरों को रोशन करना है। मोदी ने कहा कि इस परियोजना में 75 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा।प्रधानमंत्री ने मंगलवार को एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, ÷सतत विकास और लोगों की भलाई के लिए, हम पीएम सूर्य घर÷ मुफ्त बिजली योजना शुरू कर रहे हैं। 75,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश वाली इस परियोजना का लक्ष्य हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करके 1 करोड़ घरों को रोशन करना है।उन्होंने कहा कि इस योजना को जमीनी स्तर पर लोकप्रिय बनाने के लिए शहरी स्थानीय निकायों और पंचायतों को अपने अधिकार क्षेत्र में छत पर सौर प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही इस योजना से लोगों को अधिक आय, कम बिजली बिल और रोजगार सृजन होगा।प्रधानमंत्री ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि आइए सौर ऊर्जा और सतत प्रगति को बढ़ावा दें। मैं सभी आवासीय उपभोक्ताओं, विशेष रूप से युवाओं से आग्रह करता हूं कि वे द्धह्लह्लश्चह्य÷//श्चद्वह्यह्वह्म्4ड्डद्धड्डह्म्.द्दश1.द्बठ्ठ पर आवेदन करके पीएम - सूर्य घर÷ मुफ्त बिजली योजना को मजबूत करें।उल्लेखनीय है कि पिछले माह 22 जनवरी को अयोध्या से लौटने के बाद प्रधानमंत्री ने कहा था कि सरकार 1 करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर लगाने के लक्ष्य के साथ 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' प्रारंभ करेगी। इससे गरीब और मध्यम वर्ग का बिजली बिल तो कम होगा ही, साथ ही भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बनेगा।

## रामपुर कोर्ट ने पूर्व सांसद और अभिनेत्री जया प्रदा को गिरफ्तार करने का आदेश दिया



**रामपुर,एजेंसियॉ।** रामपुर कोर्ट ने पूर्व सांसद और अभिनेत्री जया प्रदा को गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। रामपुर की एमपी/एमएलए अदालत ने पुलिस अधीक्षक को अभिनेता से नेता बनीं जया प्रदा को गिरफ्तार कर 27 फरवरी को अदालत में पेश करने का आदेश दिया है। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि पूर्व सांसद के खिलाफ सातवीं बार गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद भी वह सोमवार को सुनवाई के लिए कोर्ट नहीं पहुंचीं। पूर्व सांसद जया प्रदा आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े दो मामलों में %फरार% हैं।अभिनेत्री और राजनेता जया प्रदा आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े दो मामलों में फरार हैं। यह पहली बार नहीं है जब जया प्रदा किसी विवाद में फंसी हैं। अभिनेत्री को पिछले साल चेन्नई की एक अदालत ने पुराने मामले में दोषी पाया था। उसे छह महीने जेल की सजा सुनाई गई और 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया।जया प्रदा नाहटा एक भारतीय अभिनेत्री और राजनीतिज्ञ हैं, जिन्हें 70 के दशक के अंत, 80 के दशक और 90 के दशक की शुरुआत में हिंदी और तमिल फिल्मों के अलावा तेलुगु सिनेमा में उनके काम के लिए जाना जाता है।

## बीजेपी में शामिल हुए अशोक चव्हाण

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण कांग्रेस पार्टी छोड़ने के एक दिन बाद मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए। आधिकारिक कार्यक्रम मुंबई भाजपा कार्यालय में हुआ। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पार्टी में उनका स्वागत किया। फडणवीस ने कहा कि जब उन्होंने पहले चव्हाण से बात की थी तो पूर्व कांग्रेस नेता ने उनसे कहा था कि वह कोई बड़ा पद नहीं चाहते क्योंकि वह कई बड़े पदों पर रह चुके हैं, वह लोगों के लिए नरेंद्र मोदी के विकास के काम में शामिल होना चाहते हैं।अशोक चव्हाण ने कहा कि मैं नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के विकास कार्यों में योगदान देने की इच्छा से भाजपा में शामिल हुआ हूं। यह बिना कोई पद मांगे बिना शर्त उठाया गया कदम है।

## सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े नए कानून पर रोक लगाने से किया इनकार




**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआईएल) में मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए एक तटस्थ और स्वतंत्र चयन समिति का गठन करते हुए चयन की एक स्वतंत्र और पारदर्शी प्रणाली लागू करने के लिए भारत संघ को निर्देश देने की मांग की गई। जनहित याचिका में सीईसी और ईसी की नियुक्ति के लिए 28 दिसंबर, 2023 की सरकारी अधिसूचना को रद्द करने का निर्देश देने की भी मांग की गई। अदालत ने सीजेआई को छोड़कर पैनल द्वारा सीईसी और ईसी की नियुक्ति पर नए कानून के संचालन पर रोक लगाने से भी इनकार कर दिया है। शीर्ष अदालत ने संभावित कार्यकारी प्रभुत्व और लोकतंत्र पर इसके प्रभाव पर चिंताओं का हवाला देते हुए नए कानून को चुनौती देने वाली जनहित याचिका को स्वीकार कर लिया था।वर्तमान में कानून मंत्री प्रधानमंत्री के सामने उम्मीदवारों की लिस्टिंग विचार के लिए की जाएगी। राष्ट्रपति यह नियुक्ति प्रधानमंत्री की सलाह पर करते हैं।

## भारत अब खुद विकसित करेगा जासूसी विमान, जल्द मिलेगी सरकार की मंजूरी

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दुश्मन के संचार तंत्र पर कड़ी नजर रखने और लंबी दूरी के निगरानी अभियानों को अंजाम देने के लिए भारत अब खुद तीन नए जासूसी विमान विकसित करेगा। इन जासूसी विमानों को सिग्नल इंटेलिजेंस और संचार जैमिंग सिस्टम विमान के रूप में भी जाना जाता है। यह परियोजना स्वदेशी रूप से संचालित की जाएगी और इसके अधिकांश उपकरण भारत में ही बनाए जाएंगे। इन जासूसी विमानों का प्रस्ताव पूरी तरह तैयार है और जल्द ही सरकार से मंजूरी मिलने की संभावना है।

## आपके सहयोग के बिना संभव नहीं होता बीएपीएस मंदिर का निर्माण

### यूएई के राष्ट्रपति से मुलाकात कर बोले पीएम मोदी




**यूएई ,एजेंसियॉ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में बैठक की। संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच समझौता ज्ञापन(एमओयू) का आदान-प्रदान हुआ। यूएई के राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये भी खुशी की बात है कि आज हम द्विपक्षीय निवेश संधि पर हस्ताक्षर कर रहे हैं। मेरा मानना है कि ये जी20 देशों के लिए बड़ी खबर होगी कि भारत और यूएई इस महत्वपूर्ण दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। यूएई के राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि यहां बीएपीएस (बोचासनवासी अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था) मंदिर का निर्माण आपके सहयोग के बिना संभव नहीं होता। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल मंदिर का उद्घाटन करेंगे।यूएई के राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि मेरा निमंत्रण स्वीकार करने और वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन के लिए मेरे गृह राज्य गुजरात आने के लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। आपने इस आयोजन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है और दुनिया में इसकी प्रतिष्ठा बढ़ी है।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी के सामने पेश नहीं हुए फारूक अब्दुल्ला

**श्रीनगर, (हि.स.)।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय के नोटिस पर मंगलवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता फारूक अब्दुल्ला पेश नहीं हुए। उन्होंने एजेंसी को एक ई-मेल और पत्र के माध्यम से श्रीनगर से बाहर होने की जानकारी दी है।श्रीनगर से लोकसभा सदस्य और नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता फारूक अब्दुल्ला को ईडी अधिकारियों ने नोटिस भेजकर मंगलवार को श्रीनगर में ईडी कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा था लेकिन वह फिलहाल जम्मू में हैं। फारूक अब्दुल्ला को केंद्रीय एजेंसी ने इस मामले में 11 जनवरी को भी बुलाया था लेकिन वह तब भी पेश नहीं हुए थे।

## आज राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल कर सकती हैं सोनिया गांधी

### प्रियंका को रायबरेली से चुनाव लड़ाने की तैयारी



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** सोनिया गांधी के आगामी राज्यसभा चुनाव लड़ने की संभावना है, जिसमें वह अपनी लोकसभा सीट बेटी प्रियंका गांधी वाड्रा को सौंप देंगी। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी 27 फरवरी को उत्तर भारत की सीट से राज्यसभा चुनाव लड़ेंगी। जानकारी के मुताबिक सोनिया गांधी 14 फरवरी को राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल करेंगी। वह राजस्थान या हिमाचल प्रदेश से अपना नामांकन दाखिल कर सकती हैं। यदि सोनिया गांधी राज्यसभा में जाती हैं तो रायबरेली से आगामी चुनाव में प्रियंका मैदान में उतर सकती है। यदि सोनिया गांधी राज्यसभा सीट के लिए राजी हो जाती हैं, तो यह 77 वर्षीय नेता के लिए उच्च सदन में पहला कार्यकाल होगा, जो पांच बार लोकसभा सदस्य रह चुकी हैं। अगर प्रियंका गांधी रायबरेली की लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ती हैं तो यह उनका पहला चुनाव होगा। सोनिया गांधी ने 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान कहा था कि यह आखिरी बार है जब वह आम चुनाव लड़ रही हैं। कांग्रेस को कर्नाटक, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र राज्यों से राज्यसभा सीटों पर चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम घोषित करने हैं।

## हटाए गए इलाहाबाद विश्वविद्यालय के चीफ प्राक्टर

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रों के लगातार आंदोलन के बाद कुलपति ने चीफ प्राक्टर प्रोफेसर राकेश सिंह को हटा दिया है। कुलपति ने एक उच्चस्तरीय कमेटी का गठन किया है जो छात्र अभिषेक गुप्ता की पिटाई के मामले की जांच करेगी। जांच कमेटी को एक माह के अंदर जांच पूरी कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। रिपोर्ट आने तक भौतिक विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर के एन उत्तम कार्यवाहक के चीफ प्राक्टर का दायित्व संभालेंगे। रजिस्ट्रार प्रोफेसर एन क शुक्ला ने इस संबंध में पत्र जारी कर दिया है जिसमें स्पष्ट किया गया है कि जांच कमेटी अपनी रिपोर्ट एक माह के भीतर कुलपति को सौंपेगी। जांच कमेटी में के अध्यक्ष वनस्पति विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर शिवमोहन प्रसाद व संयोजक अस्सिटेंट रजिस्टार सुनील कुमार यादव हैं। इसके अलावा कमेटी में चार अन्य सदस्य जैव रसायन विभाग के प्रोफेसर सी रिजवी, विधि विभाग के प्रोफेसर आदेश कुमार व चंदा देवी तथा पृथ्वी एवं योजना विभाग के प्रोफेसर प्रियंवदा सिंह शामिल हैं।

## नंद बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत 'नंदिनी कृषक समृद्धि योजना' की हुई शुरुआत

### उत्तर प्रदेश में गोवंशीय पशुओं की नस्ल सुधार और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने में योगी सरकार बड़ी पहल

### ई-लॉटरी के माध्यम से पांच लाभार्थियों का किया गया चयन

**प्रयागराज।** यूपी सरकार उत्तर प्रदेश में किसानों के साथ पशुपालकों की आमदनी बढ़ाने के लिए भी प्रयत्न कर रही है। सरकार की तरफ से इसके लिए जहां गायों की डेयरी खोलने में सब्सिडी दी जा रही है तो वहीं दूसरी तरफ स्वदेशी गोवंश की नस्ल सुधार के प्रयास भी किए जा रहे हैं। नंद किशोर दुग्ध मिशन के अंतर्गत शुरू की गई तीन प्रमुख योजनाओं में प्रयागराज जनपद को भी शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर गोवंशीय पशुओं के दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने और किसानों की आमदनी दोगुनी करने के लिए नंदिनी कृषक समृद्धि योजना लॉन्च की गई है। योजना के प्रथम चरण में प्रदेश के जिन 10 मंडलों के जनपद

**☞स्वदेशी गोवंश के संवर्धन के लिए सरकार की तरफ से दी जा रही है सब्सिडी**

मुख्यालय का चयन किया गया है उसमें प्रयागराज जनपद भी शामिल है। इसमें प्रथम चरण में 25 दुधारू देसी नस्ल की गायों की 35 इकाइयां स्थापित की जानी हैं ।

इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक लाभार्थी को 62 लाख की लागत की दुधारू गो वंश की इकाई स्थापित करनी होगी। इसमें योजना का 15 फीसदी स्वयं लाभार्थी लगाएगा, 35 फीसदी का उसे ऋण दिया जायेगा और 50 फ़ीसदी सरकार की तरफ से अनुदान दिया जाएगा। यह योजना देसी नस्लों के लिए है जिसमें साहीवाल, गिर, थारपारकर और गंगातीरी शामिल हैं। लाभार्थी 25 जानवर रख सकता है । प्रयागराज में भी इसकी शुरुआत हो गई है। जिला पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ.अनिल कुमार सिंह के मुताबिक विकास भवन में मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में ई -लाटरी के माध्यम से नन्द बाबा दुग्ध मिशन अंतर्गत ÷नंदिनी कृषक समृद्धि योजना÷ के पांच लाभार्थियों का चयन कर लिया गया है। अधिकारी के मुताबिक़ इस योजना के अंतर्गत जनपद स्तर पर 28 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 20 आवेदन नियमानुसार पात्र पाए गए। जनपद को आवंटित लक्ष्य 5 के सापेक्ष 20 आवेदन प्राप्त होने के कारण पांच लाभार्थियों का चयन सुसंगत शासनादेश के अंतर्गत दिए गए प्रावधान के नियमानुसार विकास भवन कार्यालय में ई-लाटरी के माध्यम से किया गया। विकास भवन कार्यालय में मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में चयन समिति के सदस्यों की मौजूदगी में किया गया। समिति में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, उप दुग्ध शाला विकास अधिकारी, एवं लीड बैंक मैनेजर तथा लाभार्थियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। जिसमे 5 लाभार्थियों का चयन किया गया जबकि दो अन्य लाभार्थी प्रतीक्षा सूची में रखे गए है।

जिन पांच लोगों का इसमें चयन किया गया है उसमे श्रृंगवेरपुर से अभिनव मिश्रा, शंकरगढ़ से भानु प्रताप सिंह , नेवरिया कौड़िहार से प्रदीप कुमार सिंह, कीडगंज सदर से शकुंतला सिंह और मऊआइमा से विवेक कुमार सिंह शामिल हैं।

## केचुआ खाद एक सम्पूर्ण जैविक खाद- डॉ. माथुर

### वर्मीकम्पोस्ट पिट का उद् घाटन एवं वर्मीकम्पास्ट 'बनाने की विधि का प्रर्दशन सम्पन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** चौधरी महादेव प्रसाद के जन्तु विज्ञान विभाग में आज वर्मीकम्पोस्ट पिट का उद् घाटन हुआ एवम् केचुआ खाद बनाने की विधि का प्रदर्शन भी किया गया। इस कार्यक्रम में सभी का स्वागत डा0विनीता जयसवाल, समन्वयक, जन्तु विज्ञान विभाग ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा. वन्दना माथुर, पूर्व संयोजिका जन्तु विज्ञान विभाग थी।

डा. माथुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि केचुआ खाद एक सम्पूर्ण जैविक खाद है। इसका प्रयोग सभी फसलो में किया जाता है। केचुआ खाद से खाद के साथ केचुऐ भी प्राप्त हो जाते हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवम् प्रशिक्षक डा. नौशाद आलम, वैज्ञानिक, चन्द्रशेखर आज़ाद कृषि एवम् तकनीकी विश्वविद्यालय, कानपुर थे । डा. आलम ने केचुआ खाद बनाने की




पूरी विधि की जानकारी दी तथा वर्मी पिट को पूरी तरह से प्रशिसण ले रहे विधार्थियों से भरवा कर तैयार करवाया।

डा. आलम में बताया कि यह खाद लगभग दो महीने में तैयार हो जायेगी। इसमें केचुओं की संख्या चार गुनी हो जायेगी। इस खाद से हमारी मृदा की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। इस कार्यक्रम का संचालन डा. हेमलता पन्त एवम् धन्यवाद ज्ञापन डा. ज्योति वर्मा क्रमशः, सहसंयोजिका एवम् संयोजिका, शार्ट टर्म कोर्स वी. वी. वी एस द्वारा किया गया। इस कार्यकम में डा. दीपक गोंड़ सहित आदित्य, अनुराधा, निधि, अर्पिता, सिमोनी सहित 36 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

## नशे में धुत युवक ने किशोरी को पीटा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया , प्रयागराज।** बहरिया थाना क्षेत्र के सारीपट्टी गांव में एक युवक ने नशे में धुत होकर जबरन एक किशोरी को पीट दिया।

मिली जानकारी के अनुसार खुशबू यादव निवासी सारीपट्टी अपने घर के सामने बैठकर मोबाइल देख रही थी। तभी पड़ोस का ही युवक नन्हे यादव नशे में धुत होकर आया और खुशबू से मोबाइल मांगने लगा। मोबाइल न देने पर नन्हे यादव ने खुशबू को गाली गलौज देकर जबरन डंडे से पीटने लगा। जब इसका विरोध करने आई उसकी छोटी बहन मुस्कान तो उसको भी पीट दिया। जिसकी लिखित तहरीर खुशबू यादव ने बहरिया थाने में दी।

## आलू की फसल पर झुलसा रोग का छाया



**लोकमित्र ब्यूरो**

**इस्माइलपुर (प्रयागराज)।** बेमौसम बारिश ने आलू किसानों की नींद उड़ा दी है। बारिश के कारण आलू की फसल में झुलसा रोग का प्रभाव तेजी से फैल रहा है। सोरांव के दर्जनों गांव की आलू की फसल अचानक झुलसा रोग की चपेट में आ गई है। खराब मौसम के कारण किसान दवा का छिड़काव नहीं कर पा रहे हैं। आलू की फसल किसानों के हाथ से फिसलती नजर आ रही है। आलू किसान काफी चिंतित हैं।

सोरांव तहसील में किसान अपनी भूमि के 75 प्रतिशत हिस्से में आलू की फसल की बुवाई करते हैं। आलू की फसल से सोरांव का किसान मकान बनवाने से लेकर बेटा बेटी की शादी तक करता है। इस बार आलू की अच्छी फसल देखकर किसान का चेहरा खिल उठा था। अचानक मौसम ने बीच में करवट बदली और बारिश शुरू हुई फिर धूप भी हुई जिसके कारण आलू की फसल में झुलसा रोग का प्रभाव बहुत तेजी से बढ़ गया है। सोरांव के धामापुर गांव के दर्जनों किसानों ने बताया कि सैकड़ो बीघा आलू की फसल लगाई है। मौसम के बार-बार करवट लेने के कारण अचानक झुलसा रोग का प्रभाव फैल गया है। किसान आलू में दवा का छिड़काव कर रहा है परंतु बार-बार मौसम की करवट के कारण दवा ठीक तरीके से काम नहीं कर रही है। फसल खराब होते देख किसानों की नींद गायब हो गई है। मोटी लागत खर्च कर आलू की फसल लगाया परंतु मौसम के मिजाज ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया।

## सपा के युवा फ्रंटल सगठनों की नई कार्यकारिणी घोषित

### लोहिया वाहिनी में नवीन यादव पुनः बने जिलाध्यक्ष गंगापार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के युवा फ्रंटल संगठनों की बहुप्रतिक्षित नई कार्यकारिणी की घोषणा हो गई जो सोमवार को देर शाम तक समाजवादी पार्टी के सोसल मीडिया पेज पर प्रकाशित की गई। युवा फ्रंटल संगठनों के मनोनीत पदाधिकारियों से पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूती प्रदान करने के साथ ही सत्ता के खिलाफ जनहित के मुद्दों को लेकर संघर्ष को और अधिक धार देने की काफ़ी उम्मीद जताई जा रही है। ऐसा माना जाता है कि पार्टी के चारों युवा संगठनों पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की विशेष निगहबानी भी रहती है।

प्रदेश स्तर पर घोषित नई कार्यकारिणी में संदीप यादव को युवजन सभा का पुनः प्रदेश उपाध्यक्ष, शहादत अली को लोहिया वाहिनी में प्रदेश सचिव, यथान्स केसरवानी को मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड में प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं





सुमित विश्वकर्मा को छात्र सभा का प्रदेश सचिव नामित किया गया है।

फ्रंटल संगठनों के नये जिलाध्यक्ष पद पर लोहिया वाहिनी में नवीन यादव को पुनः जिलाध्यक्ष गंगापार एवं शुभम सिंह सरोज को महानगर अध्यक्ष नामित किया गया है। यमुनापार अध्यक्ष की घोषणा बाकी है।

युवजन सभा में प्रिंस सिंह बागी को जिलाध्यक्ष गंगापार, नितेश तिवारी को जिलाध्यक्ष यमुनापार एवं अरुण यादव को महानगर अध्यक्ष नामित किया गया है।मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड में आसुतोष तिवारी जिलाध्यक्ष गंगापार, विमल कुमार निषाद जिलाध्यक्ष यमुनापार, सैफ फरीदी को महानगर अध्यक्ष नामित किया गया है।

युवा संगठनों के मनोनीत पदाधिकारियों को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में अनिल यादव, पप्पूलाल निषाद, सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, डॉ मान सिंह यादव, श्रीमती विजमा यादव, हाकिम लाल बिन्द, गीता शास्त्री, श्याम

**☞युवजन सभा, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड में नये लोंगो को मिली जगह, छात्र सभा के जिला अध्यक्ष की घोषणा अभी बाकी**

लाल पाल, संदीप पटेल, जोखू लाल यादव, हाजी परवेज अहमद, अंसार अहमद, सत्यवीर मुन्ना, कमल सिंह, पंधारी यादव, कृष्ण मूर्ति सिंह,नरेन्द्र सिंह, अमरनाथ सिंह मौर्य, रमाकांत पटेल, कमला यादव, दान बहादुर मधुर,आर. एन. यादव, रविन्द्र यादव, सुमन शर्मा, सत्यभामा मिश्रा, मंजू यादव, प्रतिमा रावत, राजू पासी, रिपु सूदन एडवोकेट, संतलाल वर्मा, संदीप यादव, कुलदीप यादव, अरविन्द वर्मा, इंजी विक्रम यादव,सचिन श्रीवास्तव, डॉ राजेश यादव, संजीव यादव, कमलेश गुप्ता आदि हैं

## अल्पसंख्यक कांग्रेस ने राहुल गांधी की न्याय यात्रा मे जनता से शामिल होने की अपील की




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** अल्पसंख्यक कांग्रेस द्वारा शहर अध्यक्ष अरशद अली की अध्यक्षता में अटाला मोहल्ले में राहुल गांधी की न्याय यात्रा की तैयारी को लेकर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया।इस मौके पर प्रदेश सचिव इलाहाबाद प्रभारी इमरान खान ने लोगो से अपील करते हुए कहा कि राहुल गांधी के न्याय यात्रा में 18 तारीख को प्रयागराज आ रही है। राहुल गांधी के स्वागत के लिए चलने के लिए के नुक्कड़ सभा में आए लोगो से शपथ के साथ सबसे यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया गया।

इस मौके पर पूर्व प्रदेश महासचिव एवं पीसीसी सदस्य फुजैल हाशमी ने कहा राहुल गांधी इलाहाबाद का बेटा है। अतः हम सबको उनके न्याय यात्रा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होना चाहिए और ऐतिहासिक यात्रा का हिस्सा बनाना चाहिए।

इस मौके पर पीसीसी सदस्य वरिष्ठ पार्षद तस्लीम उद्दीन, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के शहर अध्यक्ष मो हसीन, महफूज अहमद, मुख्तार अहमद, हाजी मो सरताज, मो जाहिद नेता, लाईक अहमद, तालिब अहमद, सईद अहमद, मो मोबिन, गुलाम वारिस आदि मौजूद रहे।

## पीडीए की मजबूती के लिए संविधान और लोकतंत्र बचाना होगा- स्वामी प्रसाद मौर्य



**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य का आज पार्टी कार्यकर्ताओं ने शहर की सीमा नवाबगंज हाइवे पर फूल मालाओं से स्वागत किया। पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं से चाय पर सपा महासचिव श्री मौर्य ने चर्चा करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए लगातार संघर्ष कर रही है। यह दोनों सुरक्षित रहेगा तभी पी डी ए को भी मजबूती मिलेगी। प्रदेश भर में चलाई जा रही सपा की पीडीए जनपंचायत को संविधान और लोकतंत्र विरोधी ताकतों के खिलाफ जन जागरूकता फैलाने के लिए बेहतर कदम बताया।

इस मौके पर सपा नेतागण अमर नाथ सिंह मौर्य, दूधनाथ पटेल, वजीर खान, एनुल हक़,जीत लाल पासी,, राजेश मौर्य, ओम प्रकाश यादव, जय करन पटेल, धर्मेन्द्र यादव, सुशील मौर्य, मैनुद्दीन, संगम लाल मौर्य, ज्ञान चन्द्र मौर्य आदि मौजूद रहे।

## महंगाई नहीं रोक पा रही है भाजपा सरकार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**इस्माइलपुर (प्रयागराज)।** एआरओ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भावी सांसद गगन यादव के प्रथम बार आगमन पर लोगों ने राजापुर मल्हुआ में विशाल जनसभा आयोजित कर भव्य स्वागत किया। आयोजकों में शिवम यादव शेरा, मन्नू यादव, जय सिंह यादव, शुभम यादव, माइकल राज यादव, रिशु आदि शामिल थे। गगन यादव ने जनसभा में कहा कि महंगाई, बेरोजगारी उत्तर प्रदेश में चरम सीमा पर है। सरकार ध्यान नहीं दे रही है। सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहाकि जो गैस सिलेंडर पिछली



सरकार में 400 रुपए में मिल रहा था वही आज 1200 रुपए में मिल रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार भी महंगाई रोकने में नाकाम है।

## सछास के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कुलानुशासक मामले को बताया छात्रों की जीत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय सम्राट ने कहा कि यह जीत इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले समस्त छात्र छात्राओं की जीत है। कमेटी द्वारा यदि निष्पक्ष जांच की जाती है तो निश्चित ही छात्र अभिषेक गुप्ता को न्याय मिलेगा।

उन्होंने कहा कि मैं कुलपति से मांग करता हूं कि इस अहिंसक आंदोलन के दौरान जिन भी निर्दोष छात्रों के ऊपर निलंबन कारण बताओ नोटिस या कोई भी कार्यवाही हुई है उसे तत्काल प्रभाव से समाप्त करने का आदेश दिया जाए। जिससे छात्र सुचारू रूप से पठन पाठन कर सके।

समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय सम्राट ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का आभार व्यक्त किया। इस अन्याय के खिलाफ छात्रों की लड़ाई में सोशल मीडिया के माध्यम से और सदन में मजबूती से पीड़ित छात्र की आवाज को उठाई और समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ इमरान का भी आभार व्यक्त किया। इस अन्याय के खिलाफ डॉ इमरान ने अपना समर्थन दिए और छात्रों के साथ इस लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर लड़ाई लड़ने का आश्वासन दिया था।

## परिषदीय शिक्षा को जनांदोलन बनाएं शिक्षक-कैलाश सिंह

### अभिभावकों के साथ बैठक कर सार्थक योजनाओं की जानकारी करें साझा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** प्रदेश सरकार परिषदीय शिक्षा में सुधार के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है।क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय हनोखर धारा में वार्षिकोत्सव आयोजन में खण्ड शिक्षा अधिकारी मेजा कैलाश सिंह ने कहा शिक्षक योजनाओं की जानकारी के साथ अभिभावकों के साथ बैठक कर इसे जन आंदोलन बनाएं।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा के निर्देश पर परिषदीय स्कूलों में सामुदायिक सहभागिता के लिए अभिभावकों व शिक्षकों की बैठक कर विचार विमर्श पर जोर दिया गया है। प्रत्येक जनपद के मुख्य विकास अधिकारी के जरिए परिषदीय शिक्षा के प्रसार,बच्चों को जोड़ने और शिक्षा की गुणवत्ता के साथ बच्चों को निपुण बनाने के लिए समेकित प्रयास के लिए नए सिरे से प्रयास करने के लिए कहा गया



है।खण्ड शिक्षा अधिकारी मेजा कैलाश सिंह ने योजना को मूर्त रूप देते हुए हनोखर धारा कम्पोजिट स्कूल से इसकी शुरुआत की है।इसी कड़ीं में मंगलवार को निपुण बच्चों,विद्यालय प्रबंधन अवार्ड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम अवार्ड से बच्चो को पुरष्कृत किया गया है।साथ ही अभिभावकों के साथ बैठक कर शिक्षा सुधार पर रायशुमारी की गई।

स्कूल के विभिन्न श्रेणी में पुरष्कृत निपुण बच्चों दीपा केसरवानी,रोशनी केशरवानी,अरबाज खान, सभ्या यादव,अंश यादव, हेमा यादव, अनन्या यादव ,मनीष आदिवासी रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पुरस्कृत बच्चों में अंजली यादव, खुशबू यादव ,सूफिया बानो, प्रिया यादव, श्रद्धा यादव ,अंशू यादव, श्रेया यादव, अनुपा यादव आदि को सम्मानित किया गया।विद्यालय प्रबंधन अवार्ड में अंबेश यादव ,विभांशु यादव,राहुल सिंह,फरहान खान,दिलीप यादव, सतीश विश्वकर्मा को वरीयता दी गयी।अनुशासन अवार्ड में इरफान खान, आशीष आदिवासी, मोहम्मद हमजा,दीपक केशरवानी नामित रहे,इन्हें पुरष्कृत किया गया।

वार्षिकोत्सव एवं शिक्षक अभिभावक बैठक में क विद्यालय स्टाफ लवकुश कुमार यादव, प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार, कुरेश अहमद सिद्दीकी,विकास कुमार सिंह, रूबीना सिराज, अंशु केसरवानी, अजय कुमार मौर्य, बृजेश कुमार यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

## महिला साथी गांव गांव जाकर संपर्क करें- रूपम त्रिपाठी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रूपम त्रिपाठी ने मंगलवार को ब्लाक सभागार में आयोजित एक बैठक में महिलाओं से कह कि पार्टी से जुड़ी सभी महिलाएं गांव गांव जाकर महिलाओं से मिलकर भाजपा की नीतियों पर चर्चा कर प्रचार प्रसार करें।सभी महिलाएं विशेषकर आशा,स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और गांव की सभी जागरूक महिलाओं से मिलकर जन संपर्क करें।बैठक में भाजपा विधायक गुरु प्रसाद मौर्य ने किसान मोर्चा के सभी पदाधिकारियों एन सदस्यों को भी गांव गांव जाकर किसानों से संपर्क करने को कहा।ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विनोद तिवारी ने कहा कि सभी लोग अब से ग्रास रूट अर्थात ग्राम/ बूथ स्तर पर काम करना शुरू कर दें। बैठक में मंडल अध्यक्ष टी एन सिंह,सुमन त्रिपाठी,शिव शंकर मिश्र,साधना शुक्ला,सुरेंद्र शुक्ल आदि लोग मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री से मुलाकात कर योगेश ने प्राप्त किया मार्गदर्शन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल ने सोमवार शाम प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार मुलाकात कर उनका आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री ने प्रयागराज मेले सहित अन्य विषयों पर चर्चा की।

उक्त जानकारी देते हुए श्री शुक्ल के प्रतिनिधि विनय कुमार ने बताया मुख्यमंत्री से मुलाकात के लिए जाते समय यमुनापार की हृदयरेखा कही जानी वाली टौंस ( तमसा ) नदी और गंगा के संगम का जल कलश को उपहार स्वरूप ले गए थे। योगेश शुक्ल ने माननीय मुख्यमंत्री को वह जल कलश सम्पूर्ण यमुनापार के लोगों की तरफ से भेंट किया है।योगी आदित्यनाथ ने पतित पावनी माँ गंगा के जल को पूरी श्रद्धा से माथे से लगाया।





विनय कुमार ने बताया कि योगेश शुक्ल की राजनीति हमेशा जन, जमीन, जल और जंगल के सरोकारों से जुड़ी रही है, ऐसे में उनके द्वारा टौंस और गंगा के संगम के जल को तीर्थराज प्रयाग और खासकर यमुनापार क्षेत्र के लोगों की तरफ से एक भेंट बताया गया। कहा कि योगेश गंगा जमुनी तहजीब व संस्कार को आदर्श मानकर राजनीति की है। उंन्होने यमुनापार में बह रही तमसा की संस्कृति और उसके तटों पर विखरे आध्यात्मिक प्रतीकों एवं वर्षो पुरानी परम्पराओं के साक्ष्य को पूरी दुनिया के सामने लाने के लिए 11 दिवसीय टौंस परिक्रमा की थी।प्रकृति के संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता उनकी राजनीतिक प्राथमिकता रही है।यमुनापार के चप्पे चप्पे से वाकिब योगेश शुक्ल को इसीलिए जमीन नेता कहा जाता है।


## सूने घर में घुसे चोरों ने लगाई लंबी चपत

### लाखों के जेवर के साथ ले गए 40 हजार नगद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** थाना क्षेत्र के अकोढ़ा गांव का पूरा परिवार रिश्तेदार की शादी समारोह में शामिल होने गया था। बीती रात चोरों ने सुने घर मे पीछे के रास्ते दीवाल फांदकर यहाँ घुसकर लाखों के जेवर के साथ 40 हजार नगदी ले उड़े।घर लौटे परिवार ने मकान के भीतर की हालत देखकर चीखने चिल्लाने लगे।पुलिस को घटना की सूचना दी गयी लेकिन थाने और चौकी के क्षेत्र विवाद की वजह से देर शाम पुलिस घटना स्थल पर नही पहुंची।

जानकारी के अनुसार अकोढ़ा, सोनार का तारा निवासी शंकर लाल सोनी, पिंटू सोनी परिवार सहित बीते 12 फरवरी सोमवार की शाम अपनी बुआ की लड़की की शादी में शामिल होने गोपीगंज गए थे। रात को चोरों ने घर




में घुसकर तिजोरी और बक्सा तोड़कर, तिजोरी में रखा 40 हजार कैश हार,पेटी, छागल, मंगलसूत्र, अंगूठी,चैन, व ग्राहक का सामान तथा दोनों भाइयों का 60 ग्राम सोने का सामान सहित घर में रखे बर्तन व अन्य कीमती सामान उठा ले गए।

पीड़ित परिवार ने तहरीर में लाखों रुपये के जेवर चोरी होने की बात लिखी गयी है।मंगलवार सुबह जब पीड़ित परिवार घर पहुंचा तो ताला टूटा देख अवाक रह गया। पीड़ित परिवार ने पुलिस पिकेट को सूचना दी । मौके पर पहुंची पुलिस पिकेट खानापूरी कर लौट गई। चर्चा रही कि जवनिया चौकी और मेजा थाने से पुलिस की टीम नहीं पहुंच सकी। थाने और चौकी के कार्य क्षेत्र को लेकर पुलिस देर शाम तक उलझी रही।पीड़ित परिवार ने थाने में तहरीर दी है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में एक दूजे के हुए 281 जोड़े

## सांसद व सीडीओ ने वर वधु को दिया आशीर्वाद



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत मंगलवार को विकास खंड कड़ा के मीठेपुर सयारा में स्थित श्री बाबू सिंह डिग्री कालेज मैदान में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कुल 281 जोडे विवाह के बन्धन में बधें, जिसमें 03 जोड़े मुस्लिम समुदाय के भी शामिल रहे। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सांसद विनोद कुमार सोनकर व मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने नवविवाहित जोड़ों को आर्शीवाद देते हुए सुखमय दाम्पत्य जीवन की कामना की। कार्यक्रम में सासंद विनोद सोनकर ने सम्बोधित करते हुए कहा की सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजना से गरीब परिवार के सैकडो परिवार को लाभ मिला है उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओ को बताते हुए नव-विवाहित दाम्पत्य जोड़ों से कहा कि जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं हैं, वे अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज करायें तथा राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान करें। उन्हांने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश में ऐसी सरकार है, जो बिना किसी भेद-भाव के गरीब, शोषित, पीड़ित, मजदूर, किसान एवं समाज के सभी वर्गों की चिन्ता कर, उनके कल्याण के लिए निरन्तर कार्य कर रहीं है। मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत गरीब बेटियों का विवाह कराया जा रहा हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गरीब बेटियॉ, जो कभी सपना नहीं देख सकतीं, कल्पना भी नहीं कर सकतीं थी, कि उनका भी इतने भव्य तरीके से विवाह होगा, जिसमें सांसद एवं जिलाधिकारी आदि शामिल होंगे, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत गरीब बेटियों के विवाह करायें जा रहें हैं। उन्होंने कहा कि बेटियों के पैदा होने पर मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत रू0-06 हजार खाते में जमा कराया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी रवि किशोर त्रिवेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना शासन की महत्वाकॉक्षी योजना है, जिसके द्वारा जो परिवार अपने पुत्रियां के विवाह करने में सक्षम नहीं हैं, उन सभी के पुत्रियों का विवाह, इस योजना के अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित कर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत विवाहित जोड़ों को दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना के लिए सहायता राशि के रूप में 35000 (पैतीस हजार) रूपये कन्या के खाते में हस्तान्तरित की जाती है तथा विवाहित जोड़ों को विवाह संस्कार के लिए आवश्यक सामग्री (कपडे, विछिया, पायल, बर्तन, ट्राली बैग, दीवार घड़ी) दिया जाता है। प्रत्येक विवाहित जोड़े पर शादी व्यवस्था के लिए रूपये 06 हजार खर्च करने का प्रावधान है। इस प्रकार कुल 51 हजार रूपये प्रत्येक जोड़े पर व्यय किये जाने का प्राविधान है। इस दौरान विकास खंड सिराथू से कुल 174 जोड़े , कड़ा 78 जोड़े , नगर पंचायत अजुहा से 6 , दारानगर कड़ा धाम नगर पंचायत से 18 , सिराथू नगर पंचायत से 5 जोड़े शामिल हुए । इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार , सीडीपीओ मनोज वर्मा , ए डी ओ समाज कल्याण उमेश प्रताप सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा गणमान्य उपस्थित रहें।

### टीएलएम के जरिए मुख्यमंत्री योजना की जानकारी देकर सीडीओ को किया भेंट

सिराथू, कौशाम्बी। सिराथू के प्राथमिक विद्यालय जानकीपुर में मंगलवार को शिक्षिका शालिनी सिंह के सहयोग से बच्चों ने टीएलएम का निर्माण कर मुख्यमंत्री सामूहिक योजना के संबंध में जानकारी जुटाई। शिक्षिका ने बच्चों को बताया की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा निर्धनता में जीवनयापन करने वाले जरूरतमंद व निराश्रित परिवारों की विवाह योग्य कन्याओं, विधवाओं, परित्यकता, तलाकशुदा महिलाओं के विवाह के लिए आर्थिक सहायता, उपलब्ध कराते हुए उनकी सामाजिक, धार्मिक मान्यताओं, रीति रिवाजों और परम्पराओं के अनुसार भव्य कार्यक्रम में विवाह कराया जाता है। उसके बाद टीएलएम के माध्यम से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, आवेदन, फर्म, लाभ आदि को बताया। उसके बाद संयारा में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम में उपस्थित कौशांबी सीडीओ रवि किशोर त्रिवेदी को टीएलएम उपहार स्वरूप भेंट कर उससे संबंधित जानकारियां साझा की।

# जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को रैंकिंग में सुधार लाने के दिये निर्देश



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय द्वारा आज कृषि विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, लोक निर्माण, उद्योग, ग्रामीण जलापूर्ति एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओंध्इंडीकेटर्स की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान जनवरी माह की रैंकिंग में बीज डीबीटी की रैंक 40वें स्थान पर होने पर नाराजगी प्रकट करते हुए उप कृषि निदेशक श्री सतेन्द्र तिवारी को लम्बित आवेदनों को समय से निस्तारित कर रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दियें। उन्होंने सहायक अभियंता आरईडी को भवन निर्माण एवं सड़क निर्माण के कार्यों में तेजी से प्रगति करते हुए रैंकिंग में सुधार लाने तथा किये गये कार्यों के सापेक्ष भुगतान में भी प्रगति लाने के निर्देश दियें। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि एम्बुलेन्स 102, टेलीरेडियोलॉजी, डायलिसिस व मोबाइल मेडिकल यूनिट में जनपद की रैंक प्रथम है, जिस पर जिलाधिकारी ने नियमित समीक्षा करते हुए प्रथम रैंक बनाये रखने के निर्देश दियें। उन्होंने एम्बुलेन्स 108 व सीटी स्कैन सेवाओं की रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दियें। अधिशासी अभियंता, जल निगम ने बताया कि हर घर-नल योजना के तहत 195660 कनेक्शन के कार्य किये जा चुकें हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने अवशेष कनेक्शन के कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि एजेन्सी द्वारा किये जा रहें कार्यों की नियमित समीक्षा कर कार्यों को तेजी से पूर्ण कराया जाय। उन्होंने अधिशासी अभियंता लो0नि0वि0 को नई सड़कों के निर्माण में आ रहीं समस्याओं को निस्तारित कराकर निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दियें। उन्हांने उपायुक्त उद्योग को ओडीओपी वित्त पोषण योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना एवं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाते हुए रैंकिग में सुधार लाने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने औद्योगिक आस्थान विकसित किये जाने के लिए अब तक की गई कार्यवाही की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार तथा जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### दबंगों ने असलहों के दम पर जबरन कटवाया सरसों की फसल

**चायल, कौशाम्बी।** पूरामुफ्ती थानाक्षेत्र के फ्तेहपुर घाट कछार में दबंग असलहों के दम पर किसान के सरसों की फसल को कटवा रहे हैं। विरोध करने पर किसान को गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दिया। पीड़ित किसान ने थाने जाकर आरोपी दबंगों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। फ्तेहपुर घाट गांव निवासी महेश कुमार किसानी कर परिवार का गुजारा करता है। उसने बताया कि कछार में उसका खेत है। उसने अपने खेत में गेहू और सरसों की फसल बो रखी है। इस समय सरसों की फसल पक गई है। मंगलवार को जब वह अपनी फसल कटवाने के लिए खेत पर पहुंचा तो वहां पहले से ही गांव का दबंग असलहों के दम पर उसकी फसल को कटवा रहा था। महेश के विरोध करने पर उसने गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने थाने जाकर आरोपी दबंगों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# अजय क्रिकेट क्लब धाता ने सातवा लीग मैच जीत कर क्वार्टर फाइनल भी जीता पहुंची सेमीफाइनल

## हसन के बल्ले से निकले कयी गगन चुम्बी छक्के टूर्नामेंट का सबसे तेज अर्धशतक बनाया



**लोकमित्र ब्यूरो**
**भरवारी, कौशाम्बी।** अहमद मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट भरवारी नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 8 रोही में इन दिनों जोरों पर चल रहा है जिसे देखने कर लिए क्रिकेट प्रेमी दूर दराज से चल कर आते है व खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते है साथ ही साथ पुरस्कारो की भी बौझार होती है हजारो की तादात ने दर्शक मौजूद रहते है टूर्नामेंट के सातवा लीग मुकाबला अरहम क्रिकेट क्लब व अजय क्रिकेट क्लब धाता के बीच खेला गया

जिसमें अरहम क्रिकेट क्लब ने टांस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया जो गलत साबित हुआ और निर्धारित 10 वर्षो में 53 रन पर पूरी टीम पवेलियन लौट गई जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी अजय क्रिकेट क्लब धाता की टीम ने एक विकेट खोकर लक्ष्य को आसानी हासिल कर लिया और 9 विकेट से जीत दर्ज की रैयान ने बेहतरीन गेंदबाजी की और अपने कोटे के तीन ओवर में अरहम क्रिकेट क्लब के चार बल्लेबाजों को आउट किया चार विकेट लेने पर रैयान को मैन ऑफद मैच का पुरस्कार दिया गया वही टूर्नामेंट का पहला सुपर 4 क्वार्टर फाइनल मैच मेराज क्रिकेट क्लब बनाम अजय क्रिकेट क्लब धाता के बीच खेला गया अजय क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 12 ओवर में 159 रन बनाए अजय क्रिकेट क्लब धाता के विस्फोटक बल्लेबाज हसन ने टूर्नामेंट का सबसे तेज अर्धशतक मात्र 13 गेंदो 55 रन बनाए आकिब ने 39 रन का सहयोग दिया 159 रन लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेराज क्रिकेट क्लब की टीम मात्र 99 रन बनाकर ऑल आउट हो गई मेराज की टीम से अशोक ने सर्वाधिक 46 रन का योगदान दिया व हसिम ने 18 रन का योगदान दिया क्वार्टर फाइनल मैच में युवराज ने गेंदबाजी मे बेहतरीन प्रदर्शन किया मेराज क्रिकेट क्लब के चार बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई और मैन आफद मैच का खिताब जीता वही टूर्नामेंट का क्वार्टर फाइनल जीत कर धाता की टीम सेमीफाइनल के मे प्रवेश कर गयी धाता की टीम फाइनल से महज एक मैच दूर है जिसे उस मैच को जितने के बाद सीधा फाइनल मे प्रवेश कर जायेगी । अब तक का टूर्नामेंट का सर्वाधिक स्कोर चायल 73 के नाम दर्ज है चायल 73 ने निर्धारित12 ओवरो मे 192 रिकार्ड रन बनाया है जिसे अभी तक कोई टीम छू तक नही पायी है वही अभी तक टूर्नामेंट का सबसे न्यूनतम स्कोर 53 रन अरहम क्रिकेट कल्ब के नाम दर्ज है ।

# यू0पी0 बोर्ड परीक्षा-2024 नकलविहीन, सुचितापूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न करायी जाय-डीएम

## बोर्ड परीक्षा सुचितापूर्ण एवं नकलविहीन सम्पन्न कराने के लिए 83 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 14 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 03 जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त





**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा उदयन सभागार में माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 द्वारा आयोजित हाईस्कूल/ इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा वर्ष-2024 को नकलविहीन, सुचितापूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए केन्द्र व्यवस्थापकों एवं स्टैटिक, सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी केन्द्र व्यवस्थापकों एवं स्टैटिक, सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि पूरी सतर्कता बरतते हुए माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा जारी नियमों व निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन कर परीक्षा नकलविहीन, सुचितापूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न करायी जाय। किसी भी दशा में परीक्षा की सुचिता प्रभावित न होने पाये, लापरवाही पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेंगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सौंपे गये दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करते हुए परीक्षा निर्भीकतापूर्वक सम्पन्न करायी जाय। उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापकों एवं सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट से कहा कि कोई भी समस्या आती है तो तत्काल कन्ट्रोल रूम या सम्बन्धित उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी या उन्हें अवगत करायें। उन्होंने सभी केन्द्र व्यवस्थापकों से कहा कि परीक्षा केन्द्रों में सभी आधारभूत सुविधाओं के साथ ही सभी परीक्षा कक्ष में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने सभी स्टैटिक मजिस्ट्रेट को समय से परीक्षा केन्द्रों पर पहुॅचने के निर्देश देते हुए कहा कि अनुपस्थित पाये जाने पर सम्बन्धित स्टैटिक मजिस्ट्रेट के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेंगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यू0पी0 बोर्ड परीक्षा-2024 नकलविहीन एवं सुचितापूर्ण सम्पन्न करायी जाय। पुलिस की पर्याप्त ड्यूटी लगायी जायेंगी, कही पर भी कोई समस्या आती है तो डायल-112 पर या अपर पुलिस अधीक्षक या उन्हें तत्काल अवगत करायें। पी0आर0वी0 की गाड़ियॉ लगातार भ्रमणशील रहेंगी। उन्हांने कहा कि विशेष सतर्कता बरती जाय कि कोई भी परीक्षार्थी अनुचित साधनों का प्रयोग न करने पायें।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि यू0पी0 बोर्ड परीक्षा 22 फ्रवरी 2024 से 09 मार्च 2024 तक आयोजित किया जायेंगा। यू0पी0 बोर्ड परीक्षा में जनपद में हाईस्कूल में 25838 एवं इण्टरमीडिएट में 21596 कुल-47434 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे तथा कुल 83 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। उन्होंने बताया कि यू0पी0 बोर्ड परीक्षा को सुचितापूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने के लिए 83 केन्द्र व्यवस्थापक, 83 वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक तथा 83 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 14 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 03 जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये हैं।

कन्ट्रोल रूम का गठन किया जा चुका हैं। उन्होंने बताया कि 06 सचल दल का भी गठन किया गया हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड एवं अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### डीएम व एसपी ने जोनल, सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ की बैठक

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा उदयन सभागार में उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा-2023 को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने के लिए जोनल, सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक की गई।

अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि उ0प्र0 पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा दिनांक 17 एवं 18 फ्रवरी 2024 को 02 पालियों-प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 03 बजे से सायं 05 बजे तक आयोजित की जायेंगी। जनपद में कुल 17 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। बैठक में जिलाधिकारी ने सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा को सुचितापूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न करायी जाय, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने स्टैटिक मजिस्ट्रेट को सौंपे गये दायित्वों एवं कार्यो की जानकारी देते हुए समय से परीक्षा केन्द्र पर पहुॅचने तथा एक दिन पूर्व परीक्षा केन्द्र का भ्रमण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को भ्रमणशील रहकर शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दियें। पुलिस अधीक्षक ने सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थपकां को पुलिस भर्ती परीक्षा के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा सुचितापूर्ण व सकुशल सम्पन्न करायी जाय। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारीगण अरूण कुमार गोंड एवं प्रबुद्ध सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग ने नाटक के माध्यम से योजनाओं की दी जानकारी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कसेंदा, कौशाम्बी।** तिल्हापुर मोड़ स्थित दीपमाला जन कल्याण सेवा संस्थान में मंगलवार को दिव्यांगता निवारण बचाव उपचार और पुनर्वासन के लिए विभागीय योजनाओं पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग और दीपमाला जन कल्याण सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विकास वर्मा ने दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित दिव्यांगजनों के लिये योजनाओ के बारे में जानकारी दी। साथ ही दिव्यांग सशक्तीकरण विभाग द्वारा निरूशुल्क पांच साल तक के बच्चों के लिए कॉकलियर इम्प्लांट सर्जरी के बारे में भी जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि कार्यवाहक अध्यक्ष सरदार वल्लभ भाई पटेल चेतना मंच शैलेश सिंह पटेल ने सभी दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित कर उनका साहस बढ़ाया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। दीपमाला जन कल्याण सेवा संस्थान की तरफसे आए हुए सभी दिव्यांगजनो को दिव्यांगता के सम्बन्धित व विभागीय योजनाओं से सम्बन्धित बुकलेट प्रदान किया। संस्था के अध्यक्ष दीपक सिंह ने सभी दिव्यांगजनों को उनके सम्मान में उपहार भेंट किया। इस मौके पर अजीत सुमार तिवारी, वीरेन्द्र कुमार शर्मा, मैदान सिंह, साक्षी सोनकर, वीरेन्द्र कुमार, यशवीर सिंह, अतुल कुमार, अखिलेश त्रिपाठी, शिव सिंह, संदीप कुमार, खुशबू सोनकर, पलटू पटेल और आदेन आदि संस्था के सदस्य मौजूद रहे।

# सांसद खेल स्पर्धा में पहले दिन शामिल हुए 5358 खिलाड़ी

### संसदीय क्षेत्र के 12 ब्लॉक के 5358 खिलाड़ियों के बीच हुई प्रतियोगिता

### कौशाम्बी के आठ व प्रतापगढ़ के चार ब्लॉक में हुई प्रतियोगिता





**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** विकास परिषद के तत्वाधान में संसद खेल स्पर्धा का मंगलवार से शुभारंभ हुआ। यह प्रतियोगिता प्रतापगढ़ व कौशाम्बी सांसदीय क्षेत्र के ब्लॉको में हुई। प्रतियोगिता संसदीय क्षेत्र के 5358 ने हिस्सा लिया। कौशांबी सांसद विनोद सोनकर कड़ा ब्लाक के फंसैया मैदान में खेल का शुभारंभ किया तथा विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र वितरित किया ।विजेता खिलाड़ियों को जिला संसदीय क्षेत्र स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का अवसर मिलेगा। जो जिला स्टेडियम में होगी।

ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता वर्षा के कारण थोड़ी देर से हुई। करीब 12 बजे से शुरू हुई प्रतियोगिता में छात्रों के बीच बालक व बालिका वर्ग की 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़ व बालक वर्ग की 800 मीटर, 1500 मीटर व 300 मीटर की दौड़ हुई। इसके अलावा लंबी कूद व ऊंची कूद की प्रतियोगिता हुई। सांसद मीडिया प्रभारी राजेंद्र पांडेय ने बताया कि संसादीय क्षेत्र के कड़ा ब्लॉक में 546, कालाकांकर में 224, कुंडा में 89, कौशाम्बी में 721, चायल में 385, नेवादा में 400, बाबूगंज में 60, बिहार में 384, मंझनपुर में 639, मूरतगंज में 472, सरसवां में 582 व सिराथू में 722 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता 16 फ्रवरी तक होगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लॉक स्तर पर बनाए गए सभी संयोजक गण वी ब्लॉकों में बनाए गए मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक शीतल पटेल पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा देवी भूपेंद्र सिंह पटेल मुन्ना पटेल संदीप मिश्रा उमेश केसरवानी जय सिंह पटेल जितेंद्र सोनकर प्रेमचंद चौधरी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित है।

### कड़ा में हुए सांसद खेल स्पर्धा में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

कड़ा, कौशाम्बी। कौशांबी विकास परिषद के तत्वाधान में मंगलवार को कड़ा ब्लाक के फ्सैया तालाब मैदान में सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया। जिसमें एथलेटिक्स के दौड़ प्रतियोगिता में बालक वर्ग के 100 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में अलीपुरजीता के अंकित कुमार प्रथम, गिरधरपुर गढ़ी के पुष्पराज द्वितीय, 400 मीटर की दौड़ में खुशी पाल का पुरवा के अमित पाल प्रथम, शहजादपुर के अभिषेक मौर्य द्वितीय, 800 मीटर की दौड़ में शादीपुर दारानगर के अमन मौर्या प्रथम, दरियापुर जीता के इंद्रकुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह बालिका वर्ग में 100 मीटर की दौड़ में पथरावां की संयोगिता सिंह प्रथम, धूमाई की तनु गुप्ता द्वितीय, 400 मीटर में धुमाई की उजाला देवी प्रथम, पथरावां की संयोगिता सिंह द्वितीय, 800 मीटर में, मेड़ीपुर को सपना देवी प्रथम, पथरावां की संयोगिता सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में अंकित कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समापन के समय पहुंचे कौशांबी सांसद विनोद कुमार सोनकर ने सभी विजेता खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हे जीत का प्रमाणपत्र दिया। खेल प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका व्यायाम शिक्षक राजीव कुमार सिंह और मारुति नंदन त्रिपाठी ने निभाई।

# भगवान श्री कृष्ण से ले मित्रता निभाने की सीख- धनञ्जय दास महाराज





**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के लच्छीपुर ग्राम में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आखरी दिन की कथा व्यास ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिए। सातवें दिन कृष्ण के अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया गया। मां देवकी के कहने पर छह पुत्रों को वापस लाकर मां देवकी को वापस देना, सुभद्रा हरण का आख्यान कहना एवं सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास आचार्य कथा व्यास परम् पूज्य धनञ्जय दास जी महाराज (मालूकपीठ वृन्दावन) ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्री कृष्ण सुदामा जी से समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र (सखा) से सुदामा मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं। इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है।अपना नाम सुदामा बता रहा है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफभागे सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया और सुदामा को अपने महलमें ले गए। ओर उनका अभिनंदन किया। इस दृश्य को देखकर श्रोता भाव विभोर हो गए। उन्होंने सुदामा और कृष्ण की झांकी पर फूलों की वर्षा की इसके बाद अग्रवाल परिवार द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। आज कथा मे परम् पूज्य पुरसोत्तम दास, महाराज अयोध्या धाम, आचार्य सत्यनरायण उड़ीसा, आचार्य सुनील संस्कृत विद्यालय मंझनपुर, राजु ओझा एडवोकेट, आदि मौजूद रहें।

# जनपद में 23 फरवरी से 25 फरवरी तक सांसद महिला खेल स्पर्धा का होगा आयोजन

## सांसद महिला खेल स्पर्धा को उत्सव की तरह मनाया जाये

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** सांसद महिला खेल स्पर्धा का आयोजन 23 फरवरी से 25 फरवरी तक जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रांगण में किया जायेगा, इस सम्बन्ध में कैम्प कार्यालय पर आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुये सांसद एवं राष्ट्रीय महामंत्री ओबीसी मोर्चा भाजपा संगम लाल गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन के क्रम में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी ओपन सांसद महिला प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया जायेगा। उन्होने बताया है कि प्रतियोगिता में 800 मीटर दौड़, कुश्ती, वालीबॉल, कबड्डी, लम्बी कूद का आयोजन किया गया है। उन्होने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारम्भ 23 फरवरी को दोपहर 12 बजे से किया जायेगा तथा तीन दिवसीय प्रतियोगिता का समापन 25 फरवरी को अपरान्ह 3 बजे से समारोह की बतौर मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री बाल विकास एवं महिला कल्याण स्मृति ईरानी द्वारा किया जायेगा। उन्होने कहा कि खेल स्पर्धा को उत्सव की तरह मनाया जाये, अधिक से अधिक



महिला खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता में सम्मिलित किया जाये।

इस अवसर पर जिलाधिकारी संजीव रंजन ने प्रतियोगिता के लिये खिलाड़ियों के पंजीकरण हेतु व्यापक पैमाने पर अभियान चलाकर अधिकतम महिला खिलाड़ियों को सम्मिलित कराने हेतु युवा कल्याण अधिकारी, नेहरू युवा केन्द्र, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुये जिला क्रीड़ाधिकारी को पंजीकृत टीमों को व्यवस्थित प्रतिस्पर्धा हेतु कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये।

समस्त ब्लाकों की टीम बनायी जाये, सांसद खेल स्पर्धा का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार किया जायेगा जिससे ग्रामीण अंचल के प्रतिभागी खेल स्पर्धा में जुड़ सके। उन्होने कहा कि समस्त ब्लाकों में टीम को तैयार किया जाये, सांसद खेल स्पर्धा का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार किया जायेगा जिससे ग्रामीण अंचल के प्रतिभागी खेल स्पर्धा में जुड़ सके। उन्होने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को स्टेडियम परिसर की अभियान चलाकर साफ-सफाई और क्रीड़ा प्रतियोगिता के दौरान स्वच्छ पेयजल हेतु पानी के टैंकरों की उपलब्धता भी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने खेल प्रतियोगिता के दौरान बेसिक शिक्षा और माध्यमिक तथा उच्च शिक्षा के सभी खेल अनुदेशकों और क्रीड़ाध्यापकों की भी उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश के साथ ही महिला खिलाड़ियों के सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, क्रीड़ाधिकारी पूनम लता राज सहित विवेक उपाध्याय, अभिषेक पाण्डेय, व्यायाम शिक्षक राम कुमार सिंह, आदित्य मिश्र सहित अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** पं दीन दयाल उपाध्याय ग्राम्य विकास संस्थान बक्सी का तालाब लखनऊ में मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा के द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में प्रदेश के समस्त जनपदों के दो दो राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया । जिलाधिकारी /जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतापगढ़ संजीव रंजन के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतापगढ़ त्रिभुवन विश्वकर्मा के द्वारा नामित एवं उप शिक्षा निदेशक/जिला विद्यालय निरीक्षक/नोडल अधिकारी स्वीप प्रतापगढ़ सरदार सिंह द्वारा निर्देशित जनपद प्रतापगढ़ से सुपर मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण लेने के लिए डॉ विंध्याचल सिंह एवं डॉ मोहम्मद अनीस लखनऊ के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्राम्य विकास संस्थान बख्शी का तालाब के सभागार में प्रतिभाग किए। राज्य स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद इनको लोकसभा सामान निर्वाचन 2024 को जनपद प्रतापगढ़ में पवित्रता शुचिता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न करने के लिए जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण देना है । राज्य स्तर का एक दिवसीय प्रशिक्षण लखनऊ में सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश कुमार विनीत एवं उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश अमित सिंह द्वारा प्रदान किया गया ।

प्रशिक्षण में प्रश्नोत्तर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सभी जनपदों से आए मास्टर ट्रेनर्स में प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के अंतिम सत्र में सभी प्रतिभागी मास्टर्स ट्रेनर्स की परीक्षा ली गई । जिसमे 35 प्रश्न थे ,जिसका उत्तर सभी को लिखना था.अंत में एसीईओ कुमार विनीत द्वारा सभी प्रतिभागियों का आभार जताया गया ।

# वृहद रोजगार मेला का विकास खण्डवार निर्धारित स्थलों पर होगा आयोजन-जिलाधिकारी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बताया है कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अन्तर्गत डी0डी0यू0-जी0के0वाई, यू0पीएस0डी0एम0 एवं अन्य लाभार्थियों को सम्मिलित करते हुये उन्हें सेवायोजित कराने के लिये द्वितीय चरण में विकास खण्डवार वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है, मेला में जनपद के विकास खण्डों के समस्त बेरोजगार लाभार्थी सम्मिलित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त करेगें। उन्होने बताया है कि दिनांक 20 फरवरी को विकास खण्ड सदर अन्तर्गत रोजगार मेले का आयोजन उ0प्र0 कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र कोतवाली नगर तथा मंगरौरा अन्तर्गत प्रेमलता निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मंगरौरा में किया जायेगा। इसी प्रकार वृहद रोजगार मेले का आयोजन दिनांक 21 फरवरी को लक्ष्मणपुर के वी0एन0 निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पहाड़पुर लक्ष्मणपुर व लालगंज के उ0प्र0 कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र सरस्वती संस्थान लालगंज में, 22 फरवरी को रामपुर संग्रामगढ़ के संग्रामगढ़ डिग्री/इण्टर कालेज रामपुर संग्रामगढ़ व बाबागंज के सरयू इन्द्रा निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बाबागंज में, 23 फरवरी को कुण्डा के महावीर निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कुण्डा व कालाकांकर के पं0 मदन मोहन मालवीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कालाकांकर में, 27 फरवरी को बाबा बेलखरनाथधाम के नरसिंग बहादुर शांति देवी निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बाबा बेलखरनाथधाम व शिवगढ़ के हरे रामा हरे कृष्णा निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में, 28 फरवरी को पट्टी के पं0 राममूर्ति निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सदहा पट्टी व आसपुर देवसरा के उ0प्र0 कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र दाउदपुर आसपुर देवसरा में, 29 फरवरी को मानधाता के उ0प्र0 कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र जेठवारा रोड मानधाता व बिहार के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिहार में, 01 मार्च को सांगीपुर के राष्ट्रीय निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सांगीपुर व सण्ड़वा चन्द्रिका के परम पूज्य स्वामी अग्रणानन्द निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सण्ड़वा चन्द्रिका में तथा दिनांक 05 मार्च को विकास खण्ड गौरा के शिव कुमारी दूबे इण्टर कालेज नवदेड़ा गौरा में रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा।

## दरोगा ने जीआरपी पैरोकार की वर्दी उतरवाने की दी धमकी

**प्रतापगढ़।** मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ स्टेशन जीआरपी थाने पर तैनात रहे एक दरोगा ने कोर्ट का सम्मन लेकर घर पहुंचे जीआरपी के पैरोकार को धमकाया। उसकी वर्दी उतारने की धमकी दी। सिपाही सहम गया। वह जैसे तैसे थाने लौट आया। उसने आपबीती अफसरों से बताई। मामला उच्च अधिकारियों तक पहुंच गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुछ साल पहले जीआरपी में रहे एक दरोगा की यहां के कोर्ट से किसी मामले में गवाही होनी थी। कोर्ट ने सम्मन भेज कर उन्हें तलब किया। दरोगा का पता मऊ और लखनऊ था। बताया जाता है कि कुछ दिन पहले जीआरपी का सिपाही सम्मन लेकर उक्त दरोगा के आवास लखनऊ पर गया था। आरोप है कि दरोगा ने यह कहकर उसका अपमान किया कि उस सम्मन से उसका कोई लेना देना नहीं है। तुम कैसे लेकर आए। मुझे जानते नहीं हो। मैं तुम्हारी वर्दी उतरवा लूंगा। जीआरपी थाने पर यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि थाने पर किसी ने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया।

## लापता युवक का नहर के पुल में फंसा शव मिला



**देल्हूपुर प्रतापगढ़** - प्रयागराज अयोध्या रेल मार्ग पर धीरगंज रेलवे स्टेशन के बगल से निकली नहर के पुल में फंसा शव मिला है। गांव वालों ने शव देखे जाने की सूचना देल्हूपुर थाना को दिया। शव की पहचान जेठवारा थाना क्षेत्र के पूरे बसावन के कमलेश शर्मा की हुई है। कमलेश शर्मा पांच फरवरी को लापता हो गए थे।घर वालों ने खोजबीन की लेकिन पता नहीं चल पाया।सात फरवरी को जेठवारा थाना में गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराया। आज सुबह जब लाश को नहर में दिखाई दिया तो उसकी सूचना हर जगह पहुंच गई। लापता कमलेश शर्मा के पुत्र अनुज शर्मा आये तो देखा और पहचाना कि कमलेश शर्मा का शव है। सूचना पर जेठवारा एसओ भी आये। देल्हूपुर और जेठवारा थाना की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# न्याय व अधिकार से वंचित करोड़ों देशवासियों को हक दिलाने में कांग्रेस मजबूती से उठाती रहेगी आवाज-प्रमोद तिवारी

### राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने रामपुर खास में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि लोगों के अधिकार तथा जरूरतमंद को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस राहुल गांधी की अगुवाई में मजबूत आवाज उठाती रहेगी। उन्होनें कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो की यह न्याय यात्रा गरीबी के खिलाफ संघर्ष की सफल राष्ट्रीय यात्रा के रूप में इतिहास रचेगी। मंगलवार को यहां क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं की तैयारी बैठक में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि



मौजूदा भाजपा सरकार के कुप्रबंधन तथा जनविरोधी नीतियों के कारण गरीबी रेखा के नीचे जीवन बसर कर रहे करोड़ो लोग अधिकार से वंचित हैं।

उन्होने कार्यकर्ताओं को बताया कि आगामी उन्नीस फरवरी को लालगंज में राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा सुबह पहुंचेगी। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने लोगों से इंदिरा चौक पर होने वाली राहुल गांधी की जनसभा को रामपुर खास के एक और कीर्तिमान बनाने को लेकर सफल बनाने के टिप्स भी दिये। प्रदेश में भारत जोड़ो यात्रा की सह संयोजक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने भी कार्यकर्ताओं को वर्चुअल संबोधित करते हुए यात्रा की सफलता को लेकर जमकर हौंसला आफजाई की। वहीं विधायक पुत्र राघव मिश्र के संबोधन को सुनकर बड़ी संख्या में बैठक में मौजूद युवाओं का उत्साह भी जोश से भर उठा दिखा। इसके पहले राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने सांगीपुर में भी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर यात्रा की रूपरेखा पर विचारविमर्श किया। सांगीपुर एवं लालगंज में हुई कार्यकर्ताओं की बैठक में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का गर्मजोशी से स्वागत भी हुआ दिखा। बैठक को ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, डा. राजकुमार पाण्डेय, जावेद खान, आचार्य विन्देश्वरी पटेल, रामलखन जायसवाल, उदयशंकर दुबे, शत्रुध्न शुक्ला, आरपी वर्मा, अमरावती ने भी संबोधित करते हुए भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता को लेकर संकल्प जताया। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष केडी मिश्र तथा संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। संयोजन प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी तथा स्वागत भाषण आशीष उपाध्याय व आभार प्रदर्शन सांगीपुर ब्लाक अध्यक्ष दृगपाल यादव ने किया। इस मौके पर भागवतभूषण पं. विनय शुक्ल, छोटे लाल सरोज, सभासद पन्ने लाल पाल, हरिश्चंद्र पाण्डेय, अभिनव शुक्ल, अतुल शुक्ला, मुरलीधर तिवारी, महमूद आलम, हृदय नारायण मिश्र, दयाराम वर्मा आदि रहे।

# पूतना के वध से हर्षित हुए देव-मनुष्य - पंडित आलोक

## चौसा मे चल रही श्रीमद्भागवत कथा सुनने के लिए जुट रही भीड़





**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़ ।** चौसा गाँव में चल रही सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा में मंगलवार को कथा वाचक पंडित आलोक मिश्र साहित्यआचार्य ने पूतना वध का प्रसंग सुना कर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कृष्ण जन्म के बाद कथा को आगे बढ़ाते हुए व्यास ने कहा कि जब माया रूपी देवकी की कन्या ने आकाश में जाकर यह भविष्यवाणी की कि कंस तेरा काल गोकुल में जन्म ले चुका है। तभी से कंस के रातों की नींद और दिन का चैन छिन गया था, वह शोक में व्याकुल होने लगा। अपने राजा की इस परिस्थिति को देख उसके कपटी मंत्रियों ने गोकुल में जन्म लेने वाले हर बालक के वध करने का प्रस्ताव उसके सामने रखा। गोकुल पर चढ़ाई करने से विद्रोह की आशंका से कंस ने पूतना नाम की राक्षसी को अपने दरबार में बुलाया तथा उससे नंद के यहां जन्मे बालक को मारने का आदेश सुनाया। जिस पर पूतना एक सुंदर स्त्री का रूप बना कर नंद बाबा के यहां पहुंच गयी तथा पालने में खिलखिलाकर हंस रहे बाल रूप श्रीकृष्ण को निहारने लगी। पालने के पास किसी को न देख उसने झट से श्रीकृष्ण को उठा लिया और अपने स्तन में लगे कालकूट नामक विष का उन्हें पान कराने लगी। भगवान ने पहले तो विष पिया फिर उसका दूध पिया और उसके बाद प्राणों की भी पीने लगे जिस पर वह तड़पने लगी। वह श्रीकृष्ण को लेकर तुरंत आकाश में उड़ गयी तथा अपने असली वेष में आ गयी। कुछ ही देर में भगवान ने उसके प्राण हर लिये तथा वह नंद गांव से कुछ ही दूरी पर स्थित एक जंगल में गिर पड़ी। इधर महल से नंदलाल के गायब होने की खबर नगर में फैली तो हाहाकार मच गया। मां यशोदा अचेत हो गयी । नंद बाबा भी परेशान हो उठे, इतने में किसी ग्वाल ने सूचना दी कि गांव के बाहर एक विशालकाय राक्षसी मरी पड़ी है। सभी नगर वासी वहां पहुंचे तो देखा कि श्रीकृष्ण उसके शरीर पर अठखेलियां कर रहे हैं । किसी तरह से लोगों ने श्रीकृष्ण को वहां से उतारा और दूध से स्नान करा कर उन्हें शुद्ध किया। जब कथा व्यास ने पूतना वध का प्रसंग सुनाया तो पंडाल में मौजूद सभी श्रद्धालुओं ने श्री राधे-राधे बोलकर खुशियां मनाई। कथा संयोजक अशोक सिंह व शीला सिंह ने भगवान की आरती उतारकर प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर सोनू सिंह, शिवम सिंह, अमन, प्रदीप विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## जमीन के विवाद में दर्ज हुआ हत्या के प्रयास का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आबादी के जमीन पर निर्माण को लेकर आरोपियो ने पीड़ित को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद व कुछ अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के सराय संग्रामसिंह गांव के संजय सरोज पुत्र विशेषर सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि ग्यारह फरवरी की शाम करीब पांच बजे वह आबादी की जमीन पर अवैध निर्माण का विरोध करने पर गांव के त्रिलोचन पुत्र रामसुख अपनी पत्नी चांदनी व कई अन्य अज्ञात लोगों के साथ मिलकर धारदार हथियार से उसे व उसकी पत्नी किरन तथा परिवार की पुरबहिन व शालू को मारापीटा। गंभीर चोट लगने से पीड़ित की पत्नी बेहोश हो गयी। शोर मचाने पर लोग जान से मारने की धमकी देते चले गये। मामले में जांच के बाद कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है।

# हत्या के प्रयास के अभियोग में 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** थाना आसपुर देवसरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पूरे धनी में आरोपीगणों द्वारा एक व्यक्ति के ऊपर फायरिंग कर घायल कर देने के प्रकरण में घायल व्यक्ति को उपचार हेतु एसआरएन अस्पतालए प्रयागराज भेजा गया था तथा प्राप्त तहरीर के आधार थाना आसपुर देवसरा में मु0अ0सं0 34६2024 धारा 307६504६506 भा0द0वि0 का बनाम 03 नामजद अभियुक्त के अभियोग पंजीकृत किया गया ।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था इसी क्रम में आज दिनांक 13ण्02ण्2024 को जनपद के थाना आसपुर देवसरा से उ0नि0 अनुपम त्रिपाठी मय हमराह हे0का0 राजनरायण पटेल व का0 वीरेन्द्र यादव द्वारा विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 34६2024 धारा 307६504६506 भा0द0वि0 से संबंधित वांछित अभियुक्तों 1ण् विजय उपाध्याय उर्फ सोनू उर्फ ब्रम्हदेव उपाध्याय नि0गण पूरेधनी थाना आसपुर देवसरा प्रतापगढ़ 2ण्संजय उपाध्याय पुत्र ब्रम्हदेव उपाध्याय नि0ग्राम पूरेधनी थाना आसपुर देवसरा प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्रान्तर्गत भनईपुर महादेव इण्टर कालेज के गेट के पास से गिरफ्तार किया गया एवं अभियुक्त संजय उपाध्याय उपरोक्त के पास से एक अदद बिना मैंगजीन की पिस्टल 32 बोर मय एक अदद खोखा कारतूस 32 बोर बरामद किया गया ।

# हत्या के प्रयास के अभियोग में 04 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।**थाना पट्टी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम गडौरी खुर्द भट्टे पर कार्य करने वाले व्यक्तियों के साथ मारपीटध् धमकी देने के प्रकरण में थाना पट्टी में मु0अ0स0. 49६2024 धारा 307ए308ए323ए504ए506 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया ।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना पट्टी के उ0नि0 श्री श्याम सुन्दर गिरि मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्रध् तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना पट्टी के मु0अ0सं0 49६2024 धारा 307ए308ए323ए504ए506ए34भादवि में वांछित अभियुक्तगण 1. अंकित चौहान पुत्र रामचन्द्रए 2. राहुल चौहान पुत्र घनश्याम निवासीगण सेमराडीह थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ए 3. विनोद चौहान पुत्र चैतू निवासी कुडवा मसूदपुर थाना जलालपुर जनपद जौनपुरए 4. सूरज चौहान पुत्र जुलम चौहान निवासी कटहरी थाना बदलापुर जनपद जौनपुर को गडौरी खुर्द भट्टे से गिरफ्तार किया गयाए गिरफ्तार अभियुक्तगणों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 अदद चाकूए 02 अदद हसियाए 01 अदद डण्डा बरामद किया गया।

# दो भागों में बंटी मालगाड़ी, मां बेल्हा देवी बनारस रूट जाम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ स्टेशन से बनारस मार्ग पर जा रहा मालगाड़ी कपलिंग टूटने से दो भागों में बंट गई। जिसके कारण यह रूट जाम हो गया। उधर से आने वाली पंजाब मेल एक्सप्रेस और जनता एक्सप्रेस दोनो घंटे भर जाम में फंसी रही। जिससे यात्रियों को काफ़ी परेशानी उठानी पड़ी।
मंगलवार को पूर्वाह्न मां बेल्हा धाम धाम से सीमेंट लोड मालगाड़ी बनारस साइड की तरफ जा रही थी। बताया जाता है कि पिरथीगंज से पहले ही उसकी कपलिंग टूट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जिससे वह दो भागों में बंट गई। इसकी जानकारी होने पर ड्राइवर ने मालगाड़ी रोक दी। जिससे मेन लाइन पर ट्रैफिक जाम हो गया। मां बेल्हा धाम आ रही पंजाब मेल और जनता एक्सप्रेस को रास्ते में रोकना पड़ा। महत्वपूर्ण ट्रेनों को रूकने से हड़कंप मच गया। इसकी सूचना फौरन सीडीओ दफ्तर में दी गई। मौके पर पहुंचे कर्मियों ने कप्लिंग जोड़कर मालगाड़ी को चलाया। करीब घण्टे भर बाद इस रूट का जाम खतम हुआ। सीडीओ वीबी शुक्ला का कहना है कि कपलिंग टूट गई थी। कर्मियों ने समय रहते उसे ठीक कर दिया था।

# जाकिर इलेवन सगरा ने माजिद इलेवन छेमर सरैंया को एक रन से हराया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सगरा सुन्दरपुर बाजार स्थित मैदान में सीपीएस कप क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर मैच में जाकिर इलेवन सगरा स्पोर्टिंग क्लब और माजिद इलेवन छेमर सरैंया स्पोर्टिंग क्लब के मध्य रोमांचक मुकाबला खेला गया। जिसमें माजिद इलेवन छेमर सरैंया की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी करने का निर्णय लिया और जाकिर इलेवन सगरा टीम के खिलाड़ी बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवरों में आठ विकेट खोकर बहत्तर रन बनाए। जबाब में उतरी माजिद इलेवन छेमर सरैंया की टीम इकहत्तर रन बनाकर मैच हार गई । सलमान की आक्रामक गेंदबाज़ी से जाकिर इलेवन सगरा की टीम विजयी




हुई। जाकिर इलेवन सगरा टीम की ओर से सलमान ने शानदार दो छक्के एक चौके की मदद से उन्नींस रन व शानदार तीन विकेट झटक कर मैन ऑफ़ द मैच का खिताब अपने नाम कर लिया। विजयी खिलाड़ियों को आयोजन समिति की ओर से अकरम खान ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर गरीबउल्ला, अखिलेश मिश्रा, शिवशंकर शुक्ल, फकरूल हसन, रामनयन वर्मा, बाबू, कैफ, साहिल खान, रत्नाकर त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## डंपर की टक्कर से घायल महिला की हुई मौत

**कुंडा प्रतापगढ़।** स्थानीय बाजार में सोमवार शाम डंपर से घायल महिला की प्रयागराज ले जाते समय देर रात मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।संग्रामगढ़ के फुलवरिया विजईमऊ निवासी जियाराम मौर्य सोमवार शाम बहन ममता और मां मुनहिन (56) को बाइक से लेकर लालगंज की ओर जा रहा था। संग्रामगढ़ बाजार में डंपर की टक्कर से बाइक सवार मुनहिन सड़क पर गिरी। उसके दोनों पैर डंपर से कुचल गए थे। चालक डंपर छोड़कर भाग निकला था। हालत गंभीर होने पर सीएचसी संग्रामगढ़ से प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई।

## संसार में भगवत कृपा के बिना कुछ भी सम्भव नहीं-आचार्य देवमूर्ति जी



**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित बीएसएनएल कार्यालय के समीप चल रही संगीतमयी श्रीमदभागवत कथा में श्रद्धालु राधाकृष्ण की भक्ति में गोते लगा रहे हैं। कथाव्यास आचार्य देवमूर्ति जी ने कथा प्रसंग में बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने शरद पूर्णिमा की रात्रि यमुना के तट पर गोपिकाओं के साथ महारास लीला किया। उन्होनें बताया कि यह महारास लीला निश्छल प्रेम का प्रमाण है। जिसमें जितनी गोपिकाएं उतने कृष्ण ने महारास किया था। आचार्य देवमूर्ति जी ने कहा कि इस संसार में भगवद कृपा के बिना कुछ भी सम्भव नही है। इसलिए मनुष्य को अच्छे कर्म करने चाहिए। मुख्य आयोजक सदाशिव पाण्डेय ने श्रद्धालुओं का स्वागत व सह संयोजक गायत्री पाण्डेय ने आभार जताया। इस मौके पर नगर पंचायत प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आचार्य राजेश मिश्र, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, कौशल कुमार पाण्डेय, बृजेश पाण्डेय, अरविन्द पाण्डेय, नारेन्द्र नारायण तिवारी, अंजनी अमोघ, मक्खन गुप्ता, मुन्ना शुक्ल, सोनू शुक्ल आदि मौजूद रहे।

# दो बदमाशों ने रात के समय अस्पताल में की लूटपाट, किया फायरिंग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मनौरी, कौशाम्बी।** चरवा कस्बा में सोमवार की रात असलहे से लैस दो बदमाशों ने एक निजी अस्पताल में तोड़फोड़ कर लूट को अंजाम दिया। आरोप है कि विरोध करने पर बदमाशों ने तमंचे से फायर झोंक जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। अस्पताल संचालक ने थाने जाकर दो आरोपियों के खिलाफतहरीर दी। तहरीर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन शुरू कर दिया है।

कस्बा चरवा निवासी संजय कुमार पुत्र विनोद कुमार ने चरवा बाजार स्थित बैंक आफ बदौड़ा के समीप निजी अस्पताल खोल रखा है। उन्होंने बताया कि सोमवार की रात दो बदमाश अस्पताल में घुस आए। वह दोनों तमंचों से लैस थे। आते ही दोनों ने कैस काउंटर खोल कर लूटपाट शुरु कर दिया। विरोध करने पर वह गाली गलौज करते हुए तमंचे से फायर झोकने लगे। आरोप है इस बीच बदमाशों ने तीन फायर कर उनकी पिटाई करना शुरु कर दिया। डरा, सहमा अस्पताल स्टाफ जान बचाकर इधर उधर छुपने लगा। तभी कैस काउंटर में रखे 20 हजार रुपये लूट कर जान से मारने की धमकी देते हुए वह दोनों भाग गए।



अस्पताल संचालक ने मंगलवार की दोपहर थाने जाकर दो आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। इस संबंध में थानाध्यक्ष बलराम सिंह का कहना है कि लूटपाट की घटना संदिग्ध लग रही है। प्रारम्भिक जांच में पता चला है कि अस्पताल की सारी चीजें सामान्य तौर पर अपने जगह पर हैं। आरोपी दोनों युवकों का अस्पताल संचालक के साथ काफी दिनों से उठना बैठना है। घटना की जांच की जा रही है।

## दबंग मुकदमें में सुलह न करने पर युवक को दे रहे धमकी

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के महगांव निवासी राजेंद्र कुमार ने बताया कि 2018 में उसका गांव के ही एक परिवार से विवाद हो गया था। विवाद के बाद पड़ोसी दबंगों ने उसके भाई की पिटाई कर दी थी। इससे उसके भाई का सिर फट गया था। मामले में राजेंद्र की तहरीर पर पुलिस ने एनसीआर दर्ज किया था। उसी मामले में आरोपी अब सुलह करने का दबाव बना रहे हैं। सुलह करने से इंकार करने पर वह लोग राजेंद्र को गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। मंगलवार को पीड़ित ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# मतदाता के एक एक मत पर निर्भर होती है अच्छी सरकार, मत का करें अवश्य प्रयोग- एबीएसए कड़ा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सिराथू विधानसभा अंतर्गत विकास खंड कड़ा के कंपोजिट विद्यालय संयारा में मंगलवार को शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी में मतदाता जागरूकता अभियान के संबंध में बताया गया।

बैठक में उपस्थित कड़ा के खंड शिक्षा अधिकारी नीरज कुमार उमराव ने उपस्थित ग्रामीणों को मत के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा की एक एक मतदाता का मत महत्वपूर्ण है। जो अपनी एक वोट से अच्छे और खराब जनप्रतिनिधि व सरकार का चुनाव करते है। इसलिए



चुनाव के दिन सभी मतदाता अपने मत का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें। यदि किसी मतदाता को कोई प्रत्याशी पसंद नही है तो भी वह अपने मत का प्रयोग करते हुए नोटा बटन का दबाकर मतदान का हिस्सा अवश्य बने। इसके साथ ही आप सभी लोग अन्य मतदाताओं को भी अपना मतदान करने के लिए अवश्य प्रेरित करें। इस अवसर पर एआरपी प्रभाकर मिश्र सहित सभी बीएलओ व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बसंत पंचमी पर्व पर मां सरस्वती का हुआ पूजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** बसंत पंचमी पर्व पर ज्ञान की देवी मां सरस्वती का प्राथमिक विद्यालय भगवनापुर में शिक्षकों व बच्चों ने विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना किया।पूजन अर्चन के बाद बच्चों ने श्रद्धापूर्वक सरस्वती वंदना की शानदार प्रस्तुति दी। बसंत पंचमी की इस पावन बेला पर स्कूल की प्रधानाध्यापिका सुमन कुशवाहा ने बालवाटिका के दो बच्चों का अक्षर शुभारंभ कराया। इस अवसर पर स्कूल की अन्य शिक्षिका शैलजा, मीरा दुबे सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# न्यायालय में मामला विचाराधीन होने के बाद भी दबंग भूमिधरी भूमि में कर रहे कब्जा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के एक गांव में न्यायालय में मामला विचाराधीन होने के बाद भी दबंग भूमिधरी जमीन में अवैध कब्जा कर रहे है , विरोध करने पर दबंग पीड़िता के साथ झगड़े पर अमादा होकर धमकी दे रहे है , पीड़िता ने मामले की शिकायत डीएम कौशांबी से करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

सिराथू तहसील क्षेत्र के अफजलपुर वारी गांव की सरवरी बेगम पत्नी स्व नियाज उल्ला ने मंगलवार को जिलाधिकारी कौशांबी को दिए गए शिकायती पत्र के हवाले से बताया की जवाई पड़री गांव में उनकी भूमिधरी जमीन है , जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है , पीड़िता का आरोप है की विपक्षी नायब तहसीलदार व



लेखपाल की मिली भगत से उक्त आरजी में जबरन अवैध कब्जा कर रहा है , जिसका विरोध करने पर दबंग गाली गलौच कर झगड़े पर अमादा है। पीड़ित ने मामले में न्याय की गुहार की लगाई है । मामले में जिलाधिकारी ने क्षेत्राधिकारी सिराथू को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए है।

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक शब्द लिखने पर शिकायत

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के गौसपुर गांव निवासी जालिम सिंह ने बताया कि सोमवार को वह घर के बाहर बैठा था। इसी दौरान पड़ोसी गांव चिकवन का पूरा निवासी एक युवक उसके पास आकर बैठ गया। वह जालिम सिंह का मोबाइल फोन लेकर देखने लगा। इसी दौरान उसने पूर्व जिला पंचायत सदस्य और एक अन्य के खिलाफ उसके मोबाइल पर आपत्तिजनक कमेंट लिख दिया। मामले की जानकारी होने के बाद जालिम के होश उड़ गए। मंगलवार को उसने थाने जाकर आरोपी युवक के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

# चंद्रशेखर सिंह आयुर्वेद संस्थान में श्रीराम वेधशाला उत्सव का हुआ आयोजन



**कौशाम्बी।** चंद्रशेखर सिंह आयुर्वेद संस्थान कोईलहा में मंगलवार को श्रीराम वेधशाला उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें भगवान श्री राम के जीवन से संबंधित घटनाओं व श्री राम जन्मभूमि पर स्थापित मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर छात्रों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र एवं छात्राओं ने भगवान श्री राम की वेशभूषा धारण कर कलात्मक नाट्य मंचन का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई। इस अवसर पर संस्थान के सचिव एस पी सिंह, समेत संस्थान के समस्त चिकित्सा शिक्षक, चिकित्सक कर्मचारीगण व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# सिराथू के शहजादपुर में शिक्षकों व छात्रों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू विधानसभा क्षेत्र के शहजादपुर गांव में मंगलवार को छात्रों व शिक्षकों ने मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत गांव में रैली निकालकर मतदाताओं को आने वाले लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। श्री रणजीत पंडित इंटर कालेज के छात्र छात्राएं अपने हाथों में बैनर, तख्तियां लेकर गांव के सड़क, गलियों और चौराहों पर घूमते हुए नर हो या नारी मतदान सबकी जिम्मेदारी, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है जैसे नारों को बुलंद करते हुए गांव के सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उसके बाद रणजीत पंडित इंटर कालेज में बनाए गए बूथ पर ग्रामीणों के साथ एक बैठक करते हुए सुपरवाइजर




गुलाबसिंह ने उपस्थित ग्रामीणों मतदान करने और न करने के फायदे व नुकसान के संबंध में बताया। उन्होंने कहा की एक एक मतदाता का मत बहुत कीमती है। आपका एक मत सरकार को बनाने और बिगाड़ने का काम करता है। इसलिए अपने मत का प्रयोग अपने विवेक का प्रयोग करते हुए अवश्य करें। इस अवसर पर कालेज के प्रिंसपल जितेंद्र कुमार वर्मा, शिक्षक सुरेंद्र बाबू कुशवाहा, दिनेश कुमार, अतुल सन्याल सहित समस्त स्कूल स्टाफ व बीएलओ प्रतीक शुक्ला, अनुपम केसरवानी, रजत श्रीवास्तव, मंजू मौर्य, धीरू, विनय सिंह आदि उपस्थित रहे।

# जनपद में बारिश से कुछ किसान खुश तो कुछ हुए मायूस



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बारा, कौशाम्बी।** विकास खण्ड कौशाम्बी सहित समूचे जनपद में बारिश से कुछ किसानों में मायूसी तो कुछ किसानों में खुशी देखने को मिली आपको बतादें कि विकास खंड कौशाम्बी सहित समूचे जनपद में रात से बारिश दूसरे दिन दोपहर में बारिश जोरदार हुई जिससे कौशाम्बी खास के सुखलाल निषाद ने बताया कि बारिश से सरसों की फसल को नुकसान कम है।

जबकि राजेश कुमार निषाद गोपसहासा ने बताया की बारिश से आलू की फसल को नुकसान है जबकि आशाराम निषाद का कहना है मिर्च की फसल में फायदा है और नुकसान कम है वही दुर्गा निषाद ,संतोष कुमार,रामराज निषाद आदि का कहना है कि बारिश से किसी को फायदा तो किसी को नुकसान है यदि पाला और कोहरा नही होगा तो ज्यादा कुछ नुकसान नहीं होगा यदि पाला और कोहरा होता है किसानों के फसल नुक्सान की चिंता बरकरार है। बारिश से स्थानीय लोग घरों में दुबके रहे और बूढ़े, बच्चे सहित लोग को एक बार फिर ठंड बढ़ने का अंदेशा जाता रहे है।

# हुबलाल इंटर कालेज में विदाई समारोह का हुआ आयोजन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** हुबलाल इंटर कॉलेज भरवारी में 12जी के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया,जिसमे 11जी के छात्र छात्राओं ने मनमोहक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित अपने सीनियर्स को हंसी खुशी विदाई दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ ईश्वर की वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ,कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रयागराज नगर निगम के महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी रहे।

लेज के प्रबंधक वीरेंद्र केसरवानी एवम प्रिंसिपल जीवन लाल ने मुख्य अतिथि को माला पहनाकर,उन्हे अंगवस्त्र एवम मोमेंटो भेंट कर उनका स्वागत और अभिनंदन किया। इस दौरान कालेज के छात्र छात्राओं ने साफसफाई,यातायात नियमों सहित लोगो को जागरूक करने वाले कई जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर कालेज के पूर्व प्रिंसिपल रशीद अहमद खान,कालेज के प्रबंध समिति के डाक्टर धीरेंद्र केसरवानी,राधा कृष्ण केसरवानी,कस्तूरबा गांधी कन्या इंटर कालेज के प्रबंधक पितम्बर लाल केसरवानी,संतोष कुमार नागा,अरविंद केसरवानी,संतोष केसरवानी,तुषार केसरवानी सहित सभी अध्यापक एवम स्टाफ मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया कैबिनेट मंत्री का जन्मदिवस



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कड़ा, कौशाम्बी।** नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम के अंतर्गत गड़रियापुर में मंगलवार को छत्रपति शिवाजी विकास वाहिनी द्वारा कैबिनेट मंत्री का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया।जिलाध्यक्ष उमेश पटेल की अगुवाई में प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री व भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह पटेल का समर्थकों ने केक काटकर सेवा दिवस के रूप में जन्मदिन मनाया।इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि अरुण केशरवानी ,अंशु पटेल , सुग्गन पटेल, बृजेश विद्यार्थी ,शकुंतला देवी, श्यामू अग्रहरि सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## महिला थाना टीम ने टूटते परिवार को बचाया



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** महिला थाना टीम द्वारा एक जोड़े दंपति की काउंसलिंग के माध्यम से उनकी सहमति से सुलह समझौता कराया गया व उनके परिवारों को टूटने से बचाया गया। जीवन की नई शुरुआत करने के लिए बधाई देते हुए रवाना किया गया।

# बारिश ने सांसद खेल प्रतियोगिता को किया बाधित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, कौशाम्बी।** स्थानीय ब्लाक के बलीपुर टाटा गांव में मंगलवार को आयोजित सांसद खेल प्रतियोगिता में बारिश ने खलल डाल दी। मैदान खराब हो जाने के कारण खिलाड़ियों की प्रतियोगिता पूरी नहीं हो सकी। सांसद विनोद सोनकर के निर्देश पर बलीपुर टाटा गांव में सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। खेल का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा देवी ने फीता काट कर किया। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी को निर्देश दिए गए थे कि गठित नवमंगल युवक दल की सहभागिता कराई जाए। दौड़ शुरु हुई ही थी कि इसीबीच बारिश ने प्रतियोगिता में खलल डाल दी। 100 मीटर दौड़ में गिरिया खालसा के मोनू, द्वितीय स्थान राजा और तृतीय स्थान पर दीपक यादव ने बाजी मारी।बालिका वर्ग में खुशबू प्रथम, कोमल द्वितीय, सोनम तृतीय स्थान पर रही। लांग जंप बालक वर्ग में नंद किशोर प्रथम, राजा द्वितीय, नीरज कुमार तृतीय स्थान पर रहे।

वहीं बालिका वर्ग में मोनी प्रथम व कोमल द्वितीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता के दौरान पानी से मैदान खराब होने के कारण प्रतियोगिता आनन फानन निपटा दी गई। इस मौके पर प्रधान संघ अध्यक्ष मैदान सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी प्रीतम सिंह, प्रधान पुष्पा देवी समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# ग्राम परिक्रमा यात्रा का कोरियों में हुआ शुभारंभ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** किसान मोर्चा के नेतृत्व में आयोजित ग्राम परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ ग्राम पंचायत कोरियों में जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने शुभारंभ का उपस्थित किसानों को संबोधित और प्रबुद्ध किसान भाइयों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में किसान मोटर जिला अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष भरवारी कविता पासी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सिराथू लवकुश मौर्य, पुनीत मौर्य, सर्व दमन चौधरी, ड्रोन तिवारी, संतोष केसरवानी, जितेंद्र शर्मा, उमेश विश्वकर्मा मौजूद रहें।

# स्नेहा द्विवेदी मिस फेयरवेल और अहद शरीफ को चुना गया मिस्टर फेयरवेल

## डॉ0 रिजवी स्प्रिंगफील्ड स्कूल विदाई समरोह में भावुक हुए अध्यापक एवम छात्र




**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी, कौशाम्बी।** स्थानीय कस्बा स्थित डॉ0 रिजवी स्प्रिंगफील्ड स्कूल में मंगलवार को विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 11 के छात्रों द्वारा अपने सीनियर की भावभीनी विदाई दी। इन मौके पर मौजूद सभी अध्यापक एवम छात्रों की आंखे नम थी।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रहे प्रधानाचार्य धर्मेंद्र पाण्डेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। इसके बाद अलग अलग क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इसके बाद 12वीं के विद्यार्थियों ने अपने अनुभवों को साझा किया।

कार्यक्रम का संचालन नशरा अख्तर और शाश्वत श्रीवास्तव ने किया। समारोह में म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अहद शरीफ को मिस्टर फेयरवेल और स्नेहा द्विवेदी को मिस फेयरवेल चुना गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र पाण्डेय ने छात्र छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनकी कुछ यादों को साझा किया।

इसके बाद कक्षा 12 के कक्षा अध्यापक दिनेश कुमार, श्रीचंद्र शर्मा, मो0 आरिफ और अश्नीत कुमार, बिन्ते जहरा, मो0 साजिद ने भी अपने भावुक शब्दों से छात्र छात्राओं की विदाई की साथ ही उज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विद्यालय के अध्यापक और कक्षा 11वीं और 12वीं के छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# सराय अकिल कस्बे में मां आदिशक्ति मंदिर का हुआ जीर्णोद्धार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सराय अकिल, कौशाम्बी।** नगर पंचायत सराय अकिल कस्बे में सब्जी मंडी स्थित जगत जननी मां दुर्गा का मंदिर का जीर्णोद्धार 50 व स्थापना दिवस समारोह बुधवार को आयोजित किया जाएगा तथा बसंत पंचमी बुधवार को कलात्मक जागरण का कार्यक्रम रखा गया है माता के भक्तों को प्रसाद ग्रहण कराया जाएगा।

बता दे, नगर पंचायत सराय अकिल सब्जी मंडी में 200 साल पुरानी मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया, मंदिर के 50 वर्ष पूरे स्थापना दिवस पर व बसंत पंचमी अवसर पर मंदिर प्रांगण को दुल्हन जैसे सजाने का कार्यक्रम शुरू हो गया है तथा साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया जा रहा है मंदिर के पुजारी मूलचंद ने बताया कि जो भी भक्त सच्चे मन से मंदिर में प्रार्थना करता है माता रानी उसकी सभी मनोकामना पूरी करती है , मंदिर के कार्यकर्ताओं ने बताया कि बसंत पंचमी बुधवार को रात्रि में कलात्मक जागरण का कार्यक्रम रखा गया है तथा मां के भक्तों को प्रसाद ग्रहण कराया जाएगा

# सपा लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष बने मसूद अहमद, कार्यकर्ताओं में खुशी

## सपा युवजन सभा के जिला अध्यक्ष बनाए गए उधव श्याम यादव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी, कौशाम्बी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के अनुमति व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति पर सपा लोहिया वाहिनी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रामकरन निर्मल ने मसूद अहमद को कौशाम्बी जनपद का जिला अध्यक्ष बनाया है। तो वहीं उधव श्याम यादव को समाजवादी युवजन सभा का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। यह जानकारी जैसे ही कार्यकर्ताओं को हुई तो समर्थक खुशी से झूम उठे। लोगों ने फूल माला पहनाकर एक दूसरे को मिठाई खिलाई।

समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव की अनुमति से सपा लोहिया वाहिनी प्रदेश अध्यक्ष डॉ राम करन निर्मल ने पार्टी के पार्टी ईमानदारी से कार्य करने वाले करारी क्षेत्र के अमीनपुर संवरो गांव निवासी मसूद



अहमद को लोहिया वाहिनी का जिला अध्यक्ष बनाया है। मसूद अहमद के जिला अध्यक्ष बनने से समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई।


दूसरी तरफ शीर्ष नेतृत्व के संस्तुति पर मूरतगंज क्षेत्र के बजहा निवासी ऊधव श्याम यादव को सपा युवजन सभा का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। इससे कार्यकर्ता काफी गदगद हैं। इस दौरान सपा लोहिया वाहिनी के नवागत जिला अध्यक्ष मसूद अहमद ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त कर जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वाहन करने का भरोसा दिया है। इस मौके पर मनीष चौधरी, अमन, डॉ इंद्रपाल, कैलाश पासी, धरम सिंह यादव, मो जफीर, निसार अहमद, हिमांशु यादव आदि रहे।

## सम्पादकीय

# भारत रत्न की राजनीति

जयंत चौधरी का रुख पूरे विपक्ष की राजनीति पर एक प्रश्नचिह्न है। यह संकेत है कि ज्यादातर विपक्षी नेताओं की प्राथमिकता अपना और अपने परिवार का हित है। जब भाजपा उन हितों से तालमेल बैठा देती है, तो वे सहज ही उसकी तरफ खिंच जाते हैं।आरएलडी के नेता जयंत चौधरी ने राज्यसभा में कहा कि मोदी सरकार ने उनके दादा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित कर उनका दिल जीत लिया है। इसके पहले वे कह चुके थे कि अब भाजपा उन्हें अपने गठबंधन में बुलाती है, तो वे किस मुंह से उस न्योते को ठुकराएंगे! यह कहते हुए चौधरी अपने उन पूर्व बयानों को भूल गए, जिनमें उन्होंने मौजूदा केंद्र सरकार पर किसान विरोधी और सांप्रदायिक होने के इल्जाम लगाए थे। चौधरी का यह रुख असल में पूरे विपक्ष की राजनीति पर एक प्रश्नचिह्न है। यह इसका संकेत है कि विपक्ष के ज्यादातर नेता अपने और अपने परिवार के हित की लड़ाई लड़ रहे हैं। जब भाजपा उन हितों से तालमेल बैठा देती है, तो वे सहज ही उसकी तरफ खिंच जाते हैं। केंद्र ने ऐसे तालमेल बिठाने के लिए अब देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न को औजार बना लिया है। अपने सियासी समीकरण बिठाने के लिए एक महीने के अंदर उसने पांच दिवंगत शख्सियतों को यह सम्मान प्रदान कर दिया है। जिन व्यक्तियों सम्मानित किया गया है, उनमें सिर्फ एमएस स्वामीनाथन ही गैर-सियासी हैं।हालांकि उनके सम्मान को भी तमिलनाडु में भाजपा की चुनावी प्राथमिकताओं से जोड़कर देखा जा सकता है। यह बात पहले से स्पष्ट है कि भाजपा की आज की कामयाबियों का एक बड़ा कारण 1990 के दशक में उभरी तीनों प्रमुख परिघटनाओं- मार्केट, मंदिर और मंडल को अपने में समाहित कर लेना है। ऐसे में पीवी नरसिंह राव, लालकृष्ण आडवाणी और कर्पूरी ठाकुर/ चौधरी चरण को सम्मानित करना उसके वर्तमान राजनीतिक समीकरणों से पूरी तरह मेल खाता है। जातीय प्रतिनिधित्व और प्रतीकों की राजनीति को साधने की वह महारत हासिल कर चुकी है। चूंकि विपक्ष नए सिरे से अपनी राजनीति का पुनर्आविष्कार करने में विफल रहा है, इसलिए भाजपा की इस कामयाबी ने ज्यादातर विपक्षी दलों और नेताओं को लगभग अस्त्र-विहीन बना दिया है। चूंकि भारत रत्न और अन्य नागरिक सम्मानों का अपने शासनकाल में उन्होंने भी सियासी मकसदों से इस्तेमाल किया था, इसलिए वे देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान के कथित अवमूल्यन पर आज शोर मचाने की स्थिति में भी नहीं हैं।

# किसान आंदोलन की आग में घी डालते मोदी विरोधी



**अजय कुमार,लखनऊ**

अन्नदाता की अब सोच बदलने लगी है.वह एक तरफ जमीन पर फसल उगाकर परिवार का पालन-पोषण करता है तो दूसरी ओर सरकार से किस तरह से क्या और कैसे हासिल किया जा सकता है,इस पर भी सोचने लगा है.भले ही इसके लिये उसकी छवि पर इसका असर पड़ रहा हो.खासकर चुनाव के समय किसानों के आंदोलन की एक नई दबाव वाली परम्परा बन रही है,जो देश के विकास और शांति व्यवस्था के लिये काफी खतरनाक है.किसानों के पिछली बार के आंदोलन को कौन भूल सकता है,जब कथित किसानों ने दिल्ली में तांडव किया था.उनके आंदोलन की बागडोर खालिस्तान समर्थकों ने संभाल रखी थी तो,विपक्षी दलों के नेता आंदोलित किसानों को उकसाने का काम कर रहे थे.ताकि बीजेपी को चुनावी नुकसान पहुंचाया जा सके.इस बार भी ऐसा ही हो रहा है.कांग्रेस और उसके गांधी परिवार से लेकर आम आदमी पार्टी के अरविंज केजरीवाल,बिहार में तेजस्वी यादव, यूपी में अखिलेश यादव जैसे नेता करीब-करीब हर राज्य में किसानों को अपनी सियासत का खिलौना बनाने में लगे हैं,जबकि हकीकत यह है कि किसानों की बेतुकी मांगों को मोदी ही नहीं कोई भी पीएम या किसी भी दल की सरकार नहीं पूरी कर सकती है.संयुक्त किसान मोर्चा और भारतीय किसान यूनियन भी इस आंदोलन से दूरी बनाये हुए हैं.लेकिन राकेश टिकैत यह जरूर कह रहे हैं कि उनका संगठन आंदोलनकारियों के साथ खड़ा है.

बहरहाल,मोदी सरकार जानती थी कि पूरे देश से अगल पंजाब और हरियाणा के मुट्ठी भर किसान अपने निजी हितों को साधने के लिए समय-समय पर ऐसे आंदोलन चलाते रहते हैं,जिनके तार खालिस्तान समर्थक और देश विरोधी तत्वों से भी जुड़े दिखाई देते हैं.दो वर्ष पूर्व किसानों की हठधर्मी के कारण ही मोदी सरकार को नया कृषि कानून वापस लेना पड़ गया था,क्योंकि नये कृषि कानून की आड़ में कुछ देश विरोधी शक्तियां और टुकड़े-टुकड़े गैंग देश को दुनिया में बदनाम करना चाहते थे.तब साल भर से अधिक किसान आंदोल चला था.यही सब अब भी हो रहा है,लेकिन इस बार केन्द्र सरकार चैकन्नी थी,किसानों को दिल्ली बार्डर से पहले ही रोकने के लिये पूरे इंतजाम कर लिये गये थे. यूपी में सपा प्रमुख अखिलेश भी यही काम कर रहे हैं,जबकि वह जानते हैं कि इस किसान आंदोलन से किसानों का कुछ लेना-देना ही नहीं है.आंदोलनकारी किसानों के साथ कोई भी बढ़ा किसान संगठन नहीं खड़ा है. अखिलेश कहते हैं एक ओर केंद्र सरकार ने किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने की घोषणा की। वहीं, दूसरी तरफ किसानों पर बल प्रयोग कर उन्हें उत्पीड़ित कर रही है। किसानों के नाम पर भाजपा की छल प्रपंच की राजनीति दो-मुंही नीति अस्वीकार्य है. किसान अपनी परेशानियों की चर्चा न कर सकें, इसलिए दिल्ली की सीमा पर अवरोध खड़े किए जा रहे हैं. बार्डर सील कर सीमेंट के बैरिकेड लगा दिए गए हैं. किसानों के रास्ते में कीलें ठोक दी गई हैं. किसानों को अपनी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली जाने से रोकना पूरी तरह अलोकतांत्रिक और संविधान विरोधी है. पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार भी कहीं न कहीं किसानों के आंदोलन को हवा दे रही है.इसी लिए पंजाब सरकार ने किसी भी किसान को दिल्ली कूच से नहीं रोका. बहरहाल, अखिलेश यादव की बात की जाये तो उन्हें लगता है कि भाजपा का चरित्र कम विरोधाभासी नहीं है. एक ओर केंद्र सरकार ने किसानों के मसीहा चैधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने की घोषणा की. वहीं दूसरी तरफ किसानों पर बल प्रयोग कर उन्हें उत्पीड़ित कर रही है. किसानों के नाम पर भाजपा की छल प्रपंच की राजनीति दो-मुंही नीति अस्वीकार्य है. अखिलेश ने कहा कि किसान आंदोलित है. भाजपा सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में किसानों को सिर्फ छलने और धोखा देने का ही काम किया है. भाजपा जोर जबरदस्ती से उनकी आवाज कुचलने का इरादा कर रही है.केंद्र सरकार तक अपनी मांगें पहुंचाने के लिए किसान दिल्ली जाना चाहते हैं, परंतु भाजपा सरकार उनको सुनना नहीं चाहती है. सरकार का आचरण लोकतंत्र विरोधी है. सवाल यह है कि किसी राजनैतिक पार्टी का नेतृत्व इतना परिपक्त कैसे हो सकता है जो अपनी राजनीति को चमकाने के लिये सही-गलत का भी आकलन नहीं कर पाता हैं.किसानो ने जो मांगे रखी हैं,उसमें सबसे बड़ी मांग एमएसपी(न्यूनतम समर्थन मूल्य) की है.किसान चाहते हैं कि उन्हें अपनी फसल बाजार में बेचने की जरूरत नहीं पड़े, केन्द्र सरकार उसकी फसल को खरीद कर उसे एमएसपी दे दे.यह असंभव है.कोई सरकार कैसे किसानों की पूरी फसल खरीदने में अपना पैसा झोंक सकती है.आखिर सरकार को और भी विकास के काम करने होते हैं.देश की सुरक्षा के लिये मिलेट्री के आधुनिकीकरण पर पैसा खर्चा करना होता है.अपनी सामाजिक योजनाओं को पूरा करने के लिये पैसा चाहिए होता है.इसी तरह की कई बेतुकी मांगे किसान कर रहे हैं.किसानों का कहना है कि वर्ष 2021-22 में जिस किसी भी किसान पर मुकदमा हुआ था उसे रद्द किया जाए. पूर्व आंदोलन में जिन किसान की मौत हुई थी उनके परिवार को मुआवजा देने की मांग, पूर्व आंदोलन में जिन किसान की मौत हुई थी उनके परिवार के एक सदस्य को नौकरी.सरकारी और गैर सरकारी कर्ज माफ हो.60 वर्ष से अधिक के किसानों को 10 हजार रुपये पेंशन. कृषि वस्तुओं, दूध उत्पादों, फलों, सब्जियों और मांस पर आयात शुल्क कम किया जाए. स्वामीनाथन आयोग



की सिफारिश लागू की जाएं.इसी तरह से कीटनाशक, बीज व उर्वरक अधिनियम में संशोधन के अलावा इसी तरह की और भी किसानों की कई मांगे हैं. उधर, उत्तर प्रदेश के बॉर्डरों जिनमें गाजीपुर, चिल्ला, अप्सरा व भोपुरा शामिल हैं वहां लगभग एक हजार पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया गया है. सभी बॉर्डर पर बैरिकेड लगाए गए हैं.हालांकि केवल एक लेन वाहनों के लिए खोली गई है. वहीं, सिंघु बॉर्डर पर भी भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात है. रोड पर बैरिकेड लगाए गए हैं. औचंदी, लामपुर व सबौली बॉर्डर पर पुलिस व अर्ध सैनिक बलों की संख्या में इजाफा किया गया है. जबकि रिपोर्ट्स बताती हैं कि टीकरी बॉर्डर पर पुलिस की कड़ी नजर है. जानकारी के अनुसार दिल्ली से जुड़े हरियाणा के बॉर्डरों पर अधिक संख्या में किसान मौजूद हैं.




**मेष राशि**-आज आपका दिन नया बदलाव लाने वाला है। आज सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। किसी काम में आपको सकारात्मक परिणाम मिलेगा, जिससे आपको खुशी महसूस होगी। आज समय का सही इस्तेमाल करेंगे और हर काम को लगन से करने की ललक रहेगी। अच्छे नतीजे भी मिलेंगे।

**वृष राशि**-आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि के छात्रों को अपने शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। साथ ही करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर प्राप्त होंगे। निजी व्यस्तता के चलते काम अधूरे रह सकते हैं। इस राशि के सरकारी नौकरी करने वालों को एक्स्ट्रा काम और जिम्मेदारी मिल सकती है। आप पूरे आत्मविश्वास के साथ काम कर लेंगे।

**मिथुन राशि**-आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपको किसी खास काम में अनुभवी व्यक्ति से मदद मिलेगी। आप परिवार के साथ मूवी देखने का प्लान बनाएंगे। घर में नजदीकी रिश्तेदारों के आने से उत्सव का माहौल रहेगा। कई तरह के विचारों का आदान-प्रदान रहेगा। सही समय पर सही फैसला लेने से आपको नौकरी और बिजनेस में अच्छा मौका मिल सकता है।

**कर्क राशि**-आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। परिवारिक माहौल बेहतर बना रहेगा। आपके काम में परिवार वालों का सहयोग बना रहेगा। कई मामलों में धीरज और धैर्य भी रखना जरूरी है। बातचीत में सही शब्दों का इस्तेमाल करें। गुस्से और जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं। कारोबार में मेहनत का फायदा मिलेगा। ऑफिस में बहुत संजीदगी से काम करें।

**सिंह राशि**-आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। आज आप अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कोई नई योजना बनाएंगे, योजना भविष्य में कारगर साबित होगी। आज नए कामों पर आपका ध्यान रहेगा। उसके सकारात्मक नतीजे भी मिलेंगे। अपने स्वभाव में सकारात्मक बदलाव लाएंगे। जिससे परिवार और रिश्तेदारों के बीच आपकी अच्छी इमेज बनेगी इस राशि के जो लोग नौकरी में है, आज उन्हें कोई अच्छी खबर मिलेगी।

**कन्या राशि**-आज का दिन अच्छा रहने वाला है। छात्रों के करियर में आज नया बदलाव आएगा, जो उनके भविष्य के लिए फायदेमंद होगा। आज आपकी सेहत बढ़िया रहेगी। किसी विशेष काम को लेकर सफलता मिल सकती है। जिससे आप खुश रहेंगे। नए कामों की योजनाएं बनेंगी। अपनी किसी योजना पर काम करने के लिए लोगों से मदद मिल सकती है।

**तुला राशि**-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज ऑफिस के काम में आप थोड़े बिजी होंगे। आपको थोड़ी थकान महसूस होगी, अपने खान-पान पर विशेष ध्यान दें। आज आपके कारोबार में तेजी आएगी। सहकर्मियों की मदद से आपके काम बन जाएंगे। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। अपने विचारों को पॉजिटिव रखना बहुत जरूरी है। आप घरेलू सामान खरीदने में पैसे खर्च करेंगे।

**वृश्चिक राशि**-आज किसी खास काम में आपको फायदा मिलेगा। माता- पिता के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। जीवनसाथी आपकी बातों से प्रभावित होंगे, आपके कामों में आपकी मदद भी करेंगे। सामाजिक या राजनैतिक जान-पहचान मजबूत होगी। अपने में ऊर्जा और प्रसन्नता महसूस करेंगे। परिवार के सदस्य के करियर से जुड़ी अच्छी खबर मिल सकती है। नकारात्मक परिस्थितियां बनने पर धैर्य रखें। बिजनेस के मामलों में आज का दिन बेहतर रहेगा।

**धनु राशि**-आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आप असंभव कार्यों को भी पूरा करने में सफल होंगे। आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे, घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। अपने से बड़े और समझदार इंसान की मदद से आपकी परेशानियां सुलझ सकती हैं। नजदीकी दोस्त या रिश्तेदार के साथ खराब रिश्ते दोबारा अच्छे हो सकते हैं। आज बहुत व्यवस्थित रहने का समय है। बाहरी गतिविधियों में समय बीताने से पैसा और ऊर्जा बरबाद होगी।

**मकर राशि**-आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आपके पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। आपकी कोशिशें सफल होंगी, थोड़ी-सी मेहनत करके आप अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त करेंगे। नवविवाहितों के जीवन में खुशियां बढ़ेगी। आपकी सकारात्मक सोच से परिस्थितियां अच्छी होंगी। घर में धार्मिक आयोजन हो सकता है। आपकी कोशिशों से रिश्ते सुधरेंगे। बिजनेस में खास बदलाव होंगे। उसके सकारात्मक नतीजे मिलेंगे। आर्थिक स्थिति काफी हद तक मजबूत होगी। व्यावसायिक कामों के लिहाज से आज का दिन बेहतर है, आप हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश करेंगे। ऑफिस का बढ़िया माहौल आपको खुश कर देगा, काम करने में मन लगा रहेगा। जीवन में आगे बढ़ने के लिए नए रास्ते खुलेंगे।

**कुंभ राशि**-आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। ऑफिस में सभी लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। आप शाम को किसी समारोह में शामिल होंगे। संतान की उपलब्धि को लेकर घर में उत्सव रहेगा। पारिवारिक मसला सुलझने से घर में सुकून और शांति रहेगी। परिवार के साथ मनोरंजन का प्रोग्राम बन सकता है। आज राज की बात किसी से शेयर न करें। किसी पुराने मित्र से मिलकर आपका मन प्रसन्न होगा । लवमेट के लिए आज का दिन शानदार रहेगा। आज अध्यात्म की तरफ आपका रुझान रहेगा।

**मीन राशि**-आज आप खुशियों से भरे दिन की शुरुआत करने वाले हैं। पारिवारिक मामलों को लेकर आपको थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ेगी। ऑफिस में काम धीमी गति से पूरे होंगे। थोड़ा समय परिवार और बच्चों की समस्याओं को समझने और सुलझाने के लिए निकालें। आज समय के हिसाब से काम करने के तरीकों में बदलाव करना जरूरी है। किसी बात को लेकर उसके जानकर व्यक्ति से विचार विमर्श करेंगे। आज किसी से भी बेवजह उलझने से आपको बचना चाहिए। आप अपना काम पूरा करने के लिए किसी दोस्त से मदद भी मांग सकते हैं।

# हल्द्वानी में हो रहे दंगे का जिम्मेदार कौन?



देवभूमि की अस्मिता को नष्ट क्यों किया जा रहा है? जहां के लोग मात्र पुलिस की वर्दी देखकर ही कांप जाया करते थे, आज वहां पुलिस के ऊपर पत्थरबाजी हो रही है। इस बात से यह तो स्पष्ट हो जाता है कि ये लोग यहां के मूल निवासी नहीं हैं, ये घुसपैठिये और आतंकवादी हैं। हल्द्वानी में गुरुवार को कोर्ट के निर्देशानुसार पुलिस प्रशासन की टीम वहां अवैध रूप से निर्मित मदरसा और मस्जिद को तोड़ने गई। जैसे ही पुलिस की टीम ने उचित कार्यवाही करना शुरू किया तो वहां की महिलाएं और स्थानीय लोग (घुसपैठिए) की गुस्साई भीड़ कार्यवाही के विरोध में सड़क पर उतर गई, तथा पुलिसकर्मियों के साथ बहस करने लगी और साथ ही साथ देश विरोधी नारेबाजी करने लगी। ये भीड़ इतने से ही शांत नहीं हुई, इन्होंने पुलिस कर्मियों को रोकने तथा भगाने के लिए उन पर पत्थरबाजी करना शुरू कर दिया। देखते ही देखते स्थिति भयंकर होने लगी और शुरू हुई इस बहस ने दंगे का रूप ले लिया। यह दंगा पहले से ही सुनियोजित था, जिस वजह से पुलिस कर्मियों तथा उनकी टीम को वहां से अपनी जान बचाने के लिए पीछे हटना पड़ा। उसके बाद उस भीड़ ने आगजनी में पुलिस प्रशासन की गाड़ियां और सरकारी संपत्ति को जलाना शुरू कर दिया।

आखिर ऐसा क्यों हुआ?

यह सिर्फ इसलिए कि हमारी देवभूमि में बाहरी लोगों ने कब्जा कर लिया है। और हम लोग (मूल निवासी) अपने अपने क्षेत्र को छोड़कर बड़े बड़े शहरों में आ गए हैं। जिस कारण ये भीड़ हमें हमारे ही घर से भगा रही है। इसमें गलती हमारी ही है किसी और की नहीं। शर्म आती है मुझे उन लोगों पर जो खुद को पहाड़ी कहते हैं और अपनी जमीन, खेत, घर, तथा गांव बाहर वालों को बेचकर बड़े बड़े शहरों में रह रहे हैं। अपनी भूमि पर इन वामपंथियोंङ्क आतंकवादियों को रहने की छूट दे दी है, जिस कारण वर्तमान समय में इनकी संख्या इतनी हो गई है कि उत्तराखंड दूसरा कश्मीर बनने की कगार पर खड़ा है। इसका परिणाम यह होगा कि कुछ समय बाद वह दिन भी आ जायेगा जब यहां के मूल निवासी देवभूमि के लोगों को अपनी जान बचाने के लिए अपना ही घर, परिवार, गांव तथा राज्य सब कुछ छोड़कर भागना पड़ेगा। इसके पीछे का महत्त्वपूर्ण कारण यह है कि जो लोग दिल्ली, मुंबई, बैंगलोर में रहते हैं और उत्तराखंड के नाम पर खुद को पहाड़ी बताते हुए विभिन्न संस्थाएं चला रहे हैं। इनसे इनके गांव के बारे में पूछो तो हल्द्वानी, नैनीताल, पौड़ी, टिहरी और देहरादून से आगे नहीं बढ़ पाते। पहाड़ियों की पहचान और कार्यक्रम के नाम पर ये लोग नाच गाना ही करते रहते हैं। जब कभी उत्तराखंड पर संकट आता है, तब ये संस्थाएं रजाई ओढ़कर सो जाती हैं। कभी भी इन लोगों ने देवभूमि में बढ़ रहे आतंकवाद, घुसपैठ तथा धर्मान्तरण पर कुछ नहीं बोला, आज जब हल्द्वानी जल रहा है तब कहां सोए हुए हैं ये लोग? कहां है इनकी संस्थाएं? सात माह पहले विकास नगर देहरादून में हुई घटना तो एक ट्रेलर के रूप में हमारे सामने आई थी, तब भी इन लोगों ने चूं तक नहीं किया। ऐसे चुप बैठने से हम अपनी देवभूमि को कब खो देंगे पता ही नहीं चलेगा। नहीं बचेगा हमारा घर, गांव, धरोहर तथा संस्कृति फिर क्या ही रह जाएगा सिर्फ नाचना और गाना.. इसलिए जागो पहाड़ियों जागो अभी समय है तो अपनी विरासत को बचा लो। अभी तो इन लोगों ने हमें हल्द्वानी में एक और ट्रेलर दिखाया है अगर इन घुसपैठियों को अभी नहीं रोका गया तो ये आतंकवादी हमें पूरी फिल्म दिखा देंगे तब हम कुछ नहीं कर पाएंगे। और फिर कुछ वर्षों बाद हम लोग एक और फिल्म देखेंगे जिसका नाम होगा ÷द उत्तराखण्ड फाइल्स÷ और इस फिल्म को देखते हुए हम अपने आँसुओ को उसी तरह नहीं रोक पाएंगे, जिस तरह ÷द कश्मीर फाइल्स÷को देखते हुए नहीं रोक पाए थे और अपनी आने वाली पीढ़ी को बताएंगे कि कैसे हम लोग अपनी जान को बचाने के लिए देवभूमि को छोड़कर आए।हमें ÷द उत्तराखंड फाइल्स÷ न देखनी पड़े इसके लिए आवाज उठानी पड़ेगी और देवभूमि में आए इन घुसपैठियों को वहां से बाहर करना होगा। जिसके लिए हमें सख्त भू कानून की आवश्यकता है इस समय हमें राजनीति, पार्टी, और जाति से ऊपर उठकर अपनी देवभूमि के देवत्व को बचाना है।

जय देवभूमि जय उत्तराखंड ।

**(लेखिका दिल्ली विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्रा है।)**

# लोकमित्र का रंग कवियों के संग

## प्रेम

जो रूह तक जाए
उसे प्रेम कहते हैं।
जो दिल में ठहर जाए
उसे प्रेम कहते हैं।
जो नजरों में समा जाए
उसे प्रेम कहते हैं।
जो पूरी शिद्दत से चाहे
उसे प्रेम कहते हैं।
जो हर पल महसूस हो
उसे प्रेम कहते हैं।
जो दिलो दिमाक पे छा जाए
उसे प्रेम कहते हैं।
जो दूर रहकर भी याद आए
उसे प्रेम कहते हैं।
कही किसी बात पे उसका जिक्र हो जाए
उसे प्रेम कहते हैं।
जो बेवजह याद आए
उसे प्रेम कहते हैं।
किसी के हर बात पे प्यार आए
उसे प्रेम कहते हैं।
जो दिल को भा जाए
उसे प्रेम कहते हैं।
कोई राही जब दिल को छू जाए
उसे प्रेम कहते हैं।
जो निसब्द होके महक जाए
उसे प्रेम कहते हैं।
जो किसी का हमदर्द बन जाए
उसे प्रेम कहते हैं।
जब कोई दुआ देके जाए
उसे प्रेम कहते हैं।
किसी पर विश्वास बन जाए
उसे प्रेम कहते हैं।
जो मिल बाट के खाए
उसे प्रेम कहते हैं।
जो विपत्ति में फरिश्ता बन जाए
उसे प्रेम कहते हैं।
कोई अनजाना दोस्त बन जाए
उसे प्रेम कहते हैं।
जो किसी के लिए त्याग कर जाए
उसे प्रेम कहते हैं।
जो किसी को अपना अमूल्य समय दे जाए
उसे प्रेम कहते हैं।
जो दिल की परिभाषा समझ जाए
उसे प्रेम कहते हैं।
जिनसे मिलकर आंतरिक सुख मिले
उसे प्रेम कहते हैं।
जहा वात्सल्य उमड़े जाए
उसे प्रेम कहते हैं।
जिससे मन मिल जाए
उसे प्रेम कहते हैं।
प्रेम अनंत है निर्मल है
बस उसे समझने की जरूरत है।


**नीता सिंह**
**जबलपुर**



## बसंत

सृष्टि रचयिता ब्रह्मा को
जब सृष्टि लगी अधूरी
उनके जल कमंडल से
प्रकट हुई मां बागेश्वरी
माघ माह की तिथि थी पंचमी
धरती पर छाया बसंत
पृथ्वी लोक के लोगों पर
मां शारदा ने बरसाई महिमा अनंत,
ज्ञान, बुद्धि संगीत की देवी ने,
दुनिया का किया मौन भंग
बहने लगी ज्ञान की गंगा
जल में पैदा हुई तरंग
करें कृपा मां वीणापाणि
जन जन की हो मधुर वाणी
हे मां श्वेता आपके जैसा
श्वेत बने हम सबका मन
हे ज्ञानदा सब बने ज्ञानवान
धरती में रहे सदा अमन
आपकी कृपा मात्र से जड़मति,
सुविज्ञ हो जाता है
अपने तिमिर युक्त जीवन में
ज्ञान का दीप जलाता है।

**संध्या**
**कानपुर उत्तर प्रदेश**



## हो जाए

हरारत हो गमों को भी
ये अक्सर खुशियाँ कहतीं हैं
सजल आँखों की चाहत है
उन्हें आराम हो जाए
कहने - कहाने को पैदा हुई दुनिया
गर हम जो कुछ कह दें...
तो हम बदनाम हो जाएँ
अश्कों के हवाले से...
बहुत जरूरी खबर है सुन
सभी आ साथ बैठें फिर
छलकता जाम हो जाए
अपनी बात रखने को
तूँ दिन पर दिन जो देता है
असल बात कह दूँ तो
धुंधली शाम हो जाए
मैं दुनिया और लोगों से
अतः आजिज हो आया हूँ
मुझे एकांत बख्शे सब
थोड़ा आराम हो जाए
किस्मत से गुजारिश
आख़िरकार कर ही दी मैंने
इक इच्छा ये भी थी के
मेरा भी नाम हो जाए

**-सिद्धार्थ गोरखपुरी**



## सरस्वती वंदना

मातु शारदे नमन् कर रहा,तेरा तो अभिनंदन है।
ज्ञानमातु,हे हंसवाहिनी !,बार-बार पग-वंदन है।।
वाणी तुझसे ही जन्मी है,तुझसे ही सुर बिखरे हैं।
तू विवेक को देने वाली,जड़-चेतन सब निखरे हैं।।
यश पाता हर कोई तुझसे,लगता माथे चंदन है।
ज्ञानमातु,हे हंसवाहिनी !,बार-बार पग-वंदन है।।(1)
सत्य सभी पाते हैं तुझसे,धर्म-चेतना मिलती है।
सद् आचारों की रौनक हो,बगिया नित ही खिलती है।।
जिस पर माँ करती हैं करुणा,बन जाता सद् नंदन है।
ज्ञानमातु,हे हंसवाहिनी !,बार-बार पग-वंदन है।।(2)
गहन तिमिर से आप बचाकर,राह प्रगति की देती हैं।
अच्छाई-सच्चाई को नित,आप सदा ही सेती हैं।।
जिस पर दया मातु करती हैं,वहाँ नहीं फिर क्रंदन है।
ज्ञानमातु,हे हंसवाहिनी !,बार-बार पग-वंदन है।।(3)
कलम हाथ है,पुस्तक शोभित, शांतचित्त नित माता है।
जिसने वैचारिकता पाई,वह माता को भाता है।।
हर्षित करतीं मातु महकता,उसका जीवन-उपवन है।
ज्ञानमातु,हे हंसवाहिनी !,बार-बार पग-वंदन है।।(4)
है वसंत की मधुर पंचमी,सारे जग में रौनक है।
मौसम भी तो हर्षाता है,खुशियों की नित दस्तक है।।
हुई अवतरित मातु शारदे,उल्लासित तो जन-जन है।
ज्ञानमातु,हे हंसवाहिनी !,बार-बार पग-वंदन है।।(5)
मातु शारदे आप धन्य हैं,हर जन को वर देती हो।
जहाँ शिथिलता,कर्महीनता,दुर्विकार हर लेती हो।।
धरा और नभ में रहती हो,यह जग तुमसे पावन है।
ज्ञानमातु,हे हंसवाहिनी !,बार-बार पग-वंदन है।।(6)

**प्रो (डॉ) शरद नारायण खरे**
**प्राचार्य**
**शासकीय जेएमसी महिला महाविद्यालय**



**मंडला, मप्र**

## अजब दुनिया का मेला है

रहे मद में सदा अंधे,
अजब दुनिया का मेला है।
कि झूठी शान की खातिर,
ये खेलें रोज खेला है।
सजाके बैठे ये चौसर,
लिए शकुनि सी ये गोटी।
सियासी दांव खेलें ये,
सिकें श्मशान में रोटी।
नहीं डरते ये ईश्वर से,
नहीं दिल इनका पछताता।
सदा करते वही बातें,
जो इनके मने को है भाता।
नहीं अच्छे लगे इनको,
किसी की मान औ खुशियां।
बुराई में रहे डूबे सदा,
कसते ये फब्तियां।
मधु कहती जरा सुन लो,
ये सारे कलयुगी कौरव।
किसी का चीर हरने से ,
कभी मिलता नहीं गौरव।

**मधुलिका राय मल्लिका**
**गाजीपुर (उत्तर प्रदेश)**



## सेल्फी दिवस ( साहित्योदय काव्य रचना)

हर दिन को हम एक बेहतर दिवस मनाएं
अपने अच्छे विचारों का गुलदस्ता सजाएं
अपने मन की बगिया को हम भी महकायें,
लेकर एक सेल्फी आओ सेल्फी दिवस मनाएं ।।
कोई पल रूला जाता है अक्सर ही बैठे बिठाए,
कोई पल हँसाता हमको,ठहाका मार हम मुस्कुराएं,
इस दुनिया के साथी हैं दुख सुख, ये बात समझ जाएं
क्यूं करें फिर चिंता इतनी आओ सेल्फी दिवस मनाएं।।
न कुछ तेरा न कुछ मेरा, फिर क्यूं किसी को नीचा दिखायें
जिएं और जीने दें सबको हम, उम्मीद कम ही अब लगाएं
सबका अपना दृष्टिकोण है फिर क्यूं ये हम समझ न पाएं
दुआ यही हर दिवस हो बेहतर आओ सेल्फी दिवस मनाएं।।



**आशी प्रतिभा**
**ग्वालियर मध्य प्रदेश**

## प्रेमगीत

सावन की पहली बारिश में
तेरी मीठी मीठी बातों में
मैं मतवाली सी कह आई
जो कह भी ना पायी खूवाबों में
बोले जब कंगना हाथों में
मिसरी सा घोले कानों में
मैं प्रेम का प्याला पी आई
सावन की मस्त फिजाओं में
क्या ये सुरूर तुम्हारा है
या के कुसूर हमारा है
मैं छिप छिप देखूँ चिलमन से
नहीं दिल पर ज़ोर हमारा है
सावन की पहली बारिश में
तेरी मीठी मीठी बातों में
मैं मतवाली सी कह आई
जो कह भी ना पायी खूवाबों में
मैं झूला झुलूँ लहरों पर
मैं उड़ने लगी हूँ सपनों में
अब लाज शरम नहीं आती है
मैं क्यों ये छिपाऊँ दुनिया से
हाँ अब सबकुछ तुमसे है
तुमसे हीं शुरू तुम्हीं तक है
मैं रीत का बंधन जोड़ चुकी
मेहँदी ये रचा के हाथों में
दिल दे के चैन गंवाया है
मैंने तुझको खुदा बनाया है
तुम मुस्काते मैं शर्माती हूँ
बोलो ना कहाँ छिपाती हूँ
तुम समझ सको तो आ जाओ
मेरी पलकें बिछी हैं राहों में
सावन की पहली बारिश में
तेरी मीठी मीठी बातों में
मैं मतवाली सी कह आई
जो कह भी ना पायी खूवाबों में



**आकाश सिन्हा अर्श**
**पटना, बिहार**

# उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा को नकलविहीन व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये डीएम एवं एसपी ने बैठक

## 17 व 18 फरवरी 2024 को जनपद के 27 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी पुलिस भर्ती परीक्षा

## 13512 अभ्यर्थी पुलिस भर्ती परीक्षा में होगें शामिल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा को नकलविहीन एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी के सभागार में केन्द्र व्यवस्थक, सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्टेऊट के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा दिनांक 17 व 18 फरवरी 2024 को जनपद के 27 परीक्षा केन्द्रों क्रमशः सन्त एन्थोनी इण्टर कालेज, पी0बी0 इण्टर कालेज प्रतापगढ़ सिटी, के0पी0 हिन्दु इण्टर कालेज, श्रीराम बालिका इण्टर कालेज चिलबिला, राजकीय इण्टर कालेज, डा0 जयमंगल सिंह प्राथमिक प्रशिक्षण संस्थान, सरोजनी इण्टर कालेज कुसमी जहनईपुर, बी0एस0एस0 एकेडमी स्कूल फूलवारी, श्री अजब नारायण इण्टर कालेज कोहड़ा, मार्डन साइन्स इण्टर कालेज जोगापुर सदर, एम0डी0पी0जी0 कालेज, जगतपाल रंगनाथ द्विवेदी इण्टर कालेज कोहड़ौर, रामराज इण्टर कालेज पट्टी, स्नातकोत्तर महाविद्यालय पट्टी, रा0रा0कु0इ0का दिलीपुर, हेमवती नन्दन बहुगुणा पीजी कालेज, स्व0 भगवत प्रसाद स्मारक इण्टर कालेज तिलौरी, पीजी कालेज प्रतापगढ़ सिटी, अनन्त प्रसाद इण्टर कालेज भदोही, मालती इण्टर कालेज, बृजेन्द्रमणि इण्टर कालेज कोहड़ौर, भागवत दत्त बालिका महाविद्यालय लालगंज अझारा, गायत्री देवी बालिका इण्टर कालेज पूरेदुर्बन दिलीपपुर, राम नारायण इण्टर कालेज पट्टी, सुरेश चन्द्र मिश्र डिग्री कालेज बेल्हाघाट, आत्रेय एकेडमी फुलवारी एवं आद्या प्रसाद स्मारक इण्टर कालेज प्रतापगढ़ सिटी परीक्षा आयोजित होगी। उन्होने बताया कि परीक्षा दो पालियों प्रथम पाली पूर्वान्ह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली की परीक्षा अपरान्ह 3 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक आयोजित होगी जिसमें कुल 13512 अभ्यर्थी शामिल होगें। उन्होने परीक्षा में लगे सभी केन्द्र व्यवस्थापक, सेक्टर व स्टैटिक मजिस्टेऊटों को निर्देशित किया कि पुलिस भर्ती परीक्षा को नकलविहीन एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा से पूर्व सभी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करें वहां पर सीसीटीवी कैमरा व अन्य समस्त व्यवस्थायें समय से पूर्व सुनिश्चित करा लें ताकि परीक्षा के दिन किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अतिरिक्त उन्होने कहा कि परीक्षा के दिन परीक्षा केन्द्रों पर मोबाइल फोन, घड़ी, कैमरा तथा अन्य इलेक्ट्रानिक्स गैजेट्स को ले जाना पूर्णतया प्रतिबन्धित होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि आने-जाने में परीक्षार्थियों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाये।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने ड्यूटी पर लगे अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो परीक्षा केन्द्र दूर है उसके स्टैटिक मजिस्टेऊट समय से कोषागार से प्रश्न पत्र प्राप्त कर सेन्टर पर समय से पहुँचा दें और उसके उपरान्त द्वितीय पाली की परीक्षा हेतु भी परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्न पत्र पहुँचाना रहेगा इसलिये समय का विशेष ध्यान रखें।

परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगें जिससे परीक्षा में किसी भी प्रकार का व्यवधान न होने पाये। आस-पास दो गज की परिधि में विस्तारक यंत्रों एवं फोटो स्टेट की दुकानें पूर्णतया प्रतिबन्धित रखी जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा ने कहा कि जिन अधिकारियों को जो दायित्व सौपा गया है उसका शत् प्रतिशत अनुपालन करें, लापरवाही कदापि न बरते। अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय ने पुलिस भर्ती परीक्षा के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

# मां शारदे के प्रति भावनात्मक जुड़ाव को दर्शाते हुए सजाई भव्य रंगोली



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** वी. एस. मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल चकवनतोड़ प्रतापगढ़ की छात्रा नैना, परी, रक्षिता, प्रतिष्ठा, दिव्यांशी, इकरा, खुशबू, अदिति, सहीना ने वसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर मां शारदे के प्रति अपने भावनात्मक जुड़ाव को भव्य रंगोली के माध्यम से उकेरा।इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ निदेशिका श्रीमती अलका सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित करते हुए किया। इसके बाद समस्त स्टाफ और बच्चों द्वारा पूजन किया गया। इस अवसर पर नौनिहालों ने माता सरस्वती की वंदना का गायन किया। छात्र-छात्राओं द्वारा मां भगवती शारदे को समर्पित गीत, भाषण प्रस्तुत किए गए। यह कार्यक्रम विद्यालय की शिक्षिका दीपांजलि, ज्योति, अनामिका, एकता, श्वेता आदि के मार्गदर्शन में हुआ।विद्यालय की शिक्षिका दीपांजलि सिंह ने मां शारदे के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा कि मां शारदे तो हम सबके हृदय में विराजमान हैं और इस रंगोली से छात्राओं ने अपनी अनुपम संस्कृति की झलक दिखलाने का प्रयास किया है।विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. इमरान नासिर ने कहा कि वसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की विशेष पूजा करनी चाहिए। इससे हमारी बुद्धि निर्मल रहती है और सकारात्मक सोच का विकास होता है। अंत में विद्यालय की निदेशिका श्रीमती अलका सिंह ने शिक्षक-शिक्षिकाओं की सराहना व नौनिहालों का उत्साहवर्धन करते हुए सभी को वसंत पंचमी की बधाई और शुभकामनाएं दी तथा मां शारदे से कामना किया कि सभी के ज्ञान में वृद्धि हो।

# शादी का झांसा देकर नौ वर्षो से युवती के साथ करता रहा दुष्कर्म, केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शादी का झांसा देकर कई वर्षो से युवती के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के इलाके के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बाघराय थाना के मण्डल भासो निवासी प्रदीप सरोज पुत्र राजेश सरोज से मोबाइल फोन के माध्यम से उसका सम्पर्क हुआ। आरोप है कि शादी का झांसा देकर आरोपी उसके साथ करीब नौ वर्ष से दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देता रहा। पीड़िता के शादी के लिए दबाव बनाने पर आरोपी ने शादी करने से मना कर दिया। इसकी शिकायत उसके परिवार के लोगों से करने पर आरोपी के परिजनों ने जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि मामले में तहरीर के आधार पर दुष्कर्म व जानलेवा धमकी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# छात्रों ने खून से दी पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** रोटरी क्लब सेन्ट्रल के तत्वावधान में 13 फरवरी को मुनीश्वरदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रक्ताल्पता के कारण एवं निवारण पर एक गोष्ठी तथा पुलवामा के शहीदों की स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें कुसुम लता गुप्ता कांउसलर रक्तकोष ने छात्र छात्राओं को हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने की सलाह दी और रक्तदान से होने वाले फायदे के बारे में विस्तार से बताया। रो. शरद केसरवानी ने रक्तदान करने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्रबंध समिति के सचिव आनंद पाण्डेय ने पुलवामा के शहीदों के बारे में बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज मिश्र तथा क्लब के सचिव अख्तर मसूद ने रक्तदान किए हुए छात्र छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरित किए।

# बूथों पर डटी रहेंगी महिला कार्यकर्ता

**प्रतापगढ़।** सदर विधान सभा में अपना दल एस की पूर्वी जोन की बैठक जोन अध्यक्ष पंकज वर्मा की अध्यक्षता में बराछा में संपन्न हुई।बैठक में सेक्टर और बूथ स्तर पर किए गए कार्यों की समीक्षा की गई महिला मंच जिला अध्यक्ष संगीता पटेल ने कहा कि हमें बूथ, सेक्टर और जोन स्तर पर भी पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं को भी सहभागिता देना है। महिलाओं को जागरुक कर के उन्हें पार्टी की विचारधारा से जोड़ना है। इस मौके पर अनारकली जिला उपाध्यक्ष महिला मंच , रमेश गौड़ सेक्टर अध्यक्ष ,उमेश चंद्र वर्मा सेक्टर उपाध्यक्ष ,बादल पटेल सेक्टर अध्यक्ष ,सीता देवी सदस्य, किरण पटेल सदस्य , मीडिया प्रभारी अरविंद मौर्य उपस्थित रहे।

# लालगोपालगंज ने मवई कला को हराकर जीता क्रिकेट टूर्नामेंट



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़** बाबागंज विकास खंड के महमदपुर गांव में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता में लालगोपालगंज ने मवई कला को हराकर प्रतियोगिता अपने नाम की।मवई कला ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवरों में 87 रन बनाये। जिसे लालगोपालगंज की टीम ने 6.3 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को पूर्ण कर लिया और 8 विकेट से मैच अपने नाम किया।विजेता टीम को ग्राम प्रधान व जिला सचिव पंकज यादव ने पुरस्कृत किया। मैन ऑफ़ द सीरीज व मैन ऑफ़ द मैच लालगोपालगंज की टीम के सुफियान को चुना गया।इस दौरान पूर्व प्रधान नूर आलम फारुकी, प्रधान अनुपम निर्मल, प्रधान डब्लू तिवारी, पूर्व प्रधान मनोज शुक्ला, मो. दानिश, मो. जुबैर, इरशाद, निज़ाम, जफ़र, तनवीर, तुफैल, आरिफ, दशाराम, सुमित शुक्ला, कमेंट्टर अखिलेश मिश्र, अम्पायर नदीम व सैफ आदि उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में पांच घायल

**कुंडा प्रतापगढ़** लालगंज अझारा थाना क्षेत्र के जैनपुर निवासी वीरेन्द्र कुमार (23) मंगलवार को कुंडा इलाके में सड़क हादसे में घायल हो गया। अन्य दुर्घटनाओं कुंडा के चकिया मौली के मोनू साहू (30), पप्पू पाल (45), हथिगवां थाना क्षेत्र के बेंती निवासी अंजली प्रजापति (21), मानिकपुर के बड़गौं निवासी शुभम पटेल (15) घायल हो गए। आसपास के लोगों ने सभी को सीएचसी भेज दिया।

# एटीएम मशीन पर अवरोध व मारपीट तथा चोरी एवं धोखाधड़ी का आरोपी गिरफतार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना कोहंडौर के उ0नि0 जावेद अहमद ने जनता के सहयोग से थाना क्षेत्रान्तर्गत कस्बा कोहंडौर में स्थित एटीएम मशीन पर धोखाधडी करने/मारपीट के प्रकरण में 01 अभियुक्त आतिक पुत्र अब्दुल हसन निवासी ग्राम मौला का पुरवा मजरे चन्दुआडीह थाना कोहंडौर को 01 अदद कैंची, 01अदद एटीएम कार्ड, 01 चाकू, 01 सिल्वर की एटीएम सटर पर चिपकाने वाली प्लास्टिक की प्लेट,02 मोबाइल फोन व 01 मोटरसाइकिल हीरो होण्डा के साथ गिरफ्तार किया। साथ ही थाना कोहंडौर में मु0अ0सं0 28/2024 धारा420,382,46,506 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया। जबकि भोगौलिक स्थिति का लाभ उठाकर एक अभियुक्त फरार हो गया जिसे चिन्हित कर लिया गया है। बरामद मोटर साइकिल को धारा 207एमवी एक्ट में सीज किया गया।

# गंगा स्नान के लिए सवारी से भरी बस डिवाइडर से टकराई दर्जन भर घायल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में लगातार तेज रफ्तार का कहर देखने को मिल रहा है। वही बहराइच से जा रही वोल्वो बस प्रयागराज गंगा स्नान के लिए सवारी से भरी बस गाड़ी जो कि प्रयागराज अयोध्या हाइवे के सीआरपीएफ कैंप छीडा प्रतापगढ़ में टोल प्लाजा के पास डिवाइडर में जा टकराई और दर्जन भर लोग गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानियो द्वारा 108 डायल करने पर तत्काल 8 मिनट के अंदर एम्बुलेंस क्र 32 श्वत्48 57 कोहडौर की मौके पर गंभीर रूप से घायल पांच लोगो को तुरंत सीएससी कोहडौर लेकर पहुंची 108 एम्बुलेंस श्वरूझ अखिलेश कुमार, पायलट अशोक कुमार के सूझबूझ से दर्जन भर घायलों में पांच गंभीर रूप से घायल थे इलाज के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया घायल पुददन पिता ननकू उम्र 70 वर्ष, अरुण पाल पिता मिश्रीलाल उम्र 30वर्ष, चिरका पिता लक्ष्मी नारायण उम्र 34 वर्ष, रामप्रसाद पिता भगवती उम्र 36 वर्ष, मोहित पाल पिता अधर्मपाल उम्र 29 वर्ष, मिश्रीलाल स्वर्गीय भगवती शिवरात उम्र 40 वर्ष ,राधा पति मनमोहन उम्र 43 वर्ष, मेवालाल पिता मैकू उम्र 68 वर्ष, पारसनाथ पिता गोमती 58 वर्ष, जीवन लाल पिता बाबा दिन उम्र 58 वर्ष, गुल्लू प्रसाद पिता गंगा प्रसाद उम्र 49 वर्ष, ममता पिता गज प्रसाद उम्र 65 वर्ष, सोनम पति आगरा रघुनाथ उम्र 40 वर्ष ,फूलचंद पिता राजकुमार उम्र 28 वर्ष, विजय पिता बुद्धि उम्र 25वर्ष, जिसमें से सिर्फ चिरकुट पिता लक्ष्मी नारायण उम्र 34 वर्ष जिनका उपचार चल रहा है। डाक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए । चार घायलों को सीएससी से प्रतापगढ़ जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया घायल। चिरकू,पुद्दन,मिश्रीलाल,अरुण पाल की हालत गंभीर देखते हुए जिला मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए भेज दिया गया है

जहा डाक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए एक युवक चिरकू पुत्र लक्ष्मी नारायण उम्र (34) वर्ष निवासी ग्राम पक्केपुर को प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया है।

# माइनर की मिट्टी उठा ले गए गंगा एक्सप्रेसवे ठेकेदार

**कुंडा प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ जल शाखा से निकली हीरागंज माइनर की पटरी ऐंधा परान का पुरवा कल्याणपुर के पास माइनर की पटरी के बगल सड़क बनी हुई है। सड़क अभी पक्की नहीं बनी है। सड़क पर से मिट्टी खुदाई करके गंगा एक्सप्रेसवे के आई, टी, डी, ठेकेदार द्वारा जेसीबी लगाकर मिट्टी खोदकर डंपर भर कर बन रही गंगा एक्सप्रेस वे सड़क में डाल दिया जा रहा है। मिट्टी निकाल लेने से सड़क बहुत नीचे हो गई है। माइनर में पानी फुल आने पर सड़क पर पानी भर जाएगा। जिससे आने जाने वाले राहगीरों को और भी समस्या का सामना करना पड़ेगा ।पटरी के बगल किसानों के खेतों में भी पानी भरा होने का डर बना हुआ है।

# हत्या के अभियोग से संबंधित 01 बाल अपचारी गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना बाघराय क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मलाक तिलाई मुगलपुर मे एक व्यक्ति के खेत के पास नाले में 01 व्यक्ति का शव मिला थाए जिसमें थाना बाघराय पर प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 40৬2024 धारा 302 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था ।पुलिस अधीक्षकए जनपद प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी के नेतृत्व में थाना प्रभारी बाघराय उ0नि0 श्री आर0 के0 पाण्डेय मय हमराह के द्वारा आज दिनाँक 13ण02ण2024 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 40৬2024 धारा 302 भादवि से सम्बन्धित 01 नफर बाल अपचारी को थाना क्षेत्रान्तर्गत आजाद नगर चौराहे से शकरदहा की ओर जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया गया ।

# महिला की पिटाई पर पांच के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीन विवाद में हुई मारपीट की घटना में कोतवाली पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के सराय संग्रामसिंह गांव की चांदनी सरोज पत्नी त्रिलोचन सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि ग्यारह फरवरी की शाम करीब चार बजे जमीनी विवाद को लेकर गांव के संजय पुत्र विषेशर, शालू पुत्री राजू, तारा पत्नी राजू, किरन पत्नी संजय व शिवानी पुत्री राजू उसके दरवाजे पर पहुंचे और गालीगलौज करने लगे। पीड़िता के मना करने पर आरोपितों ने लाठी डण्डे से उसे मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने जांच के बाद संजय समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# जय सिंह को मिला एक्सीलेंस अवार्ड

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ।** सफायर कम्प्यूटर एकेडमी संस्थान के निदेशक जयसिंह यादव कटहरिया अजगरा को कम्प्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने को लेकर राजीव गांधी कम्प्यूटर साक्षरता मिशन स्किल्स कोटा राजस्थान के महानिदेशक डा. केपी सिंह तथा संदीप शर्मा विधायक द्वारा एक्सीलेन्स लीडर शिप अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस सम्मान को लेकर अशोक पाल, अनूप, पंकज, शुभम आदि लोगो ने खुशी व्यक्त किया।

# आज लालगंज को बाईपास की सौगात सौंपेगे प्रमोद तिवारी व मोना

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज बुधवार को मध्यान्ह बारह बजे लालगंज बाजार को बाईपास की सौगात सौंपेगे। विधायक मोना तथा सांसद प्रमोद तिवारी संगम चौराहे पर बाईपास की आधारशिला रखने के बाद सांगीपुर वार्ड में जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद विधायक आराधना मिश्रा मोना दिन में डेढ़ बजे कैम्प कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक में आगामी उन्नीस फरवरी को रामपुर खास आ रही राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ों न्याय यात्रा को लेकर विचारविमर्श करेंगी। विधायक आराधना मिश्रा अपरान्ह साढ़े तीन बजे घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन कर सांगीपुर, अठेहा व उदयपुर एवं मंगापुर तथा ननौती में भी न्याय यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेगी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।


## आवश्यकता है

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र लोकमित्र को जनपद प्रतापगढ़ की सभी तहसीलों, ब्लॉक मुख्यालयों और प्रमुख बाजारों में संवाददाताओं की आवश्यकता है। समाचारों की समझ रखने वाले युवा और उत्साही लोग समाचार पत्र के विवेकनगर (प्रतापगढ़) स्थित कार्यालय में या नीचे दिए गए फोन नंबरों पर किसी भी कार्य दिवस में दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे के बीच सम्पर्क कर सकते हैं।

9839665450

7007509037


# हाईब्रीड आधार पर प्रबंधन की पढाई करेंगे एमडीपीजी के छात्र, हुआ एमओयू



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में नए सत्र से पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट (पीजीडीएम) की भी पढ़ाई शुरू होगी, इसके लिए कालेज ने 13 फ़रवरी को पुणे इंस्टीट्यूट आफ बिजनेस मैनेजमेंट के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किया। प्राचार्य डॉ. मनोज मिश्रा, ने पीआईबीएम के सहायक निदेशक, डा. रिद्धिमान मुखोपाध्याय के साथ एमओयू पर हस्ताक्षरित किया। इस कार्यक्रम के समन्यवक डॉ.बलराज मिश्रा (वाणिज्य विभाग) है। इस कार्यक्रम में पीआईबीएम, उत्तर प्रदेश के दो प्रोजेक्ट हेड ,प्रतीक राज एवं अंकित कुमार भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र एचआर, मार्केटिंग, फाइनेंस, बिजनेस एनालिटिक्स में विशेषज्ञता हासिल कर सकेंगें। खास बात यह है कि इस कोर्स में स्नातक उत्तीर्ण कोई भी प्रवेश ले सकेगा। पीआईबीएम के सहायक निदेशक डा. रिद्धिमान मुखोपाध्याय ने बताया 70 प्रतिशत कोर्स की पढाई आनलाइन और 30 प्रतिशत आफलाइन होगी। कोर्स की अवधि दो वर्ष की होगी तथा छः महीने की इंटर्नशिप भी कराई जाएगी। कोर्स के लिए वित्तीय मदद भी बैंक द्वारा दिला दी जाएगी। कोर्स की कुछ पढ़ाई, इसी फीस में ,पुणे में ले जाकर भी कराई जाएगी। पढ़ाई के लिए लैपटॉप दिया जाएगा, और पीजीडीएम की डिग्री दी जाएगी। डॉ.बलराज मिश्रा ने बताया कि एमओयू के तहत पुणे इंस्टीट्यूट आफ बिजनेस मैनेजमेंट की ओर से कोर्स सम्पूर्ण होने के बाद प्लेसमेंट भी कराया जाएगा। बायजूस, ओप्पो, ब्लू स्टार, बजाज,आइटीसी, एचडीएफसी सहित 750 कंपनियों में नौकरी का आफर भी दिया जाएगा। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और कोर्स संबंधित अपनी जिज्ञासाओं को भी संतुष्ट किया। सभा का संचालन डॉ.अभिषेक सिंह ने किया। इस अवसर पर वाणिज्य संकाय के प्रमुख डॉ. सी. एन. पांडे, डॉ. अमिता मिश्रा, डॉ. निशा सिंह, डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, डॉ. रेखा मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की संवेदनशीलता देख सभी चकित

**मीरजापुर।** जनता दर्शन के अवसर पर दो बच्चों की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये जिलाधिकारी ने तत्काल निस्तारण का दिया निर्देश। इस अवसर पर उनकी संवेदनशीलता देख लोग चकित रह गए।हुआ यूं कि अपने कार्यालय पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन आम लोगों की समस्याएं सुन रही थीं। उनको उसी भीड़ में दो बच्चे दिखायी पड़े। सबसे पहले उन्होंने बच्चों की सुध ली। बच्चों ने अपना नाम कुमारी रेखा(12 ) और अंकित (8) निवासी ग्राम सिकटा विकास खण्ड हलिया बताया। उन्होंने शिकायत की कि उनकी जमीन पर कुछ दबंगों के द्वारा जबरदस्ती कब्जा कर लिया गया है। इन बच्चों की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये तत्काल उप जिलाधिकारी लालगंज को पूरे प्रकरण की जांच कर अविलम्ब निस्तारण का निर्देश दिया। दोनों बच्चों को अपने पास बैठाकर चाकलेट का पैकेट व एक-एक कम्बल देते हुये कलेक्ट्रेट नाजिर से सरकारी वाहन मंगवाकर उनके घर तक भेजवाया। जनता दर्शन में उपस्थित अन्य फरियादियो की समस्याओं को सुनते हुये जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी को व्हाट्सएप पर उनके प्रार्थना पत्रो को भेजकर पुनः फोन करते हुये ससमय व संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश दिया।

# जर्जर सड़क के निर्माण के लिये चक्का जाम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** कोल्हुआ कंपनी घाट के निर्माण के लिये बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने चक्का जाम किया जो उप जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के आश्वासन पर समाप्त हुआ। ज्ञातव्य हो कि कुछ हफ्तों पूर्व सड़क की जर्जर व्यवस्था को ठीक करने के लिये ग्रामीण संघर्ष समिति के तत्वावधान जोरदार प्रदर्शन हुआ था जो अधिकारियों के इस आश्वासन पर स्थगित हुआ था कि सड़क का निर्माण प्रारंभ हो जाएगा किंतु कार्य प्रारंभ नहीं जबकि कम से कम बीस गांव के लोगों के लिये ये मुख्य संपर्क मार्ग है। गुस्साए लोगों ने सड़क को घंटों जाम रखा तथा सरकार को चेतावनी दी कि यदि मरम्मत कार्य शीघ्र नहीं प्रारंभ हुआ तो कोई महत्वपूर्ण सड़क जाम कर दी जाएगी। प्रदर्शनकारियों के गुस्से को देखते हुए नायब तहसीलदार राहुल मिश्र जाम स्थल पर पहुंचे तथा उनका ज्ञापन लिया तब जाकर धरना समाप्त हुआ। जाम स्थल पर प्रमुख रूप से संघर्ष सीमित के अध्यक्ष मनीष दुबे, ग्राम प्रधान चेकसारी हरिशंकर सरोज, जंगबहादुर यादव, राजधर दुबे, अशोक कुमार गुप्ता, राम नाथ दुबे, और ग्रामीण विरेंद्र यादव, अनुप पाण्डेय राम राज ,रितेश मिश्रा, सत्य प्रकाश, सराफत अली, मोहित दुबे, दीपक चौबे, नमन दुबे अंकुर दुबे संतोष तिवारी सहित हजारों के संख्या में लोग मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर की ब्रीफिंग



**चित्रकूट:** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में मंगलवार को पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल संपन्न कराए जाने के सम्बन्ध में ब्रीफिंग कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में 17 एवं 18 फरवरी को पुलिस भर्ती परीक्षा कराई जाएगी। जिसमें जनपद में 15 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षा दो पालियों में संपन्न कराई जाएगी। प्रथम पाली में 10 बजे से 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली में 3 बजे से 5 बजे तक होगी। जिसमें 7 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 23 स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। इसके अलावा तीन उड़न दस्ता टीम भी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र चित्रकूट इण्टर कॉलिज कर्वी में है। इस केन्द्र के परीक्षार्थी समय से पहुंचकर प्रवेश ले ताकि परीक्षा में शामिल होने पर कोई समस्या ना हो। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने अभी समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा को जनपद में सकुशल संपन्न कराया है। इस तरह से आप सभी लोग परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करके व्यवस्थाएं कर लें। उन्होंने सम्बन्धित एजेंसी से कहा कि सीसीटीवी कैमरा, फ्लेस्टिंग, परीक्षार्थियों की फोटोग्राफी आदि के लिए मैनपावर की व्यवस्था करें। वरिष्ठ कोषाधिकारी से कहा कि कोषागार में डबल लाक पर प्रश्न पत्र रखवाए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। स्टेटिक मजिस्ट्रेट केन्द्र में रहकर जो पुलिस परीक्षा को संपन्न कराने के लिए निर्देशिका शासन द्वारा दी गई है, उसी के अनुसार कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने परीक्षा केन्द्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट केन्द्र व्यवस्थापक, सहायक केन्द्र व्यवस्थापक, अंतरिक्षक आदि जो परीक्षा में कर्मचारी, अधिकारी लगाए गए हैं, उसकी बैठक परीक्षा से पूर्व अनिवार्य रूप से कराए। उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापको से कहा कि परीक्षा केन्द्रों में पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, फर्नीचर, परीक्षार्थियों के बैग आदि इलेक्ट्रॉनिक सामान रखने की व्यवस्था अलग से कराए। वाहनों के लिए रेलवे तथा परिवहन विभाग व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसमें सभी थानाध्यक्ष भी सतर्क रहकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों को जो दायित्व दिया गया है, उसी के अनुसार परीक्षा को सकुशल व सुचितापूर्ण संपन्न कराना कराएं। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि अपने परीक्षा केन्द्रों पर सावधानी पूर्वक प्रश्न पत्र लाने एवं ले जाने के लिए सतर्क दृष्टि से जो वाहन जाएगा, उसी के साथ चलकर परीक्षा केन्द्रों तक जाएंगे तथा दोनों पालियां की परीक्षा समाप्त होने पर उसे कोषागार में लाकर उत्तर पुस्तिकाएं डबल लाक पर जमा कराएंगे।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि शासन द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षा को सकुशल, निर्विघ्न संपन्न कराना है। सभी परीक्षा केन्द्रों में पर्याप्त पुलिस बल लगाया गया है। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र के अंदर अगर कोई बात होती है तो उसके जिम्मेदार केन्द्र व्यवस्थापक होंगे एवं परीक्षा केन्द्र के गेट के पास अगर कोई समस्या आती है तो सम्बन्धित तैनात पुलिस अधिकारी एवं उसके बाहर अगर कोई समस्या आती है तो सम्बन्धित थानाध्यक्ष जिम्मेदार होगा।

अपर जिलाधिकारी वंदिता श्रीवास्तव ने जिला विद्यालय निरीक्षक से कहा कि परीक्षा में जो अधिकारी लगाए गए हैं, उसका एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाएं, जो परीक्षा को संपन्न कराने के निर्देश शासन द्वारा दिया गया है उसको ग्रुप में डाला जाए। उन्होंने कहा कि अपर उप जिलाधिकारी द्वारा पुलिस भर्ती परीक्षा को संपन्न करने के शासन द्वारा निर्देश दिए गए हैं, उसके बारे में आप लोगों को विस्तृत जानकारी दी गई है। अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने कहा कि परीक्षा की सभी व्यवस्थाएं 16 फरवरी तक प्रत्येक दशा में सभी परीक्षा केन्द्रों में कर लेना है। कक्षा में कक्ष निरीक्षक लगातार भ्रमणशील रहकर परीक्षा को संपन्न करेंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्रों के आसपास कोई भी फोटोकॉपी मशीन की दुकान नहीं खुली रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्रों के अंदर मोबाइल फोन या कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस नहीं जाएगी, यह आप सभी लोग सुनिश्चित कर लें। उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम ने सभी को शासन द्वारा दिए गए निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद कुमार झा, अपर उप जिलाधिकारी पंकज वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय, मऊ जयकरन सिंह आदि मौजूद रहे।

# फिरौती के लिए अपहरण की घटना का 6 घण्टे में अनावरण



**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में थाना रैपुरा पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा फिरौती के लिए अपहरण कर हत्या में संलिप्त 3 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। बीती 12 फरवरी को वादी मन्जू देवी पत्नी राजधर ने थाना रैपुरा में अपने पुत्र सुधांशु (16) के बीती 10 फरवरी को सायंकाल से गायब होने एवं 12 फरवरी की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहृत के पिता राजधर के मोबाइल पर फोन करके सुधांशु के उसके कब्जे में होने की बात कही। पुनः लगभग एक घण्टे के बाद अपहृत के पिता के फोन पर 50 लाख रुपये की फिरौती की मांग एवं न देने पर लड़के को जान से मारने की धमकी दी गयी। इसके बाद अपहृत के पिता ने स्वयं बाहर होने के कारण अपनी पत्नी को फोन के जरिए घटना के विषय में जानकारी दी और रैपुरा थाना में रिपोर्ट करने के लिए कहा। जिसके बाद अपहृत की माँ के तहरीर पर थाना रैपुरा में अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसके अनावरण के लिए पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्ष रैपुरा, प्रभारी निरीक्षक कर्वी व एसओजी, सर्विलांस की संयुक्त टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। सभी टीमों का नेतृत्व अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी राजापुर व क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा किया गया। विवेचना के दौरान फिरौती माँगने में प्रयुक्त मोबाइल नम्बर के धारक का विवरण प्राप्त कर सिम धारक दद्दू पटेल को पूंछताछ की गयी। जिसमें उसने बताया कि यह सिम दो दिवस पूर्व चोरी हो गयी थी। जब दद्दू पटेल को फिरौती माँगने वाले अपचारी की कॉल सुनाई गयी तो कॉल करने वाले व्यक्ति की आवाज सुनकर उसकी पहचान विनय पटेल के रुप में की। पुलिस टीम ने विनय पटेल निवासी ग्राम बरौनी तीर को त्वरित गिरफ्तार करके सम्पूर्ण घटना क्रम का खुलासा किया। आरोपी विनय पटेल ने बताया कि प्रिन्स पटेल निवासी चौखडा ददरी माफी तथा 1 अन्य आरोपी के साथ मिलकर फिरौती के लिए अपहरण की योजना बनाई थी। बाल अपचारी ने बताया कि अपहृत के पिता गुटका व्यवसायी है एवं प्रतिदिन दो-ढाई लाख रुपये कमाते है। इस पर विश्वास करते हुए लालचवस यह घटना कारित की है। पुलिस टीम ने फिरौती मांगने वाले मोबाइल नम्बर के माध्यम से व सर्विलांस की सहायता सेघटना में सम्मलित आरोपियों को गिरफ्तारी की गयी। पुलिस टीम ने आरोपियों के पास से एक मोबाइल, दो सिम, घटना में प्रयुक्त पत्थर खून, आलूद, बाल लगा, गला कसने में प्रयुक्त आरोपी विनय कुमार का मफलर बरामद किया है। घटना का 6 घण्टे में अनावरण करने वाली थाना रैपुरा टीम व एसओजी, सर्विलांस टीम को पुलिस अधीक्षक द्वारा 25 हजार रुपये का पुरुस्कार दिया गया। गिरफ्तारी के दौरान एसओजी प्रभारी निरीक्षक एमपी त्रिपाठी, मुख्य आरक्षी जितेन्द्र कुमार, साकिर हुसैन, नितेश समाधिया, आरक्षी रोशन सिंह, रोहित सिंह, आशीष यादव, पवन राजपूत, रैपुरा थानाध्यक्ष उप निरीक्षक शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय, आरक्षी नंदलाल राम, अजीत यादव आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय जनपद न्यायाधीश (नजारत), प्रतापगढ़ उ0प्र0

**नीलामी सूचना वर्ष 2023-2024**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय प्रतापगढ़ के गेट संख्या 03 के समीप, सेशन लॉक-अप के सामने स्थित शीशम के पेड़ की नीलामी दिनांक 23.02.2024 दिन शुक्रवार को जनपद न्यायालय परिसर में नियत की गयी है।

टतः इच्छुक व्यक्ति उक्त तिथि को अपरान्ह 04.30 बजे उपस्थित होकर उक्त पेड़ की नीलामी हेतु बोली में सम्मिलित हो सकते हैं।

**नीलामी की शर्ते एवं प्रतिबन्ध**

1. उक्त शीशम के पेड़ की नीलामी दिनांक 23.02.2024 को होना सुनिश्चित है, जिसमें न्यूनतम बोली 14850/- से प्रारम्भ होगी।
2. नीलामी में वही लोग भाग ले सकते हैं, जो नीलाम होने के पूर्व कार्यालय नजारत अनुभाग में दो-दो हजार रूपया जमानत के रूप में जमा करेंगे।
3. जिस व्यक्ति के नाम नीलामी समाप्ति होगी यदि वह नीलामी नहीं लेता है, तो उसकी जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
4. बोली समाप्त होने पर सर्वाधिक बोली की 1/3 धनराशि तुरन्त जमा करनी होगी। शेष धनराशि एक सप्ताह के भीतर देय होगी। जमा की गयी जमानत धनराशि को अंतिम धनराशि में समायोजित हो जायेगी।
5. नीलाम होने वाले वृक्ष को काटने, उठाने, ले जाने में परिसर की दीवार, भवन या वृक्ष की क्षति न होने पाये। उक्त में ढिलायी होने पर नीलामी प्राप्तकर्ता से तुरन्त क्षतिपूर्ति वसूली जायेगी।
6. नीलामी में सिक्योरिटी धनराशि जमा करने वाले व्यक्ति के अलावा उसके स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को बोली बोलने का अधिकार नहीं होगा।
7. नीलामी प्राप्तकर्ता को माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा नीलामी अनुमोदित होने के पश्चात नीलामी की सम्पूर्ण धनराशि तुरन्त जमा करना होगा।
8. नीलामी प्राप्तकर्ता को उपरोक्त पेड़ो को स्वयं काटकर अपने खर्च पर 7 दिन के अन्दर नियमानुसार ले जाना होगा।
9. नीलामी प्राप्तकर्ता को उपरोक्त पेड़ हटाने हेतु कोई अतिरिक्त समय देय नही होगा।
10. माननीय जिला जज, प्रतापगढ़ उचित बोली न होने पर नीलाम की तिथि बढ़ा सकते हैं।
10. माननीय जिला जज, प्रतापगढ़ नीलामी को बिना कारण बताये हुये रद्द कर सकते हैं या कोई अन्य आदेश पारित कर सकते हैं जो सभी को मान्य होगा।
12. अन्तिम आदेश जिला जज, प्रतापगढ़ का होगा।
13. नीलामी के शर्त एवं प्रतिबन्ध माननीय जनपद न्यायाधीश के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत हो।

| सदस्य | सदस्य | अध्यक्ष, नीलामी कमेटी |
|---|---|---|
| सुनीता सिंह नागौर | कुंदर किशोर | आलोक द्विवेदी |
| अपर जिला जज कक्ष सं0 03 | अपर जिला जज कक्ष सं0 06 | विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) |
| प्रतापगढ़ | प्रतापगढ़ | प्रतापगढ़ |


# जमीन बंटवारे को लेकर मारपीट

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में जमीन बंटवारे को लेकर हुई मारपीट में दो लोग जख्मी हो गए , पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के धतई का पुरा निवासी सुरजबली पुत्र मैकू लाल ने सैनी पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र के हवाले से बताया की सोमवार की शाम उसके भाई से जमीन बंटवारे को लेकर वाद विवाद चल रहा था इस दौरान उसके दो भतीजे गाली गलौच करते हुए मारपीट करने लगे


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2020 अनुक्रमांक 1573028 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

मो0 अहमद
सुत सगीर अहमद
नि0ग्राम भुलियापुर प्रतापगढ़



### आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रमाशंकर सैनी (RAMA SHANKER SAINI) पुत्र महादेव प्रसाद (MAHADEO PRASAD) ग्राम- कसेरूआ बलीपुर, पोस्ट- दुर्गागंज, तहसील/थाना रानीगंज, जनपद-प्रतापगढ़ का निवासी हूँ। मैने अपना नाम रमाशंकर से बदलकर रमाशंकर सैनी रख लिया है। आधार कार्ड में भी मेरा नाम रमाशंकर सैनी है। मुझे रमाशंकर सैनी के नाम से जाना पहचाना व लिखा पढ़ा जाए।

**प्रार्थी उपरोक्त**



न्यायालय श्रीमान विशेष विवाह अधिकारी, जनपद प्रतापगढ़

1. नन्हकू सुत मगरू नि0 कसेरूआ थाना रानीगंज जिला प्रतापगढ़।
2. सहदेव सुत हरखू नि0 भवानीगढ़ थाना जेठवारा जिला प्रतापगढ़।

संख्याः मेमो/रीडर-वि0वि0अधिकारी-09 दिनांक 18.10.2023

विशेष विवाह अधिनियम-1954 की धारा-5 के अन्तर्गत

श्री सुभाष पुत्र श्री नन्हकू नि0 ग्राम कसेरूआ पोस्ट- थाना रानीगंज जनपद-प्रतापगढ़ एवं सुश्री लक्ष्मी देवी पुत्र श्री सहदेव नि0 ग्राम भवानीगढ़ पोस्ट थाना जेठवारा जनपद-प्रतापगढ़

मेरे समक्ष उपस्थित होकर आपस में स्वेच्छा से विवाह किये जाने की नोटिस दी है। उक्त के सम्बन्ध में यदि आपको कोई आपत्ति हो तो दिनांक 20.02.2024 को अथवा किसी भी कार्य दिवस में मेरे समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

विशेष विवाह अधिकारी/
अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)
जनपद-प्रतापगढ़



(फार्म नं0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज कक्ष सं0 2 महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
सी0ए0 नं0 116/88
नाम फरीकेन उमाशंकर आदि बनाम दीनानाथ आदि
बनाम
1/1 रजनीकान्त त्रिपाठी आयु 55 वर्ष 1/2 कुन्द्रेन्द्रमणि त्रिपाठी आयु 46 वर्ष सुतगण दीनानाथ 1/3 सुमेन्द्रमणि त्रिपाठी आयु 44 वर्ष 1/4 रेनू आयु 40 वर्ष पुत्री दीनानाथ समस्त नि0ग्राम संणारी पर0तह0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 15.02.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 15.02.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम



## आवश्यकता है

फैजेआम डिग्री कालेज, तौकलपुर पो0 भिखनापुर, प्रतापगढ़ (उ0प्र0) सम्बद्ध प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) वि0वि0 प्रयागराज स्ववित्तपोषित योजना अन्तर्गत कला स्नातक पाठ्यक्रम हेतु निम्न पदों हेतु आवश्यकता है। प्राचार्य पद एक, हिन्दी, उर्दू, प्राचीन इतिहास, राजनीति विज्ञान, गृह विज्ञान, समाज शास्त्र, अंग्रेजी विषय हेतु प्रवक्ता एक-एक पद। योग्यता एवं वेतन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं शासनादेश के मानकानुसार

प्रबंधक
अब्दुल वाहिद
9450189902


# मोदी सरकार का तीसरी बार सत्ता में आना समय की मांग - दयालू

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दया शंकर मिश्र %दयालू% ने कहा है कि समय की मांग है कि मोदी सरकार तीसरी बार सत्ता में आए। यह देश का सौभाग्य भी होगा।



उन्होंने कहा कि प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता का दायित्व है कि चुनाव तक पूरी निष्ठा के साथ पार्टी द्वारा निश्चित किये गये हर कार्यक्रम को सफल बनाए। उन्होंने यह बातें भाजपा जनपद कार्यालय पर लाभार्थी संपर्क अभियान की सफलता के लिए आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि कहीं। उन्होंने आगे कहा कि लाभार्थी संपर्क अभियान लोगों तक पहुंचने का अच्छा माध्यम तो है ही साथ ही साथ जनता के बीच मोदी सरकार ही क्यों इस बात को बल मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि यदि एक भी लाभार्थी संपर्क अभियान में छूट गया तो मान लीजिये कि कार्य पूरी ईमानदारी से नहीं हुआ। अभियान की सफलता हेतु प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा हमको ऐसा अभियान चलाना है कि जनता स्वयं विरोधियों के सामने सरकार के पक्ष में खड़ी दिखे और अपनी हितैषी सरकार को पुनः लाने के लिये प्राण प्रण से जुट जाये। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियान में लगने वाले हर कार्यकर्ता दायित्व है कि क्षेत्र में जाने से पहले इस बात के लिये तैयार होकर जाये कि उस क्षेत्र के लाभार्थी कौन हैं, सरकार की विभिन्न योजनाएं क्या हैं तथा अभी कौन से पात्र व्यक्ति योजना का लाभ पाने से छूट गये हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से ये भी कहा कि यदि किसी पात्र लाभार्थी को योजना का लाभ पाने में किसी प्रकार की कठिनाई आ रही है तो उसका समाधान कराने का प्रयास करें। कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ब्रजभूषण सिंह ने किया, संचालन अभियान संयोजक अमित पाण्डेय ने किया तथा आभार ज्ञापन लोकसभा प्रभारी रवींद्र पाठक ने किया। कार्यशाला में विधायक रमा शंकर सिंह पटेल, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन डा. जगदीश सिंह पटेल, पार्टी के सभी ब्लाक प्रमुख एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।


फार्म नं0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी द्वितीय महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
म0मु0 29/18 कम्प्यूटरीकृत वाद सं0 डी2009025700535
नाम फरीकेन राम हरख बनाम गोपीनाथ आदि
बनाम
1. रमाकान्त सुत गोपीनाथ 2. दीपेन्द्र कुमार सुत शिव प्रकाश 3. वन्दना पुत्री शिव प्रकाश 4. राजकुमारी विधवा शिव प्रकाश 5. शान्तनु आयु 13 वर्ष 6. निशान्त आयु 10 वर्ष नावालिग सुतगण ओम प्रकाश संरक्षिका श्रीमती सुलोचना माता स्वयं 7. श्रीमती सुलोचना पत्नी ओम प्रकाश समस्त निवासी ग्राम मदरा पर0 तह0 सदर प्रतापगढ़
तारीख पेशी 23.02.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 23.02.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम


# 15 फरवरी से होगा दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव का आयोजन



**चित्रकूट:** किसानों को मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा देने के मकसद से जिलाधिकारी के निर्देश पर कृषि विभाग दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव कार्यक्रम कराने जा रहा है। उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत मिलेट्स रेसिपी विकास, उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना अंतर्गत जनपद स्तरीय दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव का 15 एवं 16 फरवरी को आयोजन किया जाएगा। उप कृषि निदेशक राजकुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में प्रातः 10 बजे से जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद स्तरीय दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम में मिलेट्स, मोटा अनाज से सम्बन्धित जानकारी देकर किसानों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा अपने विभागों के स्टाल, प्रदर्शनी लगाने के साथ ही विभागीय तकनीकी जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कौशाम्बी

**अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

पत्रांक : 231/7ए/2023-24 दिनांक : 02/02/2024

1 महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कौशाम्बी द्वारा द्वारा उ.प्र. लो.नि.वि. में क्लास ए. बी. सी. डी एवं ई में सुसंगत श्रेणी के पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यो की प्रतिशत के आधार पर ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिए न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा निर्देशिका के क्लॉज़ 3 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें।

2

(स्वीकृति की प्रत्याशा में)

| क्र.स. | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | कौशाम्बी | मनौरी सराय अकिल से चलौली मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। (ग्रामीण मार्ग) | 12.10 | 1.21 | 500+225/- +GST | 02 माह | ए.बी.सी.डी |
| 2 | कौशाम्बी | चरवा से अमली लौकीपुर मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। (ग्रामीण मार्ग) | 26.35 | 2.64 | 500+300/- +GST | 02 माह | ए.बी.सी.डी |
| 3 | कौशाम्बी | मनौरी भरवारी किमी0-7 से मीरन मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। (ग्रामीण मार्ग) | 15.75 | 1.58 | 500+300/- +GST | 02 माह | ए.बी.सी.डी |
| 4 | कौशाम्बी | बलीपुर टाटा मार्ग किमी0-4 से तिल्हातारा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। (ग्रामीण मार्ग) | 3.15 | 0.32 | 500+150/- +GST | 02 माह | ए.बी.सी.डी.ई |
| 5 | कौशाम्बी | बलीपुर टाटा से धमसेड़ा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। (ग्रामीण मार्ग) | 26.20 | 2.62 | 500+300/- +GST | 02 माह | ए.बी.सी.डी |
| 6 | कौशाम्बी | चरवा हरिजन बस्ती से धनसड़ा मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। (ग्रामीण मार्ग) | 4.10 | 0.41 | 500+150/- +GST | 02 माह | ए.बी.सी.डी.ई |

3 प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित) उपरोक्त तालिका के कॉलम-7 में दर्शायी गयी है।

4 वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्तें तथा बिडिंग डॉक्यूमेन्ट्स आन लाइन देखे जा सकते है।

5 निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर दिनांक **16.02.2024 से 22.02.2024** को **मध्यान्ह 12:00** बजे तक प्राप्त किये जा सकेंगें। आन लाइन बिड दिनांक **22.02.2024 को दोपहर 12:00 बजे** या इससे पूर्व ई-निविदा **http://etender.up.nic.in** पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा कर दी जाये एवं आन लाइन प्राप्त टेक्निकल बिड दिनांक **22.02.2024 को दोपहर 12:30 बजे** खोली जायेगी।

6 इच्छुक निविदादाता जिनके पास डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट **(DSC)** नहीं है, वह इसे निविदा जमा करने से पहले अप्रूव्ड एजेंसी से प्राप्त कर सकते है तथा चाणक्य साफ्टवेयर में लागिन कर **"प्रहरी"** का चयन कर निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख अपलोड किये जायेगे तथा तत्पश्चात् **"E-1"** शीट डाउनलोड कर **http://etender.up.nic.in** पर अपलोड की जायेगी।

7 इच्छुक निविदादाता शा0सं0 879(1)/23-7-2020 दिनांक 25.08.2020 के बिन्दु सं0 2(2) एवं 2(3) के अनुसार निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख प्रहरी पर अपलोड कर ई-1 डाउनलोड कर ई-टेन्डर वेबसाइट पर निविदा के समस्त अभिलेखो के साथ अपलोड कराना सुनिश्चित करेगे। अन्यथा की स्थिति में ठेकेदार को नॉन-रिसपान्सिव समझा जायेगा।

www.upgov.nic.in
R.O.No.-203231 Date-13/02/2024

(बी0बी0एस0 यादव)
सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कौशाम्बी

(हरबंश सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कौशाम्बी



## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, प्रतापगढ़/फतेहपुर वृत्त, लो0नि0वि0, प्रतापगढ़

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना (स्वीकृति की प्रत्याशा में)**

पत्रांक : 649/93सी/ई-टेण्डरिंग/2024 दिनांक : 05.02.2024

1- महामहिम श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, प्रतापगढ़/फतेहपुर वृत्त, लो0नि0वि0, प्रतापगढ़ द्वारा उ.प्र. लो.नि.वि. मे पंजीकृत एवं सक्षम श्रेणी के पात्र ठेकेदारों से आइटम दर के आधार पर निम्नलिखित कार्य की निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है-

| क्र.स. | जनपद | कार्य का नाम | कुल अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| वित्तीय वर्ष 2023-24 में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य | | | | | | |
| 1 | प्रतापगढ़ | जनपद प्रतापगढ़ में लालगंज-मंझनपुर-मऊ मार्ग (राज्य मार्ग सं0-171) के चैनेज 34.00 से 39.900 तक पेव्ड शोल्डर के साथ दो लेन में चौड़ीकरण का कार्य । | 1050.00 | 21.00 | 2714.00 | 12 माह वर्षाकाल सहित |

2 लोक निर्माण विभाग में निविदाओं का मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से होगा, जिसका यू0आर0एल0 **http://wms.uppwd.gov.in/Prahari/** है।

3 बिड डाकूमेन्ट वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर दिनांक **15.02.2024 से 23.02.2024** को **मध्यान्ह 12:00** बजे तक प्राप्त किये जा सकेंगें। ऑनलाइन बिड दिनांक **23.02.2024 को दोपहर 12:00 बजे** या इससे पूर्व ई-निविदा **http://etender.up.nic.in** पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा कर दी जाये एवं ऑनलाइन प्राप्त समस्त टेक्निकल बिड दिनांक **23.02.2024 को दोपहर 12:30 बजे** खोली जायेंगी।

4 निविदादाताओं को कोविड-19 के सम्बन्ध में शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करना होगा।

5 जी0एस0टी0 का भुगतान नियमानुसार अलग से देय होगा।

6 प्रहरी पर समस्त सूचना व अभिलेख अपलोड कर प्रस्तुत करने के उपरान्त निविदादाता द्वारा तकनीकी शीट **E1** डाउनलोड की जायेगी, जिसकी कापी स्कैन कर **e-tender portal http://etender.up.nic.in** पर अपलोड करनी होगी। निविदादाता द्वारा तकनीकी शीट **E1** के अतिरिक्त कोई भी अभिलेख ई-टेण्डर पोर्टल पर अपलोड नहीं किया जायेगा। यदि ठेकेदार द्वारा ई-टेण्डर पोर्टल पर **Technical Bid** से सम्बन्धित तकनीकी शीट **E1** के अतिरिक्त अन्य कोई अभिलेख अपलोड किया जाता है तो उसे तकनीकी मूल्यांकन हेतु संज्ञान में नही लिया जायेगा। बाद में इस सम्बन्ध में ठेकेदार का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

www.upgov.nic.in
R.O.No.-203141 Date-12/02/2024

(अजय कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0,
प्रतापगढ़

(एन0के0 यादव)
अधीक्षण अभियन्ता,
प्रतापगढ़ वृत्त, लो0नि0वि0,
प्रतापगढ़



9452526750, 9839665450,8565970115

**दैनिक लोकमित्र**

121, विवेक नगर प्रतापगढ़

सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/-प्रतिमाह

प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त

E-mail-lokmitra2005@gmail.com

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित

8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

## चर्चित सिंगर का संदिग्ध अवस्था में कमरे के अंदर लटकता मिला शव



**सुल्तानपुर।** चर्चित सिंगर व अभिनेत्री विजय लक्ष्मी उर्फ मल्लिका राजपूत की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत हो गई। घर के कमरे में उसका शव लटकता हुआ पाया गया है। कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेजकर घटना के कारणों का पता लगाना शुरू कर दिया है।

कोतवाली नगर के सीताकुंड स्थित मोहल्ले में मंगलवार को गायिका एवं अभिनेत्री विजय लक्ष्मी उर्फ मल्लिका राजपूत का शव घर के अंदर कमरे में पंखे से लटकता पाया गया। बेटी की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है। स्थानीय लोगों की भीड़ भी मौके पर जमा है। मोहल्ले के लोग आकर मल्लिका की मां को सांत्वना दे रहे हैं। इस बीच कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचायत नामा भर कर शव को पोस्टमार्टम में भिजवाया है।मल्लिका की मां सुमित्रा सिंह ने बताया कि हम लोग लेटे हुए थे। पता नहीं चला। पहले दरवाजा बंद की हुई थी। उसके बाद दरवाजा खोलकर चिपका दी। और लाइट जल रही थी। हम तीन चक्कर लगाए दरवाजा नहीं खोले। आखिर में लौटे और खिड़की से झांके तो देखे खड़ी है। दरवाजे में हम टक्कर मारे तो देखे बिटिया हमारी लटकी थी। हम अपने पति को बुलाए लड़कों को बुलाए लेकिन जान जा चुकी थी। कोई ऐसी बात नहीं थी। हमसे ही थोड़ी बहुत बात हुई थी। वो बराबर होता रहता था।इस पूरी घटना पर कोतवाली नगर प्रभारी श्रीराम पाण्डेय ने बताया कि प्रथम दृष्टया तो मामला सुसाइड का ही लग रहा है। पीएम रिपोर्ट आने पर ही स्पष्ट हो पाएगा। उसकी रिपोर्ट के आधार पर ही अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# निपुण लक्ष्य को हासिल करना विद्यालय की प्राथमिकता-अदनान

## कंपोजिट विद्यालय कन्या तुलसीपुर में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बलरामपुर।** कंपोजिट विद्यालय कन्या तुलसीपुर में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा को प्रदर्शित किया है।

कार्यकर्म में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अदनान फिरोज बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रही। विशिष्ट अतिथियों के रूप मे भाजपा जिला मंत्री विष्णु देव गुप्ता,उद्योग व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष अनिल लाट सभासद अब्दुल कुदूस ,अध्यक्ष माता समूह अर्चना एवं डायट अतिथियों के रूप मे डायट मेंटर अब्दूल वदूद,डायट प्रवक्ता पवन वर्मा एवं डायट मेंटर सुरेंद्र कुमार उपस्थिति रहे है । कंपोजिट स्कूल कन्या तुलसीपुर की संकुल शिक्षिका कुसुम कुमारी ने कार्यकर्म का संचालन किया। कार्यक्रम मे बच्चों को उनके विभिन्न उपलब्धियां के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ।विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पद्मा वर्मा द्वारा विद्यालय की विकास योजना एवं निपुण योजना के से परिचित कराया गया ।इसके अतिरिक्त कार्यक्रम का






संचालन कर रही संकुल टीचर कुसुम कुमारी ने विद्यालय मार्च 2024 में पूर्ण रूप से निपुणता विद्यालय बन जाएगा के संकल्प के साथ उन्होंने पूरे वर्ष में विद्यालय द्वारा जो भी उपलब्धियां रही है उसे सभी को अवगत कराया। बच्चों के कार्यक्रमों को देखकर सभी आए हुए मेहमान बहुत ही प्रसन्न हुए। कार्यक्रम मे हमारे बच्चों को उनके विभिन्न उपलब्धियां के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया एवं विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पद्मा वर्मा द्वारा विद्यालय की विकास योजना एवं निपुण योजना के से परिचित कराया गया । कंपोजिट स्कूल कन्या तुलसीपुर प्राइवेट स्कूल की तर्ज पर चलने वाला विद्यालय है

जिसमें की बहुत ही अच्छी शिक्षण व्यवस्था क्लास 3 के बच्चो द्वारा शासन द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाओं को उनके लोगो से समझाया गया कैसे दीक्षा, डीबीटी,आईसीटी,स्मार्ट क्लास,लाइब्रेरी ,निपुण लक्ष्य ऐप,मिशन शक्ति इत्यादि से दी जा रही है जो वास्तव मे आदित्य है।उसके साथ ही उन्होंने विद्यालय के अभिभावकों की भी पूरी-पूरी प्रशंसा की खास तौर से डायट प्रवक्ता सुरेंद्र द्वारा कहा गया कि मैं विद्यालय में नारी शक्ति की अधिकता को देखकर बहुत ही प्रसन्न हूं और जिस प्रांगण में मारती शक्ति मौजूद होती है

उसे प्रांगण का विकास अपने आप ही हो जाता है और उन्होंने बेटियों को शिक्षा में आगे बने रहने के लिए बिल्कुल हमारे बेसिक जिला अधिकारी कल्पना देवी की तरह बच्चों को बनने के लिए आशीर्वाद दिया

इस प्रकार एक सफल कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ पूरा विद्यालय परिवार सभी आए हुए को धन्यवाद ज्ञापित

करता है विद्यालय के लिए नगर अध्यक्ष द्वारा स्कूल को टाइल्स का उपहार भी दिया गया ।इस प्रकार ह्वञ्ज द्मद्ग रंगारंग कार्यक्रम के तमाम विजेताओं को उपहार देकर कार्यक्रम का समापन किया गया इसके अतिरिक्त पूरे कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ या प्रियंका गुप्ता मेहरुन्निसा पूनम त्रिपाठी कमलेश विश्वकर्मा नंदलाल शामिल रहे। हैं। हमें यह बात कहने में कोई भी अतिशयोक्ति नहीं लगती की कंपोजिट स्कूल कन्या तुलसीपुर प्राइवेट स्कूल की तर्ज पर चलने वाला विद्यालय है जिसमें की बहुत ही अच्छी शिक्षण व्यवस्था क्लास 3 के बच्चो द्वारा शासन द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाओं को उनके द्यश्द्दश से समझाया गया कैसे दीक्षा, डीबीटी,आईसीटी,स्मार्ट क्लास,लाइब्रेरी ,निपुण लक्ष्य ऐप,मिशन शक्ति इत्यादि से दी जा रही है जो वास्तव मे आदित्य है।विद्यालय के लिए नगर अध्यक्ष जी द्वारा स्कूल को टाइल्स का उपहार भी दिया गया इसके लिए विद्यालय परिवारों ने फिर से धन्यवाद ज्ञापित करता है। इस प्रकार ह्वञ्ज द्मद्ग रंगारंग कार्यक्रम के तमाम विजेताओं को उपहार देकर कार्यक्रम का समापन किया गया इसके अतिरिक्त पूरे कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ या प्रियंका गुप्ता मेहरुन्निसा पूनम त्रिपाठी कमलेश विश्वकर्मा नंदलाल शामिल रहे।

## पुलिस की सूझबूझ से महीने भर में तीन ब्लाइंड केस सुलझे

**सुलतानपुर।** जिले के तीन ब्लाइंड केसेज में पुलिस की सही तफ्तीश से निर्दोष जेल जाने से बच गए हैं। इत्तेफाक से तीनों ही मामले लंभुआ सर्किल से जुड़े हैं। जहां एक महीने के अंदर मर्डर के दो और जानलेवा हमले के एक मामले में सर्किल सीओ और उनकी टीम को बड़ी सफलता मिली। 17 जनवरी को लंभुआ सर्किल क्षेत्र के दुबेपुर में कथित विक्रांत वर्मा की मौत का मामला सामने आया। पुलिस जांच कर रही थी लेकिन परिवार और जनप्रतिनिधि पुलिस पर दबाव बनाते रहे। अंततः पांचवें दिन अज्ञात के विरुद्ध मर्डर का केस दर्ज हुआ। स्थानीय थाना और क्राइम ब्रांच टीम ने 25वें दिन ऐसा खुलासा किया कि जिस परिवार ने बेटे की चिता जलाकर तेहरवीं तक मना डाला उसे जब बेटे के गिरफ्तार होने की खबर मिली तो उनके भी पैरों तले जमीन खिसक गई। विक्रांत के साथ पुलिस ने कासगंज के तुमरिया निवासी शक्तिमान और अनुज साहू को हरियाणा के पानीपत से 9 फरवरी को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में विक्रांत ने पुलिस को बताया कि नौ लाख कर्ज और प्रेमी को पाने के लिए उसने मौत की साजिश रखी। अपने स्थान पर दूबेपुर सीएचसी के संविदा ड्राइवर द्वारिकानाथ शुक्ला को शराब पिलाकर दोस्तों के साथ मिलकर जलाकर मार डाला था। तीनों अब जेल में हैं। चांदा थाना क्षेत्र के सिहौली के पास 31 जनवरी की रात प्रतापगढ़ के आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत रामगंज निवासी सुशील यादव की हत्या हुई। दो जिले के मध्य का मामला था। मृतक के बड़े भाई अनिल यादव ने सुसराल वालों के विरुद्ध केस दर्ज कराया। लेकिन सीओ सर्किल ने मामले को सूंघ लिया। दरअस्ल मृतक गांजा तस्करी के कारोबार में लिप्त था। पुलिस ने इसी पहलू पर जांच किया और 6 फरवरी को आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत लखनूडीह निवासी सौरभ कुमार सरोज को गिरफ्तार किया था। जांच में पता चला गांजा तस्करी में लेन-देन में सुशील और सौरभ में विवाद हुआ था जिसको लेकर घटना अंजाम पाई थी। वही 9 फरवरी को चांदा थाना क्षेत्र के रजवाड़े रामपुर फ्लाई ओवर के पास अंबेडकरनगर के भीटी थाना अंतर्गत बनगांव निवासी सत्य नारायण गौड़ को गोली मारने का मामला सामने आया। पुलिस ने इस मामले को संदिग्ध मानकर जांच शुरू किया। 12 फरवरी को पुलिस ने सत्य नारायण उसके साथी अनिल व बलवंत को गिरफ्तार कर जेल भेजा। अंबेडकरनगर पुलिस के क्राइम रजिस्टर और वहां के सीसीटीवी से पुलिस ने कंफर्म किया कि घटना मुकदमें सुलह करने के लिए दबाव बनाने को लेकर घटित की गई, जिन आरोपियों को सत्य प्रकाश ने नामजद किया वे सभी घटना के दिन अंबेडकरनगर में ही पाए गए। इस तरह तीनों मामलों में पुलिस की सूझबूझ से बेगुनाह जेल जाने से बच गए।

## संस्कृत बोर्ड परीक्षा को लेकर डीआईओएस ने केंद्र व्यवस्थापक के साथ की बैठक

### एम पी पी इंटर कॉलेज केंद्र पर होगी संस्कृत बोर्ड परीक्षाएं



**बलरामपुर।** संस्कृत बोर्ड परीक्षा 2024 को लेकर डायट सभागार में केंद्र व्यवस्थापक एवं कालेज प्रधानाचार्य की बैठक आयोजित की गई।बैठक में बोर्ड परीक्षा संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश केंद्र व्यवस्थापक को दिए गए हैं ।

संस्कृत बोर्ड परीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम ने कहा कि जिले में चार संस्कृत विद्यालयों का परीक्षा केंद्र एमपीपी इंटर कॉलेज को बनाया गया है विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश प्रताप सिंह एवं एमपीपी संस्कृत महाविद्यालय प्रधानाचार्य देव मित्र त्रिपाठी राधा आदर्श संस्कृत विद्यालय तुलसीपुर प्रधानाचार्य उमाकांत मिश्रा राधा आदर्श संस्कृत माध्यमिक विद्यालय भगवतीगंज प्रधानाचार्य अनुराग मिश्रा को बोर्ड परीक्षा संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए उन्हें नकल विहीन शांतिपूर्ण परीक्षा आयोजन का निर्देश दिया है बोर्ड परीक्षा 2024 की परीक्षाएं आगामी 15 फरवरी से शुरू होगी इस संबंध में सभी तैयारी पूरी करने का दावा चारों विद्यालय के प्रधानाचार्य ने दी। परीक्षा में केंद्र पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था बिजली की आपूर्ति रोशनी साफ सफाई आदि व्यवस्था चुस्तदुरुस्त करने का निर्देश जिला विद्यालय गोविंद राम ने केंद्र व्यवस्थापक को दिया है।

## विकास खण्ड सिरकोनी के परिसर में आयोजित रोजगार मेले में 137 को मिला सेलेक्शन, 325 ने किया प्रतिभाग

**जौनपुर।** विकास खण्ड सिरकोनी के परिसर में 13 फरवरी 2024 दिन मंगलवार को विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया, जिसमें 325 से अधिक युवाओं ने प्रतिभाग किया। साक्षात्कार में 137 सफल प्रतियोगियों का चयन मौके पर उपस्थित कंपनियों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख बंसराज सिंह, विशिष्ट अतिथि बीडीओ रेनू चौधरी ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी के विजन कौशल विकास मिशन द्वारा विकास खण्ड स्तर पर आयोजित रोजगार मेला से बेरोजगारों को अत्यधिक लाभ मिल रहा है। आज के युवा को इस रोजगार मेला की अत्यधिक आवश्यकता है।दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, जिला सेवायोजन विभाग व कौशल विकास मिशन के सयुक्त तत्वाधान में विकास खण्ड स्तरीय निःशुल्क रोजगार मेला का आयोजन कराया जा रहा है। जो कि 4 मार्च 2024 तक सभी



ब्लाक में क्रमशः लगाया जाएगा। सिरकोनी ब्लॉक में आयोजित रोजगार मेला में विभिन्न क्षेत्रों की 8 कंपनियों ने साक्षात्कार करके 137 अभ्यर्थियों का चयन किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन जौनपुर मनीष पॉल, मंडल अध्यक्ष सिरकोनी रमेश चंद्र जायसवाल मेला प्रभारी प्रभात पांडेय, अनूप पांडेय समेत कौशल विकास संबंधित सभी कंपनियों के एच0आर0 उपस्थित रहे। अगला रोजगार मेला 14 फरवरी 2024 दिन बुधवार को सिकरारा ब्लॉक जौनपुर में आयोजित किया जाएगा।

## हसनपुर रियासत पर प्रॉपटी बंटवारे को लेकर छिड़ी जंग, डीएम से शिकायत

**सुल्तानपुर ।** कभी लोगों का फैसला करने वाली हसनपुर स्टेट में आज खुद रार शुरू हो गई है। प्रॉपटी बंटवारे को लेकर छिड़ गई है। राजा कुंवर महमूद अली पर उनके ही परिवार ने जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया है। वही राजा ने भी खुद की हत्या कराए जाने की आशंका जाहिर की है। दोनों ही पक्ष डीएम से मिला और न्याय की गुहार लगाया है।

मामला बंधुआकला थाना अंतर्गत हसनपुर गांव में हसनपुर रियासत का है। रियासत से जुड़ी तिलअत जहां का कहना है कि हमारा पूरा मकान वक्फ है। उन्होंने आरोप लगाते हुए बताया कि मैं 8 नवंबर 2023 को जियारत (दर्शन) को गई तो एसओ बंधुआकला को एप्लीकेशन देकर गई थी कि मेरे घर का ताला टूट सकता है। मेरे जाने के 10 दिन बाद ही मेरा ताला टूट गया। जबकि एसओ ने हमसे कहा था आप जाइए मैं पुलिस भेजकर दिखवाता रहूंगा। ताला टूटने के बाद रात भर मेरे भाई और भांजे को थाने में बैठाकर रखा गया। फिर सुबह सुलह कराया कि एजाज दरवाजा बनवाएगें ताला बंद होगा और चाभी बहन सलमा के पास होगी। मैं दस दिन तक थाने गई कोई सुनवाई नहीं हुई। मैने आकर अपना ताला खोल लिया। अब मसूद अली कह रहे हैं घर से नहीं निकलोगी तो तुम्हें तुम्हारे भाई और भांजे को जान से मरवा देंगे। उधर कुंवर मसूद अली का कहना है कि मेरे घर का ताला तुड़वा कर पुलिस उस पर कब्जा करा रही है। मेरा सामान लुटवा दे रहे हैं। मेरे परिवार के लोग ही ऐसा कर रहे हैं। जबकि मेरा बंटवारा हो चुका है। उन्होंने ये भी बताया कि मेरे घर पर रात में पथराव हो रहा है मेरी हत्या हो सकती है। लेकिन बंधुआकला पुलिस सुन नहीं रही है। दोनों ही पक्ष उच्च अधिकारियों से मिला अपनी अपनी शिकायतें दर्ज कराया। अधिकारियों ने जांच के बाद कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## इंटर डिस्ट्रिक्ट नेशनल चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे जिले के खिलाड़ी




**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुलतानपुर।** डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स एसोसिएशन सुल्तानपुर के तत्वाधान में इंटर डिस्ट्रिक्ट नेशनल चैंपियनशिप में जनपद के आयुषी यादव,अनुभव मिश्रा, अरशद आलम हिमेश मिश्रा, कपिल यादव प्रतिभाग करेंगे एसोसिएशन के सचिव अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी डॉक्टर बाबा दिन चौधरी ने बताया कि 16 से 18 फरवरी 2024 तक अहमदाबाद में होने वाले राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खिलाड़ी प्रतिभाग लेंगे तथा बताया कि सभी खिलाड़ी अपने अभ्यास का प्रदर्शन करेंगे तो जरूर मेडल जीत कर इस जनपद को गौरवान्वित करेंगे एसोसिएशन कार्यालय से सभी चयनित खिलाड़ियों को बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक अहिमाने के मैनेजर रंजीत कुमार वह सहायक मैनेजर संजय यादव ने हरी झंडी दिखाकर खिलाड़ियों को रवाना किया टीम सुल्तानपुर से आज ही लखनऊ के लिए प्रस्थान हुई लखनऊ से आज रात साबरमती एक्सप्रेस से अहमदाबाद के लिए प्रस्थान करेगी इस मौके पर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजेश कुमार एमजीएस इंटर कॉलेज प्रवक्ता, महेश कुमार व अन्य खेल प्रेमी राम अवतार वर्मा , पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी आर बी पांडे ,सत्यवीर यादव, अवधेश मिश्रा, चंदेश यादव, टीम कोच महेंद्र प्रताप खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी

## शिक्षक कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर ब्लॉक अध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

### प्रा शि संघ ब्लॉक इकाई प्रतिनिधिमंडल ने बीईओ से किया मुलाकात

**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई शिवपुरा ने खंड शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर शिक्षक समस्याओं का ज्ञापन सोपा है।ज्ञापन में अध्यापकों की समस्याओं को अवगत कराते हुए तत्काल निवारण करने की मांग की है।

खंड शिक्षा अधिकारी शिवपुर के ब्लॉक अध्यक्ष की अगुवाई में शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल बीईओ सियाराम से मुलाकात कर पांच सूत्री शिक्षक समस्याओं का ज्ञापन सौंपा है। दिन में मुख्य रूप से इनमें मुख्य रूप से रसोइयों का मानदेय कई महीनो से बकाया है वह आर्थिक तंगी से गुजर रही है उनका बकाया मानदेय के साथ ही प्रत्येक माह नियमित पारिश्रमिक भुगतान किया जाए, अन्य स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को उनके मूल विद्यालय में वापस भेजा जाए शिक्षकों द्वारा संज्ञान में लाया गया है की अवकाश स्वीकृत न होने के कारण उपस्थित लाख करने में सुविधा होती है इसलिए अवकाश को समय से स्वीकृत किया जाना जरूरी है



अध्यापिकाओं को सीसीएल एवं प्रसूता अवकाश को समय से अग्रसरित किया जाए ताकि उन्हें सुविधा ना हो समय से अवकाश मान्य होने पर अभिलेखों में दर्ज किया जा सके। एमडीएम कन्वर्जन कास्ट कई महीनो से बताया है शीघ्र भुगतान कराया जाए आदि मांग शामिल है। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष सत्य प्रकाश पाठक वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामसेवक कोषाध्यक्ष बृजराज राणा संयुक्त मंत्री आशुतोष मिश्रा उपाध्यक्ष अनुराग तिवारी ओमप्रकाश वर्मा तेज पुंज त्रिपाठी अब्दुल मोहित महिला उपाध्यक्ष सुनीता ओझा संगठन मंत्री प्रशांत कुमार रामनाथ हीरालाल संगठन मंत्री महिला अंशु वर्मा प्रचार मंत्री उमाशंकर गुप्ता सुनील दत्त भारती उषा देवी लेखाकार सुमित कुमार ऑडिटर निमेष कुमार सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे हैं। खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया है कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान कर देंगे।

## अखंड भारत के लिए चायना के मानसरोवर और पीओके पर करेंगे कब्जा- मो ताहिर

**सुल्तानपुर।** पूर्व सांसद व इसौली विधायक ताहिर खान संविधान जागरूकता गोष्ठी में शामिल हुए। लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा हमको अफगानिस्तान पर कब्जा करना हो, हमको पीओके पर कब्जा हो या जरूरत पड़ी हमको तो चायना के मानसरोवर पर कब्जा करना होगा तो हम अखंड भारत के लिए करेंगे।विधायक ने कहा चंद्र गुप्त मौर्य के सपने को अगर साकार करना है तो एक नदी में अगर बकरी पानी पीती थी, एक भेड़ पानी पीती थी तो वही एक शेर पानी पीता था। हमें वो अखंड भारत बनाना है। इस विधानसभा के लिए हमने कई मुद्दे उठाए। उसी में हमने सम्राट अशोक जी की जयंती पर अवकाश घोषित करने की मांग किया है। उन्होंने कहा गोमती नदी बहती है यहां, ये दरिया बनकर किसी को डुबाने से बेहतर है जरिया बनकर बाबा भीमराव अंबेडकर के संविधान को बचाते हुए उत्तर प्रदेश और भारत को बचाया जाए। हमें सबका विकास करना है, सबको समायोजित करना है। उन्होंने ये भी कहा इसी इसौली से मैं 16-17 दिन में चुनाव जीता हूं। मैं 88 से मांग रहा था 87 से अखिलेश यादव ने टिकट दिया। 17 दिन में 70 हजार लोग, धन्य है इसौली की जनता। हम और हमारी नस्लें इसौली की जनता के कर्जदार रहेंगे।

## मेधावी छात्राओं का ललिता तिवारी स्मृति न्यास ने किया सम्मान

**सुलतानपुर।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज भदैयां की मेधावी छात्राओं के सम्मान कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनकी मेधा के लिए पुरस्कृत करते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। विश्वास व्यक्त किया गया कि ये प्रतिभाशाली छात्राएं अन्य छात्राओं को आगे बढ़ने में प्रेरक भूमिका निभाएंगी। वक्ताओं ने इस बात पर प्रसन्नता जाहिर की कि हर क्षेत्र में बालिकाएं अपनी श्रेष्ठता प्रमाणित करके अपना विशिष्ट स्थान बना रही हैं। इस सफल आयोजन में ललिता तिवारी स्मृति न्यास की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जिला पंचायत की अध्यक्षता में जिला पंचायत की सामान्य बैठक हुई सम्पन्न

**सुलतानपुर।** जिला पंचायत सुलतानपुर की सामान्य बैठक मा0 अध्यक्ष, जिला पंचायत श्रीमती उषा सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में सम्पन्न हुई, जिसमें बैठक का कोरम पूरा रहा। उक्त बैठक में मा0 विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह, मा0 विधायक सदर राज प्रसाद उपाध्याय, मा0 विधायक लम्भुआ सीताराम वर्मा, मा0 ब्लाक प्रमुख बल्दीराय शिवकुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक सहित मा0 जिला पंचायत सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक का पर्यवेक्षण मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। बैठक की कार्यवाही अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत हरिओम नारायन चन्द द्वारा किया गया।

उक्त बैठक में सर्वप्रथम मा0 विधायक सदर द्वारा दिनांक 22 जनवरी, 2024 अयोध्या में निर्मित राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को ऐतिहासिक कार्य बताते हुए मा0 प्रधानमंत्री तथा मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 को इस कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान के लिये धन्यवाद ज्ञापित किये जाने का प्रस्ताव रखा, जिसका मा0 सदस्यों ने समर्थन किया तथा हर्ष व्यक्त करते हुए सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि धन्यवाद प्रस्ताव प्रेषित किया जाय।

अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत ने तत्पश्चात एजेण्डा बिन्दु के अनुसार कार्यवाही प्रारम्भ की। बैठक में अधीक्षण अभियन्ता, लो0नि0वि0, विद्युत विभाग एवं सिंचाई विभाग के अनुपस्थित रहने पर मा0 विधायकगण, मा0 सदस्यगण द्वारा रोष व्यक्त किया गया तथा बैठक में उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी महोदय से यह अनुरोध किया गया कि जिला पंचायत की बैठक में उपस्थित न रहने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाय। जिला पंचायत की वर्ष 2024-25 की अनुपूरक कार्ययोजना तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना सर्वसम्मति से स्वीकृति की गयी एवं जिला पंचायत की वर्ष 2023-24 की सम्पत्ति एवं विभवकर की कर सूची में ग्रामीण क्षेत्र में संचालित सरकारी शराब के ठेकों एवं दुकानों के व्यवसायियों को सम्मिलित किये जाने की स्वीकृति जिला पंचायत की आय में वृद्धि के दृष्टिगत रखते हुए सर्वसम्मानित से प्रदान की गयी तथा जिला पंचायत का वर्ष 2023-24 का पुनरीक्षित बजट मु0 86.73 करोड़ रू0 तथा वर्ष 2024-25 का मूल अनुमानित बजट मु0 75.81 करोड़ रू0 पर व्यापक विचार विमर्श के उपरान्त सर्वसम्मानित से अनुमोदित किया गया।



सदस्यगणों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र से सम्बन्धित समस्याओं को सदन के समक्ष उठाया गया तथा अपने अपने क्षेत्र की सभी आधारभूत सुविधाओं यथा-विद्युत, सड़क, पेयजल सहित अन्य मुद्दों को सदन के समक्ष रखा गया। उक्त के सम्बन्ध में अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत हरिओम नारायन चन्द द्वारा सभी सदस्यगणों की समस्याओं को सुना गया तथा उन्हें दूर करने का आश्वासन दिया गया। बैठक की सम्पूर्ण व्यवस्था प्रशासनिक अधिकारी दिनेश सिंह द्वारा की गयी। इस अवसर पर मा0 ब्लाक प्रमुख लम्भुआ, ब्लाक प्रमुख प्रतापपुर कमैचा, भदैया, मोतिगरपुर, ब्लाक प्रमुख जयसिंहपुर एवं मा0 सदस्यगण जिला पंचायत सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम व एसपी ने पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर की ब्रीफिंग



**चित्रकूट:** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में मंगलवार को पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल संपन्न कराए जाने के सम्बन्ध में ब्रीफिंग कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में 17 एवं 18 फरवरी को पुलिस भर्ती परीक्षा कराई जाएगी। जिसमें जनपद में 15 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षा दो पालियों में संपन्न कराई जाएगी। प्रथम पाली में 10 बजे से 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली में 3 बजे से 5 बजे तक होगी। जिसमें 7 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 23 स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। इसके अलावा तीन उड़न दस्ता टीम भी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र चित्रकूट इण्टर कॉलिज कर्वी में है। इस केन्द्र के परीक्षार्थी समय से पहुंचकर प्रवेश ले ताकि परीक्षा में शामिल होने पर कोई समस्या ना हो। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने अभी समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा को जनपद में सकुशल संपन्न कराया है। इस तरह से आप सभी लोग परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करके व्यवस्थाएं कर लें। उन्होंने सम्बन्धित एजेंसी से कहा कि सीसीटीवी कैमरा, फ्लेस्टिंग, परीक्षार्थियों की फोटोग्राफी आदि के लिए मैनपावर की व्यवस्था करें। वरिष्ठ कोषाधिकारी से कहा कि कोषागार में डबल लाक पर प्रश्न पत्र रखवाए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। स्टेटिक मजिस्ट्रेट केन्द्र में रहकर जो पुलिस परीक्षा को संपन्न कराने के लिए निर्देशिका शासन द्वारा दी गई है, उसी के अनुसार कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने परीक्षा केन्द्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट केन्द्र व्यवस्थापक, सहायक केन्द्र व्यवस्थापक, अंतरिक्षक आदि जो परीक्षा में कर्मचारी, अधिकारी लगाए गए हैं, उसकी बैठक परीक्षा से पूर्व अनिवार्य रूप से कराए। उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापको से कहा कि परीक्षा केन्द्रों में पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, फर्नीचर, परीक्षार्थियों के बैग आदि इलेक्ट्रॉनिक सामान रखने की व्यवस्था अलग से कराए। वाहनों के लिए रेलवे तथा परिवहन विभाग व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसमें सभी थानाध्यक्ष भी सतर्क रहकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों को जो दायित्व दिया गया है, उसी के अनुसार परीक्षा को सकुशल व सुचितापूर्ण संपन्न कराना कराएं। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि अपने परीक्षा केन्द्रों पर सावधानी पूर्वक प्रश्न पत्र लाने एवं ले जाने के लिए सतर्क दृष्टि से जो वाहन जाएगा, उसी के साथ चलकर परीक्षा केन्द्रों तक जाएंगे तथा दोनों पालियां की परीक्षा समाप्त होने पर उसे कोषागार में लाकर उत्तर पुस्तिकाएं डबल लाक पर जमा कराएंगे।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि शासन द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षा को सकुशल, निर्विघ्न संपन्न कराना है। सभी परीक्षा केन्द्रों में पर्याप्त पुलिस बल लगाया गया है। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र के अंदर अगर कोई बात होती है तो उसके जिम्मेदार केन्द्र व्यवस्थापक होंगे एवं परीक्षा केन्द्र के गेट के पास अगर कोई समस्या आती है तो सम्बन्धित तैनात पुलिस अधिकारी एवं उसके बाहर अगर कोई समस्या आती है तो सम्बन्धित थानाध्यक्ष जिम्मेदार होगा।

अपर जिलाधिकारी वंदिता श्रीवास्तव ने जिला विद्यालय निरीक्षक से कहा कि परीक्षा में जो अधिकारी लगाए गए हैं, उसका एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाएं, जो परीक्षा को संपन्न कराने के निर्देश शासन द्वारा दिया गया है उसको ग्रुप में डाला जाए। उन्होंने कहा कि अपर उप जिलाधिकारी द्वारा पुलिस भर्ती परीक्षा को संपन्न करने के शासन द्वारा निर्देश दिए गए हैं, उसके बारे में आप लोगों को विस्तृत जानकारी दी गई है। अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने कहा कि परीक्षा की सभी व्यवस्थाएं 16 फरवरी तक प्रत्येक दशा में सभी परीक्षा केन्द्रों में कर लेना है। कक्षा में कक्ष निरीक्षक लगातार भ्रमणशील रहकर परीक्षा को संपन्न करेंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्रों के आसपास कोई भी फोटोकॉपी मशीन की दुकान नहीं खुली रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्रों के अंदर मोबाइल फोन या कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस नहीं जाएगी, यह आप सभी लोग सुनिश्चित कर लें। उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम ने सभी को शासन द्वारा दिए गए निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद कुमार झा, अपर उप जिलाधिकारी पंकज वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय, मऊ जयकरन सिंह आदि मौजूद रहे।

# फिरौती के लिए अपहरण की घटना का 6 घण्टे में अनावरण



**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में थाना रैपुरा पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा फिरौती के लिए अपहरण कर हत्या में संलिप्त 3 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। बीती 12 फरवरी को वादी मन्जू देवी पत्नी राजधर ने थाना रैपुरा में अपने पुत्र सुधांशु (16) के बीती 10 फरवरी को सांयकाल से गायब होने एवं 12 फरवरी की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहृत के पिता राजधर के मोबाइल पर फोन करके सुधांशु के उसके कब्जे में होने की बात कही। पुनः लगभग एक घण्टे के बाद अपहृत के पिता के फोन पर 50 लाख रुपये की फिरौती की मांग एवं न देने पर लड़के को जान से मारने की धमकी दी गयी। इसके बाद अपहृत के पिता ने स्वयं बाहर होने के कारण अपनी पत्नी को फोन के जरिए घटना के विषय में जानकारी दी और रैपुरा थाना में रिपोर्ट करने के लिए कहा। जिसके बाद अपहृत की माँ के तहरीर पर थाना रैपुरा में अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसके अनावरण के लिए पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्ष रैपुरा, प्रभारी निरीक्षक कर्वी व एसओजी, सर्विलांस की संयुक्त टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। सभी टीमों का नेतृत्व अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी राजापुर व क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा किया गया। विवेचना के दौरान फिरौती माँगने में प्रयुक्त मोबाइल नम्बर के धारक का विवरण प्राप्त कर सिम धारक दद्दू पटेल को पूंछताछ की गयी। जिसमें उसने बताया कि यह सिम दो दिवस पूर्व चोरी हो गयी थी। जब दद्दू पटेल को फिरौती माँगने वाले अपचारी की कॉल सुनाई गयी तो कॉल करने वाले व्यक्ति की आवाज सुनकर उसकी पहचान विनय पटेल के रुप में की। पुलिस टीम ने विनय पटेल निवासी ग्राम बरौनी तीर को त्वरित गिरफ्तार करके सम्पूर्ण घटना क्रम का खुलासा किया। आरोपी विनय पटेल ने बताया कि प्रिन्स पटेल निवासी चौखडा ददरी माफी तथा 1 अन्य आरोपी के साथ मिलकर फिरौती के लिए अपहरण की योजना बनाई थी। बाल अपचारी ने बताया कि अपहृत के पिता गुटका व्यवसायी है एवं प्रतिदिन दो-ढाई लाख रुपये कमाते है। इस पर विश्वास करते हुए लालचवस यह घटना कारित की है। पुलिस टीम ने फिरौती मांगने वाले मोबाइल नम्बर के माध्यम से व सर्विलांस की सहायता सेघटना में सम्मलित आरोपियों को गिरफ्तारी की गयी। पुलिस टीम ने आरोपियों के पास से एक मोबाइल, दो सिम, घटना में प्रयुक्त पत्थर खून, आलूद, बाल लगा, गला कसने में प्रयुक्त आरोपी विनय कुमार का मफलर बरामद किया है। घटना का 6 घण्टे में अनावरण करने वाली थाना रैपुरा टीम व एसओजी, सर्विलांस टीम को पुलिस अधीक्षक द्वारा 25 हजार रुपये का पुरुस्कार दिया गया। गिरफ्तारी के दौरान एसओजी प्रभारी निरीक्षक एमपी त्रिपाठी, मुख्य आरक्षी जितेन्द्र कुमार, साकिर हुसैन, नितेश समाधिया, आरक्षी रोशन सिंह, रोहित सिंह, आशीष यादव, पवन राजपूत, रैपुरा थानाध्यक्ष उप निरीक्षक शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय, आरक्षी नंदलाल राम, अजीत यादव आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय जनपद न्यायाधीश (नजारत), प्रतापगढ़ उ0प्र0

**नीलामी सूचना वर्ष 2023-2024**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय प्रतापगढ़ के गेट संख्या 03 के समीप, सेशन लॉक-अप के सामने स्थित शीशम के पेड़ की नीलामी दिनांक 23.02.2024 दिन शुक्रवार को जनपद न्यायालय परिसर में नियत की गयी है।

टत: इच्छुक व्यक्ति उक्त तिथि को अपरान्ह 04.30 बजे उपस्थित होकर उक्त पेड़ की नीलामी हेतु बोली में सम्मिलित हो सकते हैं।

**नीलामी की शर्ते एवं प्रतिबन्ध**

1. उक्त शीशम के पेड़ की नीलामी दिनांक 23.02.2024 को होना सुनिश्चित है, जिसमें न्यूनतम बोली 14850/— से प्रारम्भ होगी।
2. नीलामी में वही लोग भाग ले सकते हैं, जो नीलाम होने के पूर्व कार्यालय नजारत अनुभाग में दो-दो हजार रूपया जनानत के रूप में जमा करेंगे।
3. जिस व्यक्ति के नाम नीलामी समाप्ति होगी यदि वह नीलामी नहीं लेता है, तो उसकी जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
4. बोली समाप्त होने पर सर्वाधिक बोली की 1/3 धनराशि तुरन्त जमा करनी होगी। शेष धनराशि एक सप्ताह के भीतर देय होगी। जमा की गयी जमानत धनराशि को अंतिम धनराशि में समायोजित हो जायेगी।
5. नीलाम होने वाले वृक्ष को काटने, उठाने, ले जाने में परिसर की दीवार, भवन या वृक्ष की क्षति न होने पाये। उक्त में ढिलायी होने पर नीलामी प्राप्तकर्ता से तुरन्त क्षतिपूर्ति वसूली जायेगी।
6. नीलामी में सिक्योरिटी धनराशि जमा करने वाले व्यक्ति के अलावा उसके स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को बोली बोलने का अधिकार नहीं होगा।
7. नीलामी प्राप्तकर्ता को माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा नीलामी अनुमोदित होने के पश्चात नीलामी की सम्पूर्ण धनराशि तुरन्त जमा करना होगा।
8. नीलामी प्राप्तकर्ता को उपरोक्त पेड़ो को स्वयं काटकर अपने खर्च पर 7 दिन के अन्दर नियमानुसार ले जाना होगा।
9. नीलामी प्राप्तकर्ता को उपरोक्त पेड़ हटाने हेतु कोई अतिरिक्त समय देय नही होगा।
10. माननीय जिला जज, प्रतापगढ़ उचित बोली न होने पर नीलाम की तिथि बढ़ा सकते हैं।
10. माननीय जिला जज, प्रतापगढ़ नीलामी को बिना कारण बताये हुये रद्द कर सकते हैं या कोई अन्य आदेश पारित कर सकते हैं जो सभी को मान्य होगा।
12. अन्तिम आदेश जिला जज, प्रतापगढ़ का होगा।
13. नीलामी के शर्त एवं प्रतिबन्ध माननीय जनपद न्यायाधीश के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत हो।

| सदस्य | सदस्य | अध्यक्ष, नीलामी कमेटी |
|---|---|---|
| सुनीता सिंह नागौर | कुंदर किशोर | आलोक द्विवेदी |
| अपर जिला जज कक्ष सं0 03 | अपर जिला जज कक्ष सं0 06 | विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) |
| प्रतापगढ़ | प्रतापगढ़ | प्रतापगढ़ |


# जमीन बंटवारे को लेकर मारपीट

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में जमीन बंटवारे को लेकर हुई मारपीट में दो लोग जख्मी हो गए, पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के धतई का पुरा निवासी सुरजबली पुत्र मैकू लाल ने सैनी पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र के हवाले से बताया की सोमवार की शाम उसके भाई से जमीन बंटवारे को लेकर वाद विवाद चल रहा था इस दौरान उसके दो भतीजे गाली गलौच करते हुए मारपीट करने लगे


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2020 अनुक्रमांक 1573028 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

मो0 अहमद
सुत सगीर अहमद
नि0ग्राम भुलियापुर प्रतापगढ़

## आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रमाशंकर सैनी (RAMA SHANKER SAINI) पुत्र महादेव प्रसाद (MAHADEO PRASAD) ग्राम— कसेरुआ बलीपुर, पोस्ट— दुर्गागंज, तहसील/थाना रानीगंज, जनपद— प्रतापगढ़ का निवासी हूँ। मैने अपना नाम रमाशंकर से बदलकर रमाशंकर सैनी रख लिया है। आधार कार्ड में भी मेरा नाम रमाशंकर सैनी है। मुझे रमाशंकर सैनी के नाम से जाना पहचाना व लिखा पढ़ा जाए।

**प्रार्थी उपरोक्त**

न्यायालय श्रीमान विशेष विवाह अधिकारी, जनपद प्रतापगढ़
1. नन्हकू सुत मगरू नि0 कसेरूआ थाना रानीगंज जिला प्रतापगढ़।
2. सहदेव सुत हरखू नि0 भवानीगढ़ थाना जेठवारा जिला प्रतापगढ़।

संख्याः मेमो/रीडर-वि0वि0अधिकारी-09 दिनांक 18.10.2023

विशेष विवाह अधिनियम-1954 की धारा-5 के अन्तर्गत

श्री सुभाष पुत्र श्री नन्हकू नि0 ग्राम कसेरूआ पोस्ट- थाना रानीगंज जनपद-प्रतापगढ़ एवं सुश्री लक्ष्मी देवी पुत्र श्री सहदेव नि0 ग्राम भवानीगढ़ पोस्ट थाना जेठवारा जनपद-प्रतापगढ़

मेरे समक्ष उपस्थित होकर आपस में स्वेच्छा से विवाह किये जाने की नोटिस दी है। उक्त के सम्बन्ध में यदि आपको कोई आपत्ति हो तो दिनांक 20.02.2024 को अथवा किसी भी कार्य दिवस में मेरे समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

विशेष विवाह अधिकारी/
अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)
जनपद-प्रतापगढ़

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज कक्ष सं0 2 महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
सी0ए0 नं0 116/88
नाम फरीकेन उमाशंकर आदि बनाम दीनानाथ आदि
बनाम
1/1 रजनीकान्त त्रिपाठी आयु 55 वर्ष 1/2 कुन्द्रेन्द्रमणि त्रिपाठी आयु 46 वर्ष सुतगण दीनानाथ 1/3 सुमेन्द्रमणि त्रिपाठी आयु 44 वर्ष 1/4 रेनू आयु 40 वर्ष पुत्री दीनानाथ समस्त नि0ग्राम संणारी पर0तह0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 15.02.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 15.02.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

## आवश्यकता है

फैजेआम डिग्री कालेज, तौकलपुर पो0 भिखनापुर, प्रतापगढ़ (उ0प्र0) सम्बद्ध प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) वि0वि0 प्रयागराज स्ववित्तपोषित योजना अन्तर्गत कला स्नातक पाठ्यक्रम हेतु निम्न पदों हेतु आवश्यकता है। प्राचार्य पद एक, हिन्दी, उर्दू, प्राचीन इतिहास, राजनीति विज्ञान, गृह विज्ञान, समाज शास्त्र, अंग्रेजी विषय हेतु प्रवक्ता एक-एक पद। योग्यता एवं वेतन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं शासनादेश के मानकानुसार

प्रबंधक
**अब्दुल वाहिद**
9450189902


# मोदी सरकार का तीसरी बार सत्ता में आना समय की मांग - दयालू

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दया शंकर मिश्र %दयालू% ने कहा है कि समय की मांग है कि मोदी सरकार तीसरी बार सत्ता में आए। यह देश का सौभाग्य भी होगा।




उन्होंने कहा कि प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता का दायित्व है कि चुनाव तक पूरी निष्ठा के साथ पार्टी द्वारा निश्चित किये गये हर कार्यक्रम को सफल बनाए। उन्होंने यह बातें भाजपा जनपद कार्यालय पर लाभार्थी संपर्क अभियान की सफलता के लिए आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि कहीं। उन्होंने आगे कहा कि लाभार्थी संपर्क अभियान लोगों तक पहुंचने का अच्छा माध्यम तो है ही साथ ही साथ जनता के बीच मोदी सरकार ही क्यों इस बात को बल मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि यदि एक भी लाभार्थी संपर्क अभियान में छूट गया तो मान लीजिये कि कार्य पूरी ईमानदारी से नहीं हुआ। अभियान की सफलता हेतु प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा हमको ऐसा अभियान चलाना है कि जनता स्वयं विरोधियों के सामने सरकार के पक्ष में खड़ी दिखे और अपनी हितैषी सरकार को पुनः लाने के लिये प्राण प्रण से जुट जाये। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियान में लगने वाले हर कार्यकर्ता दायित्व है कि क्षेत्र में जाने से पहले इस बात के लिये तैयार होकर जाये कि उस क्षेत्र के लाभार्थी कौन हैं, सरकार की विभिन्न योजनाएं क्या हैं तथा अभी कौन से पात्र व्यक्ति योजना का लाभ पाने से छूट गये हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से ये भी कहा कि यदि किसी पात्र लाभार्थी को योजना का लाभ पाने में किसी प्रकार की कठिनाई आ रही है तो उसका समाधान कराने का प्रयास करें। कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ब्रजभूषण सिंह ने किया, संचालन अभियान संयोजक अमित पाण्डेय ने किया तथा आभार ज्ञापन लोकसभा प्रभारी रवींद्र पाठक ने किया। कार्यशाला में विधायक रमा शंकर सिंह पटेल, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन डा. जगदीश सिंह पटेल, पार्टी के सभी ब्लाक प्रमुख एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।


(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी द्वितीय महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
म0मु0 29/18 कम्प्यूटरीकृत वाद सं0 डी2009025700535
नाम फरीकेन राम हरख बनाम गोपीनाथ आदि
बनाम
1. रमाकान्त सुत गोपीनाथ 2. दीपेन्द्र कुमार सुत शिव प्रकाश 3. वन्दना पुत्री शिव प्रकाश 4. राजकुमारी विधवा शिव प्रकाश 5. शान्तनु आयु 13 वर्ष 6. निशान्त आयु 10 वर्ष नावालिग सुतगण ओम प्रकाश संरक्षिका श्रीमती सुलोचना माता स्वयं 7. श्रीमती सुलोचना पत्नी ओम प्रकाश समस्त निवासी ग्राम मदरा पर0 तह0 सदर प्रतापगढ़
तारीख पेशी 23.02.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 23.02.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम


# 15 फरवरी से होगा दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव का आयोजन



**चित्रकूट:** किसानों को मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा देने के मकसद से जिलाधिकारी के निर्देश पर कृषि विभाग दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव कार्यक्रम कराने जा रहा है। उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत मिलेट्स रेसिपी विकास, उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना अंतर्गत जनपद स्तरीय दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव का 15 एवं 16 फरवरी को आयोजन किया जाएगा। उप कृषि निदेशक राजकुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में प्रातः 10 बजे से जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद स्तरीय दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम में मिलेट्स, मोटा अनाज से सम्बन्धित जानकारी देकर किसानों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा अपने विभागों के स्टाल, प्रदर्शनी लगाने के साथ ही विभागीय तकनीकी जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कौशाम्बी

**अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

पत्रांक : 231/7ए/2023-24 दिनांक : 02/02/2024

1 महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कौशाम्बी द्वारा द्वारा उ.प्र. लो.नि.वि. में क्लास ए. बी. सी. डी एवं ई में सुसंगत श्रेणी के पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यो की प्रतिशत के आधार पर ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिए न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा निर्देशिका के क्लॉज़ 3 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें।

2

(स्वीकृति की प्रत्याशा में)

| क्र.स. | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | कौशाम्बी | मनौरी सराय अकिल से चलौली मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। (ग्रामीण मार्ग) | 12.10 | 1.21 | 500+225/- +GST | 02 माह | ए,बी,सी,डी |
| 2 | कौशाम्बी | चरवा से अमली लौकीपुर मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। (ग्रामीण मार्ग) | 26.35 | 2.64 | 500+300/- +GST | 02 माह | ए,बी,सी,डी |
| 3 | कौशाम्बी | मनौरी भरवारी किमी0-7 से मीरन मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। (ग्रामीण मार्ग) | 15.75 | 1.58 | 500+300/- +GST | 02 माह | ए,बी,सी,डी |
| 4 | कौशाम्बी | बलीपुर टाटा मार्ग किमी0-4 से तिल्हातारा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। (ग्रामीण मार्ग) | 3.15 | 0.32 | 500+150/- +GST | 02 माह | ए,बी,सी,डी,ई |
| 5 | कौशाम्बी | बलीपुर टाटा से धमसेड़ा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। (ग्रामीण मार्ग) | 26.20 | 2.62 | 500+300/- +GST | 02 माह | ए,बी,सी,डी |
| 6 | कौशाम्बी | चरवा हरिजन बस्ती से धनसड़ा मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। (ग्रामीण मार्ग) | 4.10 | 0.41 | 500+150/- +GST | 02 माह | ए,बी,सी,डी,ई |

3 प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित) उपरोक्त तालिका के कॉलम-7 में दर्शायी गयी है।

4 वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्तें तथा बिडिंग डॉक्यूमेन्ट्स आन लाइन देखे जा सकते है।

5 निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर दिनांक **16.02.2024 से 22.02.2024** को **मध्यान्ह 12:00** बजे तक प्राप्त किये जा सकेंगें। आन लाइन बिड दिनांक **22.02.2024 को दोपहर 12:00 बजे** या इससे पूर्व ई-निविदा **http://etender.up.nic.in** पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा कर दी जाये एवं आन लाइन प्राप्त टेक्निकल बिड दिनांक **22.02.2024 को दोपहर 12:30 बजे** खोली जायेगी।

6 इच्छुक निविदादाता जिनके पास डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट **(DSC)** नहीं है, वह इसे निविदा जमा करने से पहले अप्रूव्ड एजेंसी से प्राप्त कर सकते है तथा चाणक्य साफ्टवेयर में लागिन कर **"प्रहरी"** का चयन कर निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख अपलोड किये जायेगे तथा तत्पश्चात् **"E-1"** शीट डाउनलोड कर **http://etender.up.nic.in** पर अपलोड की जायेगी।

7 इच्छुक निविदादाता शा0सं0 879(1)/23-7-2020 दिनांक 25.08.2020 के बिन्दु सं0 2(2) एवं 2(3) के अनुसार निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख प्रहरी पर अपलोड कर ई-1 डाउनलोड कर ई-टेन्डर वेबसाइट पर निविदा के समस्त अभिलेखो के साथ अपलोड कराना सुनिश्चित करेगे। अन्यथा की स्थिति में ठेकेदार को नॉन-रिसपान्सिव समझा जायेगा।

**(बी0बी0एस0 यादव)**
सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कौशाम्बी

**(हरबंश सिंह)**
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कौशाम्बी

www.upgov.nic,in
R.O.No.-203231 Date-13/02/2024

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, प्रतापगढ़/फतेहपुर वृत्त, लो0नि0वि0, प्रतापगढ़

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना (स्वीकृति की प्रत्याशा में)**

पत्रांक : 649/93सी/ई-टेण्डरिंग/2024 दिनांक : 05.02.2024

1- महामहिम श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, प्रतापगढ़/फतेहपुर वृत्त, लो0नि0वि0, प्रतापगढ़ द्वारा उ.प्र. लो.नि.वि. मे पंजीकृत एवं सक्षम श्रेणी के पात्र ठेकेदारों से आइटम दर के आधार पर निम्नलिखित कार्य की निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है-

| क्र.सं. | जनपद | कार्य का नाम | कुल अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | वित्तीय वर्ष 2023-24 में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य | | | | |
| 1 | प्रतापगढ़ | जनपद प्रतापगढ़ में लालगंज-मंझनपुर-मऊ मार्ग (राज्य मार्ग सं0-171) के चैनेज 34.00 से 39.900 तक पेव्ड शोल्डर के साथ दो लेन में चौड़ीकरण का कार्य। | 1050.00 | 21.00 | 2714.00 | 12 माह वर्षाकाल सहित |

2 लोक निर्माण विभाग में निविदाओं का मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से होगा, जिसका यू0आर0एल0 **http://wms.uppwd.gov.in/Prahari/** है।

3 बिड डाकूमेन्ट वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर दिनांक **15.02.2024 से 23.02.2024** को **मध्यान्ह 12:00** बजे तक प्राप्त किये जा सकेंगें। ऑनलाइन बिड दिनांक **23.02.2024 को दोपहर 12:00 बजे** या इससे पूर्व ई-निविदा **http://etender.up.nic.in** पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा कर दी जाये एवं ऑनलाइन प्राप्त समस्त टेक्निकल बिड दिनांक **23.02.2024 को दोपहर 12:30 बजे** खोली जायेगी।

4 निविदादाताओं को कोविड-19 के सम्बन्ध में शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करना होगा।

5 जी0एस0टी0 का भुगतान नियमानुसार अलग से देय होगा।

6 प्रहरी पर समस्त सूचना व अभिलेख अपलोड कर प्रस्तुत करने के उपरान्त निविदादाता द्वारा तकनीकी शीट **E1** डाउनलोड की जायेगी, जिसकी कापी स्कैन कर **e-tender portal http://etender.up.nic.in** पर अपलोड करनी होगी। निविदादाता द्वारा तकनीकी शीट **E1** के अतिरिक्त कोई भी अभिलेख ई-टेण्डर पोर्टल पर अपलोड नहीं किया जायेगा। यदि ठेकेदार द्वारा ई-टेण्डर पोर्टल पर **Technical Bid** से सम्बन्धित तकनीकी शीट **E1** के अतिरिक्त अन्य कोई अभिलेख अपलोड किया जाता है तो उसे तकनीकी मूल्यांकन हेतु संज्ञान में नही लिया जायेगा। बाद में इस सम्बन्ध में ठेकेदार का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

**(अजय कुमार)**
अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0,
प्रतापगढ़

**(एन0के0 यादव)**
अधीक्षण अभियन्ता,
प्रतापगढ़ वृत्त, लो0नि0वि0,
प्रतापगढ़

www.upgov.nic,in
R.O.No.-203141 Date-12/02/2024


# पट्टीदारों ने गर्भवती महिला को पीटकर किया घायल

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के आदरमदार गांव में जमीन की मिट्टी के रुपए बंटवारे को लेकर पट्टीदारों ने गर्भवती महिला को जमकर पीट दिया। इससे महिला को काफी चोटें आई। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायल महिला ने थाने जाकर आरोपी पट्टीदारों के खिलाफतहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।आदरमदार गांव निवासी बबलू मजदूरी कर परिवार का गुजारा करता हे। सोमवार को वह मजदूरी करने के लिए चला गया था। घर पर उसकी पत्नी फूलमती बच्चों के साथ थी। फूलमती इस समय गर्भवती है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# ऊंचाहार परियोजना ने मनाया अपना स्थापना दिवस

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** देश की सबसे बड़ी विद्युत उत्पादक कंपनी एनटीपीसी में सम्मिलित होने के बाद ऊंचाहार परियोजना की 32 वर्षों की गौरव गाथा न केवल ऐतिहासिक दस्तावेज है बल्कि पुराने विद्युत ग्रह को नवीनीकृत करके आधुनिकतम तकनीक के प्रयोग से गुणवत्तापूर्ण सतत विद्युत उत्पादन करके अन्य विद्युत ग्रहों के लिए अत्यंत प्रेरणादायी गाथा है।

उक्त विचार परियोजना के महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) अतुल कमलाकर देसाई ने स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में व्यक्त किए। देसाई ने कहा कि 13 फरवरी 1992 को एनटीपीसी परिवार में शामिल होने के बाद ऊंचाहार परियोजना ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। विद्युत उत्पादन के साथ-साथ उत्कृष्ट कार्य-निष्पादन, पर्यावरण संरक्षण, राख-सदुपयोग, नैगम सामाजिक दायित्व एवं अन्य क्षेत्रों में नए-नए कीर्तिमान स्थापित करते हुए एनटीपीसी कंपनी के श्रेष्ठतम विद्युत परियोजनाओं में अपना स्थान बनाने में कामयाब रही है। समारोह में महाप्रबंधक ने एनटीपीसी का ध्वज फहराया तथा परियोजना के उत्थान में निरंतर योगदान देने वाले यूनियन व एसोसिएशन के प्रतिनिधियों तथा अन्य कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं। सभी ने मिलकर केक काटा तथा एक-दूसरे का मुंह मीठा किया। इसके साथ ही हिंदी के प्रचार-प्रसार में योगदान देने वाले प्रतिभागियों को भी राजभाषा सहयोग सम्मान व विश्व हिंदी दिवस प्रतियोगिताओं के पुरस्कारों से पुरस्कृत किया गया।



इस अवसर पर महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन) के डी यादव, महाप्रबंधक (प्रचालन) राजेश कुमार, मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा सहित एनटीपीसी के अन्य विभागाध्यक्ष, प्रियदर्शिनी महिला क्लब की वरिष्ठ सदस्याएं, एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारीगण तथा कर्मचारी एवं उनके परिवारजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पूर्व प्रधान के निधन पर क्षेत्र में शोक'

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** राही विकास खंड के जरौला ग्राम सभा के पूर्व प्रधान राम बहादुर यादव का एम्स में कल निधन हो गया।राम बहादुर यादव पिछले कुछ दिनों से बीमार थे और एम्स में भर्ती थे जहाँ 12 फरवरी की सुबह उनका देहांत हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव में हुआ जहाँ क्षेत्र के लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।राम बहादुर यादव क्षेत्र में अपनी समाजसेवा के लिए खासे लोकप्रिय थे।शुरू से ही समाजसेवा में रूचि रखने वाले राम बहादुर यादव समाजवादी पार्टी व अपना दल के सक्रिय कार्यकर्ता भी रहे हैं।अन्तिम संस्कार में पहुंचे राही ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र बहादुर यादव ने कहा कि राम बहादुर एक महान व्यक्ति थे उनसे हम लोगो को समाजसेवा की प्रेरणा मिलती थी। स्वराज इंडिया पार्टी के जिला अध्यक्ष व जरौला ग्राम के निवासी राम विलास यादव ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में क्षेत्र के लोगों की हमेशा सहायता की और जनहित के कार्यों को सर्वोपरि रखा, उनका निधन क्षेत्र के लिए बड़ी क्षति है जिसकी भरपाई हो पाना बहुत मुश्किल है। क्षेत्र के कई समाजसेवी एवं प्रधानों ने पूर्व प्रधान को अंतिम नमन किया। पूर्व प्रधान के अंतिम संस्कार में क्षेत्र के हजारों लोग शामिल हुए।



# खरगपुर सौताना के पूर्व प्रधान उमेश सिंह बनाए गए भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा का गठन किया गया है। जिसमें खड़गपुर सौताना के पूर्व प्रधान उमेश सिंह को को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है । भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उमेश सिंह के जिला उपाध्यक्ष बनने पर उनका फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया है । इस दौरान किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष पूर्व प्रधान उमेश सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही किसानों की हितैषी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों को सम्मान निधि देकर उनकी जरूरतो को पूरा करने का प्रयास किया है। भाजपा की सरकार में किसानों को तकनीकी खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिससे कि किसानों को उनकी मेहनत की कमाई का भरपूर लाभ मिल सके। प्रत्येक दशा में किसानों को भारतीय जनता पार्टी की सरकार में भारी लाभ पहुंचाने का काम किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व उमेश सिंह किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष भी थे ।उन्होंने लगातार किसानो की आवाज को सरकार तक पहुंचाने का काम किया है। उमेश सिंह के किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष बनने पर भाजपा नेता जेपी सिंह, सुशील शुक्ला आदि ने प्रसन्नता जताई है। इस मौके पर किसान मोर्चे के ही जिला उपाध्यक्ष बनाए गये आशुतोष शुक्ला,शिवेंद्र चैधरी उर्फ राम , भाजपा के किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष कमलेश चैधरी, भाजपा के जिला महामंत्री शरद सिंह, राकेश शर्मा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, शैलेंद्र कुमार जिला महामंत्री किसान मोर्चा, उमेश सिंह जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, विक्रांत अकेला जिला महामंत्री किसान मोर्चा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीएम ने शहर की प्रमुख सड़कों का किया निरीक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत बनने वाली सड़कों का निरीक्षण किया। उन्होंने वार्ड नं0 27 के अन्तर्गत डिग्री कालेज चैराहा पुलिस लाइन चैकी के सामने से मीरा मलिक नर्सिंग होम होते हुए विकास प्राधिकरण के सामने से शुक्ला पेट्रोल पम्प के सामने जेल रोड तक हाटमिक्स प्लान्ट से डामर रोड के निर्माण कार्य, वार्ड नं0 28 के अन्तर्गत बिन्दावन नगर (शालीमार पैलेस) में रायबरेली एवं परशदेपुर सम्पर्क मार्ग से रबर मोल्ड इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण, वार्ड नं0 20 के अन्तर्गत पुलिस लाइन चैराहा एवं जेलरोड सम्पर्क मार्ग से पाल आटा चक्की होते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा ए0टी0एम0 के सामने तक इण्टरलाकिंग व चुनाई के कार्य,नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत महराजगंज रोड (कांशीराम कालोनी) के पास डामर रोड से एम0आर0एफ0 सेन्टर तक खड़ंजा का निर्माण कार्य, वार्ड नं0 14 के अन्तर्गत एफ0एस0टी0पी0 एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिस से शांति ट्रेडर्स के पास खड़ंजा का निर्माण कार्य, वार्ड नं0 20 के अन्तर्गत पुलिस लाइन चैराहा एवं जेलरोड सम्पर्क मार्ग से ओम मेडिकल स्टोर होते हुए नव्या ब्यूटी पार्लर से हनुमान मंदिर होते हुए श्रेष्ठ बेकरी व पुलिस लाइन गेट तक इन्टरलाकिंग व चुनाई का कार्य, अस्पताल चैराहा से महिला अस्पताल होते हुए कानपुर रोड व चैराहा से अग्रसेन पार्क तक हाट मिक्स से रोड नवीनीकरण का कार्य, वार्ड सं0 29 के अन्तर्गत मोहल्ला बम्बईया कोठी में कचहरी मेन रोड से गंगा राम 10 हास्पिटल होते हुए बम्बईया कोठी के सामने तक इन्टरलाकिंग व साइड पटरी की चुनाई का कार्य, वार्ड सं0 29 के अन्तर्गत मोहल्ला बम्बईया कोठी में बैंक ऑफ बड़ौदा के बगल से बम्बईया कोठी के सामने तक इण्टरलाकिंग व साइड पटरी की चुनाई का कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने ईओ नगर पालिका को निर्देश देते हुए कहा कि कार्य की गुणवत्ता से किसी प्रकार समझौता न किया जाए और समय से कार्य को पूरा किया जाए जिससे लोगों को जाम की समस्या और वायु प्रदूषण से मुक्ति मिले।इस अवसर पर ईओ नगरपालिका स्वर्ण सिंह, सहायक अभियंता नेहा परवीन भी उपस्थित रही।



# भारत जोड़ो न्याय यात्रा को समर्थन देने के लिए उनकी यात्रा के सह-यात्री बनें: केएल.शर्मा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेलीं** जननायक राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा दिनांक 20 फरवरी 2024 को रायबरेली आने वाली है, जिसकी तैयारियों पर एक विषेष बैठक भुएमऊ गेस्ट हाऊस में आयोजित की गई। बैठक के मुख्य अतिथि .सांसद प्रतिनिधि के.एल.शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को समर्थन देने के लिए उनकी यात्रा के सह-यात्री बनें, राहुल गांधी की न्याय यात्रा देष में मोदी सरकार के द्वारा आम-जन मानस से अन्याय किए जाने के विरोध में और उन्हें न्याय दिलाने के लिए निकाली जा रही है। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि रायबरेली जनपद में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का ऐतिहासिक स्वागत किया जाएगा। ए.आई.सी.सी. कोऑर्डिनेटर एवं लोकसभा रायबरेली इन्दल कुमार रावत व प्रदेष सचिव एवं रायबरेली प्रभारी फिरोज अहमद खान ने कहा कि रायबरेली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जोष गांधी परिवार के प्रति जबरदस्त देखने को मिलता है, जो गांधी परिवार और रायबरेली की जनता के बीच प्रेम और सम्मान को दर्षाता है।जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी एवं शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया एवं भारत जोड़ो न्याय यात्रा के सम्बन्ध में कार्यकर्ताओं से महत्वपूर्ण सुझाव लिये।कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने जानकारी देते हुए बताया कि यात्रा प्रातः 08:00 बजे अमावा ब्लाक के संदी नागिन पहुंचेगी वहां से राही, मलिकमऊ कालोनी, मोटल चैराहा, सिविल लाइन, डिग्री कालेज, हाथी पार्क, सुपर मार्केट, कैपरगंज, कहारो का अड्डा, गल्ला मंडी होते हुए लखनऊ हाइवे से गंगागंज, हरचन्दपुर, कुंदनगंज, बछरावां होते हुए आगे को निकलेगी।बैठक में मुख्यरुप से प्रदेष उपाध्यक्ष सुषील पासी, प्रदेष सचिव अतुल सिंह, चेयरमैन नगर पालिका परिषद शत्रोहन लाल सोनकर, चेयरमैन नगर पंचायल लालगंज सरिता गुप्ता, हरचन्दपुर विधानसभा प्रत्याषी सुरेन्द्र विक्रम सिंह, सदर विधानसभा प्रत्याषी डा.मनीष सिंह चैहान, पूर्व चेयरमैन नगर पालिका परिषद हाजी इलियास, पूर्व जिलाध्यक्ष वी.के.शुक्ल, विजयषंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ल, सईदुल हसन, राजेष यादव, संजीव पाण्डेय, रमेष कुमार शुक्ल, रोहित सिंह, रवीन्द्र सिंह, पद्मधर सिंह, राहुल बाजपेयी, दीपेन्द्र गुप्ता, प्रमेन्द्र पाल सिंह, संतोष त्रिवेदी, अजीत सिंह, महेष प्रसाद शर्मा, नौषाद हुसैन खतीब, राकेष सिंह राना, अनिल मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# पुलवामा हमले में शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि




**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल त्रिपुला, रायबरेली में पुलवामा हमले में शहीद हुए 40 जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जम्मू कश्मीर में हुए आतंकवाद के सबसे घातक हमले को विद्यालय में उपस्थित छात्र/छात्राओं ने शिक्षकों के साथ काले दिन के रूप में याद किया। छात्रों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने बताया कि 14 फरवरी 2019 को, जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारतीय सुरक्षा कर्मियों को ले जाने वाले सी0आर0पी0एफ0 के वाहनों के काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ, जिसमें 40 भारतीय सुरक्षा कर्मियों की जान गयी थी। यह हमला जम्मू और कश्मीर के पुलवामा ज़िले के अवन्तिपोरा के निकट लेथपोरा इलाके में हुआ था।

यह हमला जम्मू-कश्मीर में उग्रवाद के सबसे घातक हमलों में से एक है इसलिए हम आज के दिन को काला दिन भी कहते है। उन्होंने यह भी बताया कि पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों का बलिदान व्यर्थ नही गया,इस हमले के बाद भारत ने बालाकोट में सर्जिकल स्ट्राइक कर पाकिस्तान के अंदर घुसकर उसके आतंकी ठिकानों को नष्ट किया।

इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, सी0एस0दास मिश्र, संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, पिंकी जायसवाल, शाहीन खान, राकेश अवस्थी, रामदेव शर्मा ,मनीष कुमार, रामकिशोर यादव, वेद प्रकाश मिश्र, बी0एस0 त्रिवेदी, धर्मेन्द्र शुक्ला, अभिषेक श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं और छात्र/छात्राएं मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय में जिला टास्क फोर्स की बैठक आहूत की गई, जिसमें मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के कुल 669 आवेदन पत्रों का अनुमोदन किया गया है। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा से कहा कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित स्पॉन्सरशिप (प्रवर्तकता) योजना के पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन करते हुए अवशेष आवेदन पत्रों को नियमानुसार शीघ्र निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 वीरेन्द्र सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।

# पुलवामा हमले में शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल त्रिपुला, रायबरेली में पुलवामा हमले में शहीद हुए 40 जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जम्मू कश्मीर में हुए आतंकवाद के सबसे घातक हमले को विद्यालय में उपस्थित छात्र/छात्राओं ने शिक्षकों के साथ काले दिन के रूप में याद किया।

छात्रों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने बताया कि 14 फरवरी 2019 को, जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारतीय सुरक्षा कर्मियों को ले जाने वाले सी0आर0पी0एफ0 के वाहनों के काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ, जिसमें 40 भारतीय सुरक्षा कर्मियों की जान गयी थी। यह हमला जम्मू और कश्मीर के पुलवामा ज़िले के अवन्तिपोरा के निकट लेथपोरा इलाके में हुआ था। यह हमला जम्मू-कश्मीर में उग्रवाद के सबसे घातक हमलों में से एक है इसलिए हम आज के दिन को काला दिन भी कहते है। उन्होंने यह भी बताया कि पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों का बलिदान व्यर्थ नही गया,इस हमले के बाद भारत ने बालाकोट में सर्जिकल स्ट्राइक कर पाकिस्तान के अंदर घुसकर उसके आतंकी ठिकानों को नष्ट किया।

इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, सी0एस0दास मिश्र, पिंकी जायसवाल, शाहीन खान, राकेश अवस्थी, रामदेव शर्मा ,मनीष कुमार, रामकिशोर यादव, वेद प्रकाश मिश्र, बी0एस0त्रिवेदी, धर्मेन्द्र शुक्ला, अभिषेक श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं और छात्र/छात्राएं मौजूद रहे।




# गरीब बेसहारा वृद्ध महिला को मिल रही समस्त योजना बंद, दर-दर भटकने को मजबूर वृद्ध महिला

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।**विकासखंड लालगंज के ग्राम पंचायत गेगासो निवासी 65 वर्षीय केलावती को प्रधानमंत्री आवास लगभग 7 वर्ष पहले मिला था तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा ।महिला ने सोचा आशियाना बन जाएगा और वह भी सुकून से वर्षा गर्मी और ठंड से बच कर रह पाएगी। पहली किस्त40हजार रुपए मिले महिला ने खुशी-खुशी चारों तरफ दीवार खड़ी कर दरवाजा लगाने के बाद छत डलवाने के लिए दूसरी किस्त की मांग ग्राम प्रधान देशराज यादव से की ।परंतु प्रधान द्वारा बताया गया कि कॉलोनी सरकारी जमीन पर बना रही हो इसलिए दूसरी किस्त नहीं मिलेगी ।इतना सुनते ही महिला के होश उड़ गए। वृद्ध महिला तब से ब्लॉक और जिले के चक्कर काट रही है किंतु मामला जस का तस पड़ा हुआ है।आवास मे छत नहीं पड़ सकी है। महिला ने बताया कि हमें जो अन्य योजनाएं जैसे राशन कार्ड, पेंशन मिलती थी। वह भी बंद कर दिया गया ।पीने के लिए पानी की सरकारी व्यवस्था हैंड पाइप इंडिया मार्का था ।उसे भी ग्राम प्रधान द्वारा उखड़वा कर न जाने कहां लगवा दिया गया है ।अब मुझे जीवन जीने में अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।हमारे द्वारा कई अधिकारियों से फरियाद की गई लेकिन मेरी किसी ने नहीं सुनी।खंड विकास अधिकारी लालगंज का फोन ए डी ओ सहकारिता जितेन्द्र सिंह द्वारा उठाया गया और बताया गया कि वीडियो मैडम छुट्टी पर है। ग्राम विकास अधिकारी से उक्त मामले की जानकारी कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# फुलवारी पब्लिक स्कूल में गरीब,असहाय के बच्चों को अच्छी और प्रभावशाली शिक्षा मिलती है: अतुल सिंह

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** विधानसभा ऊंचाहार के रोहनिया ब्लाक के सरायं इश्तियाक में फुलवारी पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि कांग्रेस के प्रदेश सचिव अतुल सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे विद्यालय चलाना बड़ी बात होती है,विद्यालय में साफ-सफाई व अनुशासन देखकर बहुत अच्छा लगा।ऐसे शिक्षण संस्थानों से गरीब,असहाय के बच्चों को अच्छी और प्रभावशाली शिक्षा मिलती है।श्री सिंह ने कहा कि इस स्कूल के लिए जो भी आवश्यक होगा हम सब मिलकर करेंगे एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।श्री सिंह ने कहा कि हम सबका प्रयास होना चाहिए कि क्षेत्र के सक्षम लोग विद्यालय की हर संभव मदद करें।इससे पहले विद्यालय के प्रबंधक मोहम्मद रेहान ने मुख्य अतिथि अतुल सिंह का माला पहनाकर एवं विद्यार्थियों ने स्वागत गीत गाकर स्वागत किया।कई भाव विभोर कर देने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्र छात्राओं ने प्रस्तुत किया।कार्यक्रम का संचालन अश्वनी ओझा ने किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से से वरिष्ठ नेता शैलेन्द्र सिंह,राम दत्त पांडेय,युवा नेता सुनील पाण्डेय,रती पाल सरोज,गोलू अग्रहरि,मो अफरोज,रज्जन पांडेय,राम बहादुर यादव,शिवकरन पटेल,वीरेंद मिश्रा,अरविंद तिवारी,राजेश सिंह,कल्लू नेता,शिवकरन यादव आदि बड़ी संख्या में अध्यापक गण,अभिभावक और प्यारे बच्चे उपस्थित थे।



# एक दिवसीय माटीकला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड लखनऊ द्वारा निर्धारित एक दिवसीय माटीकला जागरूकता कार्यक्रम, माटीकला के कामगारों व शिल्पकारों को जागरूक करने हेतु ग्राम सहजादपुर वि0ख0 सतांव, रायबरेली में मुख्य अतिथि सतीश प्रजापति( मा0 सदस्य) उ0प्र0 माटीकला बोर्ड, विशिष्ट अतिथि सतेंद्र कुमार जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, उन्नाव के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। उ0प्र0 माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित योजनाएं मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना एवं निःशुल्क टूल्स-किट्स वितरण योजना व पट्टो के विषय मे समस्त जानकारी प्रदान की गयी।




इस कार्यक्रम में अवधेश प्रजापति जिलाध्यक्ष प्रजापति उत्थान महासभा, आशीष प्रजापति उपाध्यक्ष प्रजापति उत्थान महासभा, ग्राम प्रधान मोहन लाल, संतोष गौतम जिला ग्रामोद्योग अधिकारी एवं सुधीर कुमार कनिष्ठ कताई मार्गदर्शक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय के अतिरिक्त ग्रामीण जन उपस्थिति रहे।

# 'मोदी सरकार ने देश के अन्नदाताओं से किए अपने तीन वादे तोड़े', खरगे का केंद्र पर आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा सरकार पर किसानों के आवाज को दबाने का आरोप लगाया है। खरगे ने केंद्र सरकार पर यह आरोप लगाया जब करीब हराजों की संख्या में किसान पंजाब से दिल्ली पहुंचे। खरगे ने बताया कि अधिकारियों ने किसानों को शहर में प्रवेश करने से रोका।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, कंटीले तार, ड्रोन से आंसू गैस, कीले और बंदूकें सबका है इंतजाम तानाशाही मोदी सरकार ने किसानों की आवाज़ पर जो लगानी है लगाम। याद है ना आंदोलनजीवी व परजीवी कहकर किया था बदनाम, और 750 किसानों की ली थी जान ?

मल्लिकार्जुन खरगे ने आगे कहा, 'अब समय आ गया है 62 करोड़ किसानों की आवाज उठाने का। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में आज कांग्रेस पार्टी किसान न्याय की आवाज उठाएगी। हमारा किसान आंदोलन को पूरा समर्थन है। न डरेंगे, न झुकेंगे।'



किसानों के मार्च पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, 'बातचीत के दौरान किसान नेताओं के एक्स हैंडल बंद किए जा रहे हैं। ये कैसा मुलाकात है? पिछले दो वर्षों में आपको समझ नहीं आया कि किसान क्या चाहते हैं?'

खरगे ने मोदी सरकार पर किसानों के तीन वादे तोड़ने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, '10 सालों में मोदी सरकार ने देश के अन्नदाताओं से किए गए अपने तीन वादे तोड़े हैं :
2022 तक किसानों की आमदनी दोगुनी
स्वामीनाथन रिपोर्ट के मुताबिक लागत और 50 प्रतिशत एमएसपी लागू करना
एमएसपी को कानूनी दर्जा।'

### क्या है किसानों की मांग?

किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी के अलावा स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों व कृषि मजदूरों के लिए पेंशन, कृषि ऋण माफ करने, पुलिस में दर्ज मामलों को वापस लेने, लखीमपुरी खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए 'न्याय', भूमि अधिग्रहण कानून 2013 बहाल करने और पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों के लिए मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

### मंत्रियों के साथ किसानों की बैठक रही थी बेनतीजा

केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल के साथ सोमवार को किसानों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की। हालांकि, किसानों की मांगों को लेकर हुई यह बैठक बेनतीजा रही। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसानों ने अंबाला-शंभू, खनौरी-जींद और डबवाली सीमाओं से दिल्ली की ओर कूच करने की योजना बनायी है।

## केजरीवाल को मिली राहत, उत्तर प्रदेश में दिल्ली सीएम के खिलाफ कार्यवाही पर रोक बरकरार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2014 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस पर कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कार्यवाही पर अंतरिम रोक की अवधि मंगलवार को बढ़ा दी। केजरीवाल ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के उस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया है, जिसने सुल्तानपुर की एक ट्रायल कोर्ट में लंबित आपराधिक मामले में केजरीवाल को आरोप मुक्त करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ ने केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई की। केजरीवाल पर जन प्रतिनिधित्व (आरपी) अधिनियम, 1951 की धारा 125 के तहत चुनावों के संबंध में वर्गों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया है।

## अजित गुट को राकांपा का नाम-निशान दिए जाने के खिलाफ शरद पवार ने दायर की याचिका



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग की तरफ से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) का नाम और चुनाव चिह्न अजित पवार के गुट को दिए जाने के खिलाफ आज शरद पवार गुट ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। इस याचिका में चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती देते हुए जल्द सुनवाई की मांग की गई है। शरद पवार ने यह याचिका वकील अभिषेक जेबराज के माध्यम से सोमवार शाम को अपनी व्यक्तिगत हैसियत से दायर की।

गौरतलब है कि अजित पवार गुट इससे पहले ही सर्वोच्च न्यायालय में कैविएट दाखिल करचुका है। उनकी तरफ से मांग की गई है कि विपक्ष की तरफ से मामले में दायर किसी भी याचिका पर उन्हें भी सुना जाए। राकांपा के दो धड़े बनने के बाद छह महीने से अधिक समय तक पार्टी पर हक को लेकर चुनाव आयोग में सुनवाई चली। 10 से ज्यादा सुनवाई के बाद चुनाव आयोग ने एनसीपी में विवाद का निपटारा किया और अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट के पक्ष में फैसला सुनाया था। अब एनसीपी का नाम और चुनाव चिह्न 'घड़ी' अजित पवार के पास रहेगा। इस फैसले पर शरद पवार के धड़े ने नाराजगी जताई थी। वहीं, महाविकास अघाड़ी में उनकी साथी रही उद्धव शिवसेना और कांग्रेस ने भी चुनाव आयोग के फैसले का विरोध किया था और कोर्ट जाने की बात कही थी।

# स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा महासचिव पद से दिया इस्तीफा

## अखिलेश यादव को लिखा भावुक पत्र

**लखनऊ,एजेंसियॉ।** आगामी लोकसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी (सपा) नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को पार्टी के महासचिव पद से अपना इस्तीफा दे दिया। हालाँकि, 70 वर्षीय नेता पार्टी के सदस्य बने रहेंगे। उन्होंने अपने फैसले के बारे में सपा मुखिया अखिलेश यादव को पत्र लिखा और अपने इस्तीफे से अवगत कराया. इस बीच, मौर्य ने यह भी कहा कि वह पद के बिना भी पार्टी को मजबूत करने का प्रयास करते रहेंगे। अपने त्याग पत्र में, मौर्य ने खुलासा किया कि उन्होंने अखिलेश यादव को %रथ यात्रा% का विचार प्रस्तावित किया था, जिसका उद्देश्य जाति-आधारित जनगणना की वकालत करना, आरक्षण की रक्षा करना, बेरोजगारी के मुद्दों को संबोधित करना और संविधान की रक्षा करना था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनका इरादा ऐसी पहलों के माध्यम से पार्टी के लिए समर्थन बढ़ाना था। उन्होंने दावा किया कि अखिलेश होली के त्योहार के बाद यात्रा शुरू करने पर सहमत हुए थे। हालांकि, इस यात्रा को कभी शुरू नहीं किया गया। गौरतलब हो इधर कुछ दिनों से समाजवादी पार्टी के तमाम नेता स्वामी प्रसाद के खिलाफ खुलकर बयानबाजी कर रहे थे। लेकिन अखिलेश यादव इस पर चुप थे।स्वामी ने रामचरितमानस पर विवादित बयान दिया था। इसके बाद उसका जमकर विरोध हुआ था। कहां जा रहा है कि अखिलेश यादव द्वारा बदायूं से धर्मेंद्र यादव को टिकट देने के बाद स्वामी नाराज चल रहे थे। वह यहां से अपनी बेटी को लड़ना चाहते थे, जो इस समय भारतीय जनता पार्टी से सांसद हैं। लेकिन स्वामी प्रसाद केला लगातार सनातन विरोधी ब्यान देने और इस पर उसकी बेटी संघप्रिय मौर्य की चुप्पी के बाद बीजेपी ने संघप्रिया का टिकट काटने का मन बना लिया है। इसीलिए स्वामी प्रसाद अपनी बेटी को सपा के टिकट पर बदायूं से लड़ना चाहते थे। अखिलेश यादव को लिखे पत्र में स्वामी ने कहा है वह सभी पदों से इस्तीफा दे रहे हैं. स्वामी का कहना है कि सपा में नेताओं के बीच भेदभाव किया जाता है।



## छात्रा को आत्महत्या के लिए उकसाने वाला शिक्षक गिरफ्तार, इलाज के दौरान नाबालिग ने तोड़ा दम


**मैंगलुरु।** दक्षिण कन्नड़ जिले के बेलथांगडी में एक निजी स्कूल के शिक्षक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, छात्र को मृतक छात्रा के बारे में कुछ आपत्तिजनक संदेश भेजकर उसे आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई हुई है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि धर्मस्थला के पीजाथडका की रहने वाली लड़की ने जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी, जिसके बाद उसे तुरंत बेंगलुरु के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान लड़की की मौत हो गई।

छात्रा को 7 फरवरी को मंगलुरु के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था और दो दिन पहले बेहतर इलाज के लिए बेंगलुरु के विक्टोरिया अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया था।

# राज्य सरकार तय करें विरोध स्थल

## किसान आंदोलन के बीच हाईकोर्ट की बड़ी टिप्पणी




**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** किसानों के मार्च के मद्देनजर हरियाणा के कई जिलों में इंटरनेट सेवाओं के निलंबन और सीमाओं को सील करने के खिलाफ पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर किए जाने के एक दिन बाद हाई कोर्ट ने मंगलवार को सुझाव दिया कि भले ही कोई प्रदर्शन हो। ऐसा करने के लिए, राज्यों को आंदोलनकारियों के लिए एक निर्दिष्ट क्षेत्र की पहचान करनी चाहिए। इसने नोटिस जारी कर पंजाब, हरियाणा और केंद्र सरकार से स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। उच्च न्यायालय संबंधित पक्षों से बैठकर समस्या का समाधान करने का आग्रह करके विवाद को सुलझाने का पक्षधर है। मामले की सुनवाई 15 फरवरी तक के लिए टाल दी गई है।अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा ने ट्विटर पर भगवंत मान से अपील की और उनसे हरियाणा पुलिस अधिकारियों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करने का आग्रह किया। खैरा ने किसानों पर ड्रोन के माध्यम से आंसू गैस के गोले के इस्तेमाल, रबर की गोलियां चलाने पर चिंता व्यक्त की, जिसमें पत्रकार नील भलिंदर सिंह भी घायल हुए। उन्होंने एक्स पर लिखा कि मैं भगवंत मान से आग्रह करता हूं कि वे किसानों पर ड्रोन के माध्यम से आंसू गैस के गोले फेंकने और रबर की गोलियां चलाने के अलावा पंजाब क्षेत्र में घुसपैठ करने के अलावा पत्रकार नील भलिंदर सिंह सहित कई लोगों को घायल करने के लिए जिम्मेदार हरियाणा पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करें क्योंकि यह हमारी स्वायत्तता पर हमला है।समाचार एजेंसी एएनआई ने बताया कि किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान रैपिड एक्शन फोर्स के एक सदस्य को चोटें आई और बाद में उन्हें अंबाला के सिविल अस्पताल ले जाया गया। कांग्रेस ने मंगलवार को प्रदर्शनकारी किसानों को दिल्ली की ओर बढ़ने से रोकने के लिए केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारों की आलोचना की। पार्टी ने इंडिया ब्लॉक के सत्ता संभालने के बाद विभिन्न फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सुनिश्चित करने वाले कानून की किसानों की प्राथमिक मांग को संबोधित करने का वादा किया।

# ईडी की कोलकाता में कई ठिकानों पर छापेमारी, राशन घोटाला केस से जुड़े मामले में सक्रिय हुई एजेंसी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में प्रवर्तन निदेशालय की टीमों ने सुबह-सुबह कई ठिकानों पर छापेमारी की। बताया गया है ईडी ने यह रेड राशन घोटाला केस से जुड़े धनशोधन के मामले में डाली हैं। ईडी की टीम कोलकाता में फिलहाल आधा दर्जन जगहों पर जांच कर रही है। पश्चिम बंगाल में यह घोटाला राशन वितरण में सामने आया था। जांचकर्ताओं और बंगाल भाजपा नेताओं का दावा है कि यह घोटाला एक हजार करोड़ से कम का नहीं है। इनका यह भी दावा है कि यह घोटाला पिछले एक दशक से अधिक समय से चल रहा है और कोविड के वर्षों के दौरान इसमें तेजी आई है।

दरअसल, केंद्र सरकार द्वारा सूचीबद्ध चावल मिलों और आटा मिलों को खरीदे गए गेहूं को पीसने के लिए भेजा जाता है और इसके बाद प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत उचित मूल्य राशन की दुकानों से लाभार्थियों को बांटा जाता है।

सरकारी वितरक मिल मालिकों से गेहूं उठाते हैं और उन्हें राशन की दुकानों में आपूर्ति करते हैं। प्रत्येक वितरक के पास संचालन का एक निश्चित क्षेत्र होता है और वे कितनी दुकानों पर अनाज वितरित कर सकते हैं इसकी संख्या भी पहले से तय होती है। वितरक मिलों से कितनी मात्रा में अनाज खरीद सकते हैं, यह भी निश्चित होता है और उनकी डिलीवरी रसीदों में इसका जिक्र किया जाता है।

यहीं से शुरू होती है कथित भ्रष्टाचार की कड़ी। आरोप है कि वितरकों ने मिल मालिकों के साथ मिलकर राशन की दुकानों में वितरण के लिए मिलों से निर्धारित मात्रा से कम मात्रा में राशन उठाया। जांच एजेंसियों का दावा है कि इससे राशन वितरण प्रणाली में 20-40 फीसदी तक का घाटा हुआ। इसके बाद बचे हुए अनाज को खुले बाजारों में बाजार दरों पर बेच दिया गया और इससे होने वाली आमदनी को सिंडिकेट के सदस्यों के बीच कमीशन के रूप में बांटा गया।

### इसी मामले में आरोपी है शाहजहां शेख

पांच जनवरी को ईडी अधिकारियों की टीम इसी मामले में छापेमारी के लिए संदेशखाली पहुंची थी। हालांकि, यहां जब उन्होंने संदेशखाली में टीएमसी नेता के आवास में प्रवेश करने की कोशिश की, तब भीड़ ने टीम को घेरकर उस पर हमला कर दिया। इस हमले में एजेंसी के तीन अधिकारी घायल हो गए थे। 24 जनवरी को ईडी ने घोटाले के सिलसिले में तलाशी अभियान के बाद शाहजहां शेख के आवास को सील कर दिया था।

# तेजस्वी यादव को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, मानहानि मामला किया खारिज



**नई दिल्ली।** राजद नेता और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने तेजस्वी यादव के खिलाफ दायर मानहानि मामले की शिकायत को खारिज कर दिया है। जस्टिस एएस ओका और जस्टिस उज्जल भुयन की पीठ ने अपने आदेश में कहा हमने शिकायत खारिज कर दी है। तेजस्वी यादव ने बीती 19 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर गुजरातियों के लेकर दिया अपना बयान वापस ले लिया था। बीती 5 फरवरी को कोर्ट ने सुनवाई पूरी कर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

तेजस्वी यादव ने बीते साल मार्च में अपने एक बयान में कहा था कि 'अब की परिस्थितियों में सिर्फ गुजराती ही ठग हो सकते हैं और उनकी धोखाधड़ी को माफ भी कर दिया जाएगा।' तेजस्वी यादव के इस बयान के विरोध में गुजरात के रहने वाले हरेश मेहता ने मानहानि का मामला दर्ज कराया था। हरेश मेहता का आरोप था कि तेजस्वी यादव के बयान से गुजरातियों का अपमान हुआ है। इसके बाद मामले की सुनवाई अहमदाबाद की कोर्ट में चल रही थी। शिकायत के बाद अहमदाबाद कोर्ट ने तेजस्वी यादव के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 202 के तहत जांच करायी थी। जांच के आधार पर कोर्ट ने तेजस्वी यादव को समन जारी किया था। इस पर तेजस्वी यादव ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर मामले को गुजरात से बाहर और प्राथमिक तौर पर दिल्ली शिफ्ट करने की मांग की थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने 29 जनवरी को ही दे दिए थे मामला खारिज करने के संकेत

तेजस्वी यादव की याचिका के बाद सुप्रीम कोर्ट ने अहमदाबाद कोर्ट में चल रही मामले की सुनवाई पर बीते साल नवंबर में रोक लगा दी थी। तेजस्वी यादव के बयान वापस लेने के हलफनामे के बाद ही सुप्रीम कोर्ट ने मामले को खत्म करने के संकेत दे दिए थे। मामले की सुनवाई कर रही जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने माना था कि जब माफी मांग ली गई है तो केस को आगे क्यों बढ़ाना।

# संजय निरुपम ने कांग्रेस छोड़ने की चर्चाओं को बताया बेबुनियाद और झूठ

## बाबा सिद्दीकी बोले- अभी कई और छोड़ेंगे



**मुंबई।** महाराष्ट्र में अशोक चव्हाण के इस्तीफे से कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। ऐसी चर्चाएं हैं कि महाराष्ट्र कांग्रेस के कई अन्य बड़े नेता भी पार्टी छोड़ सकते हैं। इन नेताओं में संजय निरुपम के नाम की भी चर्चा है, लेकिन अब खुद संजय निरुपम ने साफ कर दिया है कि ये बेबुनियाद और झूठी अफवाह है।

मिलिंद देवड़ा, बाबा सिद्दीकी के बाद कांग्रेस से इस्तीफा देने वालों में अशोक चव्हाण नया नाम हैं। हालांकि डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने अपने एक बयान में दावा किया है कि कई और नेता कांग्रेस छोड़ने के लिए तैयार बैठे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने भी दावा किया है कि पुणे के एक बड़े नेता भी कांग्रेस छोड़कर अन्य पार्टियों में अपने लिए संभावनाएं तलाश रहे हैं। मीडिया में ऐसी खबरें चल रहीं थी कि संजय निरुपम भी जल्द कांग्रेस से इस्तीफा दे सकते हैं, लेकिन अब संजय निरुपम ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर लिखा कि 'यह खबर सरासर झूठ और बेबुनियाद है। अफवाहों पर आधारित यह खबर निंदनीय है।'

### अशोक चव्हाण ने क्यों छोड़ी कांग्रेस?

अशोक चव्हाण के कांग्रेस छोड़ने पर संजय निरुपम ने कहा कि 'वे पार्टी के लिए पूंजी थी, लेकिन वे महाराष्ट्र में पार्टी नेताओं के काम करने के तरीके से खुश नहीं थे।' निरुपम ने बताया कि 'कुछ नेता उन्हें (चव्हाण) बोझ मानते थे। कुछ लोग ईडी को उनके इस्तीफे की वजह बता रहे हैं, लेकिन ये अभी ये सब कहना जल्दबाजी है।' मिलिंद देवड़ा ने कांग्रेस छोड़कर एकनाथ शिंदे की शिवसेना की सदस्यता ली है। वहीं बाबा सिद्दीकी ने अजित पवार की एनसीपी का दामन थामा है। अशोक चव्हाण ने अभी तक ये खुलासा नहीं किया है कि वे किस पार्टी में शामिल हो रहे हैं।

### विजय वडेत्तिवार बोले- अंत तक कांग्रेस में ही रहूंगा

कांग्रेस नेता और महाराष्ट्र विधानसभा में नेता विपक्ष विजय वडेत्तिवार ने बताया 'आज महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रभारी रमेश चेन्निथाला ने मुंबई में पार्टी नेताओं की एक बैठक बुलाई है। यह बैठक अशोक चव्हाण के इस्तीफे के बाद बुलायी गई है। पार्टी में कुछ बदलाव हुए हैं। मैं कांग्रेस के साथ हूं और कांग्रेस के साथ ही रहूंगा। मैंने कांग्रेस के टिकट पर चार विधानसभा चुनाव जीते हैं। मंत्री बना हूं और दो बार नेता विपक्ष बना हूं। मैं पार्टी से इससे ज्यादा की उम्मीद नहीं कर सकता हूं। मैं कांग्रेस के प्रति समर्पित हूं और अंत तक कांग्रेस में ही रहूंगा।'

### 'ये कांग्रेस के लिए जागने का समय'

अशोक चव्हाण के कांग्रेस छोड़ने पर जब पूर्व कांग्रेसी नेता बाबा सिद्दीकी से सवाल किया गया तो उन्होंने बताया कि 'अशोक चव्हाण ने उन्हें फोन किया था और मैंने उन्हें बताया था कि हम जल्द ही अगले रास्ते पर मिलेंगे। अभी कई और लोग कांग्रेस छोड़ सकते हैं, क्योंकि जब आपका दम घुटता है तो आप बचने के लिए कोई रास्ता ढूंढते ही हैं। यह कांग्रेस के लिए जागने का समय है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि वे अभी जागने वाले हैं। वे सपनों की दुनिया में खोए हुए हैं और भ्रम में जी रहे हैं। यही वजह हो सकती है कि लोग कांग्रेस छोड़ रहे हैं।'

# 'उन्हें ये समझना होगा कि . . .', किसानों के दिल्ली मार्च पर केंद्रीय कृषि मंत्री का अहम बयान

**नई दिल्ली।** लंबित मांगों को लेकर पंजाब के हजारों किसान आज दिल्ली पहुंचे हैं। देर रात केंद्रीय मंत्रियों के साथ चली बैठक बेनतीजा होने के बाद दिल्ली कूच के लिए ट्रैक्टर ट्रॉलियों में टेंट, राशन और अन्य सामान भरकर पंजाब के विभिन्न इलाकों से किसान निकले।

किसानों के मार्च पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, 'परामर्श की आवश्यकता रहेगी। इसके लिए हमें राज्यों से बात करने की आवश्यकता है। हमें चर्चा करने के लिए एक मंच और समाधान ढूंढने की जरूरत है। भारत सरकार किसानों के हितों की रक्षा करने के लिए बाध्य है। जनता को परेशानी में नहीं डालना चाहिए, किसान यूनियन को इसे समझना चाहिए।'



### क्या है किसानों की मांग?

किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी के अलावा स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों व कृषि मजदूरों के लिए पेंशन, कृषि ऋण माफ करने, पुलिस में दर्ज मामलों को वापस लेने, लखीमपुरी खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए ''न्याय'', भूमि अधिग्रहण कानून 2013 बहाल करने और पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों के लिए मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

### मंत्रियों के साथ किसानों की बैठक रही थी बेनतीजा

केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल के साथ सोमवार को किसानों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की। हालांकि, किसानों की मांगों को लेकर हुई यह बैठक बेनतीजा रही। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसानों ने अंबाला-शंभू, खनौरी-जींद और डबवाली सीमाओं से दिल्ली की ओर कूच करने की योजना बनायी है।

# नारायणमूर्ति ने बेटी के साथ लिया आइसक्रीम का आनंद, यूजर्स ने कहा- अमीर हैं, लेकिन . . .

**बेंगलुरु।** सोशल मीडिया पर एक तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें इंफोसिस के संस्थापक नारायणमूर्ति और उनकी बेटी अक्षता मूर्ति को एक साथ आइसक्रीम का आनंद लेते हुए देखा गया। दरअसल, यह तस्वीर बंगलूरू के एक मशहूर आइसक्रीम पार्लर की है।

वायरल तस्वीर में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पत्नी अक्षता मूर्ति को अपने पिता नारायण मूर्ति के साथ जयनगर के एक आइसक्रीम पार्लर में समय बिताते हुए देखा गया। इस दौरान दोनों बहुत ही साधारण पोशाक में थे। उन्होंने हाथों में आइसक्रीम लेकर तस्वीरें भी खिंचवाईं। सोशल मीडिया पर वायरल इस तस्वीर को देखते हुए एक यूजर ने कहा, 'जगह खचाखच भरी हुई थी। वे शांतिपूर्वक आए और अपनी आइसक्रीम खरीदी। अमीर हैं, लेकिन आम जिंदगी जीते हैं। यह वह महानता है, जिसे नारायणमूर्ति अपने साथ लेकर चलते हैं।' एक दूसरे यूजर ने कहा, 'बंगलूरू के जयनगर में कॉर्नर हाउस में ब्रिटेन के पीएम की पत्नी अक्षता मूर्ति अपने पिता के साथ। सादगी में सुंदरता। सुंदरता उन चीजों में पाई जा सकती है, जो सरल है।' बता दें कि पिछले हफ्ते अक्षता अपनी मां सुधा मूर्ति और पिता नारायण मूर्ति के साथ लेखिका चित्रा बनर्जी दिवाकरुणी की नवीनतम पुस्तक 'एन अनकॉमन लवः द अर्ली लाइफ ऑफ सुधा एंड नारायणमूर्ति' के लॉन्च पर गईं थी। यह कार्यक्रम बंगलूरू के सेंट जोसेफ कॉलेज ऑफ कॉमर्स में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में अक्षता मूर्ति की दो बेटियां अनुष्का और कृष्णा के अलावा नारायणमूर्ति और सुधा मूर्ति के बेटे रोहन मूर्ति भी शामिल थे।

# जिला भाजपा कार्यालय में वासुदेव मौर्य की उपस्थिति में सदस्यता कार्यक्रम का हुआ आयोजन





**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** मंगलवार को लखीमपुर शहर के देवकली रोड स्थित जिला भाजपा कार्यालय में सदस्यता कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रभारी वासुदेव मौर्या, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष डॉ इरा व अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित किया गया, कार्यक्रम के दौरान जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य को भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया, भाजपा में पदाधिकारियों की सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में लोग शामिल हुए, जहां विभिन्न पार्टियों को छोड़कर भाजपा में शामिल होने के लिए आए लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई गई, वहीं भाजपा से निष्कासित किए गए शौर्य सक्सेना को पुनः भाजपा में सदस्यता ग्रहण कराई गई है, शौर्य सक्सेना डीसीडीएफ के उपाध्यक्ष और आइटी सेल के प्रभारी थे, जिन्हें आज पुनः भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई गई है, लखीमपुर पंचम से जिला पंचायत सदस्य अर्जुन वर्मा, अनूप सिंह, डॉ अंजीत सिंह स्पंदन नर्सिंग होम, राकेश अग्रवाल, नगर पालिका लखीमपुर से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीते सभासदगण ने भी सदस्यता ग्रहण की। वहीं भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के लिए कई मुस्लिम लोग भी पहुंचे जिसमें हिदायत नगर वार्ड मेंबर शमसुल हसन ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है।

## कोतवाली में उप निरीक्षक का हुआ विदाई कार्यक्रम, योगेश कुमार शखंधार सीतापुर जिले को भेजे गए

**धौरहरा-खीरी।** मंगलवार दिन कोतवाली परिसर में आयोजित एक सादे समारोह में कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक का तबादला पडोसी जनपद होने से आयोजित विदाई कार्यक्रम में पुलिस बल के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे इस दौरान मौजूद सभी लोगों द्वारा उप निरीक्षक को फूलमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर विदाई दी गई। कोतवाली धौरहरा में लगभग दो वर्ष से अधिक समय से तैनात तेजतर्रार उप निरीक्षक योगेश कुमार शखंधार का तबादला लोकसभा चुनाव से पहले पडोसी जनपद सीतापुर के लिए हुआ था। इसी कडी में मंगलवार को कोतवाली परिसर में आयोजित एक समारोह में उप निरीक्षक योगेश कुमार शखंधार को फूलमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर विदाई दी गई। इस दौरान कोतवाल दिनेश सिंह, कोतवाल अपराध, वरिष्ठ उप निरीक्षक पवन प्रताप, उप निरीक्षक ब्रम्हानंद यादव, महेश यादव, सहित महिला पुरुष आरक्षीगण मौजूद रहे।

## प्रशासन के दावे तमाम, ओवरलोडिंग पर नहीं लग रही लगाम



**लखीमपुर-खीरी।** ओवरलोड पर रोक लगाने की शासन के तमाम कवायद के बाद भी ओवरलोड वाहनों का संचालन बेधड़क हो रहा है। चाहे वह मालवाहक हो या फिर सवारी वाहन से लेकर कृषि कार्य के लिए अधिकृत वाहन हो सभी पर ओवरलोडिंग की जा रही है। इसके बावजूद न परिवहन विभाग और न ही पुलिस विभाग सक्रिय दिख रहा है। ओवरलोड वाहन आए दिन हादसे का पर्याय बनते हैं। इसके बाद भी जिले में ओवरलोडिंग पर कोई अंकुश नहीं लग पा रहा है। डग्गामार वाहन जहां दिन भर सड़कों पर क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाकर फर्राटा भर रहे हैं वहीं पिकप, डीसीएम व ट्रक आदि वाहन भी ओवरलाडिंग कर सड़कों पर आवागमन करते देखे जा रहे हैं। यातायात सुरक्षा को लेकर पुलिस से लेकर परिवहन विभाग तक की ओर से लोगों को सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाया जाता है। विभाग की टीमें समय समय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को तेज गति से वाहन न चलाने व क्षमता से अधिक भार लेकर न चलने की हिदायत देते नहीं थकते हैं। लेकिन जिस तरह से ओवरलाडिंग कर वाहन जिले की सड़कों पर दौड़ रहे हैं उससे साफ पता चलता है कि विभाग पूरी तरह से निष्क्रियता का परिचय दे रहा है। नियमानुसार कोई भी भार वाहक वाहन में क्षमता से अधिक भार नहीं लादा जाय। वाहन में ढाले के बरामर ही मानक अनुरूप लादा जाए। लेकिन इस नियम की धज्जियां जिले में उड़ाई जा रही है। चालक पिकप, ट्रक व डीसीएम में तिरपाल लगाकार चाहे भूसी या फिर भूसा आदि ढाले से करीब तीन से चार फिट ऊंचाई तक लादते हैं।

## खीरी में 26 को होगा भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव, डीएम ने ली तैयारी बैठक

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखीमपुर-खीरी।** 12 फरवरी। भारत-नेपाल के संबंधों को प्रगाढ़ करने के लिए नेपाल बॉर्डर से सटे यूपी के आठ जिलों में भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद खीरी में 26 फरवरी को चंदन चौकी में भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन होगा। सोमवार को कलेक्ट्रेट में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने जिले में महोत्सव आयोजन के संबंध में अफसरों की तैयारी बैठक लेकर रणनीति तय की।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव कार्यक्रम का उद्देश्य तराई सीमा क्षेत्र से संबंधित जिलों में युवा पीढ़ी एवं विद्यार्थियों को प्रदेश के गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने एवं देश प्रेम की भावना को जागृत करना है। महोत्सव से भारत-नेपाल के संबंध को मजबूत बनाते हुए दोनों देशों की सांस्कृतिक विरासत को संजोने का कार्य किया जाएगा। महोत्सव को भव्य ढंग से आयोजित करने के लिए जनपद खीरी को प्रमुख सचिव पर्यटन, संस्कृति तथा धर्मार्थ कार्य की ओर से दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। डीएम ने आयोजन स्थल चंदन चौकी में महोत्सव पर साज-सज्जा एवं अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अफसर को जरूरी दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल के लिए प्रस्तावित मार्ग को अतिक्रमण मुक्त बनाते हुए साइनेज लगाने के भी निर्देश दिए। महोत्सव के कार्यक्रमों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए संबन्धित को निर्देशित किया। यात्रा के साथ पुलिस स्कार्ट की व्यवस्था सम्बन्धित पुलिस प्रशासन द्वारा सुनिश्चित की जाये। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान एम्बुलेंस की व्यवस्था करते हुए चिकित्सीय सुविधाएं सुनिश्चित की जायें। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि भारत-नेपाल में मनाए जाने वाले लगभग सभी त्योहार एक ही है। जबकि भारत-नेपाल का संबंध भी मधुर है। जिसको संजोने के लिए सीमावर्ती क्षेत्र के युवा व विद्यार्थियों के बीच प्रदेश की समृद्ध व संस्कृति विरासत को संरक्षित करने व देश प्रेम की भावना को प्रवाहित करने के लिए पूर्ण राष्ट्र भक्ति का आयोजन किया जाएगा। एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव आयोजन से सीमावर्ती क्षेत्र के युवा दोनों देशों के संबंध व उसके सांस्कृतिक विरासत को समझेंगे। बैठक में सीएमओ डॉ एसडीएम कार्तिकेय सिंह, पीओ यूके सिंह, सीओ सुबोध जायसवाल, एडीआईओ नरेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## जिला अस्पताल में दूरबीन से ऑपरेशन करना हुआ आसान

**लखीमपुर-खीरी।** जनपद लखीमपुर खीरी की गरीब जनता को दूरबीन से ऑपरेशन करवाने के लिए मरीजों को कहीं बाहर जाने को नही होगा।जिला अस्पताल लखीमपुर मे दूरबीन से ऑपरेशन की सुबिधा उपलब्ध करवा दी गयी है जिससे लखीमपुर के ओयल स्थित जिला अस्पताल मे दूरबीन से ऑपरेशन करना आसान हो गया है।डॉ ने जानकारी देते हुए बताया जिला चिकित्सालय मोतीपुर ओयल में आज से दूरबीन द्वारा ऑपरेशन की सुविधा शुरू हो गई हैं अब जनता को इधर-उधर भटकने की जरूरत नहीं है। एम सी एच विंग एवं जिला पुरुष चिकित्सालय मोतीपुर ओयल में किया गया दूरबीन से ऑपरेशन पहले दिन दो ऑपरेशन किए गए अब गरीब जनता को कहीं दूर जाने की जरूरत नहीं सब कुछ निशुल्क सुविधा दी जाएगी डॉ सुनील अजय डॉ राम जी वर्मा सर्जन डॉ एसके मिश्रा डॉ अमित पांडे निश्चेतक के द्वारा किया गया ऑपरेशन वह भी सफल रहा जिला अस्पताल में दूरबीन से ऑपरेशन की शुरुआत की गई जिसमें दो ऑपरेशन किए गये।

## अवैध कच्ची शराब सहित महिला अपराधी को पुलिस ने धर दबोचा

**» सुधर जाओ.... अपराधियों को किसी भी हाल में बक्शा नहीं जाएगा: इंस्पेक्टर सुरेश कुमार मिश्रा**

**लोकमित्र, शिवम मिश्रा**



अभियुक्ता जगराना देवी निवासिनी निघासन को पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के अपराध में गिरफ्तार किया साथ ही बीस लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी।

**निघासन-खीरी।** मनुष्य की पहचान उसके कर्मों से होती है उसके कर्म ही उसे उन्नति के मार्ग पर अग्रेषित करते है जैसा की क्षेत्र में चर्चित कोतवाल सुरेश कुमार मिश्रा की कार्यशैली से आम जनमानस संतुष्ट है साथ ही अपराधियों में भय है जिसके चलते जनता अपने आप को महफूज समझती है चलिए आपको बता दें की पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा के निर्देशन में वारण्टी, वाछिंत व अवैध कच्ची शराब निष्कर्षण के क्रय-विक्रय के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी यादवेन्द्र यादव के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में निघासन पुलिस बल द्वारा अभियुक्ता जगराना देवी पत्नी स्व0 छोटेलाल निवासिनी नई बस्ती कस्बा निघासन को पुलिस ने हिरासत में लिया साथ ही जामा तलाशी से एक प्लास्टिक के बैग में चालीस पाउच पन्नी तकरीबन बीस लीटर अवैध कच्ची शराब की बरामदगी हुई जिसमें अभियुक्ता जगराना देवी अवैध देशी कच्ची शराब की बिक्री करने जा रही थी तभी मुखबिर की सूचना कांस्टेबल प्रशांत तेवतिया को मिली सूचना मिलते ही कांस्टेबल प्रशांत ने तत्परता दिखायी और अभियुक्ता को धर दबोचा प्रशांत ने बताया की ड्यूटी से कोई खिलवाड़ नहीं अपराधी कोई भी हो उसको बक्शा नहीं जाएगा साथ ही अभियुक्ता जगनाना देवी के विरूद्ध स्थानीय थाना पर आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत अभियोग मुकदमा पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी साथ ही कार्यवाही करने वाली टीम कांस्टेबल प्रशान्त तेवतिया,राजकुमार,महिला कांस्टेबल कविता शर्मा थाना निघासन मौजूद रहे।

## पाँच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न प्रकार के संस्कार वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ संपन्न कर भंडारे का किया गया आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बाँकेगंज-खीरी।** विकासखंड बांकेगंज के ग्राम कुकूहापुर ग्राम पंचायत सिसनौर में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। प्रज्ञा मंडल ग्राम कुकूहापुर ग्राम पंचायत सिसनौर की तरफ से हर वर्ष की तरह इस साल भी 10 फरवरी 12 फरवरी तक पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया। यजमानों ने यज्ञ में आहुतियां डालीं। हवन पूजन के बाद भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में प्रज्ञामंडल कुकूहापुर ग्राम प्रधान, मुनीश वर्मा, सुरेश वर्मा, राम चंद्र, हरिओम, रोहित, रवि, चंद्रिका प्रसाद, मुकेश, कीर्ति, हिमांशू आदि।की ओर से करवाया गया, जिसमें क्षेत्र के लोगों का विशेष सहयोग रहा। प्रज्ञा मंडल टोली के मुख्य वक्ता रामेश्वर दयाल ने कहा की गायत्री परिवार की मुख्य उद्देश्य मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग के अवतरण की संकल्प को पूरा करने एवं घर-घर संस्कार की स्थापना एवं शांतिकुंज हरिद्वार के विशेष अभियान के तहत नशामुक्त भारत अभियान के संकल्पना को पूरा करने के उद्देश्य से पांच कुंडीय,गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया है।राष्ट्र कल्याण समाज कल्याण परिवार निर्माण, एवं इसमें विभिन्न संस्कार जैसे नामकरण, विद्यारंभ, दीक्षा संस्कार, पुंसवन संस्कार, जन्मदिन संस्कार, निशुल्क कराए गए।

## किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार किसी का दर्द मिल सके तो लें उधार, क्योंकि जीना इसी का नाम है

**लोकमित्र, ललित वर्मा**





**लखीमपुर-खीरी।** किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार,किसी का दर्द मिल सके तो लें उधार क्योंकि जीना इसी का नाम है।हर कोई मददगार नहीं होता है और हर कोई ऐसा भी नहीं होता है जो किसी मदद मांगने वाले को मदद ना दे।बहुत सी भ्रांतियां होती है कि सरकारी अधिकारी या कर्मचारी किसी की मदद करने के लिए आगे नही बढ़ते है तो ऐसी धारणा सर्वदा गलत हो सकती है।जिस व्यक्ति का संस्कारों में समाज सेवा और दूसरों की मदद करने का जुनून होता है वो फिर चाहे जितना बड़ा अधिकारी हो या कर्मचारी क्यों न हो वह हमेशा अपने संस्कारों की वजह से दूसरों की मदद को जरूर आगे बढ़ाता है।ऐसा ही एक मामला सामने आया है जिसमें विधान सभा सचिवालय में सहायक समीक्षा अधिकारी के पद पर तैनात कपिल गुर्जर (क्रिश) अपने साथी के साथ किसी काम से जनपद शाहजहांपुर गए हुए थे।वापसी के समय जब पुवायां शाहजहांपुर रोड से शाहजहांपुर आ रहे थे।गाड़ी अपनी स्पीड में चल रही थी।उसी समय एक व्यक्ति परिवार सहित खड़ा लोगों से मदद मांग रहा था क्योंकि उनकी गाड़ी का गैस किट फट चुका था और वर्कशाप बाइस से पच्चीस किलोमीटर दूर था,रास्ता एकांत था ऐसे में वह राहगीर बहुत परेशान था।जो भी उस रास्ते से गुजरता उससे मदद मांगता रहा किंतु कोई भी मदद के लिए नही रुका।करीब दो घंटे का समय ऐसे ही मयूशी में बीत गया तभी पुवायां मार्ग से शाहजहांपुर आते समय कपिल गुर्जर (क्रिश)की गाड़ी करीब पांच सौ मीटर आगे निकल चुकी थी उसी समय बैक साइड मिरर से देखा कोई व्यक्ति अपने परिवार के साथ खड़ा मदद के लिए कह रहा हो।उक्त समाजसेवी कपिल ने अपनी गाड़ी वापस उसके पास ले चलने के लिए कहा।मौके पर पहुंच हाल चाल जाना उसने बताया मैं जनपद पीलीभीत से आया था अब वापस जा रहा था तभी गाड़ी का गैस किट फट गया है।दो घंटे से मदद के लिए सभी से कहा जो निकलता है उससे रुकने के लिए कहते है किंतु इस रास्ते पर कोई रुक नही रहा है।परिवार साथ में है बहुत बड़ी समस्या है और गाड़ी का गैस किट फट गया है।बिना वर्कशाप के गाड़ी नही बन पाएगी।समाज सेवी ने कहा परेशान न हो रस्सी से गाड़ी जोड़ कर वहां से चल दिए कई स्थानों पर रस्सी टूट भी गई किंतु दूसरी खरीद कर जैसे तैसे लगभग बाईस किलोमीटर दूर वर्कशाप तक बिगड़ी हुई गाड़ी सहित उन्हे पहुंचा दिया।कपिल गुर्जर एक लंबे समय से समाज सेवा को लेकर हमेशा उत्साहित रहते थे और लोगों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते थे।समाज सेवा के जुनून के चलते एक लंबे समय पहले एक ब्लड हेल्पग्रुप चलाते थे वह ग्रुप आज भी ब्लड डोनेट कर लोगो की मदद रहा है।

## एस पी ने देर रात थाना मितौली का किया औचक निरीक्षण, मचा हड़कंप



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** एस पी खीरी गणेश प्रसाद साहा द्वारा देर रात करीब 01.00 बजे थाना मितौली का औचक निरीक्षण किया गया।जिससे अचानक औचक निरीक्षण करने से हड़कंप मच गया। इस दौरान भ्रमण कर थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, कम्प्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेक्स आदि का निरीक्षण कर रजिस्टर्स/अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया। महिला संबंधी अपराधों में त्वरित कार्यवाही कर उनका विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। साथ ही किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत थानों पर बनाये गए विभिन्न रजिस्टर्स का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही के दृष्टिगत नियमित रूप से प्रभावी गश्त करने के निर्देश दिए गए। थाने पर उपस्थित ग्राम चौकीदार/प्रहरी से वार्ता कर उन्हे आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये तथा ग्राम से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल पुलिस को अवगत कराये जाने हेतु भी दिशा निर्देश दिये गये। प्रभारी निरीक्षक थाना मितौली को वीट पुलिसिंग प्रभावी बनाये रखने के दिशा निर्देश दिये गये।

## ट्राली बनी सवारी, गाड़ी जान जोखिम मे डालकर ट्राली पर यात्रा कर रहे महिला पुरुष व बच्चे

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखीमपुर-खीरी।** जिले मे अभी भी लोग लापरवाह बन जान जोखिम मे डालकर ट्रैक्टर ट्राली से यात्रा करते ट्रैक्टर ट्राली मे सवार होकर लोग शादी समारोह या मुडंन सस्कार मे शामिल होने को जाते देखे जा रहे हैं। उन्हें ट्रैक्टर ट्राली से आए दिन हो रहे हादसो की परवाह नहीं जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपील का असर लखीमपुर जिले के हैदराबाद थाना क्षेत्र मे नहीं हो रहा है क ई जगहों पर ट्रैक्टर ट्राली से सफर किया जा रहा। मालूम हो कि जिले मे आये दिन लगातार हादसे होने के बाद सडक हादसे मे मौते हो रही है। यह सोचने का विषय है कि लगातार हो रही घटना से हमने क्या सबक लिया...क्या इस तरह के वाहन का प्रयोग बंद करने का कोई उपक्रम हुआ। शायद उत्तर न में हो। जनपद में तो केबल इस तरफ खानापूर्ति होती ही नजर आयी है। यातायात पुलिस नें ट्रैक्टर ट्राली पर रेडियम स्टीकर लगाकर लोगों को जागरूक किया।

पुलिस व परिवहन विभाग के अफसरों की उदासीनता के चलते जनपद में ट्रैक्टर ट्राली का सवारियों को ढोने में प्रयोग में लाया जा रहा है। या यूं कहें कि इसका इस तरह का दुरुपयोग किसी दिन बड़े हादसे की वजह बन सकता है। इस ओर पुलिस व परिवहन विभाग उदासीन एवं मौन है। आये दिन ट्रैक्टर ट्राली से हो रहे हादसे कोई नई बात नहीं है, लेकिन प्रशासन इससे सबक लेता नहीं नजर आ रहा है। जनपद में व्यापारिक कार्य के लिये एक भी ट्रैक्टर रजिस्टर्ड नही : जनपद में परिवहन विभाग में व्यापारिक कार्य (कामर्शियल) के नाम पर एक भी ट्रेक्टर रजिस्टर्ड नही हैं। लेकिन सड़क का सच कुछ और ही है। यहां पर सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर ट्राली सवारी ढोती दिख जाती है। अंतिम संस्कार, मुंडन, बारात, निशान चढ़ाने, गंगा स्नान कराने, धरना-प्रदर्शन में भीड़ ले जाने, धार्मिक उत्सवों आदि में धड़ल्ले से ट्रैक्टर ट्रालियों का दुरुपयोग किया जा रहा है।

कृषि कार्य का स्लोगन केवल लिखा भर होता है, उस पर अमल नहीं किया जाता। बच्चों, महिलाओं तक को ट्राली व डाले में बिठाकर सड़क पर बेलगाम दौड़ते वाहनों के कारण घटित हो रहे सड़क हादसे में मौतों का सिलसिला जारी है। यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग को इसकी चिंता नहीं है। बैबाहिक समारोह मे शामिल होने बड़ी संख्या मे ग्रामीण टाटा मैजिक पिकअप ट्रैक्टर ट्राली मे ढोये जाते हैं ऐसे वाहन यातायात नियमों की धज्जियां उडा रहे हैं दरसल ऐसे वाहन गावों मे कम पैसे भी आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। ट्रैक्टर ट्राली मे 40 बराती सफर कर लेते हैं लोग पैसे की बचत व सुविधा के लिए जोखिम उठाते हैं और प्रशासन का तंत्र उनको इसकी इसकी छूट भी देता है। हादसा हो जाने पर चेकिंग व धरपकड़ अभियान की याद आती है इनके चालक ज़्यादातर अप्रशिक्षित होने के चलते तेज रफ्तार से गाड़ी चलाकर दुर्घटनाओं को अजाम देते हैं कई बार वह खुद भी जान गवा बैठते है।

## 24 दिवसीय शिव बारात यात्रा के मुख्य अतिथि होंगे ऐप्जा/ ऐक्शन पार्टी प्रमुख रवीन्द्र मिश्रा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** ऐप्जा एवं ऐक्शन पार्टी के मुखिया और 29- धौरहरा से लोकसभा प्रत्याशी रवीन्द्र मिश्रा ने अपनी तरफ से नामांकन करते ही ऐप्जा ग्रुप के साथियों सहित समस्त पत्रकारों, कारसेवकों, समस्त मंदिरों के पुजारियों, कथावाचकों एवं कांवरियों को डेढ़ लाख एवं चुनाव जीतने के बाद पांच लाख बीमा कवर देने के ऐलान किया है। 24 दिवसीय शिव बारात यात्रा की जानकारी देने के बाबत प्रेसवार्ता कर ऐक्शन पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं चीफ कोआर्डिनेटर ऐप्जा अनुराग एम.सारथी ने बताया कि ऐप्जा एवं ऐक्शन पार्टी के मुखिया रवीन्द्र मिश्रा आगामी 14 फरवरी को बसंत पंचमी के दिन मढ़िया घाट पर आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारकर 24 दिवसीय शिव बारात की शुरुआत करेंगे। प्रथम दृष्टया ऐक्शन पार्टी एवं ऐप्जा (आल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन) के मुखिया तथा 29-धौरहरा लोकसभा से प्रत्याशी श्री मिश्रा ने प्रत्याशी बनते ही अपनी तरफ से सीतापुर एवं लखीमपुर जनपद के ऐप्जा ग्रुप के सक्रिय साथियों सहित समस्त पत्रकार साथियों, धर्मानुष्ठान एवं धार्मिक प्रचार प्रसार करने वाले समस्त मंदिरों के पुजारियों के साथ कथावाचकों तथा भोलेनाथ बाबा के कांवरियों की रजिस्टर्ड कमेटी के प्रत्येक सदस्य को पर्चा भरने के दूसरे दिन से ही डेढ़ लाख का बीमा कवर देने का ऐलान कर चुके हैं। जो दुर्घटनाग्रस्त आकस्मिक मृत्यु एवं अंग भंग की स्थिति में लागू होगा। विशेष रूप से अभी तक की समस्त सरकारों की सहानुभूति से वंचित पतित पावन नगरी अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाने वाले उन कारसेवकों को भी उक्त बीमा कवर का लाभ दिया जायेगा जो श्रीराम मंदिर आंदोलन में किसी भी तरह की जेल में पाबंद किए गए थे। जिसमे स्वयं ऐप्जा/ऐक्शन पार्टी प्रमुख रवीन्द्र मिश्रा भी कारसेवा के दौरान जेल में पाबंद रहे थे। रवीन्द्र मिश्रा के चुनाव जीतने के बाद उक्त बीमा कवर की धनराशि डेढ़ लाख से बढ़ाकर पांच लाख कर दी जाएगी। उक्त बीमा कवर योजना का अलग से रजिस्ट्रेशन आगामी 14फरवरी (बसंतपंचमी) को मैगलगंज खीरी स्थित मढ़ियाघाट में 24दिवसीय शिव बारात यात्रा के पहले दिन आयोजित तहड़ी भोज एवं सम्मान समारोह से प्रारंभ कर दिया जायेगा। 24 दिवसीय बारात यात्रा के अंतिम दिन 08मार्च (महाशिवरात्रि) को सीतापुर जनपद के हरगांव नगर में शिव बारात की शोभा यात्रा निकाल कर भंडारा, रात्रि जागरण, भजन कीर्तन के उपरांत समापन किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारियों की समीक्षा,

# '10 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव को जमीन पर उतारेगा जीबीसी'

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक कर आगामी 19-21 फरवरी को प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 की तैयारियों की समीक्षा की। विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, विकास प्राधिकरणों के सीईओ के साथ हुई इस विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने विभागवार और जनपदवार निवेश प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए जीबीसी-4.0 के सफल आयोजन के लिए दिशा-निर्देश दिए।

सीएम योगी ने कहा, पीएम मोदी के मार्गदर्शन में 10-12 फरवरी, 2023 को यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का सफल आयोजन हुआ। इस आयोजन में 10 कन्ट्री पार्टनर, 40 देशों के 1000 से अधिक विदेशी प्रतिनिधियों, पार्टनर कंट्री के 04 मंत्रीगण, 17 केंद्रीय मंत्रीगणों, राजदूतों/उच्चायुक्तों और 25000 से अधिक डेलीगेट्स सहित राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों और अन्य गणमान्य महानुभावों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर उत्तर प्रदेश का मान बढ़ाया। यह आयोजन हमारी 25 करोड़ जनता की आकांक्षाओं, युवाओं की अपेक्षाओं को पूरा करने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को $1 ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होने वाला है।

16 देशों के 21 नगरों और देश के 10 शहरों में रोड शो सहित प्रदेश के सभी 75 जनपदों में निवेशक सम्मेलन के बाद तीन दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से 39.52 लाख करोड़ रुपए के औद्योगिक निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इससे 1.10 करोड़ नौकरी/रोजगार के अवसर सृजित होंगे। अब उत्तर प्रदेश इन निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए पूरी तरह से तैयार है। आगामी 19-21 फरवरी तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में तीन दिवसीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन होने जा रहा है। पहले दिन 19 जनवरी को प्रधानमंत्री द्वारा एक साथ 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्तावों के जमीनी क्रियान्वयन की शुरुआत होगी। इस अवसर पर उद्योग जगत के अनेक प्रतिष्ठित समूह, सीईओ, निवेशकों आदि की गरिमामयी उपस्थिति होगी। देश के ग्रोथ इंजन उत्तर प्रदेश का यह समारोह प्रदेश के साथ-साथ पूरे देश के औद्योगिक विकास को गति देने का माध्यम होगा। ऐसे में समारोह की गरिमा और महत्ता के दृष्टिगत सभी आवश्यक प्रबन्ध कर लिए जाएं।

वर्ष 2018 में इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन के बाद जब पहली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी आयोजित हुई थी, 60 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों का क्रियान्वयन प्रारंभ हुआ था। आज 6 वर्ष बाद जीबीसी@4.0 में एक साथ 10 लाख 11 हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्तावों के ग्राउंड ब्रेकिंग की तैयारी है। यह ट्रांसफॉर्मेशन, यह बदलाव, यही स्पीड नए उत्तर प्रदेश की पहचान है।

जीबीसी@4.0 में 500 करोड़ रुपए से अधिक की 262 परियोजनाएं सम्मिलित हैं, जबकि ₹100-500 करोड़ तक 889 औद्योगिक परियोजनाएँ जमीन पर उतरेंगी। महत्वपूर्ण यह भी कि सभी 75 जनपद इससे लाभान्वित होंगे। 3500 से अधिक इन्वेस्टर्स इस कार्यक्रम में उपस्थित होंगे।

विशिष्ट समारोह में अनेक केंद्रीय मंत्रीगणों, विभिन्न राजदूतों, जनप्रतिनिधिगणों की सहभागिता भी होनी है। अति विशिष्ट जनों के सुरक्षा व सत्कार प्रोटोकाल का पूर्णतः अनुपालन किया जाना चाहिए। सीएम फेलो की काउंसिलिंग/ट्रेनिंग करके उन्हें इन अतिविशिष्ट जनों के साथ संबद्ध किया जाए। औद्योगिक जगत के शीर्षस्थ जनों, उद्यमियों, निवेशकों आदि गणमान्य जनों की आवासीय व्यवस्था, भोजन, आवागमन, पार्किंग आदि के समुचित प्रबंध किए जाएं।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के पूर्व सेवानिवृत्त आईएएस/ आईपीएस/ आईएफ़एस अधिकारियों, कुलपतिगणों के सहयोग से विभिन्न विश्वविद्यालयों/ कॉलेजों में युवाओं के साथ इन्वेस्टर्स समिट की उपयोगिता, महत्ता, प्रभाव के बारे में संवाद का अभिनव प्रयास किया गया था। इससे अच्छा संदेश गया। जागरूकता बढ़ी। जीआईएस से हमारे युवाओं का जुड़ाव बढ़ा। इस बार जीबीसी के पूर्व 16-17 फरवरी के बीच ऐसे प्रयास करने चाहिए।

जीबीसी@4.0 के दृष्टिगत पूरी राजधानी को सजाया जाए। स्वच्छता का परिवेश हो। स्पाइरल लाइट लगाएं। टैक्सी स्टैण्ड/होर्डिंग।आदि व्यवस्थित रखें। शहीद पथ पर सीसीटीवी फंक्शनल रहें। पूरे वीवीआईपी रूट का सीसीटीवी कवरेज हो। अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी की जाए। मुख्य समारोह में प्रधानमंत्री प्रेरक संबोधन का सभी जिलों में सीधा प्रसारण कराया जाये। इसके लिए स्क्रीन लगाई जाए। जिलाधिकारी द्वारा स्थानीय उद्यमियों/व्यापारियों को आमंत्रण पत्र भेजा जाए। यहां जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थिति हो।

20 और 21 फरवरी को विभिन्न विषयों पर सेक्टोरल सेशन आयोजित होने हैं। ज्ञानार्जन की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी इस समारोह में विभिन्न तकनीकी, प्रौद्योगिकी और प्रबंधन संस्थानों के छात्रों को आमंत्रित करें। उनके आवागमन की समुचित व्यवस्था की जाए।

सभी अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव अपने विभागीय मंत्रीगण के नेतृत्व में अपने सम्बंधित विभागों को प्राप्त हर एक औद्योगिक निवेश प्रस्ताव की तत्काल समीक्षा करें।

## किसानों पर आंसू गैस के गोलों की बौछार, ये कैसा अमृतकाल... धिक्कार है : अखिलेश यादव



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** दिल्ली की तरफ जा रहे किसानों के जत्थे पर पुलिस द्वारा आंसू गैस छोड़ने को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र की मोदी सरकार की कड़ी आलोचना की है और कहा कि ये कैसा अमृतकाल है जब किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं। धिक्कार है...।

उन्होंने कहा कि जो कुछ हो रहा है और जिस प्रकार की खबरें आ रही हैं कि आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं। किसानों को रोकने के लिए और आंदोलन खत्म करने के लिए कीलों के साथ-साथ दीवारें तक खड़ी की गई। प्रशासन के माध्यम से सरकार जो कर सकती थी कर रही है। दिल्ली की सरकार किसानों की आवाज को दबाना चाहती है। ये वही सरकार के लोग हैं जिन्होंने किसानों से कहा कि उनकी आय दोगुनी हो जाएगी, फसल की कीमत मिलेगी, न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू करेंगे।

उन्होंने कहा कि अपनी इन्हीं मांगों को लेकर किसानों ने एक साल तक आंदोलन किया था। इस दौरान 700 किसानों की जान चली गई थी। ये सरकार चौधरी चरण सिंह और एम एस स्वामीनाथन को भारत रत्न देकरकिसानों के वोट तो लेना चाहती है लेकिन उनकी बातों को नहीं मानना चाहती है। आने वाले चुनाव में जनता उनको सबक सिखाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार मुनाफा कमाने वालों से मिली हुई है।

## जया बच्चन सहित सपा के तीनों उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन, अखिलेश-शिवपाल रहे मौजूद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** राज्यसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी की तरफ से तीनों उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल कर दिया है। इस मौके पर उनके साथ सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व शिवपाल सिंह यादव भी मौजूद हैं।

समाजवादी पार्टी ने अभिनेत्री जया बच्चन, पूर्व केंद्रीय मंत्री रामजी लाल सुमन और यूपी के पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन को उम्मीदवार बनाया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और मुख्य महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने सोमवार को प्रदेश पार्टी मुख्यालय पर राज्यसभा प्रत्याशियों को लेकर मंथन किया। कुछ विधायक भी बुलाए गए, जिन्होंने प्रस्तावक बनने के लिए सादे कागज पर हस्ताक्षर किए। एक विधायक ने नाम न छापने के अनुरोध पर बताया कि जिस कागज पर साइन कराए गए थे, उस पर किसी प्रत्याशी का नाम नहीं लिखा था।

जया बच्चन को पांचवीं बार प्रत्याशी बनाया गया है। रामजी लाल सुमन 1977 में पहली बार फिरोजाबाद से लोकसभा चुनाव जीते थे। उसके बाद वर्ष 1989, 1999 और 2004 में भी लोकसभा चुनाव जीते। वे केंद्र की चंद्रशेखर सरकार में मंत्री भी रहे हैं। मौजूदा समय में वह सपा के राष्ट्रीय महासचिव के पद पर हैं। वह दलित जाति से हैं, उनके जरिये सपा यूपी में दलित मतदाताओं को साधना चाहती है।

आलोक रंजन अखिलेश सरकार में यूपी के मुख्य सचिव रहे थे, वे जुलाई 2016 में सेवानिवृत्त हुए थे। सेवानिवृत्त होने के बाद वे अखिलेश के मुख्य रणनीतिकारों में गिने जाते हैं।

## धरना-प्रदर्शन, जुलूस व कार्यक्रमों की अनुमति के लिए अब ऑनलाइन आवेदन

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट की तरफ से विभिन्न कार्यक्रमों की अनुमति को लेकर अब दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। एक क्लिक पर अनुमति के लिए आवेदन होगा और ऑनलाइन ही अनुमति पत्र भी उपलब्ध हो जाएगा। फिलहाल सोमवार से ये व्यवस्था ट्रायल के तौर पर शुरू हो गई है। 28 फरवरी तक ट्रायल चलेगा। इस दौरान ऑफलाइन आवेदन भी स्वीकृत किए जाएंगे। ट्रायल के बाद इसे स्थायी रूप से लागू किया जाएगा।

ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर कानून-व्यवस्था उपेंद्र अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में कार्यक्रमों की अनुमति के ऑफलाइन आवेदन करने की व्यवस्था है। इसमें लोगों को संबंधित दफ्तर में जाना पड़ता है। आवेदन के बाद अनुमति पत्र के लिए भी कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। लोगों की सहूलियत के लिए ऑनलाइन व्यवस्था शुरू की गई है।

ऐसे करें आवेदनः धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रैली, धार्मिक कार्यक्रम, टीवी शो, फिल्म आदि की शूटिंग व मैराथन आदि की अनुमति के लिए lucknowpolice.up.gov.in वेबसाइट पर जाकर नागरिक सेवा के कॉलम में क्लिक करना होगा। इसमें ऑनलाइन अनुमति आवेदन का कॉलम है। उसका चयन करने के बाद प्रक्रिया पूरी करनी होगी। तय समय में इसी वेबसाइट पर आवेदक को अनुमति पत्र मिल जाएगा।

### आप भी दें व्यवस्था को बेहतर बनाने का सुझाव

जेसीपी ने बताया कि अगर इससे संबंधित कोई सुझाव देना चाहता है तो 7309979797, 9454405396 व 8887979187 पर दे सकता है। उचित सुझावों को शामिल कर व्यवस्था को और दुरुस्त किया जाएगा।

## आईएएस अनिता आगरा विकास प्राधिकरण की वीसी बनीं, कई जिलों के एसडीएम भी बदले




**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी में मंगलवार को दो आईएएस और सात पीसीएस अफसरों के तबादले कर दिए गए हैं। आईएएस अनिता को आगरा विकास प्राधिकरण का कुलपति (वीसी) नियुक्त किया गया है। अभी तक वह यूपी सीडा में एसीईओ के पद पर कार्यरत थीं।

इसी तरह आगरा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष चर्चित गौड़ को एसीईओ यूपीसीडा के पद पर तैनाती दी गई है। प्रदेश में सात पीसीएस अफसरों के भी तबादले किए गए हैं। पीसीएस निशात तिवारी उपजिलाधिकारी औरैया को ललितपुर का नया उपजिलाधिकारी बनाया गया है। पीसीएस प्रवीण कुमार उपजिलाधिकारी आगरा को उपजिलाधिकारी सुल्तानपुर बनाया गया है। इसी तरह पीसीएस रमेश चन्द्र उपजिलाधिकारी को मिर्जापुर का नया उपजिलाधिकारी बनाया गया है।


पीसीएस मकसूदन गुप्ता उपजिलाधिकारी लखनऊ को लखीमपुरखीरी का नया उपजिलाधिकारी बनाया गया। पीसीएस आलोक प्रताप सिंह उपजिलाधिकारी चित्रकूट को बलिया का नया उपजिलाधिकारी बनाया गया है। पीसीएस अभिमन्यु कुमार उपजिलाधिकारी ललितपुर को उपजिलाधिकारी हमीरपुर बनाया गया है। पीसीएस अशोक कुमार चौधरी की भी नियुक्ति उपजिलाधिकारी के पद पर हुई है।

## भूमि लीज नीति-2024 को मंत्रि-परिषद ने 05 फरवरी को अनुमोदित किया : जयवीर सिंह

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की भूमि लीज नीति-2024 को मंत्रिपरिषद ने 05 फरवरी, 2024 को अनुमोदित कर दिया है। अब यह नीति प्रख्यापित होने जा रही है। यह नीति 06 चरणों में विभाजित है। प्रत्येक चरण के अंतर्गत अलग-अलग व्यवस्थायें की गयी हैं।

प्रथम चरण के अंतर्गत निवेश प्रस्ताव के लिए रूचि की अभिव्यक्ति की व्यवस्था है। इसके तहत पर्यटन विभाग पट्टे के आधार पर भूमि आवंटन के लिए जनपद व पर्यटन गन्तव्यवार उपयुक्त भू-खण्ड की पहचान कर एक सूची बनायेगा। इसे पर्यटन विभाग के भूमि बैंक के रूप में चिन्हित किया जायेगा। इसके उपरान्त निवेशकों से रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जायेगी। भूमि बैंक के रूप में निर्धारित सभी जमीनों का स्वामित्व पर्यटन विभाग उ0प्र0 के



पास ही रहेगा। यह जानकारी आज यहां प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार के पास उपलब्ध भूमि के अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता पड़ने पर राज्य सरकार के अनुमोदन से अन्य विभागों से पर्यटन विभाग के पक्ष में भूमि हस्तान्तरित की जायेगी अथवा भूमि स्वामियों से भूमि अधिग्रहण अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत खरीदी जायेगी। जयवीर सिंह ने बताया कि भूमि लीज नीति के प्रथम चरण में निवेश प्रस्ताव के लिए रूचि की अभिव्यक्ति के बारे में बताया गया है। इसके तहत पर्यटन विभाग छोटे भूखण्ड को ''जहॉ है जिस स्थिति में है'' के आधार पर आवंटित करेगा। बड़े भू खण्ड पर निवेशकों को यूनिट पार्सल के रूप में आवंटन के लिए प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर विस्तार से ले आउट तैयार किया जायेगा। निवेशक आवंटित भू-खण्ड पर पर्यटन सुविधाओं के विकास की परियोजनाओं की डिजाइन, वित्त पोषण और विकसित करेगा।

भू स्थल के आसपास आधारभूत संरचनाओं एवं अवस्थापना सुविधाओं संबंधी विकास से संबंधित कार्यों पर होने वाला व्यय संबंधित विभागों द्वारा यथासंभव उनके बजट प्राविधान से किया जायेगा। जयवीर सिंह ने बताया कि विकास कार्यों के लिए संबंधित विभागों के विभागीय बजट में प्राविधान नहीं होगा, उसका आकलन कर पर्यटन विभाग द्वारा विकासात्मक व्यय के लिए बजटीय प्राविधान किया जायेगा। निवेशकध्पट्टाधारक द्वारा बिजली संबंधी कार्य एवं कनेक्शन, जल, सीवर, पर्यावरण, माइनिंग, नगर निकायध्पंचायत निकाय आदि से संबंधित वैधानिक देयों एवं अन्य सभी करों का भुगतान किया जायेगा।

आवंटित भूखण्ड पर अनुमोदित परियोजना के अनुसार आंतरिक बुनियादी ढाचों का विकास निवेशकध्पट्टा धारक द्वारा किया जायेगा। नीति के द्वितीय चरण के अंतर्गत निवेश प्रस्तावों का तकनीकी मूल्यांकन की व्यवस्था है तथा तृतीय चरण में निवेश प्रस्तावों की स्वीकृति तथा चतुर्थ चरण में भूमि आवंटन की प्रक्रिया के बारे में व्यवस्था दी गयी है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि 5वें चरण में समझौते पर हस्ताक्षर की प्रक्रिया पूरी कराने की व्यवस्था है।

## 13 जनपदों से गुजरेगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** राहुल गांधी जी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा उत्तर प्रदेश में 7 दिनों में 785 किलोमीटर की यात्रा तय करते हुए प्रदेश के 13 जनपदों से गुजरेगी। इस दौरान 15 जनसभायें, रास्ते में पड़ने वाले कस्बों एवं शहरों में पदयात्रा और समाज के विभिन्न वर्गों के साथ संवाद करते हुए श्री राहुल गांधी जी न्याय की अलख जगाते हुए चलेंगे। जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ0 सी0पी0 राय ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा बिहार से होकर 16 फरवरी को उत्तर प्रदेश के नौबतपुर, जनपद चन्दौली में प्रवेश कर पदयात्रा नेशनल इंटर कालेज सैयदराजा से शहीद स्थल सैयदराजा तक पदयात्रा करेगी व रात्रि विश्राम जनपद चंदौली-पड़ाव में करेगी। तत्पश्चात दिनांक 17 फरवरी को गोलगड्डा मंदिर मार्ग जनपद वाराणसी से भारत जोड़ो न्याय यात्रा प्रारम्भ होकर विश्वेसरगंज तिराहा, मैदागिन चौराहा होते हुए काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन कर गुदौलिया चौराहे पर आयोजित जनसभा को राहुल गांधी जी सम्बोधित करेंगे। इसके उपरान्त राजपुरा चौराहे पर भी जनसभा को सम्बोधित करेंगे। तत्पश्चात दिनांक 18 फरवरी को तीसरे दिन यात्रा गोपीगंज चौक जनपद भदोही से प्रारम्भ होकर हण्डिया प्रयागराज होते हुए हबूसा मोड़ प्रयागराज पर जनसभा को सम्बोधित करेंगे तत्पश्चात यूनिवर्सिटी चौराहा होते हुए सोरांव में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इसके उपरान्त चौथे दिन 19 फरवरी को पदयात्रा मऊ आइमा प्रयागराज से प्रारम्भ होकर भगवान चुंगी चौराहा प्रतापगढ़ में पहुंचेगी, जहां से चौक चौराहा होते हुए लालगंज चौक, प्रतापगढ़ में जनसभा को सम्बोधित करने के उपरान्त यात्रा गांधी इण्टर कालेज सांगीपुर प्रतापगढ़ होते हुए जनपद अमेठी पहुंचेगी।

## परिवहन निगम की ग्रामीण एवं उप नगरीय बस सेवाओं के फेयर स्टॉप में होगी बढ़ोत्तरी : दयाशंकर सिंह

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने निर्देश दिये हैं कि ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों पर प्रत्येक तीन किमी0 तथा अन्य मार्गों पर प्रत्येक 05 किमी0 की दूरी पर एक फेयर स्टाप बनाया जाय। उन्होंने कहा कि स्टाप सड़क पर स्थित गांव के अतिरिक्त सड़क का वह बिन्दुध्चैराहाध्तिराहा भी हो सकता है जहां से उन गांवों के यात्री बस सेवा पाते हैं। सड़क से दूर स्थित ऐसे फेयर स्टाप से निकटवर्ती क्षेत्रों के यात्रियों को सेवा पाने का अवसर सुलभ हो एवं तद्नुसार टिकट निर्गत हो। जनपद मुख्यालयों व उच्चतर नगरों के अन्दर दो स्टाप के मध्य की दूरी 03 किमी से अधिक रखी जा सकती है लेकिन 05 किमी0 से अधिक नहीं होनी चाहिए। परिवहन मंत्री ने कहा कि सड़कों के चैड़ीकरण व उच्चीकरण होने से तथा सड़कों के किनारे नये-नये गांव निरन्तर अस्तित्व में आने से सड़क किनारे स्थित गांवों व कस्बों में जनसंख्या का घनत्व व आकार बढ़ रहा है साथ ही बसों के फेयर स्टाप में बढ़ोत्तरी की मांग निरन्तर जन-प्रतिनिधियों एवं सम्मानीय नागरिकों के माध्यम से निरन्तर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि नये फेयर स्टाप बनाने में कोई व्यय भी अन्तरवलित नहीं है। ग्राम्य सेवाएं की बसें मार्ग पर प्रत्येक स्टाप पर रूकेंगी तथा इनकी औसत गति 40 किमी0 प्रति घण्टा निर्धारित की गयी है। स्थानीय शटर सेवाएं दो जनपदों की सीमाओं के अन्दर संचालित होंगी। ये बस सेवाएं भी प्रत्येक स्टाप पर रूकेंगी तथा इनकी औसत गति 46 किमी0 प्रति घण्टा रखी गयी है। सीमित स्टाप वाली बस सेवा अपने पूर्व निर्धारित स्टाप मात्र पर रूकेगी। इन सेवाओं की बसें 5000 की जनसंख्या वाले गांव से निम्नतर उपनगरों में नहीं रूकेंगी तथा इसकी औसत गति सीमा 54 किमी0 प्रति घण्टा होगी। एक्सप्रेस सेवा का आशय दूतगामी बस सेवा से है, जिसके प्रत्येक स्टाप ब्लाक स्तरीय कस्बे या 25 हजार की जनसंख्या वाले कस्बे होंगे तथा इसकी औसत गति सीमा 60 किमी0 प्रति घण्टा निर्धारित होगी एवं सुपरफास्ट सेवा ऐसी दूरतगामी बस सेवा है जो 35 हजार जनसंख्या वाले उपनगरों पर रूकेगी तथा इसकी औसत गति सीमा 64 किमी0 प्रति घण्टा निर्धारित है।

## पर्यटन विकास की निर्माणाधीन परियोजनाओं को गुणवत्ता के साथ समय से पूरा करें : जयवीर सिंह

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निर्माणाधीन परियोजनाओं को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूरा कर लें। उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में कम समय बचा है इस लिए युद्धस्तर पर कार्य करते हुए पर्यटन विकास से संबंधित निर्माणाधीन परियोजनाओं को पूरा किया जाए, जिससे इसका लाभ समय से आम जनता को प्राप्त हो सके। इसके अलावा प्रदेश मे आने वाले पर्यटकों को आसानी हो और पर्यटन को बढ़ावा मिले। उन्होंने निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। अधोमानक सामग्री का उपयोग पाये जाने पर संबंधित कार्यदायी संस्था एवं पर्यवेक्षण करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी।

पर्यटन मंत्री आज गोमती नगर स्थित पर्यटन विभाग के सभागार में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की लम्बित परियोजनाओं की विस्तार से समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिया कि घटिया सामग्री का उपयोग पाये जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बैठक में मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इसमें किसी प्रकार का विलम्ब बर्दास्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने वाराणसी मण्डल में कई घाटों एवं मार्गों के सौन्दर्यीकरण कार्य को यथाशीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। जयवरीर सिंह ने गोरखपुर में विभाग द्वारा क्रियान्वित परियोजनाओं, चित्रकूट में गणेश बाग में लगने वाले म्यूजिकल फाउण्टेन तथा मिर्जापुर में विंध्याचल मंदिर की गलियों के सौन्दर्यीकरण के कार्य को समय से पूरा करने के निर्देश दिए।

## बसों में दिव्यांगजनों के साथ अच्छा व्यवहार सुनिश्चित करवायें परिवहन विभाग : नरेन्द्र कश्यप

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** दिव्यांगजनों को विभागों में आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए विभागों के भवनों को दिव्यांगजन फ्रेंडली बनाया जाय। स्वास्थ्य विभाग दिव्यांगजनों को दिव्यांग प्रमाण पत्र समयबद्ध रूप से बनाने का कार्य करे, जिससे दिव्यांगजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन की बसों में दिव्यांजनों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाय। यदि दिव्यांगजन को देखकर देखकर बस चालक एवं कन्डेक्टर बस न रोके ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही भी जाय। खाद्य रसद विभाग दिव्यांगजनों को राशन कार्ड उपलब्ध कराने में सहयोग प्रदान करें, जिससे अधिक से अधिक पात्र दिव्यांगजनों का राशन कार्ड बन सके। विभागों में दिव्यांगजनों के लिए आयोजित होने वाले वर्कशाप में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के प्रतिनिधि को अवश्य आमंत्रित किया जाय। उक्त निर्देश प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने मंगलवार को योजना भवन में आयोजित दिव्यांगता पर गठित राज्य सलाहकार बोर्ड उत्तर प्रदेश की पांचवी बैठक में आये विभागों के प्रतिनिधियों को दिये। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि दिव्यांगजन सशक्तीरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ड्रीम संकल्प है, जिसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नियमित रूप से समीक्षा कर एवं योजनाओं के माध्यम से पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगता पर गठित राज्य सलाहकार बोर्ड नियमित रूप से आयोजित की जाय, जिससे दिव्यांगजनों को सशक्तीकरण मे आ रही बाधाओं पर विचार-विमर्श कर उसका समाधान किया जा सके। इसके साथ दिव्यांगजनों के जीवन को और कैसे बेहतर किया जा सकता है, इस बार बोर्ड सदस्यों के सुझावों को सुनकर उसपर रणनीति बनायी जा सके। दिव्यांगजन मंत्री ने बताया कि दिव्यांग व्यक्तियों हेतु भरण पोषण अनुदान योजना के अन्तर्गत दिव्यांगजनों को 1 हजार रूपये प्रतिमाह पेंशन दी जा रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 10 लाख 40 हजार 823 दिव्यांगजनों को तृतीय किश्त की धनराशि उपलब्ध करा दी गयी है। इसी तरह कुष्ठावस्था पेंशन योजना के अन्तर्गत 3 हजार रूपये प्रतिमाह की धनराशि उपलब्ध करायी जा रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 11 हजार 671 दिव्यांगजनों को तृतीय किश्त की धनराशि उपलब्ध करा दी गयी है। उन्होंने बताया कि शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों को कृत्रिम अंग एवं सहायक क्रय हेतु अनुदान योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में 10 हजार 229 उपकरण दिव्यांगजनों को उपलब्ध कराया जा चुका है।

## संक्षेप

### बजरंगी करेंगे पार्कों और होटलों की निगरानी

एटा। नगर में बैठक कर शिवांग गुप्ता जिला मंत्री विश्व हिन्दू परिषद् ने बजरंग दल कार्यकर्ताओं को टोली बनाकर पूरे जनपद में पार्कों होटलों पर सतर्क सजग तरीके से निगरानी करने को कहा। साथ ही पुलिस प्रशासन से वार्ता कर एंटी रोमियो टीमें भी जनपद में पेट्रोलिंग करेंगी पार्कों में बजरंग दल कार्यकर्ता सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ भी करेंगे, जिला मंत्री ने कहा हनुमान चालीसा की पंक्ति ' भूत पिशाच निकट नहीं आवे, महावीर जब नाम सुनावे ' पिशाची पश्चिमी सभ्यता के वेलेंटाइन डे को भी बजरंगी जनपद से दूर भागने का कार्य करेंगे। हिन्दू युवा युवती इस दिन को मातृ पितृ दिवस के रुप में मानकर इस दिन को भारतीय संस्कृति से जोड़ने का प्रयास करे। बैठक में अनुभव गुप्ता जिला सह संयोजक बजरंग दल,सौरभ सोलंकी नगर अध्यक्ष, अवधेश कुशवाह नगर मंत्री, राम लखन नगर सुरक्षा प्रमुख, नितिन गुप्ता, आकाश कुशवाह, ऋषभ गुप्ता, अंकित बघेल, अंशुल, नानू आदि बजरंग दल कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सम्मान समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अमेठी। दीन दयाल अंत्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन ( DAY-NULM) योजनांतर्गत गठित महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का शक्ति वंदन अभियान महिलाओं के स्वावलंबन हेतु सम्मान समारोह नगर पालिका परिषद जायस, विधानसभा तिलोई में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महेश प्रताप सोनकर निर्वतमान अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जायस एवं जिला महामंत्री मनोज जायसवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें मुन्नी देवी, आरती देवी, रोशनी सोनकर, नीलम , रमा, द्रोप्ती देवी आदि महिलाओं को प्रतीकात्मक रूप से प्रशस्ति पत्र एवम अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नीलम सोनकर, रोशनी सोनकर एवम कलावती मौर्य के द्वारा अपनी सफलता की कहानी भी साझा किया गया। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा विनोद कुमार मिश्रा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जायस रविन्द्र मोहन, शहरी मिशन प्रबंधक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, सामुदायिक आयोजक शैलेन्द्र कुमार पाठक एवं समस्त डूडा स्टाफ मौके पर उपस्थित रहे।

### नगर निगम ने 10 करोड़ रुपये की सरकारी जमीन कराई अतिक्रमण मुक्त

गाजियाबाद। नगर निगम के संपत्ति विभाग ने सोमवार को नूर नगर में सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाया। भारी पुलिस बल के साथ पुलिस ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। निगम की करीब 1640 वर्ग मीटर जमीन पर कब्जा किया हुआ था। नगर आयुक्त के निर्देश पर संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। खाली कराई गई जमीन की कीमत करीब 10 करोड़ रुपये बताई जा रही है।नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर सिटी जोन में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। संपत्ति अधीक्षक भोलानाथ गौतम के नेतृत्व में टीम कार्रवाई के लिए पहुंची। अधिकारियों ने बताया कि नूर नगर के खंसरा नंबर 305 की 1640 वर्गमीटर जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत मिलने पर टीम मौके पर पहुंची और तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू की। नगर आयुक्त ने जमीन पर चहारदीवारी कराने के निर्देश दिए है। निगम की दुकानों का किराया बढ़ाने के विरोध में बाजार बंद और धरना प्रदर्शन चल रहा है। इस बीच नगर निगम की टीम ने गोल मार्केट और घंटाघर सहित अन्य बाजारों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

नोएडा महानगर के कवित गुर्जर व अज़ीम ज़ैदी बने सपा यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव

नोएडा। समाजवादी पार्टी के ऊर्जावान नेता कवित गुर्जर को व लोहिया वाहिनी के पूर्व महानगर अध्यक्ष अज़ीम ज़ैदी को माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी की अनुमति एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री नरेश उत्तम पटेल जी की संस्तुति से मुलायम सिंह यूथ ब्रिग्रेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा जी के द्वारा उत्तर प्रदेश की कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव बनाए गए। कवित गुर्जर व अज़ीम ज़ैदी ने कहा की जो ज़िम्मेदारी उन्हें पार्टी ने दी हैं वह लोकसभा चुनाव में तन मन धन से दिन रात मेहनत करंगे और माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी के हाथों को मज़बूत करेंगे, वह समाजवादी पार्टी की नीतियों को घर-घर पहुंचने का काम करेंगे।

### सजग रहें, सावधान रहें, और सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें:प्रशांत शुक्ला

अयोध्या। अरुंधति भवन पश्चिम टेढ़ी बाजार मल्टीलेवल पार्किंग अयोध्या एवं गुप्तहरि गार्डन अयोध्या में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत हीरो मोटर कोर्प और न्यू इंडियन एक्सप्रेस के तत्वाधान में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अयोध्या महापौर गिरीशपति त्रिपाठी एवं नगर आयुक्त विशाल सिंह ,दा इण्डियन न्यू एक्सप्रेस की सीईओ लक्ष्मी मेनन के करकमलों द्वारा शुरुवात किया गया। संचालन कवच कंपनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान गणमान्य लोग भी मौजूद रहे कवच कंपनी के संरक्षक प्रशांत शुक्ला ने कहा हमारे देश में प्रतिवर्ष लाखों लोग सड़क दुर्घटनाओं के शिकार होते हैं, जिनमें से अनेक की मृत्यु हो जाती है या फिर वे गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। यह आंकड़े हमें चिंतित करते हैं, परंतु साथ ही साथ हमें यह भी संकेत देते हैं कि अगर हम सजग रहें, सावधान रहें, और सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें, तो हम इन दुर्घटनाओं की संख्या को काफी हद तक कम कर सकते हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना और हम सभी को इस दिशा में एकजुट होकर काम करने के लिए प्रेरित करना।

### आधार कार्ड करायें अपडेट

अयोध्या । मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज ने बताया है कि जिन निवासियों का आधार कार्ड पिछले 10 साल या उससे अधिक समय से अपडेट नहीं हुआ है कृपया नवीनतम परिचय एवं पते के साक्ष्य से अपडेट करें। 5-7 वर्ष और 15-17 वर्ष आयु पूरी कर चुके बच्चों को अपना नि :शुल्क बायोमेट्रिक अपडेट कराना है, 18$ का नामांकन प्रतिबन्धित कर दिया है और केवल इंण्डिया पोस्ट के केन्द्रो पर ही नामांकन किया जाएगा, 18$नामांकन की पृष्ठभूमि सत्यापन के लिए पोर्टल सक्रिय हो चुका है। निवासी की पृष्ठभूमि सत्यापन के बाद 18 वर्ष से ऊपर का नामांकन पूरा होगा, 18 वर्ष के ऊपर नामांकन की पृष्ठभूमि सत्यापन के लिए जिला स्तर पर एडीएम एफ0आर0 और तहसील स्तर पर एसडीएम को नामित किया गया है। 0-5 वर्ष के बच्चो को आधार नामांकन सभी आधार केन्द्रों पर जन सेवा केन्द्र को छोड़कर कराया जा सकता है। आईपीपीबी और महिला एवं बाल कल्याण विभाग के आपरेटर घर-घर जाकर भी नामांकन कर सकते है।

# प्रमुख पार्टियों के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने ली बीजेपी की सदस्यता







लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** सोमबार को जी टी रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय जनपद एटा पर विधानसभा एटा एवं मारहरा का मिलन समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एटा लोकसभा के के यशस्वी सांसद माननीय राजवीर सिंह राजू भैया रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता एटा जनपद के यशस्वी जिला अध्यक्ष श्रीमान संदीप जैन एडवोकेट ने की। इस अवसर पर विधानसभा मारहरा एवं एटा से अनेक प्रधानों, पूर्व प्रधान, वी डी सी सदस्य, प्रमुख पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने सैकड़ो की संख्या में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर सांसद राजवीर सिंह राजू भैया ने नए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सरकार की उपलब्धियां योजना के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा की एटा विधान सभा और माहरेरा विधानसभा की जनता ने भाजपा को और ऊंचा पहुंचाया है और अभी यह अभी एक ही कार्यक्रम है। अभी देश मे और भी कार्यक्रम होंगे जिसमे हजारों की संख्या में लोग बीजेपी को जॉइन करेंगे। एमएलसी श्री आशीष यादव (आशू) ने संबोधन में कहा कि बीजेपी के नए कार्यकर्ताओं से कहा कि में आपको विश्वास दिलाता हूँ । कि आपको यह महसूस नही होने देंगे कि आप दूसरे परिवार में है। इस अवसर पर बैठक को माननीय जिला अध्यक्ष श्री संदीप जैन, मारहरा विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी, विधायक एमएलसी श्री आशीष यादव (आशू) ने संबोधित किया।

मंच पर माननीय सांसद श्री राजवीर सिंह राजू भैया, जिला अध्यक्ष श्री संदीप जैन, विधायक श्री वीरेंद्र सिंह लोधी, एमएलसी आशीष यादव (आशू) , ब्लॉक प्रमुख शीतलपुर श्री पुष्पेंद्र लोधी, ब्लॉक प्रमुख मारहरा श्री नीरज वर्मा, जिला महामंत्री श्री सुशील गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी अग्रिम जैन, जिला उपाध्यक्ष श्री सचिन उपाध्याय, श्रीमती अर्चना सक्सेना डोली, श्री बृजेश गुप्ता उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री सुशील गुप्ता ने किया। भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता लेने वालों में सत्येंद्र सिंह (इशारा पूर्वी),शैलेश यादव (नंदपुरबेलमई) नीलू (चिलमापुर) अवधेश यादव (शीतलपुर)मनोज यादव (नगला बाची)सुमन कुमार यादव (नगला धनु) प्रवीण यादव (रजपुरा) सुरजीत यादव (नगला विके) हरिशंकर दिवाकर (हिरौंदी)

सुरेंद्र प्रधान (शिवसिंहपुर) के साथ अनेक प्रधानों, पूर्व प्रधानों, बीडीसी सदस्य, सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने ली। इस अवसर पर बैठक में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष मंडल पदाधिकारी सैकड़ो कार्यकर्ता की उपस्थित रहे।

15 फरवरी को सजेगा श्री श्याम बाबा का दरबार, समुद्र मंथन का दृश्य होगा आकर्षण का केंद्र

नोएडा। श्री श्याम सेवक परिवार नोएडा - ग्रेटर नोएडा द्वारा पंचम वार्षिक फागुन महोत्सव के संबंध में जानकारी देने हेतु एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। श्री श्याम सेवक परिवार संस्था के प्रवक्ता विकास जैन ने बताया कि 15 फरवरी को सेक्टर 51 स्थित वेडिंग विला बैंक्विट हॉल में श्री श्याम बाबा का पंचम वार्षिक फाल्गुन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्री श्याम बाबा की निशान यात्रा मानस हॉस्पिटल सेक्टर 34 से 3:00 बजे प्रारंभ होकर कार्यक्रम स्थल तक आएगी जिसमें होली महोत्सव के रूप में निशान यात्रा में हवा मे रंगों की होली खेली जाएगी। श्री श्याम परिवार संस्था के अध्यक्ष सौरभ सिंगल ने बताया कि इस बार कीर्तन विशेष होगा जिसमें प्रख्यात हिंदूवादी सनातनी भजन गायिका अंजलि द्विवेदी बरेली, शुभम - रूपम कोलकाता, वेद रसिक वृंदावन, श्रीभगवान दीक्षित सोनीपत से बाबा का गुणगान करेंगे।

## सैकड़ो लोगों ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** विभिन्न पार्टीयों तथा समाजसेवी संगठनों, अल्पसंख्यक समुदाय के दर्जनों सहित सैकड़ो लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। पार्टी कार्यालय सहादतगंज में महानगर के मंडलों के लोगों को महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह तथा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने तथा जिले की विधानसभा के लोगों को जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी तथा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने पार्टी का ध्वज तथा पट्टिका पहना कर उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया।

अयोध्या महानगर में इं अनिल मिश्र, बैंक मैनेजर देवेन्द्र तनेजा, व्यापारी सुमित माखेजा, हरीश लखमानी, अमित गोयल, पंकज रवेत्रापाल, इमरान खान, समाज सेवी प्रवीण दूबे, रोजी खान, बेला देवी, लक्ष्मी, अल्पसंख्यक समुदाय के इमरान खां, रमजान, सबरेज मिर्जा, लारैब जमीर, मिसम अब्बास, मिर्जाशुजा हसन, जुगवान अली, फैजी अब्बास, मो. रफी, सैयद अरदश अली, सफाअत खान, अतहर अली, चांद अली, फैसल खान, जावेद खान, जावेद खान, नफीस राझी, नसीम अख्तर, नदीम, साबिर हुसैन, अजली वारिस, मो. मुरशिद, सद्दाम खान, सुरैया, मो. इरशाद सहित दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली। अयोध्या जिले में सपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष व सचिव लाल चंद्र चौरसिया, प्रधान कुलदीप निषाद, हरिप्रसाद निषाद, समाजसेवी सुरेश निषाद, संतोष कुमार गुप्ता, राजू शर्मा सहित दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।विधायक वेद प्रकाश गुप्ता सबका साथ सबका विकास करते हुए सबका विश्वास हासिल करने के पथ पर अग्रसर हो रही है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जनता में उत्साह का माहौल है।

### अब तक 703 भवन स्वामियों को पेइंग गेस्ट योजना का प्रमाण पत्र प्रदान किया जा चुका है: डीएम

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार ने आयुक्त कार्यालय सभागार में पेइंग गेस्ट योजना के 73 और आवेदकों भवन स्वामियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस प्रकार अब तक कुल 703 भवन स्वामियों को पेइंग गेस्ट योजना से जोड़ा जा चुका है तथा और नये भवन स्वामियों को योजना से जोड़ने का कार्य निरन्तर प्रगति पर है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी भवन स्वामी अपने-अपने यहां आने वाले अतिथियों को उच्च स्तरीय सुविधाएं, स्वच्छता एवं सफाई का विशेष ध्यान रखें एवम् व्यवहार उत्तम रखें व घर जैसा वातावरण उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि अयोध्यावासी होने के नाते सभी का कर्तव्य आतिथ्यभाव से अच्छी सुविधा अतिथियों को प्रदान करना है तथा "अतिथि देवो भव" के वास्तविक स्वरूप को चरितार्थ करना है और अयोध्या में पेइंग गेस्ट योजना को एक ब्रांड बनाना है।

## डीएम व एसपी ने की बैठक, जनपद के 8 परीक्षा केंद्रों पर, 15168 अभ्यर्थी परीक्षा में होंगे शामिल

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** पुलिस भर्ती परीक्षा को नकलविहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि पुलिस भर्ती परीक्षा दिनांक 17 व 18 फरवरी 2024 को जनपद के आठ परीक्षा केंद्रों क्रमशः राजीव गांधी पॉलिटेक्निक मुसाफिरखाना, मंगलम महिला महाविद्यालय मुसाफिरखाना, इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज गौरीगंज, शिव महेश गर्ल्स इंटर कॉलेज गौरीगंज, मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज, अग्रसेन गर्ल्स इंटर कॉलेज परसावां अमेठी, राजर्षि रंजय सिंह असलदेव कॉलेज पीपरपुर तथा आरआर पीजी कॉलेज अमेठी में आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा दो पालियों में प्रथम पाली 10 से 12 तथा द्वितीय पाली 3 से 5 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें कुल 15168 अभ्यर्थी शामिल होंगे। उन्होंने परीक्षा में लगे सभी केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट को परीक्षा को नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा की परीक्षा से पूर्व सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर वहां पर सीसीटीवी कैमरा एवं अन्य समस्त व्यवस्थाएं पूर्व में ही सुरक्षित कर ली जाए ताकि परीक्षा के दिन किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा की परीक्षा के दिन परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन, घड़ी, कैमरा तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को ले जाना पूर्णतया प्रतिबंधित होगा। बैठक में जिलाधिकारी ने एआरएम रोडवेज व स्टेशन अधीक्षक को परीक्षार्थियों के आने-जाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों के आसपास एम्बुलेंस की मौजूदगी सुनिश्चित करने को कहा। अधीक्षण अभियंता विद्युत को परीक्षा के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की परीक्षा के दौरान किसी भी अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार की परेशानी न होने पाए इसका विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि परीक्षा को नकल विहीन व शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं उन्होंने बताया कि पुलिस भर्ती का आयोजन उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा कराया जा रहा है। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक रीता सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## अलीगंज मे चलाया गया सदस्यता अभियान कार्यक्रम



लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे लोकसभा चुनाव की तैयारी के चलते सदस्यता अभियान कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम का आयोजन दिनेश चंद्र गुप्ता प्रदेश सहसंयोजक राष्ट्रीय सदस्यता अभियान द्वारा किया गया। अलीगंज नगर के एसपीएस रिसोर्ट में जैथरा नगर पंचायत राजा का रामपुर नगर पंचायत एवं ग्रामीण क्षेत्र से एक हजार से अधिक ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। विधायक सत्यपाल सिंह राठौर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। मोदी के नेतृत्व में भारत का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। उन्होंने कहा भाजपा केंद्र में तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है विपक्षी पार्टियों के पास जनता के पास जाने का कोई मुद्दा उनके पास नहीं है उन्होंने कहा प्रदेश में योगी जी की सरकार ने प्रदेश में विकास की जो गति दी है अभी तक किसी भी सरकार ने विकास कार्य नहीं कराई है उन्होंने बताया विधानसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में अन्य दलों को छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। भाजपा में जैथरा व अलीगंज विकासखंड के 50 से अधिक प्रधानों ने और 100 से अधिक पूर्व प्रधानों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है।कार्यक्रम में अलीगंज के ब्लॉक प्रमुख पति डॉ अशोक रतन शाक्य, जैथरा नगर पंचायत अध्यक्ष विवेक गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष आमोद आर्य, अर्जुन सिंह कश्यप, राघवेंद्र गुप्ता मंडल अध्यक्ष, लोकपाल सिंह , सुजीत गुप्ता बॉबी, संजय गुप्ता, शिवम कश्यप, शिवम दिक्षित, सौरभ गुप्ता, विजय सिंह, सिंपल राठौर, राकेश राठौर सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### आठवीं की छात्रा का तनाव में जान देने का प्रयास

**कौशांबी।** टीएचए के एक निजी स्कूल में कक्षा आठ में पढ़ने वाली छात्रा को इंस्टाग्राम पर अनजान युवक से दोस्ती करना महंगा पड़ गया। आरोप है कि युवक ने बात नहीं करने पर छात्रा का वीडियो-फोटो वायरल कर दिए। बदनामी के डर से वह तनाव में आ गई और उसने जान देने की कोशिश की। कौशांबी थाने में अज्ञात युवक पर मुकदमा हुआ है। पुलिस आईपी एड्रेस से आरोपी की पहचान करने में जुटी है। पुलिस को छात्रा के पिता ने शिकायत दी कि आरोपी छात्रा की दोस्तों को वीडियो फोटो वायरल करने के बाद बात करने का दबाव बना रहा है। ऐसा नहीं करने पर उसने अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल करने की धमकी दी है। वह मैसेज में बोलता है कि यदि तुम बात नहीं करोगी तो मैं फोटो-वीडियो जगह-जगह वायरल कर दूंगा। उसकी इस धमकी से छात्रा काफी तनाव में आ गई है। उसने आत्महत्या करने जैसा गलत कदम उठाने का प्रयास किया, लेकिन परिजनों ने मौके की नजाकत और छात्रा के भविष्य को जानकर उसे अच्छे से समझाया।

## ग्रेटर नोएडा में आ रहा है इंडियन सरफेस फिनिशिंग 2024

लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा मैटल फिनिशर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया दिल्ली एनसीआर में सरफेस फिनिशिंग पर तीन दिवसीय सम्मेलन एवं प्रदर्शनी का आयोजन कर रहा है। इंडियन सरफेस फिनिशिंग 2024 का आयोजन 14 से 16 फरवरी 2024 को हॉल 15, इंडिया एक्सपोज़शिन मार्ट लिमिटेड, ग्रेटर नोएडा में किया जाएगा। 14 फरवरी 2024 को कार्यक्रम का उद्घाटन विद्युत एवं भारी उद्योग मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर तथा जैक्वार इंडिया के माननीय निदेशक श्री परिचय मेहरा करेंगे। त्करीबन 100 प्रतिष्ठित कंपनियां अपने प्रोडक्ट्स, सर्विसेज़ एवं नई तकनीकों का प्रदर्शन करेंगी। तकनीकी सम्मेलन में प्रवक्ताओं के द्वारा तकरीबन 43 दस्तावेज दुनिया के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे। एमएफएआई के प्रेज़ीडेन्ट सुनील गोयल के मुताबिक यह प्रदर्शनी सरफेस फिनिशिंगकम्युनिटी, अकादमिक एवं अनुसंधान समुदाय को कई अवसर प्रदान करेगी। यह ऐसा मंच उपलब्ध कराएगी जहां प्रदर्शकों को अपने उत्पादों को दर्शाने तथा सरफेस फिनिशिंग उद्योग में नए रूझानों और तकनीकों को जानने का मौका मिलेगा। सम्मेलन के अलावा , प्रतिष्ठित संस्थानों, प्रयोगशालाओं एवं अकादमिक संगठनों के शोधकर्ता और अकादमिकज्ञ भी सरफेस फिनिशिंग के क्षेत्र में अपने इनोवेशन्स को पेश करेंगे। माधव सिंह, मैनेजिंग ट्रस्टी, एमएफएआई के मुताबिक 'दुनिया भर में सरफेस फिनिशिंग का मार्केट साइज़ साल 2024 में 12.89 बिलियन डॉलर का है, एक अनुमान के मुताबिक यह 2024-30 के बीच 7.97 फीसदी दर से बढ़कर 2030 तक 22.05 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। पश्चिम से पूर्व की ओर झुकाव के चलते एपीएसी (APAC) देशों में सरफेस फिनिशिंग की खपत पूरे संसार का 78 प्रतिशत हो गया है। अमित अग्रवाल, माननीय सचिव, एमएफएआई ने कहा, ''एमएफएआई की स्थापना साल 1973 में मुंबई में पंजीकृत संस्था के रूप में की गई।

### जनवादी लेखक संघ की बैठक में आगामी कार्यक्रमों और सदस्यता विस्तार पर हुई चर्चा

**अयोध्या।** जनवादी लेखक संघ, फैजाबाद की एक गोष्ठी का आयोजन उर्दू के वरिष्ठ आलोचक मो. ज़फ़र साहब की अध्यक्षता और संगठन के सचिव डा. विशाल श्रीवास्तव के संयोजन में सरयू विहार कालोनी स्थित जलेस कार्यालय में किया गया। मो. ज़फ़र ने समाज में बढ़ती मनोवैज्ञानिक समस्याओं और अवसाद के बीच साहित्य की ज़रूरत पर बल दिया। इस अवसर पर आगामी आयोजनों से सम्बंधित कई निर्णय लिए गए। संगठन की महत्वपूर्ण साहित्य-शृंखला 'जनवादी साहित्य चौपाल' का आयोजन आगामी महीनों में शीघ्र करने पर सहमति बनी। सत्यभान सिंह जनवादी ने ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू गोष्ठी करने का भी प्रस्ताव रखा जिसका सर्वसम्मति से समर्थन करते हुए कार्ययोजना पर बात की गयी। मासिक घरेलू गोष्ठियों का क्रम भी निरंतर बनाए रखने पर सहमति बनी।

अजीब हॉल

दो किमी दूर था मंदिर तो शिवलिंग उखाड़कर घर ले गया भक्त !

## शहीदगांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर से गायब हुआ था शिवलिंग

दीपक सिंह

**चंदौली।** जिले के धानापुर थानांतर्गत शहीद गांव बाजार स्थित प्राचीन शिव मंदिर से सोमवार को शिवलिंग गायब हो गया। जिससे लोग नाराज हो गए। जब घटना की भनक पुलिस को लगी तो वह भी सक्रिय हो गई, और चंद घंटे में घटना का पर्दाफाश कर शिवलिंग को मंदिर में स्थापित करा दिया। दरअसल इसी थाना क्षेत्र के आवाजापुर गांव निवासी सतीश तिवारी रोज यहां पूजा करने आता है। सोमवार को जब वह पूजा करके अपने घर जाने लगा तो उसने शिवलिंग को उखाड़ लिया और झोले में रख कर घर लेता गया।इधर मंदिर से शिव लिंग के गायब होने की जानकारी होने पर आस पास के शिव भक्तों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। उधर शक के आधार पर पुलिस ने जब सतीश को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो उसने बताया कि मेरे घर से यह शिव मंदिर लगभग दो किलोमीटर दूर है। जहां रोज जाकर मुझे पूजा करना पड़ता था।



मैंने सोचा शिवलिंग को उखाड़ कर घर मे ही रख लूंगा तो मुझे हमेशा के लिए पूजा करने में आसानी हो जाएगी। उधर ग्राम प्रधान एवं अन्य ग्रामीणों का कहना है कि इन दिनों सतीश तिवारी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। कुछ वर्ष पहले शहीद गांव में छत से गिरने के कारण उसे सिर में चोट लग गई थी। तभी से वह अक्सर असामान्य रह रहा हैं। इस संदर्भ में धानापुर थाना प्रभारी प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि गांव के लोग बता रहे हैं कि आरोपी सतीश की मानसिक दशा ठीक नहीं है। शिवलिंग को पुनः मंदिर में यथा स्थान पर रखवा दिया गया है। ग्रामीणों की पहल पर उक्त व्यक्ति के विरुद्ध अन्य कोई कानूनी कार्यवाई प्रचलित नहीं की गई है।

### मूल्यांकन सुचितापूर्ण और समय पर पूरा करे : प्रो. वंदना सिंह

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के सभी पाठ्यक्रमों की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन का कार्य मंगलवार से शुरू हो गया है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह, परीक्षा नियंत्रक अजीत प्रताप सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मूल्यांकन की शुरूआत करायी। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए समयबद्ध सुचितापूर्ण मूल्यांकन हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षक उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन सुचिता पूर्ण एवं पूरी तन्मयता के साथ समय पर संपन्न करें जिससे परीक्षा परिणाम नियत समय पर घोषित किया जा सके। इस अवसर पर तकनीकी प्रकोष्ठ समन्वयक डॉ० अमरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पूरी मूल्यांकन समिति अपने कार्य के प्रति पूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए मूल्यांकन कार्य को पूर्ण पारदर्शी तरीके से समय पर संपन्न कराने हेतु तत्पर है।

## जीडी इंटरनेशनल स्कूल में फेयरवेल पार्टी का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** जीडी इंटरनेशनल स्कूल में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया और कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं को बड़े धूम-धाम से विदाई दी गई। विदाई समारोह के प्रारम्भ में विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर अशोक यादव तथा नगर के प्रतिष्ठित चार्टेड अकाउंटेंट अर्चित अग्रवाल ने दीप प्रजव्वलित करके कार्यक्रम का शुभ आरंम्भ किया। फेयरवेल पार्टी के दौरान 12 वीं और 11 वीं के छात्रों ने एक दुसरे को शुभकामनाये और खट्टी - मीठी यादों को शेयर किया। फेरवेल पार्टी के दौरान रैंप पर कैट वाक , डांस , स्पीच, और अपनी अदाओ के जादू से छात्रों ने सबका खूब मनोरंजन किया 12 वी के छात्र आशीष कुमार को मिस्टर फेयरवेल और प्रियांशी को मिस फेयरवेल चुना गया इसके अलावा बहुत सारे सम्मान से सभी छात्रों को सम्मानित किया गया। जूनियर क्लास के छात्रों ने प्रार्थना सभा में अपने सीनियर्स के लिए शिव तांडव तथा हनुमान चालीसा का पाठ किया जिससे ईश्वर की अशीम कृपा उन पर बनी रहे। विद्यालय के उप प्रवन्धकयश कुमार तथा प्रधानाचार्य त्रिपुरेश कुमार पाण्डेय ने सभो बच्चों को बोर्ड परीक्षा के लिए शुभकामाए दी। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य एस. पी. सिंह, प्रदीप सिंह तथा विद्यालय के सभी अध्यापक गण जैसे दीपक कुमार, विनय गुप्ता, अभय चौहान, ललित पाठक, अभयदीप, विजय बहादुर, सुमित सक्सेना, अनुभव जैन, नीलम सिंह, अंशू सिंह, ज्योति गुप्ता, विकास गुप्ता, अर्चना सिंह, आशीष, अभिषेक गंगवार, कुलदीप, वरुण शुक्ला,व अन्य सभी शिक्षक शिक्षकाएं उपस्थित थे । अशोक यादव ने कहा कि भारतीय परम्पराओं को ध्यान में रखते हुए 14 फरवरी वसंत पंचमी के दिन आर. डी. इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले सभी छात्र-छात्राओं द्वारा पूजा और हवन का आयोजन किया जायेगा।

### आनंद गुप्ता सपा लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष व प्रमोद प्रदेश महासचिव बने

**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के लोहता गांव निवासी सपा के युवा नेता आनंद गुप्ता को समाजवादी लोहिया वाहिनी का जिला अध्यक्ष और मछलीशहर विधानसभा के भूसौला महापुर गांव निवासी प्रमोद यादव को प्रदेश महासचिव बनाया गया है। यह न्यूक्ति समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सीएम अखिलेश यादव के निर्देश पर किया गया। समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष राम करन निर्मल ने आनंद गुप्ता उर्फ पंकज को पार्टी के प्रति समर्पित निष्ठा और सक्रियता को देखते हुए समाजवादी लोहिनी वाहिनी जौनपुर का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। वही इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र नेता विभिन्न सामाजिक आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले युवा नेता प्रमोद यादव को समाजवादी लोहिया वाहिनी का प्रदेश महासचिव बनाया गया है। समाजवादी पार्टी की नियुक्ति की।

# विद्यार्थी अध्यापक के विचारों का लक्ष्य एवं प्रयासों के प्रतिबिंब होते हैं- बांके बिहारी पांडे

## रानी रेवती देवी में दीक्षांत समारोह एवं आशीर्वाद समारोह संपन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** विद्या भारती से संबद्ध काशी प्रांत के रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज, राजापुर में दसवीं के छात्र-छात्राओं का दीक्षांत समारोह एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं का आशीर्वाद समारोह प्रेरणात्मक सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं छात्र-छात्राओं के परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों एवं सभी छात्र-छात्राओं माल्यार्पण करके पेन प्रदान किया गया तथा दही और गुड खिलाकर उनके सफलता की कामना के साथ संपन्न हुआ।



कार्यक्रम के प्रथम चरण में हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं का दीक्षांत समारोह तथा द्वितीय चरण में इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं का आशीर्वाद समारोह संपन्न हुआ। जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती जी की वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ तत्पश्चात कक्षा दसवीं के छात्र कपिल श्रीवास्तव ने अपना अनुभव साझा किया। तत्पश्चात शिक्षक अजीत सिंह एवं प्रभात शर्मा ने विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण टिप्स प्रदान किए।

इसके बाद इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं के आशीर्वाद समारोह में शिक्षक रविंद्र द्विवेदी, शिवनारायण सिंह एवं नागेंद्र शुक्ला ने छात्र-छात्राओं को महत्वपूर्ण टिप्स प्रदान किए एवं सेजल सिंह, श्रेयांश मिश्रा ने अपने अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर विद्यालय के संगीताचार्य मनोज गुप्ता ने ÷अनुशासन में बांध दिया मैं सपनों का संसार÷, शिक्षक वकील प्रसाद ने प्रेरणात्मक गीत तथा छात्र चंदन वैश्य ने ÷रुक जाना नहीं तू कहीं हार के÷ गीत प्रस्तुत करके छात्र-छात्राओं में प्रेरणा भरी द्य समस्त कार्यक्रमों में विद्यालय के छात्र वासुदेव पांडे ने अपने तबला वादन से बहुत ही सुंदर साथ दिया। प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडे ने अपने उद्बोधन में कहा कि मेरे प्यारे भैया बहनों हमें आप सभी को उज्ज्वल भविष्य के लिए तैयार करने और आकार देने में 12 साल का लम्बा समय लगा। समय के साथ अध्यापकों ने भी विद्यार्थियों के साथ में बहुत कुछ सीखा। इसलिए मैंने भी यही किया, मैंने आप में अपना बचपन बढ़ते हुए देखा है। आगे बढ़ने और छात्रों को आकार देने के लिए, छात्रों और अध्यापकों को साथ में मिलकर प्रयास करने पड़ते हैं और अच्छे परिणामों के लिए, साथ मिलकर एक ताकत के रुप में कार्य करना पड़ता है। विद्यार्थी, अध्यापकों के कार्यों का विषय, अध्यापकों के विचारों का लक्ष्य और अध्यापकों के प्रयासों का प्रतिबिम्ब होते हैं।

कार्यक्रम का कुशल एवं सधा हुआ संचालन जटाशंकर तिवारी एवं शिवजी राय ने किया।

## इनकम टैक्स डाटा पेंशनर 24 फरवरी तक जमा करें गणना प्रपत्र

**प्रयागराज।** मुख्य कोषाधिकारी प्रयागराज प्रत्यूष कुमार ने कहा है कि कोषागार कलेक्ट्रेट प्रयागराज के माध्यम से पेंशन प्राप्त करने वाले ऐसे समस्त आयकर की श्रेणी में आने वाले पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों को अवगत कराया जाता है कि आपकी माह जनवरी, 2024 की पेंशन आपके खाते में 01 फरवरी को प्रेषित की जा चुकी है, तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में केवल माह फरवरी की पेंशन भुगतान हेतु शेष है। पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनर वर्ष 2023-24 का आयकर आगणन विवरण बचत के साक्ष्यों के साथ कोषागार प्रयागराज में अनिवार्य रूप से 24 फरवरी तक जमा करने का कष्ट करें ताकि कोषागार द्वारा आयकर की गणना उपरान्त नियमानुसार आयकर की कटौती कर माह फरवरी, 2024 की पेंशन प्रेषित की जा सके अन्यथा की स्थिति में आपका आयकर नियमानुसार फरवरी माह के पेंशन से कटौती सुनिश्चित कर ली जायेगी।

# बसंत पंचमी स्नान पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबन्द



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के पावन संगम तट पर माघ मेला में आगामी मुख्य स्नान पर्व बसन्त पंचमी के दृष्टिगत समस्त व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने हेतु आज पुलिस उप महानिरीक्षक प्रभारी माघ मेला डॉ0 राजीव नारायण मिश्र द्वारा सम्पूर्ण माघ मेला क्षेत्र का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर डीआईजी द्वारा सभी स्नान घाटों, पार्किंग स्थलों, पाण्टून पुलों, मेला के समस्त प्रवेश द्वारों तथा निकास द्वारों तथा महत्वपूर्ण मार्गों का स्थलीय निरीक्षण करते हुये समस्त तैयारियों को अन्तिम रूप दिया गया। सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि मेला क्षेत्र के दुकानदारों को निर्धारित स्थानों पर ही दुकान लगाने हेतु निर्देशित करें जिससे श्रद्धालुओं के आवागमन में कोई कठिनाई न हो। साथ ही अधिक भीड़-भाड़ वाले घाटों के समीप ड्यूटी पर तैनात सभी पुलिसकर्मी अधिक सक्रियता से ड्यूटी संपादित करें। प्रभारी माघ मेला द्वारा मेला क्षेत्र में प्रतिबन्धित स्नान घाटों के पास बैरिकेडिंग करायी गई। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया कि प्रतिबन्धित स्नान घाटों पर स्नानार्थियों को कदापि न जाने दिया जाये एवं 'पब्लिक एड्रेस सिस्टम' के माध्यम से भी निरन्तर 'अनाउन्स' करते हुये अनुपालन कराया जाय। इस दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा समस्त थाना प्रभारियों व इकाई प्रभारियों को मुख्य स्नान पर्व बसन्त पंचमी को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश देते हुये समय से ड्यूटी संपादित करने के लिए बताया गया एवं ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को 'ब्रीफ' किया गया।

# उर्स मुबारक हजरत सैय्यद रौशन अली शाह वा सैय्यद मस्तान अली शाह बाबा का मनाया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** सेवई मंडी नकाश कोना स्तिथ हजरत सैय्यद रौशन अली शाह वा सैय्यद मस्तान अली शाह बाबा का 35 वा सालाना उर्स मुबारक हर साल की तरह साबान की एक तारिक को इस साल भी बड़ी ही अकीदत वा एहतेराम से मनाया गया। जिसमे जायरीनों ने शिरकत की बाद नमाज फज्र गुस्ल कुरआनखावनी नियाज़ हुई और मुल्क में अमन वा चैन की दुआए की गई।



बड़ी तादात में जायरीनो ने शिरकत की ओर चादर का जुलूस सेवई मंडी से अपना कदीमी रास्ता तय करते हुए कोतवाली, चौक, सब्ज़ीमंडी, गाढ़ी सराय नकास कोना होते हुए वापिस दरगाह पर पहुंच कर चादर पेश की गई। मुतवल्ली आरिफ़ वारसी ने बताया की इस दरगाह की खास बात ये है यहां पर हिंदू मुस्लिम सभी मिल के मन्नते मुरादे मांगते है जो दिल खुसुस पूरी होती है। उर्स दरगाह के मुतवल्ली आरिफ़ वारसी की सरपरस्ती में मनाया जाता है। इलाहाबाद से लेकर लखनऊ बाराबंकी से एरामपोश भी सामिल हुए उर्स में मौलाना आरिफ़ वारसी की जानिब से सभी को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान एडवोकेट इफ्तेखार अहमद, एडवोकेट राम सिंह, ज़िया सिद्दीकी, मो नईम राइन, गुलाम मुर्तुजा, असद कुरैशी, मो फहद वारसी, अता वारसी, गुलाम वारसी,ने शिरकत की।

# मोदी के रणनीति के कारण हमने अपने आठ सैनिकों को कतर के चंगुल से छुड़ाया- जमाल सिद्दीकी

## हम एक दिन जर्मनी चीन जापान और अमेरिका को भी पछाड़ देंगे- रीता बहुगुणा जोशी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** भाजपा के द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन बाई का बाग दुर्गा पार्क के पास आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत आज अर्थव्यवस्था के पांचवें स्थान पर है। हमने अंग्रेजों को पीछे छोड़ दिया है जो कभी उन्होंने हमें अपना गुलाम बनाया था। कहा कि इस विकसित यात्रा से हम केंद्र की प्रदेश की सभी योजनाओं का लाभ गरीबों तक पहुंचा रहे हैं।



इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमील सिद्दीकी ने कहा कि मोदी के कुशल कूटनीति के कारण कतर से हमने अपने आठ भारतीय नौसैनिकों को बचाने का काम किया। कहा कि जो अरब कंट्री सजा प्राप्त किए गए लोगों को माफ नहीं करता था।

उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति गाय को माता मानती है और आज अरब देश 14 लाख टन गाय का गोबर भारत से ले रहा है और कहता है कि गाय के गोबर से खजूर कि जब खेती होती है तो खजूर में डबल मिठास होता है। उसका डबल लाभ प्राप्त होता है। उन्होंने आगे कहा कि इस देश के मुसलमान को सिर्फ वोट बैंक के रूप में कांग्रेस और विपक्षी दलों ने प्रयोग किया है और उन्हें भटकाने का काम किया।

मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इस अवसर पर सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने सभी को विकसित राष्ट्र का संकल्प दिलाया कैलेंडर वितरित किया।

इस अवसर पर पदुम जायसवाल, अल्पसंख्यक क्षेत्रीय अध्यक्ष कलाम, विवेक अग्रवाल, पार्षद मुकेश लारा,संजीव जायसवाल, दिलीप केसरवानी नरेंद्र जयसवाल, आभा द्विवेदी, सुशील जैन, प्रमोद पांडे, अंजू शुक्ला, मंजू सीमा सागर ,किरण पूर्वी ,सर्वेश पांडे राहुल भारद्वाज, अजय शर्मा, नवाब खान अजय अग्रहरि, मसूरिया दीन बिलाल अहमद, इमरान सिद्दीकी एखलाख हुसैन, महफूज अहमद एवं कीडगंज मंडल के कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## जर्जर वीसीवी पैनल बदले जाने के चलते आपूर्ति रहेगी ठप

**कड़ा, कौशाम्बी।** विद्युत उपकेंद्र कमालपुर से जुड़े गांवों में बुधवार को तकरीबन आठ घण्टों तक विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी।उपकेंद्र के अवर अभियंता राजपत ने बताया कि बुधवार को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक जर्जर वीसीवी पैनल को बदला जाएगा जिसके चलते उपकेंद्र क्षेत्र से जुड़े गांवों में विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी।कार्य पूर्ण होने के पश्चात आपूर्ति पुनः बहाल हो जाएगी।

## पंचायत भवन पर लगा सोलर पैनल चोरी

**बहरिया,प्रयागराज ।** बहरिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सराय मदन के पंचायत भवन में लगे सोलर पैनल को अज्ञात चोरों ने सोमवार देर रात चुरा ले गए। जिसकी लिखित तहरीर ग्राम प्रधान शारदा प्रसाद यादव ने बहरिया थाने में दी है।

# बम रखने के दो आरोपी को मिली जमानत

## अदालत ने कहा कोई स्वतंत्र साक्षी नहीं है

**प्रयागराज।** 6 अदद नाजायज बम रखने के आरोपी आबिद और चार अदद नजायज देसी बम रखने के आरोपी डबलू कोरी उर्फ नाटे उर्फ मामा को सेशन कोर्ट से राहत मिल गई है। एडीजे (एफटीसी) 2 ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता तथा सरकारी वकील मृत्युंजय त्रिपाठी को सुनने के बाद जमानत का पर्याप्त आधार पाते हुए दोनों आरोपियों को जमानत पर रिहा किए जाने का आदेश दिया है।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि पुलिस बल द्वारा प्रश्नगत अभियुक्त को पकड़ा गया तथा चार अदद देसी बम बरामद होना बताया गया। प्रस्तुत मामले में कोई स्वतंत्र जन साक्षी नहीं दर्शाया गया है। आरोपी 30 मई23 से न्यायिक अभिरक्षा में है। अभियोजन द्वारा अभियुक्त का कोई आपराधिक इतिहास प्रस्तुत नहीं किया गया। अभियुक्त को जमानत प्रदान किए जाने का पर्याप्त आधार है। वही आरोपी आबिद को जमानत देते हुए अदालत ने कहा की पत्रावली के परिशीलन से स्पष्ट है कि फर्द बरामदगी में अभियुक्त के पास से जहां 6 बम देसी बरामद हुआ है। वहां कोई स्वतंत्र साक्षी नहीं है।अभियुक्त 16 अगस्त23 से जेल में बंद है। अभियुक्त का जमानत प्रार्थना पत्र मंजूर किए जाने योग्य है।

अभियोजन के मुताबिक झूसी पुलिस ने 30मई23 को त्रिवेणी पुरम मैदान झूसी से मुखबिर की सूचना पर आरोपी डबलू कोरी उर्फ नाटे को चार अदद देसी बम के साथ पकड़ा था। बहस के दौरान बचाव पक्ष के वकील ने कहा कि अभियोजन द्वारा न तो एफएसएल रिपोर्ट पेश की गई है और न ही अधिनियम 1908 की धारा 7 के तहत अभियोजन स्वीकृति प्राप्त किया गया है। इसी तरह अतरसुया पुलिस द्वारा 16 अगस्त23 को दरियाबाद कब्रिस्तान के पास से आरोपी आबिद को 6अदद देसी बम के साथ गिरफ्तार किया गया था। बहस के दौरान आरोपी के वकील ने कहा कि उसे झूठा फसाया गया है। आरोपी को पुलिस ने घर से पड़कर उपरोक्त मुकदमे में गिरफ्तारी दिखाकर चालान कर दिया है।

# बैंक के बगल जरनल स्टोर की दुकान से लाखों की चोरी मुकदमा दर्ज



**बहरिया,प्रयागराज।** बहरिया थाना क्षेत्र के सिलोखरा गांव में बैंक आफ बड़ौदा के बगल में जनरल स्टोर की दुकान में पीछे की दीवाल काट कर अज्ञात चोरों नें नगदी समेत लाखों रूपये के सामान ऊठा ले गये। सूचना पर पुलिस ने छानबीन की। लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं मिला। दुकानदार की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज किया है। सिलोखरा गांव निवासी आशीष कुमार सिंह सिलोखरा चौराहे पर स्थित बैंक आंफ बडौदा के बगल में जनरल स्टोर व जन सेवा केन्द्र खोल रखा है। रोज की तरह आशीष सोमवार को दुकान बंद करके घर चले गए। रात में चोरों नें पीछे की दिवाल काट कर साठ हजार रूपये नगद व लैपटॉप, इन्वाईटर, बैटरा , पिन्टर मशीन आदि कीमती समान उठा ले गये। सुबह शौच के लिए गये लोगों की नजर दिवाल में लगें सेंध पर पड़ी तो इसकी सूचना आशीष कुमार को दिया। मौके पर पहुंचे आशीष नें फोन द्वारा इसकी सूचना चौकी इंचार्ज सिकंदरा रवि कटियार को दी। सूचना पाकर थानाध्यक्ष बहरिया रणविजय सिंह व चौकी इंचार्ज रवि कटियार सिपाहियों के साथ मौके पर गए और छानबीन शुरू की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। आशीष सिंह की तहरीर पर चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष बहरिया रणविजय सिंह ने बताया कि जल्द मामले का खुलासा करते हुए बदमाशों को गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस ने पूछताछ के लिए कुछ लोगों को उठाया भी है।

## चोरों ने बैंक को बनाया था निशाना

**बहरिय, प्रयागराज।** बहरिया थाना क्षेत्र के सिलोखरा चौराहे पर आशीष कुमार सिंह के बिल्डिंग में ही बैंक आफ बड़ौदा की शाखा स्थित है। इसी बिल्डिंग में आशीष कुमार सिंह किराना और जन सेवा केंद्र भी खोल रखा है। चोरों ने बैंक की दिवाल समझ कर सेंधमारी की थी। लेकिन वे दुकान में जा घुसे। दुकान के अंदर से बैंक की दिवाल काटने का प्रयास किया।लेकिन सफलता नहीं मिली। तब चोर दुकान की नगदी और सारा सामान पार कर दिया।

# आज के बच्चे देश के भविष्य हैं- एमएलसी सुरेन्द्र चौधरी

## विद्यालय के कायाकल्प के लिए पांच लाख अनुदान देने की एमएलसी ने की घोषणा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया , प्रयागराज।** विकास खंड सहसों के वजीरपुर गांव स्थित एसपीएसएन इन्टर कॉलेज में मंगलवार को मेधावी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें एमएलसी सुरेन्द्र चौधरी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के तौर पर सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल, शिक्षक एमएलसी झांसी खंड प्रयागराज आशुतोष त्रिपाठी, ब्लाक प्रमुख सहसों गीता सिंह, जिला पंचायत सदस्य आशीष भारतीया, भाजपा मंडल प्रभारी श्रृंगवेरपुर राकेश कुमार शुक्ल शामिल हुए। समारोह की अध्यक्षता एसपीएसएन इन्टर कॉलेज के प्रबंधक सूर्य नारायण त्रिपाठी ने तथा संचालन विनय त्रिपाठी ने किया।



समारोह को संबोधित करते हुए एमएलसी सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि आज के बच्चे कल के देश के भविष्य हैं। बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए अभिभावकों को कोई कोर-कसर नहीं छोड़ना चाहिए। इस दौरान एमएलसी सुरेन्द्र चौधरी ने विद्यालय के कायाकल्प के लिए अपनी निधि से पांच लाख रुपये का अनुदान देने की घोषणा की। समारोह में विशिष्ट अतिथि सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल ने गरीबों के बीच कंबल वितरित की। विशिष्ट आशुतोष त्रिपाठी ने विद्यालय के प्रगति के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

ब्लाक प्रमुख सहसों गीता सिंह ने विद्यालय तक सीसी रोड का निर्माण कराने की घोषणा की। इस दौरान अतिथियों ने विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल और अंगवस्त्रम देकर सम्मानित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर फूलपुर ब्लाक प्रमुख बिपेंद्र पटेल, फूलपुर सांसद प्रतिनिधि सत्या त्रिपाठी पार्षद,दिनेश कुमार पाण्डेय,नागेंद्र द्विवेदी, पूर्व प्रधान पदमेंद्र सिंह, सहकारी संघ अध्यक्ष अजय सिंह, भाजपा बूथ अध्यक्ष जयंतीपुर शुभम पांडेय, अधिवक्ता अंकित कुमार त्रिपाठी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। आए हुए अतिथियों के प्रति विद्यालय के प्रधानाचार्य और भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष राजीव कुमार त्रिपाठी उर्फ अनुपम ने आभार व्यक्त किया।

# गोंदिया एक्सप्रेस लूट कांड में शामिल सपेरों की तलाश में जुटी आरपीएफ और जीआरपी

**प्रयागराज।** गोंदिया एक्सप्रेस ट्रेन में लूट की घटना को अंजाम देने वाले सपेरों को आरपीएफ और जीआरपी तलाश कर रही है। गोंदिया एक्सप्रेस ट्रेन में सोमवार सुबह दिन में घुसे सपेरों ने यात्रियों के साथ इरादतगंज से जसरा स्टेशन के बीच लूट की घटना को अंजाम दिया था। मामले को लेकर सतना जीआरपी ने रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच किया जा रहा है।



बरौनी से गोंदिया जा रही गोंदिया एक्सप्रेस ट्रेन सोमवार सुबह तकरीबन पांच बजे छिवकी स्टेशन से आगे बढ़ी। लिंक जंक्शन के पास जनरल बोगी में कुछ लोग सांप दिखाने के बहाने ट्रेन में चढ़े और असलहा दिखाकर यात्रियों से लूटपाट की। बाद में शंकरगढ़ रेलवे स्टेशन के पहले चेन पुलिंग कर ट्रेन रोककर भाग निकले। इस्केनबार रेलवे कंट्रोल से सूचना दी गई तो जीआरपी व आरपीएफ दोनों सक्रिय हो गई।

मोहम्मद इम्तियाज निवासी गाजीपुर ने मामले की शिकायत करते हुए बताया कि वह जनरल कोच में यात्रा कर रहा था। दो युवकों ने असलहा दिखाकर उससे रुपये छीन लिए। मामले की रिपोर्ट सतना जीआरपी में कराई गई है। अब आरपीएफ और जीआरपी सपेरों को दबोचने के लिए अपना जाल बिछाया है।

# हत्या के मामले में जेल में बंद दो आरोपियों की जमानत निरस्त

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट:** हत्या और साक्ष्य मिटाने के मामले में सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने दो आरोपियों की जमानत खारिज कर दी है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुन्दर मिश्रा ने बताया कि बीती 11 नवम्बर 2023 को जय सिंह ने मऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार उसका बेटा मोहित सिंह घर से बाहर गया था। रात 9 बजे वह लालता रोड के पटेल ढाबा के पास देखा गया था। वहां से वह घर आने के लिए निकला था। दूसरे दिन जानकारी हुई कि उसके बेटे मोहित को बाइक से टक्कर मारने के बाद कुछ लोगों ने रोका और मारपीट की। इसके दूसरे दिन मोहित का शव चित्रवार गांव की सीमा में मिला था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसके बेटे को लाठी डण्डे से घायल करने के बाद गला घोटकर हत्या की गयी है। इस मामले में शनि, रोहित, गुड्डू, शिवप्रकाश उर्फराजा, ओम प्रकाश उर्फ सुग्गन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मृतक के शरीर में चोटें थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जेल में बंद आरोपी ओम प्रकाश उर्फसुग्गन व शिव प्रकाश उर्फराजा ने अधिवक्ता के जरिए न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

# सपा प्रत्याशी ने शहर में चलाया जनसंपर्क अभियान



शेखर शर्मा ने लखनऊ में सपा मुखिया से मिलकर स्वच्छ छवि वाले व्यक्ति को प्रत्याशी घोषित करने की मांग की थी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** सपा नेता शेखर शर्मा अखिलेश यादव से मिलकर शहर का माहौल सपा के अनुकूल बनाने में जुट गए। समाजवादी पार्टी के घोषित प्रत्याशी शिव शंकर पटेल आज शहर के वरिष्ठ सपा नेताओं से मिलकर चुनाव की रूपरेखा को तय करने की चर्चा की। इसी क्रम में श्री पटेल ने सपा के वरिष्ठ नेता एवं जिला सचिव शेखर शर्मा से मुलाकात कर चुनाव के संबंध में विस्तृत चर्चा की। शहर के एक लॉज में बैठकर हुई चर्चा को लेकर पार्टी के लोगों में खास उत्साह नजर आया साथ ही पार्टी की एकरूपता भी देखने को मिली।

जानकारी के अनुसार सपा प्रत्याशी ने आज पार्टी के अनेक नेताओं से मुलाकात की, लेकिन उनकी नजर सपा की युवा नेता शेखर शर्मा पर ज्यादा रही शेखर शर्मा वरिष्ठ सपा नेता होने के साथ-साथ समाज के हर वर्ग में खास प्रभाव रखते हैं। बताते चलें कि दिन्ना भैया के नाम से मशहूर इनके बड़े भाई सपा के जिले के वरिष्ठ नेताओं में से एक थे जिले की पूरे विधानसभा क्षेत्र में इनकी सामाजिक गतिविधियों और लोगों का लगाव सदैव चर्चा में रहा है उन्होंने हिंदू मुस्लिम के महत्वपूर्ण त्योहारों में अपने छोटे भाई समाज सेवी जितेंद्र कुमार शर्मा एडवोकेट के साथ बढ़-चढ़कर सदैव भागीदारी निभाई है। उनकी मित्र मंडली में सैकड़ो की संख्या में अधिवक्ता व्यापारी तथा अन्य लोग रहे हैं, जो आज भी उनके छोटे भाई शेखर शर्मा के साथ खड़े नजर आते हैं। करोना काल में दिन्ना भैया एवं जितेंद्र शर्मा की मृत्यु हो गई थी।

अपने भाई से मिली सपा की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ते हुए शेखर ने युवाओं की एक बड़ी टीम तैयार की है यही वजह है की पार्टी का प्रत्याशी चाहे कोई भी हो इस परिवार को खास तवज्जो देता है।

सूत्र बताते हैं प्रत्याशी घोषणा के पूर्व श्री शर्मा ने लखनऊ जाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात कर स्वच्छ छवि के व्यक्ति को उम्मीदवार बनाने की सिफारिश की थी। लोगों का कहना है की उनकी बात को ध्यान से सुना गया है और पार्टी ने विधायक छवि के श्री पटेल को अपना प्रत्याशी घोषित किया है

जब श्री शर्मा से पूछा गया की आपके चुनाव की रणनीति क्या है तो उन्होंने कहा हम तो सब पर भारी हैं हमारा तो संपर्क अभियान भी चालू है बाकी उन दिनों का ना तो कोई उम्मीदवार है और ना ही कोई चर्चा है चुनाव हम जीतेंगे। जब उनसे पूछा गया कि भाजपा का सदस्यता अभियान भी जारी है तो पार्टी कार्यकर्ता कहीं चटक तो नहीं रहे हैं, उन्होंने कहा बेशक हम चुनाव में शहर में कुछ कमजोर पड़ जाते थे परंतु अब इस पर विशेष रणनीति बनाकर काम किया जा रहा है और हमारी पार्टी का कोई भी कार्य करता किसी भी दल में नहीं जा रहा है।

# अभिन्न वार्ष्णेय शहर कांग्रेस कमेटी के महासचिव मनोनीत

**प्रयागराज।** शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप अंशुमन ने प्रभारी महासचिव सांसद अविनाश पांडेय एवं प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय की संस्तुति पर आरटीआई एक्टविस्ट एडवोकेट अभिन्न वार्ष्णेय को तत्काल प्रभाव से शहर कांग्रेस कमेटी का महासचिव मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर अनेक कांग्रेस नेताओं ने खुशी जाहिर की है।पदभार ग्रहण करने के बाद वार्ष्णेय ने देश की आशाओं के प्रतीक लोकप्रिय नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के रविवार



18 फरवरी को गृह नगर आगमन पर पार्टीजनों और आम नागरिकों से स्वागत की अपील की है।

# परिषदीय विद्यालयों में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नेवादा, कौशाम्बी।** तहसील चायल क्षेत्र के नेवादा, जलालपुर जवाहरगंज, खोंपा, मोहम्मदाबाद समेत विभिन्न परिषदीय विद्यालयों में मंगलवार को छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान बच्चों ने हाथ में लिखे स्लोगन जन-जन की यही पुकार वोट डालो अबकी बार, 18 वर्ष उम्र पूरी हैं मत देना जरूरी है, वोट डालने चलो रे साथी, लोकतंत्र के बने बाराती, वोट हमारा अधिकार है इससे हमको प्यार है, मोहम्मदाबाद प्रधानाध्यापक अंशुमान सिंह ने ग्रामीणों को बताया कि लोकतंत्र की असल पहचान मतदाताओं के अपने मताधिकार का प्रयोग करना है। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि जिनके नाम मतदाता सूची में दर्ज नाम किसी प्रकार की गड़बड़ी है। वह संसोधित करवा लें। जिससे की आगामी लोकसभा चुनाव में वह अपने मताधिकार प्रयोग कर सकें। नेवादा विद्यालय के प्रधानाध्यापक अश्वनी कुमार तिवारी व जवाहरगंज के शैलेंद्र कुमार ने मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यालय के सभी अध्यापक मौजूद रहे।

# ग्रामोदय महोत्सव में संपन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम

## - पुरस्कार के लिए चयनित प्रतिभागी छात्र छात्राओं ने खूब खुशियां बांटी

**चित्रकूट:** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर में संपन्न ग्रामोदय महोत्सव 2024 के अंतर्गत सांस्कृतिक, बौद्धिक, ललित कला, खेल, उन्नत पशु प्रदर्शनी आदि प्रतियोगिताओं के परिणाम की घोषणा के साथ प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे। विद्यार्थियो ने आपस में खूब खुशियां बांटी। इस अवसर पर कुलपति प्रो भरत मिश्रा, कुलसचिव नीरजा नामदेव, संयोजक ग्रामोदय महोत्सव प्रो नंद लाल मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### --बौद्धिक प्रतियोगिताये--

बौद्धिक प्रतियोगिता के अंतर्गत पुरस्कार के लिए चयनित प्रतिभागी जनों की घोषणा करते हुए डॉ राम मूर्ति त्रिपाठी ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता हिंदी में हर्षिता बी एस सी प्रथम, आकांछा त्रिपाठी बी एस सी द्वितीय, पूर्णिमा शुक्ला तृतीय और अंग्रेजी भाषा में वर्तिका शुक्ला एम एस सी प्रथम, मानसी गोयल बी टेक द्वितीय, प्रतीक्षा मिश्रा बी टेक तृतीय स्थान पर रही।

निबंध प्रतियोगिता हिंदी माध्यम में साक्षी शुक्ला बी एस सी प्रथम, वैदेही शुक्ला बी एस सी द्वितीय, शिवानी द्विवेदी बी एस सी तृतीय स्थान और अंग्रेजी माध्यम में मानसी गोयल बी टेक प्रथम, रूखमणी शुक्ला बी टेक द्वितीय, ख्याति सिंह बी एस सी तृतीय स्थान पर रही। क्विज प्रतियोगिता में बी टेक की आयुषी ठाकुर, श्याम भीर सिंह गौर, मानसी कनौजिया प्रथम, बी एस सी की छवि मिश्रा, खुशी गुप्ता, जान्हवी केसरवानी द्वितीय और हर्षिता, आकांक्षा त्रिपाठी तृतीय स्थान पर रही।

### --उन्नत पशु प्रदर्शनी प्रतियोगिता--

उन्नत पशु प्रदर्शनी प्रतियोगिता के अंतर्गत पुरस्कार के लिए चयनित प्रतिभागी जनों की घोषणा करते हुए डॉ उमेश कुमार शुक्ला ने बताया कि भैस की प्रतियोगिता में राम लाल को प्रथम, भैरव प्रसाद को द्वितीय, सुखदइया को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। गाय की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मे शिवप्रसाद, द्वितीय स्थान मे पार्वती, तृतीय स्थान में संजय तिवारी रहें। सान्त्वना पुरस्कार के लिए ज्ञानेंद्र चयनित हुए। बकरी प्रतियोगिता में प्रथम रहे ओमकार यादव, द्वितीय रहे योगेन्द्र, तृतीय रहे उदयभान मिश्रा और सांत्वना पुरस्कार के लिए भूरा वर्मा चयनित हुए।

### --ललित कला प्रतियोगिताये--

ललित कला प्रतियोगिताओ के परिणामों की घोषणा करते हुए डॉ अभय कुमार वर्मा ने बताया कि कोलाज प्रतियोगिता में अरुण (बी एफ ए) प्रथम, वैष्णवी श्रीवास्तव (बी टेक) द्वितीय, अंकित (बी एफ ए) तृतीय स्थान पर रहे। कार्टून मे रमेश कुमार(एम एफए )प्रथम, दीपेंद्र मंडल (बी एफए )द्वितीय, त्रिषा त्रिपाठी (बी एफए )तृतीय रही। आन द स्पाट पेंटिंग में रेनू देवी (बी एफ ए) प्रथम, लवलीन ( बी एफ ए) द्वितीय, रेनू तिवारी ( बी एफए )तृतीय स्थान पर रही। पोस्टर में आयुषी पाण्डेय (बीएफए )प्रथम, वैष्णवी श्रीवास्तव (बी टेक) द्वितीय, शांभवी सिंह गौर (बी टेक) तृतीय रही। मूर्तिकला मे साहिबा वार्ना (एम एफ ए )प्रथम, सतीश ( एम एफए )द्वितीय, शिवफूल (एम एफ ए )तृतीय स्थान पर रहे। फोटोग्राफी में तरुण मौर्य (बी एफ ए )प्रथम, राखी सोनी (बी एफ ए )द्वितीय, लक्ष्य सिंह (बी एफ ए ) तृतीय पर रहे। रंगोली में श्रेया अग्रवाल (बी एफ ए )प्रथम, चंदा देवी (बी एफ ए) द्वितीय, रेनू ( बी एफ ए) तृतीय स्थान पर रही।

### --खेल प्रतियोगिताये-

खेल प्रतियोगिताओ के अंतर्गत पुरस्कार की घोषणा करते हुए डॉ विनोद कुमार सिंह और धनंजय सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि एथलेटिक्स पुरुष प्रतियोगिता में ऋषभ तिवारी बी ए और महिला संवर्ग में गंगा देवी बी पी ई एस चौंपियन बनें। कबड्डी पुरुष में कृषि संकाय और उप विजेता आई पी एस टी रहे। बालीबाल पुरुष में कृषि संकाय विजेता एवं कला संकाय उप विजेता रहे। क्रिकेट पुरुष में कला संकाय विजेता एवं कृषि संकाय उप विजेता रहे। कबड्डी महिला मे कला संकाय विजेता एवं कृषि संकाय उप विजेता रहे।

### --सांस्कृतिक प्रतियोगिताये--

सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के पुरस्कार के लिए चयनित प्रतिभागी विद्यार्थियों की घोषणा करते हुए सांस्कृतिक प्रतियोगिता संयोजक डॉ आर के पांडेय ने बताया कि समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीएससी कृषि रहा, दूसरा स्थान आईटीईपी के उडिया लोक नृत्य को और तीसरा स्थान राजस्थानी घूमर नृत्य बीएससी कृषि को प्राप्त हुआ। इसी प्रकार एकल नृत्य में दीपांति का बीएससी, बीएड की छात्रा ने प्रथम स्थान और दूसरा स्थान सुधांशु शुक्ला एमए योगा के छात्र तथा आकांक्षा त्रिपाठी बीएससी विज्ञान वर्ग की छात्रा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। एकल गायन की स्पर्धा में बीपीए संगीत की छात्रा अंजली वर्मा ने प्रथम स्थान तथा वैभव श्रीवास्तव बीकॉम एवं अतुल सिंह बीपीए ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। तीसरा स्थान स्वाति मिश्रा बीएससी गणित एवं प्रियांशु ताम्रकार बीएससी कृषि ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। समूह गान की प्रतियोगिता में बीएससी समूह विज्ञान वर्ग के छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, दूसरा स्थान अर्चना चौबे एवं पुष्पांजलि शुक्ला समूह बीपीए संगीत की छात्राओं ने प्राप्त किया, तीसरा स्थान प्रबंधन संकाय के वैभव श्रीवास्तव एवं अंजलि द्विवेदी (समूह)बीकॉम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। नृत्य नाटिका के क्रम में शिखा पांडेय बीएससी कृषि समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, दूसरा स्थान आईटीपी के छात्रों ने प्राप्त किया तथा तीसरा स्थान एकांकी नाटक ( शिक्षा ) पर आधारित नाट्य प्रस्तुति कर प्राप्त किया। मूक अभिनय के क्रम में बी टेक की छात्रा शांभवी सिंह गौर ने प्राप्त किया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के अंतर्गत चयनित छात्र-छात्रा विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत इस प्रकार की गतिविधियों में भावभीनी प्रस्तुतियां कर दर्शक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। ग्रामोदय महोत्सव के समापन अवसर पर आयोजित प्रतिनिधि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों का सफल संचालन डॉ आर के पांडेय ने किया।

# पीएमश्री विद्यालय अमिरसा के छात्रों ने बैंड बाजे के साथ निकाली जागरुकता रैली



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए नेवादा ब्लॉक के अमिरसा गांव स्थित पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय अमिरसा में विभिन्न कार्यक्रम हुए। प्रधानाध्यापक व राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका अनुराधा पाण्डेय के नेतृत्व में हुए आयोजन में विद्यार्थियों ने पिरामिड व मानव श्रृंखला के जरिये एकता का संदेश देते हुए मतदान करने को जागरूक किया । ततपश्चात विद्यालय छात्रों ने शिक्षकों के साथ हाँथ में जागरूकता स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर बैंड बाजे के साथ रैली निकालकर घर घर दस्तक दी और मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की।

प्रधानाध्यापक ने ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए कहा कि लोकतंत्र को जीवत रखने के लिए हर वोटर का मतदान में हिस्सा लेना बेहद जरुरी है। किसी लालच या नशा आदि के प्रभाव तहत वोट ना डालें बल्कि सोच समझ कर सही उम्मीदवार को चुने ताकि हम अपनी पसंद की सरकार बना सकें। अगर हम घर से निकल कर मतदान केंद्र में वोट डालने जाएंगे, तभी हम अपनी पसंद की सरकार बना सकते हैं। मतदान से ही लोकतंत्र मजबूत हो सकता है। प्रधानाध्यापक अनुराधा पाण्डेय सहित विद्यालय की स्टाफ प्रियंका गुप्ता, सत्यनिधि, पुष्पेंद्र सिंह अपनी अपनी कक्षाओं में मतदान से संबधित कई प्रतियोगिताएं कराईं। इसमें बच्चों ने गीत-संगीत के जरिए लोकतंत्र में मतदान का महत्व की जानकारी दी।

## अभिभावक बैठक में वितरित हुआ रिपोर्ट कार्ड

**कौशाम्बी।** पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय अमिरसा में शैक्षिक सत्र 2023-24 के निपुण एसेसमेंट टेस्ट के रिपोर्ट कार्ड के वितरण को महोत्सव के रूप में मनाया गया। प्रधानाध्यापक अनुराधा पाण्डेय ने विद्यालय में अभिभावकों को बुलाकर एक बैठक के माध्यम से रिपोर्ट कार्ड की समीक्षा करते हुए ग्राम प्रधान सीमा मिश्र के हांथो छात्रों को रिपोर्ट कार्ड वितरित कराया। हालांकि इस संबंध में महानिदेशक स्कूल शिक्षा की तरफ से स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि निपुण भारत अभियान के तहत अभिभावकों को बच्चों की प्रगति से जोड़ने के लिए यह प्रभावशाली कदम है। इसमें जन प्रतिनिधियों बुलाएं और उन्हीं से रिपोर्ट कार्ड बच्चों को दिलवाएं।

# फरार आरोपी के विरूद्ध हुई कुर्की की कार्यवाही



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** थाना सराय की जनपद कौशाम्बी में पंजीकृत वांछित फरार चल रहे आरोपीगण शिव मूरत शुक्ला, जितेंद्र शुक्ला, कोमल निवासीगण जुगराजपुर थाना सराय की न्यायालय द्वारा सीआरपीसी जारी की गई है इसके संबंध में ग्राम जुगराजपुर में घूम फिर कर दुग्गी पिटवाकर उद्घोषणा की गई है तथा आरोपी गणों के दरवाजों पर वह सार्वजनिक स्थलों के सदृष्य भाग पर नोटिस चस्पा किया गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले116 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 01 वाहन सीज किया गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही मे 06 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट एवं शांति भंग करने के आरोप में (थाना प0 शरीरा से 02, थाना महेवाघाट से 01, थाना संदीपनघाट से 01, थाना सैनी से 02) कुल 06 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

# चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिया जाना अन्नदाता किसान का सम्मान, सकिपा ने उठाई थी कई बार मांग- अजय सोनी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने कहा है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री किसानो के मसीहा रहे चौधरी चरण सिंह को केंद्र सरकार द्वारा भारत रत्न दिया जाना देश के अन्नदाता किसान का सम्मान है। अजय सोनी के मुताबिक समर्थ किसान पार्टी पिछले कई सालों से चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें भारत रत्न दिए जाने की केंद्र सरकार से मांग करती रही है। मंगलवार को समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने सिराथू ब्लॉक के गांव नारा, बलीपुर, जुवरा, महंदापुर आदि का भ्रमण किया और लोगों से मुलाकात की। इस अवसर पर लोगों से वार्ता करते हुए अजय सोनी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा किसानो के मसीहा रहे देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देना देश के करोड़ों अन्नदाता किसानो का सम्मान है। उन्हे यह सम्मान बहुत पहले ही मिल जाना चाहिए था। आगे कहा कि चौधरी चरण सिंह देश के गांव, किसान, गरीब, मजदूर के लिए आजीवन कार्य किया। वो सच्चे किसान हितैषी और जमीन से जुड़े नेता थे। इसी के साथ अजय सोनी ने कहा कि पिछले कई सालों से 23 दिसंबर को चौधरी चरण सिंह के जन्मदिन पर समर्थ किसान पार्टी उनका जन्मदिवस मनाते हुए केंद्र सरकार से चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न दिए जाने की लगातार मांग करती रही है। हमे बेहद खुशी है कि भारत के जमीनी नेता और किसानो की आवाज बुलंद करने वाले चौधरी चरण सिंह को केंद्र सरकार द्वारा भारत रत्न दिया गया है। हम केंद्र सरकार के इस निर्णय का हृदय से स्वागत, अभिनंदन करते हैं और केंद्र सरकार का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद देते हैं। इस अवसर पर मो करम, राजा अंसारी, रजा बख्त, जुम्मन अली, मानबाबू सोनकर, संदीप विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# जिलाध्यक्ष ने शक्ति सम्मान समारोह में वितरित किया प्रशस्ति पत्र



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** विधानसभा मंझनपुर ब्लॉक मंझनपुर में आयोजित शक्ति वंदन अभियान स्वयं सहायता समूह एवं एन जिओ संपर्क के अंतर्गत शक्ति सम्मान समारोह में उपस्थित माता बहनों को जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने संबोधित कर प्रशस्ति पत्र वितरण किया कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर, लोकसभा संयोजक राकेश पांडे, ब्लॉक प्रमुख सरला राय, ब्लॉक प्रमुख फूलमती देवी, समाजसेवी नीतू कनौजिया मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पटेल, प्रमोद भार्गव, दिलीप अग्रहरि पदाधिकारी उपस्थित रहे।इसी तरह विधानसभा सिराथू ब्लॉक सिराथू सभागार में आयोजित शक्ति वंदन अभियान स्वयं सहायता समूह एवं एन जिओ संपर्क के अंतर्गत शक्ति सम्मान समझ में उपस्थित माता बहनों को संबोधित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस कार्यक्रम में उपस्थितजिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य समेत एमएलसी केपी श्रीवास्तव निवर्तमान जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी, कार्यक्रम संयोजक ब्रह्म प्रसाद त्रिपाठी , ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश मौर्य, दीपा श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष तारा देवी वर्मा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मतदाता जागरूकता अभियान की निकाली रैली


**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** खंड शिक्षा अधिकारी मूरतगंज की अध्यक्षता में उच्च प्राथमिक विद्यालय कशिया पूर्व प्रथम में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी आयोजित की गई

एवं मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। तत्पश्चात नेट परीक्षाफल वितरित किया गया। इस मौके पर ए आर पी अवनीश मिश्रा, राम रतन, कौशलेश तिवारी, बृजेश पांडेय एवं शिक्षक संकुल रवि पाठक, मोहित केसरवानी, अमित सिंह, आलोक द्विवेदी, रंजना देवी सहायक अध्यापिका अनुराधा वर्मा इंचार्ज प्रधानाध्यापिका एवं फिरदौस फातिमा , अंकित श्रीवास्तव आदि शिक्षक शिक्षिकायें उपस्थित रहें।

## जुवरा एवं अफजलपुरवारी से मंझनपुर होकर प्रयागराज तक रोडवेज बस चालू कराई जाए- अजय सोनी

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी ने जिले के सिराथू ब्लॉक के सीमावर्ती क्षेत्रों से मंझनपुर मुख्यालय होकर प्रयागराज तक रोडवेज बस चालू कराए जाने की मांग की है। पार्टी नेता अजय सोनी ने इस संबंध में सोमवार 12 जनवरी को मुख्य विकास अधिकारी कौशांबी रवि किशोर त्रिवेदी को एक मांगपत्र सौंपा है। सौंपे गए मांगपत्र में सिराथू ब्लॉक के ग्राम खुझा मजरा अफजलपुरवारी से उदहिन बुजुर्ग चौराहा, तुलसीपुर, मंझनपुर होकर प्रयागराज एवं ग्राम जुवरा से नारा, दुवरा (हिसामपुर बहरेमऊ) मंझनपुर होकर प्रयागराज तक रोडवेज बस चालू कराने की मांग की गई है।

# विद्यालय में आयोजित हुआ विदाई समारोह



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कड़ा, कौशाम्बी।** नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम के अंतर्गत गांधी मेमोरियल इंटर कालेज दारानगर में मंगलवार को कक्षा बारहवीं के छात्र छात्राओं को विद्यालय के कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर विदाई समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम चेयरमैन प्रतिनिधि अरुण केशरवानी द्वारा सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस अवसर पर कक्षा 12 के सभी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया एवं सभी को उपहार देकर शुभकामनाओं सहित विदा किया गया।विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।विदाई समारोह के दौरान मुख्य अतिथि अरुण केशरवानी ने सभी छात्र-छात्राओं को उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें सफलता का आशीष दिया वहीं विद्यालय के प्रबंधक अजय त्रिपाठी ने कहा कि विद्यालय ने अपनी जिम्मेदारियों और शिक्षक की भूमिका को हर लिहाज में पूरा करने का प्रयास किया है उन्होंने विभिन्न मौकों पर विद्यार्थियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई भी दी।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य लालचन्द्र सोनकर ने बच्चों को परीक्षा हेतु टिप्स देते हुए उन्हें बोर्ड परीक्षाओं की शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर सुरेंद्र त्रिपाठी, उमेश पटेल, बृजेश विद्यार्थी आदि लोग उपस्थित रहे।

# क्षेत्राधिकारी सिराथू ने सैनी व कड़ाधाम थाने का निरीक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा थाना सैनी व थाना कड़ाधाम से सम्बंधित समस्त विवेचकों के साथ लम्बित अभियोगों में अब तक की गई विवेचनात्मक कार्यवाही की प्रगति लम्बित के कारण के विवरण एवं विवेचना रजिस्टर के संबंध में अर्दली रूम किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।



## चोरी के आरोपी को अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

कौशाम्बी। थाना कौशाम्बी पर पंजीकृत शैलेष कुमार निवासी भोजपुर मजरा बिलालपुर थाना पिपरी को न्यायालय एसीजेएम जनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आरोपी को जेल में बितायी गयी अवधि व 1000 रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

## आर्म्स एक्ट के आरोपी को अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

कौशाम्बी। थाना कोखराज पर पंजीकृत राम नरेश निवासी बैरिया थाना कोखराज को न्यायालय सीजेएम द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आरोपी को जेल में बितायी गयी अवधि व 1500 रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थ दण्ड न अदा करने पर 15 दिन के साधारण कारावास की सजा सुनायी गयी।

# प्रभारी अध्यक्ष महिला थाना ने महिलाओं व छात्राओं को किया जागरूक



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे प्रभारी अध्यक्ष महिला थाना मय एंटीरोमियो टीम द्वारा एंटीरोमियो चेकिंग की गई तथा शक्ति दीदी ,मिशन शक्ति के तहत स्कूल के समय भ्रमणशील रहकर महिलाओ और बालिकाओ को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन, अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930,साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क,एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया।

## करारी थाने में भी चलाया गया जागरूकता अभियान

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे थाना करारी से एंटीरोमिओ टीम उप निरीक्षक राकेश राय, उप निरीक्षक मो0 अमीन, महिला कांसटेबल श्रजल सिंह, रश्मि यादव द्वारा हरिमोहन इंटर कॉलेज टियरा तिराहा थाना करारी मे एंटीरोमियो चेकिंग की गई तथा शक्ति दीदी ,मिशन शक्ति के तहत स्कूल के समय भ्रमणशील रहकर महिलाओ और बालिकाओ को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन, अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930,साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क,एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

# प्राथमिक विद्यालय तिलगोड़ी मे वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** खण्ड शिक्षा अधिकारी नेवादा बृजेश सिंह के आदेश अनुसार नेवादा ब्लॉक में स्थित प्राथमिक विद्यालय तिलगोड़ी मे बसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर किताबों का साथ हो कलम पर हाथ हो कॉपियां आपके पास हो पढ़ाई दिन-रात हो की प्रार्थना एवं आशीर्वाद प्राप्त किया गया तत्पश्चात वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें निपुण भारत मिशन योजना अंतर्गत निपुण बालक निपुण बालिका एवं नेट प्रथम की परीक्षा में सफल सभी छात्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए प्रोत्साहित किया गया और इस परीक्षा में जो किसी भी कारण से पीछे गए हैं उन्हें प्रोत्साहित करते हुए आने वाली परीक्षा में कड़ी मेहनत के साथ ए ग्रेड प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया अभिभावकों को उनके बच्चों की प्रगति के बारे में अवगत कराते हुए प्रधानाध्यापक डॉ राम नेवाज सिंह सभी अभिभावकों से सहयोग करने की अपील की कार्यक्रम में शिक्षिकाएं तनवीर फातिमा सुनीता सिंह मधु सोनकर कविता सरोज देवी नीलम पवन कुमार सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## 24 राशि भैस को क्रूरता पूर्वक ट्रक में भरकर ले जाते हुये आरोपी गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे

अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस उपनिरीक्षक अनिल कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा गस्त वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मो0 सलीम, निवासी गसवानी थाना जाफरगंज जनपद फतेहपुर को 01 अदद ट्रक में 24 राशि भैस 01 राशि पडवा ठूस-ठूसकर भरकर ले जाते हुये टेवा चौकी के सामने पश्चिम शरीरा मोड़ से गिरफ्तार किया गया।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने पंचशील हॉस्पिटल का किया शुभारंभ



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** मोतीलाल मौर्य संचालक व प्रबंधक जैनेंद्र सिंह के नए प्रतिष्ठान गुवारा तैयबपुर में संचालित पंचशील हॉस्पिटल का शुभारंभ जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य के करकमलो से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता भोले शंकर कुशवाहा विश्व हिंदू परिषद में कार्य कर रहे। राम अभिलाष जिला पदाधिकारी पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामप्रकाश सरोज अनुज मौर्य मौजूद रहें।

## पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनशिकायत

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।